जन्मकुण्डली में शनैश्चर का शुभग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा का अंतर शुभ चल रहा हो, तो ढैया और साढेसाती का अशुभफल कम होता है। यदि चन्द्र, शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों तो साढेसाती व ढैया महान् अशुभ, चिंता, अवनति, धनहानि, झगड़ा, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग, पशु–पीड़ा आदि का कारण बनती है। यदि जन्मकुण्डली में शनि अष्टमेश या मारकेश हो तो भी ढैया, साढेसाती विशेष अनिष्ट फलप्रद होती है। यदि जन्म में शनि लग्नेश, पंचमेश, नवमेश होकर 3, 6, 11 में स्थित हो तो सुख–सम्पत्ति मिलती है, व्यापारादि में लाभ होता है। शनि के अष्टकवर्ग में अधिक रेखाएं हों तो शुभ, कम रेखाएं हों तो अशुभ फल निश्चित होता है। **शनिग्रहजन्य नेष्टफल शान्त्यर्थ**–सतनाजा को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए या शनिवार को तेल में मुख देखकर उसमें मिष्ठान्न, गुलगुले आदि बनाकर गरीबों को, भैंसे या कुत्ते को दें या बन्दरों को गुड़–चने डालते रहें। अष्टगंध से शुभमुहूर्त्त में बना हुआ शनियंत्र धारण करना **विशेष शांतिप्रद है।**

साढेसाती में प्रत्येक राशि के लिए शनि का अशुभ फल इस प्रकार है–

मेष राशि वालों को बीच के अढाई वर्ष खराब हैं। **वृष** को पहिले अढाई वर्ष, **मिथुन** को अंत के अढाई वर्ष, **कर्क** को बीच के अढाई वर्ष, **सिंह** को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष खराब हैं। **कन्या** को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। **तुला** को आखिर के अढाई वर्ष, **वृश्चिक** को अंतिम 5 वर्ष नेष्ट हैं, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। **धनु** को प्रारंभ के अढाई वर्ष, **मकर** को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी पहिले अढाई वर्ष विशेष खराब हैं। **कुंभ** को आदि एवं अन्त के पांच वर्ष, विशेषतः अन्त के अढाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। **मीन** को पूरे साढेसात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अन्त के अढाई वर्ष विशेष अशुभफल देने वाले होते हैं। **नोटः– नीचे दिए गए कोष्ठकों में जिन राशियों का निर्देश नहीं किया गया है, उन राशि वाले जातकों के लिए कर्क/सिंहराशिस्थ शनि की कालावधि में साढ़ेसाती या ढैया नहीं है,– यह समझ लें।**

विगत संवत् 2063 वि. में 10 जनवरी, सन् 2007 ई. को हस्त नक्षत्र एवं कन्या राशिस्थ चन्द्र के समय शनि 18 घं. 10 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर वक्रगति से कर्कराशि में प्रविष्ट हुआ था, जो कि संवत् 2064 वि. में 16 जुलाई, सन् 2007 ई. तक कर्कराशि में ही संचार करेगा।

कर्क–राशिस्थ शनि की साढ़ेसाती एवं ढैय्या का फल

(सं. 2064 वि. के शुरु से 16 जुलाई, सन 2007 ई. तक)

राशि	ढैया या साढेसाती	पाद	साढेसाती		फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
मिथुन	साढेसाती	लौह	पाद	उतरती	शारीरिक कष्ट, रक्तपित्त विकार, स्त्रीकष्ट, पशु–हानि, सन्तति कष्ट, व्यवसाय में हानि, राजभय।
कर्क	साढेसाती	ताम्र	हृदय	– –	धन-धान्य समृद्धि, स्त्री-पुत्र सुख, सुख–सम्पत्ति–लाभ, व्यवसाय में प्रगति, शारीरिक सुख।
सिंह	साढेसाती	रजत	मस्तक	चढ़ती	कारोबार में प्रगति, प्रभाव बढ़े, मान मिले, धन–सम्पदा लाभ, मांगलिक कार्य हों, मन प्रसन्न ।
धनु	ढैय्या	ताम्र	– –	– –	धन-धान्य वृद्धि, स्त्री-पुत्र सुख, सुख-सम्पदा-लाभ, कारोबार बढ़े, शारीरिक सुख।
मेष	ढैय्या	सुवर्ण	– –	– –	पारिवारिक कलह, रोगों से कष्ट, घरेलू झंझट, अशान्ति, भारी धनहानि, निजीजन विरोध।

सं. 2064 वि. में 16 जुलाई, सन् 2007 ई. को आश्लेषा नक्षत्र एवम् कर्क राशिस्थ चन्द्र के समय 4 घं. 38 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर शनिदेव सिंह राशि में प्रविष्ट होकर सं. 2064 वि. के अन्त तक सिंह राशि में ही विचरण करेंगे।

सिंह–राशिस्थ शनि की साढेसाती एवं ढैय्या का फल

(16 जुलाई, सन् 2007 ई. से संवत् 2064 वि. के अन्त तक)

राशि	ढैय्या या साढेसाती	पाद	साढेसाती		फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
कर्क	साढेसाती	सुवर्ण	पाद	उतरती	पारिवारिक कलह-क्लेश, अनेकविध रोगों से कष्ट, प्रतिदिन उलझनें बढ़ें, मन अशान्त, भारी धनहानि, निजीजन विरोध।
सिंह	साढेसाती	लौह	हृदय	– –	शारीरिक कष्ट, रक्तपित्त विकार, स्त्रीकष्ट, पशु एवं सन्तान को कष्ट, व्यापार में हानि, राजभय।
कन्या	साढेसाती	सुवर्ण	मस्तक	चढ़ती	निजीजन विरोध, शत्रु बढ़ें, गृहक्लेश, अनेकविध रोगों से परेशानी, वृथा व्यय, धननाश।
मकर	ढैय्या	ताम्र	– –	– –	धन-धान्य समृद्धि, स्त्री-पुत्र सुख, सुख-सम्पत्ति लाभ, व्यवसाय में प्रगति, शारीरिक सुख।
वृष	ढैय्या	ताम्र	– –	– –	धन-धान्य समृद्धि, स्त्री-पुत्र सुख, सम्पत्ति लाभ, कारोबार में प्रगति, शारीरिक सुख।

शनि–शान्त्यर्थ शास्त्रीय उपाय

शनि की साढ़ेसाती/ढैय्या के नेष्टफल की शान्ति के लिए शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र का 23,000 की संख्या में विधिपूर्वक जाप करें। तदुपरान्त दशांश हवनादि करें। शनिवार के दिन सतनाजा दान, लौहपात्र में …दान, शनिस्तोत्र का पाठ करना/कराना भी श्रेयस्कर रहता है। इसके अतिरिक्त शुभवेला में 'नीलम' रत्न एवं 'शनियन्त्र' धारण करना भी आश्चर्यजनक रूप से लाभप्रद रहता है। परन्तु रत्नधारण करने से पूर्व शनि के अंशादि का अध्ययन करवाकर किसी दैवज्ञ का परामर्श ले लेना श्रेयस्कर रहेगा।

शनि का बीज मन्त्र– "ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः"।

शनि का वैदिक मन्त्र– "ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शंय्योरभिस्रवन्तु नः"।

शनिजन्य नेष्टफल शान्त्यर्थ शनैश्चर स्तोत्र

पिप्पलाद उवाच–

"ॐ नमस्ते कोण–संस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तु ते।। नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते रौद्र – देहाय नमस्ते चांतकाय च । नमस्ते यम–संज्ञाय नमस्ते सौरये विभो ।।
नमस्ते मन्द – संज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च।।"

इस स्तोत्र को प्रातः पढ़ने से साढेसाती व ढैया की दुःखद पीडा नहीं होती– अनुभूत है।

अथ नवग्रह स्तोत्रम्

जपाकुसुम संकाशं काश्यपेयं महाद्युतिम्।
तमोऽरिं सर्वपापघ्नं प्रणतोऽस्मि दिवाकरम्।।
दधिशंखतुषाराभं क्षीरोदार्णव संभवम्।
नमामि शशिनं सोमं शम्भोर्मुकुटभूषणम्।।
धरणीगर्भसंभूतं विद्युत्कान्तिसमप्रभम्।
कुमारं शक्तिहस्तं च मंगलं प्रणमाम्यहम्।।
प्रियङ्गु कलिकाश्यामं रूपेणाप्रतिमं बुधम्।
सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम्।।
देवानां च ऋषीणां च गुरुं कांचन–सन्निभम्।
बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम्।।
हिमकुन्द–मृणालाभं दैत्यानां परमं गुरुम्।
सर्वशास्त्रप्रवक्तारं भार्गवं प्रणमाम्यहम्।।
नीलांजनसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम्।
छायामार्त्तण्डसंभूतं तं नमामि शनैश्चरम्।।
अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्यविमर्दनम्।
सिंहिकागर्भसंभूतं तं राहुं प्रणमाम्यहम् ।।
पलाशपुष्पसंकाशं तारकाग्रहमस्तकम् ।
रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं तं केतुं प्रणमाम्यहम्।।
इति व्यासमुखोद्गीतं यःपठेत्सुसमाहितः ।
दिवा वा यदि वा रात्रौ विघ्नशांतिर्भविष्यति।।
नर –नारी–नृपाणां च भवेद् दुःस्वप्ननाशनम् ।
ऐश्वर्यमतुलं तेषामारोग्यं पुष्टिवर्धनम् ।।

———

गुरु के संचार का शुभाशुभ फल

विगत सं. 2063 वि. में 27 अक्तू. 2006 ई. को 22 घं. 21 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर **मूल** नक्षत्र एवं धनुस्थ चन्द्र के समय गुरुदेव **वृश्चिक** राशि में प्रविष्ट होकर संवत् 2064 वि. में 22 नवम्बर, 2007 ई. तक **वृश्चिक** राशि में ही संचार करेंगे।

वृश्चिक–राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

(27 अक्तूबर, सन्. 2006 ई. से 22 नवम्बर, 2007 ई. तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीर–कष्ट	धनलाभ	भय	आधि–व्याधि	प्रगति	धनहानि	धनलाभ

संवत् 2064 वि. में 22 नवम्बर, 2007 ई. को 5 घं. 4 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर रेवती नक्षत्र एवम् मीनराशिस्थ चन्द्र के समय गुरुदेव धनु राशि में प्रविष्ट होकर संवत् 2064 वि. के अन्त तक धनु राशि में ही विचरण करेंगे।

धनु–राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

(22 नवम्बर, सन् 2007 ई. से संवत् 2064 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धनलाभ	धनहानि	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीर–कष्ट	धनलाभ	भय	आधि–व्याधि	प्रगति	धनहानि

राहु के संचार का शुभाशुभ फल

गत संवत् 2063 वि. में 12 अक्तू., 2006 ई. को 7 घं. 35 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर मृगशिरा नक्षत्र एवं मिथुन राशिस्थ चन्द्र के समय राहु कुम्भराशि में प्रविष्ट हुआ था, जो कि संवत् 2064 वि. के अन्त तक कुम्भ राशि में ही रहेगा।

कुम्भ–राशिस्थ राहु का शुभाशुभ फल

(12 अक्तूबर, सन् 2006 ई. से सं. 2064 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धनलाभ	कलह	दुःख	धननाश	राजभय	महासुख	धनक्षय	अपमान	सौभाग्य	कलह	भय	विनाश

आकाशी कौंसिल का विचार(सं. 2064 वि.)

(संसार की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति का ग्रहगोचर के आधार पर सर्वेक्षण)

- इस संवत् का राजा चन्द्र एवं मन्त्री शनि होने से उग्रवादजन्य अशान्ति का साम्राज्य विकरालरूप धारण करेगा।
- 2 जून से 16 सितम्बर तक भूकम्प, समुद्री तूफान से विनाश एवं मुस्लिमराष्ट्रों में हिंसक घटनाओं से राज्य परिवर्तन व रक्तपात के योग हैं।
- बंगलादेश, पाकिस्तान, नेपाल से उग्रवादियों के प्रवेश से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में भारी हानि के योग हैं। भारत सरकार विशेष प्रावधान एवं उपाय सोचने पर मजबूर हो।
- विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा की स्थिति कमज़ोर, भाजपा के सहयोगी अंगों का 'भाजपा से मोहभंग।
- अफगानिस्तान, पाक, इराक, बंगलादेश में राजनैतिक हत्याकाण्ड एवं कहीं आंतरिक क्रान्ति से सत्तापरिवर्तन।
- राष्ट्रीय जनतांत्रिक–गठबन्धन, सत्तारूढ़–दल में मतभेद एवं असन्तोष बढ़े; प्रधाननेता को जटिल–चक्रव्यूह से निकलना पड़ेगा।
- कहीं बाढ़ तो कहीं भारी सूखे से जनता परेशान। किसी रोग–विशेष, यानदुर्घटना से भी जनता को कष्ट उठाना पड़े।
- इसवर्ष राजनैतिक अप्रिय घटनाचक्र में किसी नेता के अवसान की व्यथा को झेलना पड़े।
- सीमाप्रान्तों पर शत्रुदेश की कुनीति से सावधान सैन्यबल को मज़बूत करना पड़े।

परस्पर आकर्षण–विकर्षण से प्रभावित ये अनन्तकोटि खगोलीय पिण्ड अपनी वक्र–मार्ग गति द्वारा इस पृथ्वी किंवा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के क्रिया–कलाप को प्रभावित करते हुए, प्रतिपल ग्रहगतिजन्य प्रभावों से पृथ्वी के अन्तर्गत परिवर्तनों से ज्योतिषशास्त्र की वैज्ञानिकता का साक्षित्त्व अनन्तकाल से प्रस्तुत करते आ रहे हैं। भूगर्भशास्त्री, वनस्पति–प्राणीशास्त्र–विज्ञानी एवं खगोलशास्त्री भारतीय तथा विदेशीय–वैज्ञानिक भी पृथ्वी एवं प्रत्येक पिण्ड की आकर्षण–विकर्षण शक्ति को नकार नहीं सकते। पृथ्वी की आकर्षण–शक्ति का ज्ञान न्यूटन से पहिले श्री भास्कराचार्य जी को था, जिन्होंने **"आकृष्ट शक्तिश्च महीतया यत् खस्थं गुरुः स्वाभिमुखं स्वशक्त्या"**–कहकर पृथ्वी की आकर्षण शक्ति का सिद्धान्त स्थापित किया था।

जगतपिता की अदृश्य अलौकिक शक्ति ही ब्रह्माण्ड को प्रभावित करती है, संचालित करती है। ग्रहगतिजन्य इस परिणाम को हम **"भवितव्यता"** किंवा **"ईश्वरेच्छा"** कहकर स्वीकार करते हैं;–

> **"अवश्य–भव्येष्वनवग्रह–ग्रहाः यया दिशा धावति वेधसः स्पृहा।**
> **तृणेन वात्येव तयानुगम्यते लोकस्य चित्तेन भृशावशात्मनः।।"**–(*नैषधचरित*)

अर्थात्– ग्रहगतिवश प्रभावित समाज, व्यक्ति एवम् देश की स्थिति तीव्र वायुवेग से प्रभावित तृण की भान्ति होती है, जो कि एक क्षण में ही अपने अस्तित्व को खोकर वायुवेग से प्रताडित होकर तदनुसार चलने को विवश हो जाता है। स्पष्ट है– उस अज्ञात–परोक्ष अलौकिक शक्ति के परिचायक अनन्तकोटि तारों एवम् ग्रहों के अदृश्य संकेत से संचालित–ब्रह्माण्ड में समय–समय पर भूकम्प, उल्कापात, समुद्री तूफान, ज्वालामुखी–विस्फोट, जन–जीवन में उग्र–विनाशक–घटनाएं आदि स्पष्ट अनुभव की गई हैं। ये घटनाएं क्यों घटित होती हैं ? इसके पीछे कौन सी शक्ति है, जो ग्रहनक्षत्रों को संचालित करती है एवम् वह ग्रहजन्य आकृष्ट–शक्ति, जो मनुष्य के कर्माकर्म को नियन्त्रित करती है– इस जिज्ञासा ने ही आदिकाल से मानव को चिन्तन के लिए विवश किया है। परिणामतः **'ज्योतिषशास्त्र'** का उद्‌गम हुआ।

यह बात भी नितांत सत्य है, कि ग्रहों की प्राकृतिक व्यवस्था में तनिक भी रूपान्तर होने से दिग्दाह, उल्कापात, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, युद्ध, महामारी, अराजकता आदि उपद्रवों से संसार त्रस्त हो जाता है। अतः स्पष्ट है, कि– **आकाशीय पिण्डों (ग्रहों) का विश्वजनीन घटनाचक्र से कुछ सम्बन्ध अवश्य है। इस तथ्य को वैज्ञानिक, विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग स्पष्ट स्वीकार करता है।**

इस पृथ्वी पर जो कुछ भी घटित होता अनुभव करते हैं, वह सब ग्रहों के वक्र–मार्ग आदि का ही परिणाम है। इस ग्रहगणितजन्य संकेत के आधार पर ही अपनी मति के अनुसार विश्व में जो भी प्रतिवर्ष घटित होता है, " श्रीमार्त्तण्ड पंचांग " के माध्यम से प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थित करते हैं और यह इस प्रकाशन का 80वां गौरवपूर्ण वर्ष प्रारम्भ हो रहा है।

श्री वि. संवत् 2064 की ग्रहस्थिति के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं की भविष्यवाणी प्रस्तुत करने से पहिले हम अपने विद्वान् प्रबुद्ध पाठकों का आभार व्यक्त कर देना उचित समझते हैं, जिन्होंने लगातार 79 वर्षों तक हमारी भविष्यवाणियों का सही मूल्यांकन करके हमें आज 80वें वर्षप्रवेश पर भी इस बारे में कुछ लिखने को प्रोत्साहित किया है। पाठको ! आपका यह पंचांग अपनी सर्वांगशुद्ध गणित एवं आश्चर्यजनक भविष्यवाणियों के लिए भारत में ही नहीं, विदेशों में भी विश्रुत हो चुका है।

आपके इस लोकप्रिय पंचांग में प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली आश्चर्यजनक अव्यभिचरित भविष्यवाणियों में साधारणवर्ग के व्यक्ति से लेकर प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भारतरत्न श्री जवाहरलाल नेहरु, श्रीमती इन्दिरा गांधी एवं अन्य गण्यमान्य प्रतिष्ठित ऐतिहासिक महापुरुषों की अभिरुचि रही है। आज भी यह पंचांग अपनी सफल, आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियों के कारण तथा ग्रहण आदि पंचांग–गणित की सूक्ष्मता एवं शुद्धि के कारण भारत में ही नहीं, विदेशों में भी लोकप्रिय है और भारत में अग्रणी स्थान प्राप्त कर चुका है।

भारत–पाक विभाजन; बंगलादेश का अस्तित्व में आना; श्री जवाहरलाल नेहरु, श्रीलालबहादुर शास्त्री, श्रीमती इन्दिरागांधी के शासन का अंत एवं मृत्यु की सूचना; भारत–पाक युद्ध; भारत–चीन युद्ध; विदेशों में घटित होने वाले महत्त्वपूर्ण घटनाचक्र; समय–समय पर भारत की राजनीति में विशेष परिवर्तनों एवं अन्य घटनाचक्र की सूचना किंवा ऐतिहासिक भूकम्प; गुजराल सरकार का अपदस्थ होना, भाजपा सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होना; पाक में श्री नवाज़शरीफ की सरकार का तख्तापलट; अमेरिका में वर्ल्डट्रेड सेंटर एवं पेंटागन पर उग्रवादियों का हमला, अमेरिका की कोलम्बिया आन्तरिक शटलयान दुर्घटना; इराक पर अमरीकी हमला और सद्दाम हुस्सैन शासन का अन्त; नेपाल में माओवाद से अशान्ति एवं राजशाही का अन्त; अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री रीगन की मृत्यु; संवत् 2061 वि. में भाजपा एवम् N.D.A. शासन का तख्तापलट एवम् भारत के लोकसभा निर्वाचनों में त्रिशंकु शासनसत्ता की भविष्यवाणी के अतिरिक्त असंख्य अवाक् कर देने वाली सफल भविष्यवाणियां कर देने का शीर्षस्थ स्थान केवल 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' को ही प्राप्त हुआ है। इस प्रकार अव्यभिचरित भविष्यवाणियों के लिए यह पंचांग सम्पूर्ण भारत किंवा विदेशों में भी ख्यातनामा हो चुका है।

सं. 2064 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर भावी घटनाओं पर विचार करने से पूर्व सभी स्तब्ध कर देने वाली भविष्यवाणियों की चर्चा करना तो स्थानाभाव के कारण संभव नहीं है, लेकिन गत एक–दो वर्षों की कुछ भविष्यवाणियों की चर्चा करना प्रासंगिक समझते हैं, ताकि फलितशास्त्र की प्रामाणिकता को स्थापित किया जा सके।

सं. 2063 वि. के श्रीमार्त्तण्ड पंचाग के प्रकाशित होने के बाद घटित सं. 2062 एवम् 2063 वि. की आश्चर्यचकित कर देने वाली अव्यभिचरित भविष्यवाणियों की चर्चा हम किए बिना नहीं रह सकते, क्योंकि निम्नांकित भविष्यवाणियों की सफलताओं ने फलितशास्त्र पर आक्षेप करने वाले व्यक्तियों को भी अवाक् कर डाला है। संक्षेपण उन भविष्यवाणियों में कुछेक की चर्चा कर देना प्रासंगिक समझते हैं–

(1) तामिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश, अण्डेमान–निकोबार में प्रलयंकारी समुद्री तूफान ने 26 दिसम्बर, 2004 ई. को मानवता को दहला दिया। भारत, श्रीलंका, इण्डोनेशिया, मलेशिया, मालदीप, म्यांमार, सोमालिया में सुनामी लहरों से भारी प्रलयंकारी तबाही से लाखों व्यक्तियों का जीवन समाप्त हो गया एवम् अरबों रुपये की आर्थिक हानि उठानी पड़ी है। इस ऐतिहासिक भविष्यवाणी को **श्रीमार्त्तण्ड पंचांग** सं. 2061 वि. के पृष्ट 33 पर कॉलम 1 की प्रारम्भिक पंक्तियों में इस प्रकार लिखा गया था–

भविष्यवाणी– " 27 नवम्बर से 26 दिसम्बर '04 ई. तक की अवधि में अमेरिका, चीन, जापान, किसी मुस्लिम देश एवं भारत के दक्षिण या उत्तरी भूभाग में भूकम्प, समुद्री तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी जनधनहानि के योग हैं।"

ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार **'26 दिसम्बर, 2004 ई.' को सुनामी लहरों के कहर से तबाही** होने पर पंचांग में उल्लिखित भविष्यवाणी को पढ़कर हजारों व्यक्तियों ने टेलीफोन द्वारा **'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग'** की इस भविष्यवाणी पर आश्चर्यपूर्वक फलितशास्त्र की सत्यता को स्वीकारा है।

(2) भविष्यवाणी– " 24 मार्च (2005 ई.) को राहु मीन में प्रवेश करके शुक्र–सूर्य–बुध के साथ मेल करेगा। यह सारी ग्रहस्थिति संवत् 2061 वि. के अन्तिम मासों में अघटित घटनाओं को जन्म देगी। कुछ प्रतिष्ठित व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त होंगे। भयंकर प्राकृतिक आपदा, भूकम्प आदि से भारी कष्ट, जनधनहानि का संकेत मिलता है।

(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग सं. 2061 वि., पृष्ठ 33, कॉलम 1, अन्तिम संदर्भ)

(i) इस भविष्यवाणी की सत्यता 28 मार्च, 2005 ई. को इण्डोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर भयंकर भूकम्प से प्रमाणित हुई, जिसमें लगभग 20 हजार से भी अधिक व्यक्तियों की जीवनलीला समाप्त हुई।

(ii) इन्हीं दिनों में **22, 23 फरवरी को ईरान में भूकम्प** से 400 से अधिक व्यक्ति कालवश हुए और लाखों को घरबार छोड़ना पड़ा।

(iii) 1 फरवरी (2005 ई.) को **नेपाल में इमर्जेंसी लागू की गई, राजा** ने शासनसत्ता अपने हाथ में ली।

इस प्रकार सं. 2061 वि. का अन्तिम चरण अघटित एवम् दुःखद घटनाओं वाला सिद्ध हुआ। इन उल्लिखित भविष्यवाणियों से भी फलित ज्योतिष की प्रामाणिकता सन्देह से परे हो जाती है।

(3) भविष्यवाणी– "24 जून से 17 जुलाई तक शनि, मंगल, शुक्र– तीनों कर्क राशि में संचार करेंगे। 5 जुलाई को शनि अस्त होगा एवं 6 जुलाई को बुध, शुक्र– दोनों

आश्लेषा नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे। 23 जुलाई को बुध वक्री होगा एवं 29 जुलाई को वक्री बुध अस्त हो जाएगा। अतः जून–जुलाई मास विश्व में अघटित घटनाओं को जन्म देंगे। अफगानिस्तान, अमेरिका, भारत, चीन, पाकिस्तान, ब्रिटेन में कुछ विशेष उलझनें पेश होंगी। कहीं किसी विशिष्ट व्यक्ति के निधन का समाचार मिलेगा। कहीं सत्तापरिवर्तन भी संभव है।"

(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग सं. 2062 वि., पृष्ठ 26, कॉलम 1)

इस भविष्यवाणी के अनुसार –

(i) 7 जुलाई को बम्बधमाकों से लण्डन कांप उठा– लगभग 45 की मृत्यु और 3000 के करीब घायल।

(ii) 21 जुलाई को लण्डन में पुनः बम्बधमाके, लगभग 58 लोगों की मृत्यु।

इस प्रकार की घटनाओं से उक्त भविष्यवाणी सत्यापित हुई।

(4) भविष्यवाणी– अमेरिका, चीन, जापान किंवा कहीं पर्वतीय भूभाग पर भूकम्प, भूस्खलन आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि हो।

(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग सं. 2062 वि., पृष्ठ 106, पाक्षिक फलादेश–भाद्रपद कृष्ण पक्ष, 30 अग. से 3 सित. तक)

30 अगस्त को चक्रवाती तूफान कैटरीना से अमेरिका में भारी विनाश हुआ। चक्रवाती तूफान के कारण न्यू ओरलियंस और दूसरे स्थानों पर बाढ़ का पानी घरों की छतों तक पहुंच गया, 10 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए।

(5) भविष्यवाणी– जुलाई 2005 ई. से फरवरी 2006 ई. तक की गोचर ग्रहस्थिति के मुताबिक (विशेषतः 3 अक्तूबर से 7 दिसम्बर 2005 ई. की अवधि के अन्तर्गत त्रयोदश दिनात्मक पक्ष में) इस वर्ष सेनाधिकारी मंगल का वक्रत्व एवं गुरु का अतिचारी होना भारत में भयावह परिस्थितियों को जन्म देगा। इसी मध्य 22 नवम्बर को शनि का वक्र होना एवं 6 दिसम्बर को प्लूटो का धनुराशि में संचार भी अघटित घटनाओं को जन्म देगा। इस वर्ष नेपाल (भारत के सीमावर्ती मित्रदेश) के गृहयुद्ध की चपेट में आ जाने के योग हैं। यहां पूर्व सत्ताभोगी कोइराला की पार्टी राजशाही के उन्मूलन की प्रक्रिया में लगेगी। नेपाली कम्यूनिस्ट पार्टी मिली–जुली सरकार में भागीदार होने पर भी सिद्धान्त–भिन्नता नज़र आएगी। राजशाही यहां खतरे में पड़ सकती है। इस प्रकार नेपाल की आन्तरिक अशान्ति से भारत का सीमाप्रान्त भी अशान्त हो उठेगा। अपने पड़ौसी देशों से सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय हितों को मद्देनज़र रखते हुए अपने बल पर आतंकवाद का दलन करना होगा।

(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग सं. 2062 वि., पृष्ठ 31, कॉलम 2)

ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार नेपाल में गृहयुद्ध जैसी स्थिति बनी एवम् राजशाही समाप्त हुई और नेपाल एक प्रजातन्त्र के रुप में सामने आया है।

(6) "मुस्लिम राष्ट्र" शीर्षक के अन्तर्गत ('श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' सं. 2062 वि., पृष्ठ 27, कॉलम 2 पर) लिखा था– **"मुस्लिमराष्ट्रों की नववर्ष कुण्डली में शनि–मंगल का परस्पर दृष्टिसम्बन्ध एवं जुलाई, 2005 ई. से फरवरी, 2006 ई. के मध्य शनि–मंगल का दशम–चतुर्थ–दृष्टिसम्बन्ध होने से मुस्लिमराष्ट्रों बंगलादेश, पाकिस्तान, इराक, ईरान, फिलिस्तीन आदि में कहीं प्रधान नेता की हत्या का सफल प्रयास हो सकता है।"**

ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार निम्नांकित घटनाएं स्पष्ट उभर कर सामने आईं–

(i) 23 जुलाई को मिश्र में बम्बधमाके हुए। लगभग 88 लोगों की मृत्यु हुई और 200 से अधिक घायल हुए।

(ii) 14 अगस्त को श्रीलंका में इमर्जेंसी घोषित की गई एवम् विदेशमन्त्री की हत्या कर दी गई।

(iii) 1 सितम्बर को बगदाद में भगदड़ में 1000 से भी अधिक व्यक्ति मारे गए।

(7) भविष्यवाणी– **प्रधानमन्त्री श्री मनमोहन सिंह जी की शपथग्रहणकालीन कुण्डली के अनुसार दशमभावेश चन्द्र शनि–मंगल एवं शुक्र तीन–तीन क्रूरग्रहों से आक्रान्त है। अतः गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार कांग्रेस पार्टी एवं प्रधान नेता के लिए जुलाई 2005 ई. से फरवरी सन् 2006 ई. तक की ग्रहस्थिति चुनौतीपूर्ण रहेगी।**

स्पष्ट है, कि कुछ वामपन्थी दलों द्वारा कार्यशैली में अनेक बाधाएं उपस्थित हो रही हैं, चुनौतीपूर्ण समय का सामना करना पड़ रहा है। परन्तु भगवान् इन्हें सफल यशस्वी ही रखेंगे।

(8) भविष्यवाणी– श्रीमती सोनिया गांधी के बारे में लिखा था– **"श्रीमती सोनिया गांधी के जन्माङ्ग में भाग्येश गुरु की कर्मस्थान पर दृष्टि है एवं कर्मेश मंगल की भाग्यस्थान पर विशेष दृष्टि होने से ग्रहस्थिति लघुपाराशरी के अनुसार कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस अध्यक्षा के लिए विशेष गरिमामय छवि को बनाने वाली है।"**

इस भविष्यवाणी की सफलता के बारे में कुछ कहने या लिखने की आवश्यकता नहीं। श्रीमती सोनिया गांधी की छवि राजनैतिक जगत् में आज सर्वोच्च है– ' लाभपद' के मसले पर पदत्याग करके पुनः विजयश्री का वरण करके ये अधिक गरिमा को प्राप्त कर गए है, इसमें सन्देह नहीं।

विश्व परिपेक्ष्य में की गई सं. 2062–63 वि. में सत्यसिद्ध कुछेक भविष्यवाणियां

(1) श्री प्रमोद महाजन (भाजपा नेता) की हत्या।

भविष्यवाणी–" वैशाख मास में पांच शुक्रवार एवम् पांच शनिवार होने से .... किसी विशिष्ट व्यक्ति की हत्या व निधन से वातावरण क्षुब्ध हो।"

(श्रीमार्तण्ड पंचांग सं. 2063 वि., पृष्ठ 29, कॉलम 2, प्रथम स्टैंजा)

इस भविष्यवाणी के अनुसार भाजपा नेता और भूतपूर्व केन्द्रीयमन्त्री श्री प्रमोद महाजन पर 22 अप्रैल, 2006 को कातिलाना हमला हुआ एवम् वैशाख मास में ही श्री महाजन के स्वर्ग सिधारने से राजनैतिकदल स्तब्ध रह गए।

(2) हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमन्त्री श्री बंसीलाल जी का मार्च में निधन।

भविष्यवाणी– " 2 से 25 मार्च सन् 2006 ई. तक बुध, गुरु, शनि– ये तीनों ग्रह वक्री रहेंगे।............ किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का निधन, हत्या अथवा सत्ता परिवर्तन संभव है।

(श्रीमार्तण्ड पंचांग सं. 2062 वि., पृष्ठ 31, कॉलम 2, अन्तिम पंक्तिया)

(3) 27 मई, 2006 ई. को इण्डोनेशिया में भूकम्प, 550 व्यक्तियों की मृत्यु।

भविष्यवाणी–"मई से 13 जुलाई तक कुछ देशों में भारी वर्षा, समुद्री तूफान, जलाप्लाव, अग्निकाण्ड किंवा यानदुर्घटना या अन्यविध कुदरती आफात से भारी जनधन–हानि के योग बनते हैं।"

(श्रीमार्तण्ड पंचांग सं. 2063 वि., पृष्ठ 25, कॉलम 2,)

(4) 11 जुलाई, 2006 ई. को मुम्बई में ब्लास्ट, 200 व्यक्तियों की मृत्यु– 800 से अधिक घायल।

भविष्यवाणी–" मई से जुलाई (2006 ई.) की समयावधि में कहीं भयंकर अग्निकाण्ड (बमकाण्ड)........से भारी जनधनहानि के योग हैं।"

(5) 17 जुलाई, 2006 ई को इण्डोनेशिया में **सुनामी लहरों (समुद्री तूफान)** से विनाश, 525 से अधिक की मृत्यु, सैकड़ों लापता।

भविष्यवाणी–"13 जुलाई को मंगल सिंह राशि में आकर शनि से अलग हो जाता है। लेकिन 16 जुलाई को सूर्य कर्क राशि में आकर अपने परम शत्रु शनि के साथ एकराशिसम्बन्ध बना लेता है। मंगल–राहु का षडष्टकयोग भी बन रहा है। 5 से 23 अगस्त तक कर्कराशि में चतुर्ग्रहीयोग भी बन रहा है। इस समय किसी देश/भूभाग पर शक्तिशाली भूकम्प/प्राकृतिक प्रकोप या यानदुर्घटना से हानि के योग हैं– ईश्वर रक्षा करें। सिंह संक्रान्ति एवम् भाद्रपदी अमावस दोनों बुधवार को होने से भाद्रपद कृष्ण पक्ष में 'खप्पर योग' बन रहा है, जो कि जनधनहानि एवम् प्राकृतिक प्रकोप से फसलों को नुक्सान पहुंचाएगा–" *(श्रीमार्तण्ड पंचांग सं. 2063 वि., पृष्ठ 30, कॉलम 1, पैरा 4)*

इसी दौरान चीन में TROPICAL तूफान में सैंकडो कालकवलित हुए।

9 अग., 2006 ई. को गुजरात में बाढ से एक करोड लोग प्रभावित हुए। लगभग पांच हजार करोड रु. से अधिक की फसलों एवम् अन्य सम्पत्ति का नुक्सान हुआ।

(6) 27 सितम्बर, 2005 ई. को चीन में भयंकर तूफान, एक लाख, सत्तर हजार व्यक्ति बेघर हुए।

भविष्यवाणी– "6 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2005 ई. तक शुक्र–मंगल एवं गुरु–राहु का समसप्तकयोग चल रहा है। शनि–मंगल का दशमचतुर्थ–दृष्टिसम्बन्ध चल ही रहा है। .... कहीं भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि का योग बनता है।"

(श्रीमार्तण्ड पंचांग सं. 2062 वि., पृष्ठ 31, कॉलम 2, दूसरा स्टैंजा)

(7) 8 अक्तूबर, सन् 2005 ई. को ज़बरदस्त तूफान से भारी विनाश, पाकिस्तान में 30,000 एवम् भारत में 600 से अधिक की मृत्यु।

भविष्यवाणी– "मुस्लिमराष्ट्रों की नववर्ष कुण्डली में शनि–मंगल का परस्पर दृष्टिसम्बन्ध एवं जुलाई, 2005 ई. से फरवरी, 2006 ई. के मध्य शनि–मंगल का दशम–चतुर्थदृष्टिसम्बन्ध मुस्लिमराष्ट्रों, पाकिस्तान, ईरान, आदि में कहीं प्रधान नेता की हत्या का सफल प्रयास हो सकता है। इस अवधि में प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि भी सम्भव है।"

(श्रीमार्तण्ड पंचांग सं. 2062 वि., पृष्ठ 27, कॉलम 2, पहले स्टैंजे की 8 लाईन से आगे।)

(8) **भविष्यवाणी–"इस वर्ष की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत की प्रगति कठिन परिस्थितियों में भी अवश्यंभावी है। लेकिन यूरेनस, नेप्च्यून, प्लूटो, शनि, राहु, मंगल की गोचर ग्रहस्थिति से पड़ोसी देशों में पनप रहा आतंकवाद भयंकर परिणामों वाला सिद्ध होगा। जेहादी नेता पाक, बंगलादेश, अफगनिस्तान सीरिया, इराक, ईरान में प्रधान नेताओं के लिए खतरा बन जाने के योग हैं। दक्षिणी एशिया में कोई भी देश ऐसा नहीं, जिसे आतंकवाद का खतरा न हो परन्तु सबसे अधिक खतरा पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल को है। यहां प्रमुख हत्याकाण्ड होने की सम्भावना है।"** *(श्रीमार्तण्ड पंचांग सं. 2063 वि., पृष्ठ 30, कॉलम 1, स्टैंजा 3)*

इस भविष्यवाणी की सत्यता का परिणाम मुम्बई एवम् दिल्ली में सीरीयल ब्लास्ट हैं। इराक में अब भी प्रतिदिन अमेरिका के विरुद्ध उपद्रव होते रहते हैं। प्रतिदिन सैंकडों व्यक्ति विस्फोटों से मर रहे हैं। एशिया आतंकग्रस्त है।

(9) भविष्यवाणी– " 6 जुलाई गुरुवार को स्वाती नक्षत्र में गुरु मार्गी हो रहा है। ध्यान दें;– गुरु ग्रह, जो कि संवत् का राजा है, संवत् के शुरु से ही वक्री चल रहा था। यह बात भी नोट करने लायक है, कि– इस संवत् की शुरुआत सूर्यग्रहण से लगभग एक घंटा पहले ही हो रही है, अतः वर्षेश गुरु की राशि में सूर्यग्रहण होने से प्रधान नेता को काफी विषम परिस्थितियों में से निकलना पड़ेगा– यह संकेत स्पष्ट है। संवत् के मध्य में इराक का मसला फिर उभरेगा और वहां गृहयुद्ध न होकर अमेरिका के खिलाफ चक्रव्यूह रचा जा सकता है, जिसमें भारत को भी शान्त्यर्थ प्रयास करने होंगे। शनि–मंगल के इस एकराशिसम्बन्ध में बंगलादेश के जेहादी आतंकवादी एवम् नेपाली माओवादी सीमाप्रान्तों पर

शान्तिभंग करेंगे किंवा मिज़ोरम, नागालैण्ड, आसाम आदि में भी वातावरण अशान्त होगा। शान्त्यर्थ सरकार को कठोर पग उठाने पड़ेंगे।

(श्रीमार्तण्ड पंचांग सं. 2063 वि. पृष्ठ 30, कॉलम 1, स्टैंजा 2)

प्रधानमन्त्री श्री मनमोहन सिंह जी के समक्ष वामपन्थी दलों द्वारा अमेरिका के साथ न्यूक्लीयर डील के बारे विषम स्थिति पैदा की गई। इराक एक समस्या अभी भी बना हुआ है। आतंकवाद को दबाने के लिए कठोर पग उठाने पर मजबूर होना पडेगा।

इस प्रकार प्रतिवर्ष अनेकों आश्चर्यचकित कर देने वाली अव्यभिचरित भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय 79 वर्षों से आपके इस लोकप्रिय पंचांग को प्राप्त होता आ रहा है। सभी सफल भविष्यवाणियों का उल्लेख/चर्चा करना स्थानाभाव के कारण यहां सम्भव नही।

पाठको ! श्रीमार्तण्ड पंचांग के माध्यम से की गई या की जा रही भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय जो आप हमें दे रहे हैं, वह सब पूर्वाचार्यों एवं ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ गुरुचरणों की कृपा ही है या जनताजनार्दन के सौहार्द का परिणाम। हम उन पाठकों के भी आभारी हैं, जो विभिन्न प्रान्तों से पत्राचार द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई भेजकर हमें भावी वर्षों में ग्रहगतिजन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

संवत् 2064 वि. की ग्रहपरिषद् के अधिकारियों का विश्व पर प्रभाव

विज्ञान कार्य–कारण के सिद्धान्त पर आधारित है। परन्तु असंख्य घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक अपने आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे हैं। सिद्धांतों के व्यभिचारमात्र से ज्योतिष शास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्य–सिद्धांतों पर आधारित एक विज्ञान है, जिसमें अभी अत्यधिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

जिस तरह पृथ्वी पर लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण–कर्म–स्वभाव–योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्रों एवम् शासनतंत्र पर पडता है, इसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से **निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसारचक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती आकाशी कौंसिल का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलट–फेर एवं अघटित घटनाएं होती हैं,** इस घटनाचक्र को त्रिकालज्ञ दैवज्ञों द्वारा लिखित ग्रन्थों के आधार पर वि. सं. 2064 कहीं ग्रहस्थिति के अनुसार कुछ लिखने की चेष्टा कर रहे हैं।

संवत् 2064 वि. में पांच पद शुभ ग्रहों को एवम् पांच पद क्रूर ग्रहों को प्राप्त हुए है। पदगणना के आधार पर यह परिषद् सन्तुलित सत्ता वाली मालूम देती है। लेकिन शुभग्रह चन्द्र को ही चार पद प्राप्त हैं। शुभग्रहों में केवल एक सीट ही बुध ग्रह को प्राप्त है। कहने का तात्पर्य यह है कि– शुभग्रहों का बल बहुत क्षीण है। अशुभ ग्रहों में दलितवर्ग का प्रतिनिधि शनि, जो मन्त्री पद पर आसीन है एवम् सूर्य एवम् शुक्र– ये तीनों ग्रह चन्द्र–बुध से अधिक शक्तिशाली हैं।

अब इन ग्रहों की गतिविधि एवम् क्रिया–कलाम पर दृष्टिपात करते हैं।

चन्द्रमा को यद्यपि संवत् अधिप, सस्येश, नीरसेश एवम् धनेश–ये चार पद प्राप्त हैं। शुभ ग्रह बुध को केवल रसेश पद ही प्राप्त है। इस ग्रहपरिषद् में शनि, सूर्य एवम् शुक्र– ये तीनों विपक्षी ग्रह बहुत सशक्त एवम् प्रभावशाली हैं।

मन्त्री पद पर शनि का आधिपत्य भारी उलट–फेर कर सकता है। शनि के मित्रग्रह शुक्र को मेघेश, फलेश, दुर्गेश– ये तीन पद प्राप्त हैं। शनि के पिता किंवा शत्रु ग्रह सूर्य को केवल धान्येश पद ही प्राप्त है। संकेत मिलता है, कि– **शुक्र वामपन्थी दलों का एवम् शनि दलितवर्गों का प्रतिनिधित्व करके सत्ता के भागीदार होने पर भी प्रधान नेता के समक्ष सिद्धान्त–भिन्नता एवम् राजनैतिक स्वार्थपरकता के कारण कहीं शासनसत्ता में परिवर्त्तन ला सकते हैं। अनेक राष्ट्रों में राजनैतिक मतभेद, उलट–फेर किंवा कटुतामय वातावरण बनेगा। कहीं आन्तरिक शान्ति भंग होगी। शुक्र–शनि की स्थिति मुस्लिमराष्ट्र–विशेष में कहीं उग्रवादजन्य राजनयिक हत्याकाण्ड, कहीं युद्धपरक नीति, आन्तरिक अशान्ति का कारण बनेगी।**

इस वर्ष मंगल एवम् गुरु को कोई पद प्राप्त नहीं है। शनि ग्रह मन्त्री पद पर रहते हुए संवत्सरेश चन्द्र की सत्ता एवं सामर्थ्य को क्षीण कर देता है। सेना आयुध प्रक्षेपणास्त्र के स्वामी दुर्गेश शुक्र की स्थिति भी शनि के साथ मेल खाती है। सत्तासम्पन्न देश मुस्लिम राष्ट्रों को शस्त्रास्त्र प्रदान करके युद्धाग्नि में झोंकने की ताक में रहेंगे। मुस्लिमराष्ट्रों में उग्रवाद भयंकर रूप धारण करेगा, जिसका समाधान सहज संभव न होगा।

इस संवत् का राजा चन्द्र सस्येश, नीरसेश एवम् धनेश भी है, अतः प्रजा में आनन्द मंगल रहे, वर्षा पर्याप्त होगी। प्रधान नेता का मन्त्रीपरिषद् के साथ विशेष तालमेल न होगा।

इस संवत् का मन्त्री शनि होने से उग्रवाद एवम् अनैतिक तत्त्व अधिक जोर पकड़ेंगे। मुस्लिम राज इराक, अफगानिस्तान, पाक, ईरान, फिलस्तीन आदि में आन्तरिक उपद्रव, हत्याकाण्ड, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से विशेष हानि होगी। कहीं वर्षा की कमी रहे; अकाल की स्थिति बने।

इस वर्ष धान्येश सूर्य होने से मूंग, मोठ, बाजरा आदि फसल खराब हों, मंहगाई जोरदार होगी। राजनीतिज्ञों में परस्पर वैमत्य, जनता में नानाविध रोगों से परेशानी रहे।

इस संवत् में मेघेश, फलेश एवम् दुर्गेश शुक्र होने से वर्षा बहुत हो, जड़ी–बूटियों की उपज एवं फल–फूल प्रचुरमात्रा में होंगे। व्यापारी वर्ग विशेष लाभान्वित रहेगा।

इस संवत् का मन्त्री शनि एवम् दुर्गेश (सेनाधिपति) शुक्र होने से संवत् के राजा चन्द्र के प्रभाव को क्षीण कर रहे हैं। कहीं परस्पर नीतिसम्बन्धित मतभेद, कहीं मन्त्रिमण्डल में मतभेद पैदा होंगे। परिणामस्वरूप, कहीं किसी राष्ट्रविशेष के मन्त्रिमण्डल के भंग होने के योग भी हैं।

संवत् 2064 वि. की गोचर ग्रहस्थिति एवं जगत्लग्न कुण्डली के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं पर एक नज़र

जगत लग्न का उदय कर्क लग्न में हुआ है। लग्नेश-चन्द्र अष्टम भाव में मंगल, राहु के साथ शत्रुक्षेत्र में है। लग्नेश एवं अष्टमेश का राशिव्यत्यय है। लग्नस्थ शनि गुरुदृष्ट है। शनि इस संवत् का मन्त्री है एवम् चन्द्र संवत् का राजा है। संकेत प्राप्त होता है कि– इस वर्ष विश्व के **प्रमुख राष्ट्राध्यक्ष उग्रवादजन्य हत्याओं से क्षुब्ध रहेंगे। किसी मुस्लिम देश में आन्तरिक अशान्ति से गृहयुद्ध जैसी स्थिति बनेगी। विश्वशान्ति के सम्मिलित प्रयास होंगे।** आर्थिक उदारीकरण से नई योजनाएं कार्यान्वित होने के योग भी हैं। **जगत्लग्न कुण्डली में दशम-भावस्थ उच्च सूर्य पर शनि की नीच दृष्टि है। मुस्लिमराष्ट्र-विशेष में राजनैतिक हत्याकाण्ड होंगे। सिंह, मेष, वृष, कन्या एवम् मकर, कुम्भ नामराशि वाले राष्ट्राध्यक्षों के लिए यह वर्ष भयावह घटनाओं को लेकर उपस्थित होगा।** वैशाख, ज्येष्ठ, आश्विन, कार्त्तिक, मार्गशीर्ष मास विशेष घटनापूर्ण रहेंगे। भारत की प्रभावराशि मकर होने से यह वर्ष भारत की संप्रभु-सत्ता एवम् प्रगति के लिए तो अच्छा है, लेकिन प्रधान-नेता वामदलों के चक्रव्यूह में फंस सकते हैं, जहां से निकलना सहज नहीं।

संवत् 2064 वि. के राजा, मन्त्री एवम् दुर्गेश के विचार से यह संवत् काफी कठिन समस्याओं से घिरा रहेगा। 10 जनवरी, 2007 ई. से संवत् के अन्त तक कर्क-सिंहराशिस्थ शनि की दृष्टि दक्षिण दिशा की तरफ ही रहेगी। दक्षिणी गोलार्ध के देशों में कहीं भयंकर अकाल, रक्तपात एवम् सत्ताहस्तान्तरण के योग बनते हैं। इस अवधि में कहीं भयंकर भूकम्प, समुद्री तूफान या यानदुर्घटना से भारी जनधनहानि के योग बनते हैं। किसी मुस्लिमराष्ट्र में राजनैतिक हत्या, विस्फोट किंवा यानदुर्घटना में विशिष्ट व्यक्ति की अकालिक मृत्यु या अपदस्थता से वातावरण अशान्त होने के योग भी हैं।

गत संवत् 2063 वि. में 17 फरवरी, 2007 ई. को मंगल शनैश्चरी अमावस वाले दिन मकर राशि में आ रहा है। मंगल का वक्री शनि के साथ समसप्तकयोग संवत् 2064 वि. में 29 मार्च, सन् 2007 ई. तक बना रहेगा। इस प्रकार शनि-मंगल का परस्पर दृष्टिसम्बन्ध अघटित घटनाओं वाला सिद्ध होगा। पाकिस्तान, इराक, ईरान, पाकाधिकृत ब्लूचिस्तान-सिन्धक्षेत्र, अफगानिस्तान, हॉलैण्ड, थाईलैण्ड, नेपाल, चीन, जापान, इण्डोनेशिया किंवा भारत के किसी भाग में उग्रवादजन्य बम-विस्फोट, ज्वालामुखी-विस्फोट, भारी भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदा किंवा यानदुर्घटना में भारी जानमाल नुक्सान होने का योग है। इस समयावधि में कहीं सीमाप्रान्तों पर या किसी मुस्लिमराष्ट्र के अन्दर भारी प्राकृतिक आपदा या आन्तरिक क्रान्ति जैसी स्थिति से राष्ट्राध्यक्ष को भारी कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ सकता है। कहीं सत्ता-हस्तान्तरण करने पर भी प्रधान नेता को मजबूर होना या राजनैतिक हत्या का शिकार होना पड़े।

29 मार्च, 2007 ई. को मंगल कुम्भ राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा। इस समय वक्री शनि के साथ राहु एवम् मंगल का षडष्टकयोग बनेगा। 6 अप्रैल को शुक्र वृषराशि में आकर देवगुरु वक्री बृहस्पति के साथ दृष्टिसम्बन्ध बना रहा है। गुरु 6 अप्रैल को दिन में ही वक्री हुआ है। 29 मार्च से 18 अप्रैल, 2007 ई. तक अल्जीरिया, अमेरिका के किसी विशेष भाग, नॉर्वे, ईरान, साईप्रस, ब्रिटेन, आयर्लैण्ड, रूस, इटली, टर्की, फ्रांस में कहीं समुद्री-तूफान, भूकम्प एवम् कहीं राजनैतिक विप्लव, कहीं आन्तरिक कलह से जनता को कष्ट उठाना पड़ेगा। शासकों को भी स्थिति-नियन्त्रण के लिए विशेष पग उठाने पडें।

14 अप्रैल, 2007 ई. को शनिवारी मेष संक्रान्ति, 17 अप्रैल को भौमवती अमावस एवम् 19 अप्रैल को शनि मार्गी होगा। 20 अप्रैल को बुध पूर्व में अस्त होगा। इस समय बुध अतिचारी भी है। नेपाल में 7 दलों के सत्ताधारी गठबन्धन एवम् माओवादिओं के मध्य मतभेद गहरा जाएंगे, कुण्ठाएं उभरेंगी। देश के संवैधानिक ढांचे के निर्माण की प्रक्रिया में बाधा आएगी। देश में अशान्ति एवं अस्थिरता का माहौल इस वर्ष (2007 ई. में) पुनः बन जाने का योग है।

वैशाख चान्द्रमास में पांच मंगलवार होने एवम् 24 अप्रैल से 6 मई की ग्रहस्थिति के अनुसार किसी विशिष्ट व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होगा। **'मंगले महदभयम्'** के अनुसार आतंकवादियों की गतिविधियां तीव्र हो जाएंगी। और महानगरों में विस्फोटजन्य हत्याएं अधिक होंगी। जापान, चीन, जर्मनी, श्रीलंका, इराक, अफगानिस्तान, पाक एवम् अमेरिका में आतंकवादी गतिविधियां प्रबल होंगी; कहीं भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी जनधनहानि के योग भी बनते हैं।

7 मई को मंगल मीनराशि में आकर शनि के साथ नव्पंचमयोग बनाएगा। इस समय मंगल पर बृहस्पति की विशेष दृष्टि है। 14 मई को बुध पश्चिम में उदित होगा। 15 मई को मंगलवारी वृषसंक्रान्ति है। ज्येष्ठ अधिकमास होने से कहीं युद्ध का वातावरण बने– **"द्विज्येष्ठे नृप-विग्रहः"।** बुध अतिचारी होने के कारण प्राकृतिक आपदा से **7 से 24 मई तक भारी जनधनहानि के योग बनते हैं।**

30 मई को शुक्र कर्कराशि में आकर शनि के साथ दृष्टिसम्बन्ध बनाएगा। यह दृष्टिसम्बन्ध 3 जुलाई, सन् 2007 ई. तक बना रहेगा। इन (शु. श.) पर वक्री बृहस्पति की विशेष दृष्टि भी है। इस समयावधि में इस वर्ष ब्लूचिस्तान में पाकराष्ट्राध्यक्ष के खिलाफ बगावत का रुख बने। मुस्लिमराष्ट्र जन-आन्दोलन को सुलझाने में निष्क्रिय रहेंगे। पाकिस्तान की विरूपता उसकी जमीन पर पल रहे आतंकी संगठनों से और विकृत हो जाएगी। साऊदीअरब घृणा और नफरत की पौधशाला के रूप में पनपेगा। अलकायदा गल्फ देशों के लिए भयंकर खतरा सिद्ध होंगे। इण्डोनेशिया में वोल्केनो आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। इराक में इस अवधि में गृहयुद्ध जैसी स्थिति से संभलना कठिन होगा।

द्वि.(अधिक) ज्येष्ठ कृष्णपक्ष, द्वि. (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्लपक्ष (2 जून से 30 जून तक)– इस चान्द्रमास में पांच शनिवार होने से द्वि. (अधि.) ज्येष्ठ कृ. पक्ष प्रतिपदा (2 जून) को शनिवार होने से किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति (नेता) की मृत्यु का योग बनता है या कहीं

राज्यसत्ता में परिवर्तन हो। कहीं भयंकर प्राकृतिक आपदा से भारी जनधनहानि भी संभव है। भारी जलबाढ़ या कहीं सूखे से कृषकों को हानि उठानी होगी–

" अथवा सौरिवारेण संयुक्ता प्रतिपदभवेत्।
दुर्भिक्षं–रोग पीड़ास्यात् छत्रभंगश्च नान्यथा।।"

16 जून को मंगल अपनी राशि मेष में आकर 15 जुलाई, 2007 ई. तक **शनि–शुक्र के साथ दशम–चतुर्थसम्बन्ध बनाएगा।** इस प्रकार शनि की मंगल पर एवं मंगल की शनि पर विशेष दृष्टि होगी। अमेरिका, पाक की गहरी दोस्ती से पूरे दक्षिण–पूर्वी एशिया को भारी कठोर कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान ने तालिबान एवं लादेन की पीठ पर जो हाथ रखा है, उसका भयंकर परिणाम पाक–जनता को आगामी दो वर्षों में जल्दी ही भोगना पड़ेगा। आने वाले दिनों में पाक की हकूमत अमेरिका की कठपुतली बन कर रह जाएगी और पाकिस्तान में उग्रवादी कभी भी रक्तपात की प्रक्रिया शुरु कर सकते हैं, प्रधान नेता को भारी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

भारत के साथ चीन की मैत्री एक प्रदर्शनमात्र है। जापान, वियतनाम, फिलिपीन्स और मलेशिया के साथ चीन के गम्भीर सीमाविवाद रहेंगे। अरुणाचल प्रदेश में भी चीन की नीयत ठीक नहीं। उत्तर में स्थित इस ताकतवर पड़ौसी के साथ कोई भी समझौता भारी पड सकता है। भारत सरकार को सावधान रहना चाहिए। ग्रहस्थिति का सावधानी से चिन्तन करने पर एक बात यह भी सामने आती है कि– इस वर्ष भारत, चीन महादेशों के रूप में उभर रहे हैं। भारत–तिब्बत सीमा के मसले को चीन लेन–देन के माहौल से सुलझाने की कोशिश करेगा, फिर भी बाधाएं उपस्थित होंगी।

16 जुलाई को प्रातः शनि सिंह राशि में आकर रूस से अलग छिटके देशो अफगानिस्तान, इराक–पाक में खास घटनाचक्र को जन्म देगा। 27 जुलाई को शुक्र वक्री हो रहा है, गुरु पहले ही वक्री चल रहा है। 29 जुलाई को मंगल वृषराशि में आकर फिर से शनि के साथ दशम–चतुर्थसम्बन्ध बनाएगा। शनि–मंगल का यह सम्बन्ध 16 सितम्बर तक चलेगा। **ध्यान दें–** इसी मध्य श्रावण कृष्ण पक्ष त्रयोदश दिन का पक्ष भी आ गया है। श्रावण चान्द्रमास में पांच मंगलवार एवम् बुध, शुक्र, शनि– ये तीन ग्रह इसी चान्द्रमास में अस्त हो रहे हैं। शनि, शुक्र, केतु पर मंगल की दृष्टि भी है। बुध अतिचारी है। पूर्वी–दक्षिणी प्रान्तों एवम् देशों में भयंकर अग्निकाण्ड, रेल व वायुयानदुर्घटना, दुर्भिक्ष, भयंकर समुद्रीतूफान, भूकम्प, खान–दुर्घटना आदि से भारी जनधनहानि के योग हैं। इस त्रयोदश दिनपक्ष में कहीं भयंकर अकाल–बीमारी से जनता को कष्ट हो, कहीं प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन से शोक व कहीं सत्ताहरतान्तरण भी संभव है–

" श्रावणे शुक्लपक्षे च प्रतिपच्चन्द्रयोगतः।
जलशोषं प्रजानाशं छत्रभंगं तदादिशेत्।।"

भाद्रपद कृष्ण पक्ष में बुध का उदय, 7 सितम्बर को प्लूटो मार्गी, 8 सित. को शुक्र मार्गी एवम् शनि उदित हो रहा है।–"नाशः प्रकाशनमधार्मिक–शासनस्य" प्रमाणानुसार किसी मुस्लिमराष्ट्र के शासक के लिए समय बहुत खराब रहे या मृत्युतुल्य कष्टप्राप्ति का योग बने।

16 सितम्बर को मंगल ग्रह मिथुन राशि में आकर संवत् के अन्त तक **वक्र–मार्ग गति द्वारा मिथुनराशि में ही स्थिर रहता है।** इस प्रकार मिथुन राशिस्थ मंगल की दृष्टि कन्या, धनु एवम् मकर राशि पर पडेगी। साथ ही शनि–राहु का समसप्तकयोग बना ही रहेगा। टर्की, अफगानिस्तान, इराक, पाकिस्तान, अरबराष्ट्र, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन एवम् भारत के कुछ क्षेत्रों में अघटित घटनाएं घटेंगी। अग्निकाण्ड, ज्वालामुखी–विस्फोट, तूफान, भूकम्प आदि से विनाशकारक समाचार मिलेंगे। कार्तिक में कहीं उग्रवादजन्य विस्फोट आदि से वातावरण अशान्त होने का योग है।

कार्तिक शुक्ल पक्ष में 15 नवम्बर को मंगल के वक्री होगा, 21 नवम्बर को गुरु **धनुराशि में पदार्पण करेगा पर, प्लूटो–गुरु का एकराशिसम्बन्ध तथा वक्री मंगल के साथ समसप्तकयोग बनेगा।** मुस्लिमराष्ट्र पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो एवम् नवाजशरीफ की पार्टियों का साथ छोटी पार्टियां देंगी और मुशर्रफ संरक्षित "मुस्लिम–लीग" सकटग्रस्त हो सकती है। परिणामस्वरूप, सत्ता–परिवर्तन संभव है।

मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष में नवमी तिथि–वृद्धि होने से कहीं राजनीतिज्ञों में परस्पर वैमत्य रहे, कहीं आतंकवाद–दमन के लिए देश एकजुट हों।

10 दिसम्बर को गुरु अस्त होगा, 16 दिसम्बर को सूर्य धनुराशि में आकर गुरु के साथ मेल करेगा और गुरु–सूर्य पर वक्री मंगल की दृष्टि रहेगी। 19 दिसम्बर को शनि वक्री हो जाता है और संवत् के अन्त तक वक्री रहता है। इस प्रकार शनि–मंगल दोनों वक्री हैं। गुरु–शुक्र दोनों अस्त हैं। ग्रहस्थिति मध्य एशिया के प्राकृतिक तेल–भण्डार क्षेत्रों पर रूस, अमेरिका और चीन की नजर होने से रूस–अमेरिका दूर होते नजर आएंगे। कहीं युद्ध किंवा किसी देश के अशान्त वातावरण से मुक्ति पाने के लिए जनता स्थानान्तरण के लिए विवशता अनुभव करेगी–

" गुरु–शुक्रोदयश्चास्तो यदा वै मार्गमासके।
देशान्तरं च गच्छन्ति तदा वै क्षुत्पीड़िता जनाः।।"

पौष चान्द्रमास में मंगलवारी अमावस, गुरु का उदय, मकरसंक्रान्ति एवम् शुक्र का धनु राशि में आकर गुरु के साथ राशि–सम्बन्ध, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि का क्षय–यह ग्रहस्थिति 24 दिसम्बर, 2007 ई. से 22 जनवरी, सन् 2008 ई. तक कहीं भयंकर हिमपात, भूकम्प, बाढ़ एवं किसी विशिष्ट व्यक्ति के पद रिक्त होने से वातावरण अशान्त हो।

23 जनवरी, से 21 फरवरी, 2008 ई. की ग्रहस्थिति के अनुसार (विशेषतः 30 जनवरी के लगभग) प्राकृतिक प्रकोप से दुर्भिक्ष की स्थिति बने, अग्निकाण्ड एवम् फसलों की हानि से जनता परेशान हो–

"चतुर्थी माघमासस्य शनिवारेण संयुता।
दुर्भिक्षं मृत्यु–चौराग्निभयं धान्य–विनाशनम्।।"

13 फरवरी, से 13 मार्च, 2008 ई. तक सूर्य–राहु का शनि के साथ समसप्तक, 10 से 13 मार्च तक सू., बु., शु., रा. का चतुर्ग्रहीयोग एवं 1 अप्रैल से संवत् के अन्त तक चल रहा चतुर्ग्रहीयोग भी राजनैतिक कारणों से घोर अशान्ति, भूकम्प, तूफान व यानदुर्घटना या कहीं युद्धज्वाला से भारी विनाश के साथ रोग–पीडा से जनता में परेशानी पैदा करे।

यूरोप के देश

कुण्डली नं. (1) की ग्रहस्थिति एवम् गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार 9 जनवरी, 2007 ई. तक शनि–राहु का समसप्तक, 11 फरवरी तक सूर्य–शनि का समसप्तक एवम् 16 फरवरी तक शनि–मंगल का षडष्टकयोग यूरोपीय देशों में प्राकृतिक आपदा से विनाश एवम् आतंकवादी, मुस्लिम जेहादियों द्वारा जनधनहानि का योग बनाता है। पाकिस्तान, ईरान, इराक, अफगानिस्तान के आतंकियों पर लगाम डालने के लिए विशेष प्रयास, नीति एवम् कानून बनाने पड़ेंगे। पाक में उग्रवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए अमेरिका ठोस पग उठा सकता है। इस वर्ष लादेन एवम् जेहादी उग्रवादी विशेषरूप से लक्ष्य पर होंगे। पाक एवं इराक में विध्वंसक तत्त्व उग्र रहेंगे। कहीं सत्तापरिवर्तन का कारण भी बनेगा।

कुण्डली नं. (2) में मंगल एवं शनि दोनों वक्री हैं। बुध एवं गुरु अस्त हैं। शनि की चन्द्र पर विशेष नजर है। शनि–राहु का समसप्तक योग भी बना हुआ है। प. जर्मनी, फ्रांस, इटली, रोम, स्पेन, ब्रिटेन, अमेरिका आदि में इस वर्ष विशेष घटनाएं घटित होंगी। कहीं आन्तरिक समस्याएं उलझें। विशेष परिस्थितिवश ब्रटेन–अमेरिका का रूस से वैमत्य बढ़े। प. जर्मनी, हॉलैण्ड, फ्रांस, डेन्मार्क में बेरोजगारी बढ़ेगी। औद्योगिक संकट बढ़ेंगे। विशेषतः शनि के सिंह में रहते एवं गुरु के धनुराशि में आने पर उग्रवादियों पर नकेल डालने के प्रयास होंगे। प्रमुख उग्रवादी इस वर्ष हतोत्साहित होंगे, कुछ मृत्यु की गोद में पहुंच जाएंगे। पश्चिमी एशिया में कहीं युद्धज्वाला भड़केगी। इजराइल, जॉर्डन के पश्चिम भाग में अपने डेरे समाप्त नहीं करेगा। फिलस्तीन–जॉर्डन–इजराइल में अशान्ति बढ़ेगी। प्रच्छन्नरूप से अमेरिका युद्धाग्नि को हवा दे सकता है। ग्रहस्थिति के अनुसार कहीं भूकम्प, समुद्री–तूफान, कहीं अतिवृष्टि आदि प्राकृतिक प्रकोप से भयंकर जनधनहानि के योग बन रहे है। थाइलैण्ड आदि में अशान्ति रहे।

अमेरिका के राष्ट्रपति जनाब जॉर्ज W. Bush

की यथालब्ध जन्मकालिक ग्रहस्थिति के अनुसार सिंहस्थ शनि का जन्मकालिक मंगल के साथ राशिसम्बन्ध बनने पर 15 जुलाई, 2007 ई. के बाद एवम् गुरु के शत्रुस्थान अर्थात् छटेभाव में धनुराशि में आने पर 21 नवम्बर, 2007 ई. के लगभग से संवत् के अन्त तक का समय जनाब जॉर्ज बुश के लिए कठिन स्थितियों वाला है। रूस, चीन एवं कुछ अन्य राष्ट्रों से ईरान के मसले पर सम्बन्ध बिगड़ेंगे। शत्रु एवं उग्रवाद से अमेरिका में भारी संकट एवं विनाश का योग भी बन सकता है। इस वर्ष मिथुन राशि के मंगल की जॉर्ज बुश के जन्मकालिक चन्द्र पर दृष्टि 16 सितम्बर से संवत् के अन्त तक बनी रहेगी। कुछ प्रमुख उग्रवादी पकड़ने में सफलता अवश्य मिलेगी। राष्ट्रपति जी को अपनी सुरक्षा–व्यवस्था को सुदृढ बनाने की ग्रहगोचर के अनुसार सलाह दी जाती है।

मुस्लिम राष्ट्र

20 जनवरी, चन्द्रदर्शन वाले दिन से अगले दिन यानी 21 जनवरी, सन् 2007 ई., रविवार को 1 मुहर्रम (यकम मुहर्रम), हिजरी सन् 1428 का शुभारम्भ होगा। इस्लामी मतानुसार हिजरी सन् 1428 का बादशाह सूरज है।

मुस्लिम देशों की वर्षगत ग्रहस्थिति के अनुसार शनि–मंगल का षडष्टकयोग बना हुआ है। इस समय बुध अस्त है, शनि वक्री है। शनि–सूर्य का समसप्तकयोग भी बना हुआ है। लेकिन शनि गुरुदृष्ट भी है। कुछ यावनराष्ट्रों में 15 जुलाई से पूर्व भूकम्प, आन्तरिक कलह, उग्रवादजन्य अशान्ति किंवा अग्निकाण्ड, ज्वालामुखी–विस्फोट आदि प्राकृतिक प्रकोप से जन–धनहानि के योग हैं। अफ्रीकन देशों में भी घोर अशान्ति का वातावरण बनेगा। इजराइल के साथ फिलस्तीन–लीबिया आदि मुस्लिम राष्ट्रों के सम्बन्ध तनावपूर्ण ही रहेंगे। लीबिया, अंगोला की स्थिति बिगड़ेगी। इस वर्ष मुस्लिम राष्ट्रविशेष के शासनाध्यक्ष के अपदस्थ होने किंवा मृत्यु का योग है। इराक आदि में रक्तक्रान्ति जैसा वातावरण रहे, गृहयुद्ध जैसी स्थिति से अमेरिका हतोत्साहित होगा। सिंह का शनि 15 जुलाई, 2007 ई. के बाद मुस्लिम देश–विशेष में अघटित घटनाचक्र चलाएगा। उग्रवादजन्य हिंसक घटनाओं से अफगानिस्तान, इराक, पाक का ब्लूचिस्तान एवम् अरब गणराज्य देशों में जनता त्रस्त रहेगी। कहीं सत्तापरिवर्तन भी संभव है।

पाकिस्तान की कुण्डली में स्थित ग्रहस्थिति के अनुसार कर्कराशि का शनिकाल (लगभग मध्य जुलाई तक) इसवर्ष प्रधान-शासक के लिए बहुत नेष्टफलप्रद रहेगा। पाक-कुण्डली में कर्कराशि में बुध-सूर्य, शनि, प्लूटो हैं। यह भारत के साथ कुटिलचाल से सम्बन्ध ठीक न रख पाएगा। इस समय केतु की महादशा में बुधान्तर 29 दिसम्बर, 2006 ई. से प्रारम्भ होगा। समय यहां निर्वाचन सैनिकशासन के प्रभाव में ही होंगे, परिणाम जनता के लिए हितकर न होगा।

आगे शुक्र की महादशा में प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि के योग हैं।

संवत् 2064 की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत एवं भारत सरकार में घटित होने वाले घटनाचक्र का आकलन

" संसार का प्रत्येक परमाणु एक निर्धारित नियम से विलग नहीं हो सकता । एक सूक्ष्मतम परमाणु में यदि तनिक अव्यवस्था किंवा अनुशासनहीनता आ जाए, तो विराट् ब्रह्माण्ड एक क्षण के लिए भी न टिक सके। एक क्षणिक विस्फोट से अनन्त प्रकृति अग्नि-ज्वालाओं से अतिरिक्त कुछ न रहे।" इस प्रकार समस्त घटनाचक्र एवं सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को संचालित करने वाला ग्रहपुञ्ज प्रकृति किंवा ईश्वर के अनुशासित कार्यक्रम का एक निदर्शन है, जो कि- गोचर ग्रहगति के संकेतानुसार हमें प्रतिवर्ष कुछ लिखने को प्रेरित करता है।

इससे पहिले कि संवत् 2064 वि. की ग्रहस्थिति का परिशीलन करें, हम गत संवत् 2063 वि. के अन्तिम चरण की ग्रहस्थिति पर एक नजर डालना उचित समझते हैं।

संवत् 2063 वि. के अन्तिम तीन मास राजनैतिक दृष्टि से विशेष उठापटक वाले रहेंगे। फरवरी, 2007 ई. में उ. प्र. में धर्मिक स्थान को लेकर विवाद खड़ा होगा। भारत के धार्मिकस्थल असुरक्षित होंगे। विशेष राजनैतिक परिवर्तन-परिवर्धन सत्तारूढ़दल में आएंगे। यदि निर्वाचन की चर्चा की गई तो पुनः राजनैतिक पटल पर केन्द्र में प्रमुखदल के रूप में कांग्रेस प्रबल सत्ता का दावा करेगी।

अब हम सं. 2064 की ग्रहगति के अनुसार स्वतन्त्र भारत के वर्षाङ्क पर कुछ लिखना चाहेंगे।

भारत स्वतन्त्रता लग्न में भाग्येश एवं कर्मेश शनि, सूर्य, बुध, प्लूटो, शुक्र एव चन्द्र के साथ तृतीय भाव में है। यह पराक्रम भाव है। विदेशी-विरोधी देशों के षड़यन्त्र किंवा पाक के आतंकवादी तत्त्वों द्वारा भारी विस्फोट आदि से महानगरों में जनधनहानि के योग बनेंगे, लेकिन भारत आतंकवादियों को सबक सिखाने में अग्रेसर रहेगा। मेदिनी ग्रहसंचार के अनुसार स्वतन्त्र भारत की जन्मकुण्डली में धनु में प्लूटो, मकर में नेप्च्यून एवं कुम्भ में यूरेनस की स्थिति एवं मकर (नवम भाव) पर मंगल एवं शनि की दृष्टि राजनैतिक क्षेत्र में वर्ष को समस्यापूर्ण बनाती है।

स्वतन्त्र भारत का 60 वां वर्ष

स्वतन्त्र भारत के 60वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार मुंथेश मंगल मित्रक्षेत्र में प्रवल है। मंगल आयेश एवम् षष्ठेश होकर छठे भाव को देख रहा है। नवमेश शनि अष्टमेश होकर अष्टमभाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है। यह ग्रहस्थिति अनेकविध राजनैतिक कठिनाइयों में से भारत को निकालकर प्रगति की ओर ले जाने वाली है। **वर्षलग्न के द्वितीयभाव में शनि, सूर्य, शुक्र, बुध का सान्निध्य एवम् संवत् के स्वामी गुरु का मन्त्री शुक्र (शत्रु) के क्षेत्र में होना प्रधाननेता को राजनैतिक चक्रव्यूह में फंसा सकता है। पाकिस्तान के साथ राजनैतिक सम्बन्धों में सुधार के आसार एवम् व्यापारिक सम्बन्ध बनने पर भी आन्तरिक कूटनीतिक चाल से सीमाप्रान्त अशान्त हो सकते हैं। नेपाल में पनप रहा उग्रवाद भी भारतीय सीमाओं को अशान्त करेगा। मेदिनीग्रहों की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार 11 अक्तूबर, सन् 2006 ई. के बाद संवत् के अन्त तक की ग्रहस्थिति प्राकृतिक आपदाओं एवम् राजनैतिक दृष्टि से काफी चिन्तनीय घटनाप्रद मालूम देती है।**

लग्नेश-दशमेश एवम् पंचमेश के गोचर में स्थितिस्थापक-सम्बन्ध से ज्ञात होता है कि-भारत का सशक्त नेतृत्व देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा। परमाणु-ऊर्जाक्षेत्र में विशेष प्रगतिप्रद योजनाएं बनेंगी; देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। आगामी कुछ वर्षों में ही ऊर्जाविकास की योजनाएं कार्यान्वित होंगी, जिससे देश महाशक्ति के रूप में पहचाना जाने लगेगा।

स्वतन्त्र भारत का 61 वां वर्ष

स्वतन्त्र भारत के 61 वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार अष्टमेश मंगल नवम भाव में, दशमेश बुध एकादश भाव में, एकादशेश चन्द्र व्यय भाव में एवं मुंथेश- शुक्र भी व्यय भाव में हैं। चतुर्थेश गुरु भी अपनी (धनु) राशि में व्ययस्थानगत है;- यह ग्रहस्थिति राजनैतिक दृष्टि से भारी उथल-पुथल करने वाली है। सरकार के घटकदल सत्तासीन प्रधान नेता को स्वतन्त्र प्रगतिप्रद निर्णय लेने में बाधक रहें। पाक द्वारा पोषित आतंकवादियों को भारत की सशक्तता का भान इस वर्ष कराना ही पड़ेगा। भारत की प्रभावराशि मकर पर सूर्य, बुध की दृष्टि है, जो कि प्रधान नेता को स्वतन्त्र पग उठाने में अशक्त बनाएगी। राहु का शनि-शुक्र के साथ समसप्तक घटकदलों को बिखरने का भय पैदा कर सकता है। इस वर्ष सीमाप्रान्तों पर सैन्यसत्ता को एवं सीमा पार से घुसपैठियों, आतंकवादियों व विध्वंसक तत्त्वों से निपटने के लिए गुप्तचर व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखना होगा, अन्यथा राजस्थान, बाड़मेर, केरल, बिहार, आसाम, बंगाल, मिजोरम, काश्मीर में शत्रुदेश की कुनीती से यहां विस्फोट, रक्तपात, राजनैतिक हत्याकाण्ड आदि से जनधनहानि सरकार के लिए सरदर्द बन जाएगी। इस वर्ष की ग्रहगति के अनुसार इटली, जापान, चीन, टर्की, इण्डोनेशिया, रूस, अफगानिस्तान- पाक में प्राकृतिक प्रकोप से भयंकर प्राकृतिक आपदा के योग हैं। लगभग 15 जुलाई से 15 सितंबर तक की अवधि में कुछ प्रान्तों एवं देशविशेष में भारी राजनैतिक घटनाचक्र किंवा परिवर्तन होने के योग हैं। इस अवधि में उग्रवादजन्य हत्याकाण्ड एवं प्रमुख राजनैतिक पद में रिक्तता किंवा हत्याकाण्ड संभावित हैं। 16 सितंबर से संवत् के अन्त तक का समय भारत एवं पाक के शासन-तन्त्र के लिए विशेष ऐतिहासिक राजनैतिक घटना वाला सिद्ध होगा।

भारतीय गणतन्त्र का 58वां वर्ष

महान् देश भारत के 58वें गणतन्त्र की ग्रहस्थिति का परिशीलन करने से स्पष्ट ज्ञात होता है कि- मकर राशिस्थ सूर्य, बुध पर शनि की दृष्टि होने एवं संवत् के राजा चन्द्र पर मन्त्री शनि की नीच दृष्टि होने से, यह वर्ष प्रधान नेतृत्व के लिए अघटित घटनाओं वाला सिद्ध होगा। राजनैतिक दृष्टि से काफी संकटापन्न-स्थितियों में प्रधान नेता को उलझना पड़ सकता है। पुनरपि शनि पर बृहस्पति की विशेष दृष्टि होने से स्थिति संभल जाएगी। 16 जून से अगस्त तक की ग्रहस्थिति में गणतन्त्र के लिए प्रधान नेता को कठोर पग उठाने होंगे। सत्तारूढ़दल के घटकतत्त्व बिखराव की स्थिति में आ सकते हैं। लेकिन भारत गणतन्त्र की गरिमा एवं प्रधान नेता का यश बना रहेगा।

भारतीय गणतन्त्र के राष्ट्रपति महामहिम श्री ए. पी. जे. अब्दुलकलाम जी

महामहिम की नामराशि एवं गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार शनि वक्री पोजीशन से 15 जुलाई तक कर्क राशि में ही रहेगा। इस अवधि में कई प्रकार राजनैतिक की समस्याएं इनके समक्ष उपस्थित होंगी। तत्पश्चात् सिंहराशि का शनि एवं त्रयोदश दिन का पक्ष भी भारत के लिए चुनौतीपूर्ण समस्याओं को पैदा करेगा, लेकिन महामहिम श्री की प्रखर प्रतिभा एवं प्रयास से इन समस्याओं का हल मिलेगा। सुधारात्मक प्रक्रिया एवं स्वच्छ राजनैतिक प्रतिष्ठा प्रदान करना इनकी प्राथमिकता रहेगी। भारत गणतन्त्र को वर्तमान महामहिम राष्ट्रपति जी एक सशक्त गणतन्त्र के रूप में स्थापित करने से यशस्वी रहेंगे।

संवत् 2064 वि. की गोचर ग्रहस्थिति का भारत पर प्रभाव

स्वतन्त्र भारत का उदय 15 अगस्त, 1947 को मध्यरात्रि में 0 घं. 00 मि. पर कालसर्पयोग में हुआ था। परिणामस्वरूप, इस लम्बी समयावधि में भारत की राजनीति में अनेक उतार-चढ़ाव आए। आज सं. 2064 वि. की प्रारम्भिक गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत की प्रभावराशि मकर पर कर्कराशिस्थ शनि की पूर्ण दृष्टि चल रही है। भारत की प्रभावराशि के स्वामी शनि पर वृश्चिक राशिस्थ गुरु की विशेष दृष्टि भी है। भारत ने विश्व के प्रमुख देशों में अपना विशेष स्थान बना लिया है। देश सर्वतोभावेन आत्मनिर्भरता की ओर बढ रहा है। लेकिन इस समय शनि 19 अप्रैल तक वक्री पोजीशन में रहेगा। इससे पहिले 29 मार्च को मंगल कुम्भराशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा। इस प्रकार 7 मई तक शनि का राहु-मंगल के साथ षड़ष्टकयोग बना रहेगा। आतंकवाद सिर उठाएगा। आतंकवाद के स्रोतों को समाप्त करना अनिवार्य हो जाएगा।

भारत को असम व पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में भी आतंकवाद से निपटने के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। क्योंकि, आतंकवाद की समाप्ति के लिए एक विश्वस्तरीय युद्ध हमारे देश को प्रभावित कर रहा है।

सीमापार से भारत में घुसपैठ के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले मार्ग पुनः सक्रिय रूप धारण करेंगे– सरकार सावधान रहे।

वर्षारम्भ मेष लग्न में होने से –"**मेषे लग्ने तु पूर्वस्यां दुर्भिक्षं राजविग्रहः। उत्तरस्यां सुभिक्षं स्यात् राज्ञामुद्वेगकारणम्।।" "मध्यदेशे महावृष्टिर्निष्पत्तिर्धान्य–संततेः।"** महंगाई से जनता परेशान रहे, पूर्व में दुर्भिक्ष एवं राजनीतिज्ञों में परस्पर वैमत्य बढ़े एवं सत्तारूढ दल के घटकतत्त्वों में विघटन की संभावना बढ़ेगी। दक्षिण एवं उत्तर मे सुभिक्ष रहे। शासकों में सिद्धान्तवैमत्य के कारण उद्वेग बने। मध्यप्रदेश में भयंकर वर्षा से हानि हो, कहीं अनाज की उपज अच्छी हो। संवत् का आरम्भ वक्री शनि एवं मंगल के परस्पर दृष्टिसम्बन्ध से हो रहा है। लग्नेश मंगल की लग्न पर विशेष दृष्टि है। शनि की भी मेष लग्न पर पूर्ण दृष्टि है।

6 अप्रैल को गुरु वक्री होकर वक्री शनि पर दृष्टिपात करेगा एवं वैशाख चान्द्रमास में 5 मंगलवार होने से कहीं अग्निकाण्ड व भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो, आगे कहीं वर्षा के अवरोध से दुर्भिक्ष की स्थिति बने। रोग किंवा अन्यप्रकार के कष्टों से जनता में परेशानी बढ़े। वर्ष में कमरतोड महंगाई से जनता परेशान रहें– "**(पञ्च) मंगले म्रियते राजा**"– प्रमाणानुसार कहीं प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त हो।

वैशाख शुक्ल पक्ष में पंचमी शनिवारी होने से आगे कहीं वर्षा न हो, कहीं अतिवर्षा से भारी हानि हो। सीमांप्रान्तों पर कहीं युद्धभय व्याप्त हो। कहीं तूफान, कहीं राजनैतिक–गतिविधि से चिन्ताजनकस्थिति बने। नानाविध रोगों से जनता परेशान रहे।

इस वर्ष ज्येष्ठ **'अधिकमास'** एवं मंगलवारी वृषसंक्रान्ति होने से **"द्विज्येष्ठे नृप–विग्रहः"** प्रमाणानुसार पड़ौसी राष्ट्रों में सामरिक चुनौतियों को देखते हुए हमें दूर मार करने वाले शस्त्रास्त्रों की क्षमता प्राप्त करने पर सोचना पड़ेगा।

7 मई को मंगल मीन मे आकर शनि के साथ नवपंचम–सम्बन्ध बना रहा है। मंगल, शनि पर गुरुदृष्टि भी है। द्वि. (अधि.) ज्येष्ठ चान्द्रमास में पांच शनिवार हैं। द्वि. (अधि.) ज्येष्ठ कृ. पक्ष में प्रतिपदा शनिवारी है, जो कि कहीं दुर्भिक्ष रोग, भूकम्प आदि प्रकोप एवं यानदुर्घटना में विशिष्ट व्यक्ति के निधन का संकेत देती है– **" अथवा सौरि–वारेण संयुक्ता प्रतिपद्भवेत् । दुर्भिक्षं रोगपीड़ा स्याच्छत्रभंगश्च नान्यथा।।"**

16 जून को मंगल के मेष राशि में आने पर शनि–मंगल का दशम–चतुर्थदृष्टि सम्बन्ध बन जाएगा। यह दृष्टिसम्बन्ध 14 जुलाई तक बना रहेगा। आतंकवादी सक्रिय रहेंगे। भारत सरकार को पक्ष–विपक्ष में स्थित राजनैतिक संगठनों के परिपक्व व्यवहार व सहयोग से आतंकवाद पर काबू पाने के लिए निर्णायक पग उठाने होंगे। अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर **'आतंकवाद की फैक्टरी– पाकिस्तान'** पर दबाव बनाना होगा। 14 जुलाई के लगभग कहीं यानदुर्घटना, तूफान, भूकम्प आदि प्रकृतिक प्रकोप से जनधनहानि के प्रबल योग हैं।

15 जुलाई को शनि सिंह राशि में राहु के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। 29 जुलाई को मंगल वृषराशि में आकर फिर से शनि के साथ चतुर्थ–दशमदृष्टिसम्बन्ध बना लेगा। यह दृष्टिसम्बन्ध 15 सितंबर तक बना रहेगा। इसी बीच 16 जून द्वि. (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को शनिवार होने से कहीं सत्ताहस्तान्तरण व कहीं दुर्भिक्ष आदि घटनाओं से जनता स्तब्ध रहे।

15 जुलाई से 15 सितंबर के मध्य श्रावण कृष्ण तेरह दिन का (त्रयोदश दिनात्मक) पक्ष भी आ रहा है;– यह पक्ष 'विश्वघस्र पक्ष', नाम से भी जाना जाता है। त्रयोदश दिनात्मक पक्ष एक ही पक्ष में दो तिथियों के क्षय से बनता है। यह त्रयोदश दिनात्मक पक्ष श्रावण कृष्ण पक्ष में होने से विशेष भयावह लिखा है एवं विशेष विचारणीय है–

" एकत्र पक्षे द्वितिथिप्रपाते महर्घमन्नं जनमध्यवैरम्।"

अर्थात् जनजीवनोपयोगी खाद्य वस्तुओं (अनाज आदि) में भारी मंहगाई होने से जनता में असन्तोष भड़केगा। राजनीतिज्ञ–सत्ताधारी एवं विपक्षी नेताओं में भारी विचार–वैमत्य हो, आम जनता एवं राजनीतिक पार्टियों में परस्पर विरोध से राजनैतिक अस्थिरता नज़र आएगी। **भविष्यफल भास्कर** का वचन है–

" यदा च जायते पक्षस्त्रयोदश–दिनात्मकः।
भवेल्लोकक्षयो घोरो रुण्डमालायुता मही।।"

मेघमहोदय में इस त्रयोदश दिनपक्ष का फल इस प्रकार लिखा है–

" त्रयोदशदिनः पक्षो भवेद् वर्षाष्टकान्तरे।
तदा नगरभंगः स्यात् छत्रभंगो महर्घता।।"

" अनेकयुग–साहस्रयाद् देवयोगात् प्रजायते।
त्रयोदशदिनैः पक्षस्तदा संहरते जगत्।।"

इस त्रयोदश दिनपक्ष का फल विश्व के राष्ट्रों के लिए भयावह परिस्थितियों वाला प्रतीत होता है। इस समय सूर्य कर्कराशि में है। शनि–मंगल का परस्पर दृष्टिसम्बन्ध भी है, अतः **यह त्रयोदश दिनपक्ष पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, अमेरिका एवं भारत की शासनसत्ता एवं राजनीतिज्ञों को प्रभावित करेगा। कहीं सत्तापरिवर्तन, उग्रवादजन्य हिंसक घटनाओं से जनमानस त्रस्त होगा। कहीं किसी विशिष्टव्यक्ति की हत्या, निधन व नाटकीय घटना से सत्ताहस्तान्तरण होगा।** काश्मीर क्षेत्र के लिए इस वर्ष समय विशेष उलझनपूर्ण रहेगा। इस समय सीमाप्रान्तों पर विशेष सतर्क रहना होगा। शत्रुदेश की गतिविधि अशान्ति का कारण बनेगी। शनि–शुक्र का राहु के साथ समसप्तकयोग भी बन रहा है। यहां अस्त बुध अतिचारी है एवं अस्त शुक्र वक्री है। अतः कहीं भारी भूकम्प से या अन्य प्राकृतिक प्रकोप से जनता त्रस्त रहे।शासकों में परस्पर युद्धमय वातावरण रहे–**" यदा क्रूरग्रहो वक्री शुभश्चैवातिचारगः। तदा भवति दुर्भिक्षं राज्ञां युद्धं परस्परम।।"**

इस त्रयोदश दिनात्मक पक्ष में क्रूर–मंगल का गुरु के साथ समसप्तकयोग बन रहा है। कहीं वर्षा की भारी कमी, कहीं भारी वर्षा से खेती को हानि पहुंचे, राजनीतिज्ञों एवं जनता को भारी कष्टों का सामना करना पड़ेगा–**" क्रूराणां सह सौम्यैश्च यदि स्यात् समसप्तकम्। अनावृष्टिस्तदा ज्ञेया लोकपीड़ा–महत्यपि।।"**

पाक, नेपाल, बंगलादेश, म्यांमार से आतंकवादी घुसपैठ करके भारत में हिंसा का वातावरण बनाकर अशान्ति करेंगे। आसाम, भूटान, सिक्किम आदि कई प्रान्तों में नक्सली हिंसा से जनधनहानि के योग भी इस वर्ष बन रहे हैं।

इस पक्ष में श. बु. सू. केतु– ये चारों ग्रह सिंहराशि में ही एकत्र हैं। कहीं भयंकर प्राकृतिक आपदा से जन–धनहानि के योग भी बनते है। मुस्लिमराष्ट्रों पर इस योग का प्रभाव विशेषरूप से दिखाई देगा।

30 अगस्त; 1, 7, 8 सितं. एवं 11 सितंबर (मंगलवारी अमावस) भारी कष्टदायक सिद्ध हो सकते हैं।

16 सितंबर को मंगल मिथुन राशि में आकर सवत् के अन्त तक मिथुन राशि में ही चलता रहेगा। महंगाई बहुत हो जाएगी। अग्निकाण्ड, भूकम्प, समुद्री–तूफान, दुर्भिक्ष आदि प्रकृतिक प्रकोप किंवा उग्रवाद से भयंकर जनधनहानि के योग बन रहे हैं। सरकार को विशेषतः 12 अक्तूबर से 9 नवम्बर के मध्य महानगरों में सुरक्षाप्रबन्धों को सुदृढ़ करना पड़ेगा, अन्यथा सरकार एवं सुरक्षाप्रबन्धों की अहमियत पर काला धब्बा लग सकता है। इस अवधि में लेफ्टपार्टियों के शिकायतनामे के कारण जनहित के कुछ बिल प्रधाननेता पास न कर सकेंगे। घटकदलों की आपसी दूरी स्पष्ट उभर कर सामने आने लगेगी। ऐसी स्थिति में समस्याओं को ठण्डे बस्ते में डालना संभव नहीं होगा और न ही सहयोगी दलों की कुण्ठाओं को बढाना सरकार के हित में रहेगा।

इस वर्ष की ग्रहस्थिति पर विहंगम दृष्टिपात करने से संकेत मिलता है कि– मंहगाई के जोर पकडने एवं कुछ विवादित बिल उपस्थित होने पर वामपन्थियों के तीखे तेवर केन्द्रीय शासन को अस्थिर कर सकते हैं। इसके अलावा बृहस्पति का धनुराशि में संक्रमण, शनि का मंगल के साथ दशम–चतुर्थसम्बन्ध होने से लगता है कि–कहीं वामपन्थी कोई राजनैतिक धमाका न कर दें, जिससे मध्यावधि चुनाव कराने पर केन्द्र को विवश होना पड़े। भारत विभाजनकारी शक्तियों के जाल से बचे और देशव्यापी उज्ज्वल भविष्य के लिए राजनेता अपनी रणनीति एवं दृष्किोण पर पुनर्विचार करें।

मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष में (25 नवंबर से 9 दिसंबर तक) नवमी तिथिवृद्धि कहीं भारत के समीपी मुस्लिम राष्ट्र की आन्तरिक स्थिति बिगाडेगी। 10 दिसंबर को गुरु अस्त हो रहा है, जो कि 4 जनवरी तक अस्त रहेगा। 19 दिसंबर को शनि वक्री हो रहा है। कहीं दुर्भिक्ष व युद्धाग्नि–प्रसार के भय व भयंकर प्राकृतिक प्रकोप से जनता स्थानान्तरण करने पर विवश हो सकती है– **" गुरु–शुक्रोदयश्चास्तो यदा वै मार्गमासके। देशान्तरं च गच्छन्ति तदा क्षुत्पीड़िता जनाः।।"**

8 जनवरी, सन् 2008 ई. के लगभग भूकम्पादि प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि के योग हैं। पौषशुक्ल पक्ष में 9 से 22 जनवरी, सन् 2008 ई. के लगभग तक किसी विशिष्ठ नेता/व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होगा। जनवरी के अन्त तक किसी प्रान्त या देश विशेष में सत्तापरिवर्तन के योग हैं।

13 जनवरी, 2008 ई. को सूर्य मकर राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा एवं शनि के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। यह याग 13 मार्च तक चलेगा। 10 मार्च से बुध, शुक्र, राहु के साथ शनि, केतु का समासप्तक योग एवं 30 मार्च से पक्षान्त तक चतुर्ग्रहीयोग बन रहा है। यह समय भारत की शासनसत्ता के समक्ष भारी कठिनाइयों को लेकर आएगा। सत्तापार्टी के सहयोगीदल अपने सिद्धान्तवैमत्य एवं स्वार्थपरक कुछ कारणों से सत्ता से अलग होकर राजनैतिक हिलडुल पैदा कर सकते हैं– सर्वज्ञ प्रभु हैं।

प्रमुख राजनैतिक दलों की ग्रहस्थिति पर एक विहंगम दृष्टि

कांग्रेस पार्टी–10 जनवरी, 2007 ई. को शनि कर्क राशि में आकर 15 जुलाई तक कर्क राशि में ही चलेगा। कांग्रेस पार्टीकुण्डली में चन्द्र अष्टमेश होकर पंचम भाव में नीच शनि के साथ मेल करता है। साम्प्रदायिक, धार्मिकस्थलविवाद मार्च, 2007 ई. [illegible] पार्टी के घटकतत्त्वों को एकसाथ लेकर चलना कठिन प्रतीत होगा। 16 जून से 29 जुलाई तक की ग्रहस्थिति के अनुसार उग्रवादजन्य परेशानियों को दूर करने एव प्रगतिप्रद योजनाओं को कार्यान्वित करने मे भारी दिक्कत आएगी। समय प्रधाननेता के लिए कठिन है। 31 जुलाई से सितंबर तक पार्टी का जनाधार मजबूत बनाने के लिए भारी मेहनत करनी होगी। आगे निर्वाचनक्षेत्र में भारी उथल–पुथल के बावजूद भी कांग्रेस का जनाधार 2009 ई. तक प्रबल हो जाएगा और केन्द्र में प्राथमिकता एवं बडी पार्टी के रूप में पुनः स्थापित होने के योग भी बनेंगे। लेकिन जुलाई से सितंबर, 2007 ई. तक की ग्रहस्थिति सत्तारूढदल में दरार से प्रधानपार्टी–नेता को कठिन परिरिथतियों का सामना करना पड सकता है। मध्यावधि चुनाव की आवाज से सभी पार्टियों की नीद हराम हो सकती है, परन्तु समय पर समस्या का हल निकल भी सकता है।

कांग्रेस पार्टी की कुण्डली

प्रधानमन्त्री श्री मनमोहन सिंह जी–जन्माङ्ग में शनि–मंगल का दृष्टिसमबन्ध 16 सितं. तक राजनैतिक दृष्टि से विशेष उलझनपूर्ण प्रतीत होता है। सहयोगी सत्तारूढदल भारत की राजनीति में यदि कोई धमाका कर दे तो कोई आश्चर्य नहीं। लेकिन ग्रहस्थिति–अनुसार प्रधानमन्त्री श्री मनमोहन सिंह जी की छवि स्वच्छ एवं पारदर्शी रहेगी। सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक आदि समस्याओं में से निकलना ग्रहगोचर के अनुसार संभव है।

16 सितंबर को मंगल मिथुन राशि में आकर संवत् के अन्त तक मिथुन राशि में ही रहेगा। 21 नवम्बर, 2007 ई. को गुरु धनु राशि में आकर प्रधानमन्त्री जी के जन्मलग्न में आएगा। आगे इनकी प्रतिभा–विवेक एवं राजनैतिक निपुणता इन्हें सर्वोच्च सफल नेता के रूप में स्थापित कर देगा। जिससे इन्हें पुनः प्रधान नेता के रूप में पार्टी स्वीकार करेगी।

श्रीमती सोनिया गान्धी–इनके जन्माङ्ग अनुसार कर्कराशि का शनि राजनैतिक समस्याओं में उलझा सकता है। लेकिन शनि पर गुरु की विशेष दृष्टि इन्हें सब तरह से यशस्वी एवं सफल राजनीतिज्ञ के रूप में स्थापित कर देगी। 15 जुलाई से 16 सितंबर तक पुनः पार्टी एवम् सत्तापार्टी के घटकदलों में विघटन से समस्या संगीन हो सकती है, लेकिन मंगल पर गुरु की दृष्टि इन्हें अढिग रखेगी। यश–वर्चस्व से पार्टी को एकत्र रखने में सफलता मिलेगी। तत्पश्चात् संवत् के अन्त तक का समय पार्टी के प्राणपण को ऊँचा उठाने में समर्थ

जन्माङ्ग श्रीमती सोनिया गांधी
जन्म 9 दिसम्बर, 1946,
21घं. 15मि. (स्टैं.टा.) TURIN (ITALY)

राजनीतिज्ञता से यशोलाभ मिलेगा। इन्हें अपने पुत्र एवं अपनी सुरक्षाव्यवस्था को सुदृढ रखना होगा। क्योंकि, सिंहस्थ शनि इनकी जन्मकुण्डली में सप्तमेश एवं अष्टमेश भी है, जो कि 15 जुलाई, 2007 ई. से संवत् के अन्त तक इनकी इनकी सुरक्षा–व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का संकेत देता है।

भारतीय जनता पार्टी— की उदयकालिक कुण्डली के अनुसार शनि, राहु, मंगल (महाक्रूरत्रयी) की बुध पर दृष्टि भाजपा के लिए इस वर्ष किंवा आगामी अढाई वर्ष के लिए संकटापन्न स्थिति का संकेत देती है। भाजपा को आरक्षण के मुद्दे एवं मध्यवर्गीय वोट हथियाने के लिए अपनी नीतियों को बदलना पड़ेगा।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार सिंह का शनि एवं वृष–मिथुन का मंगल इस पार्टी के सदस्यों में अनिश्चितता का वातावरण बनेगा। पार्टी के सदस्य ही पार्टी से मूह मोड़ते नज़र आएंगे। जनाधार क्षीण हो एवं राजसत्ता हाथ से जाती नजर आएगी। 15 जुलाई से संवत् के अन्त तक का समय इस पार्टी प्रभाव एवं राजनैतिक क्षमता तथा जनाधार को कमजोर बनाने वाला है।

पार्टी अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह जी के यथालब्ध जन्माङ्ग के अनुसार यद्यपि वृश्चिक एवं धनुराशि का गुरु पार्टी में प्राणपण फूंकने का प्रयास करेगा, लेकिन वृद्ध पार्टीनेता गणों की अक्षमता एवं पार्टी में पुराने नेता, जो कि पार्टी से अलग हो गए हैं, भी पार्टी एवं अपने आपको राजनैतिक पटल पर कुछ सक्रिय करने में सक्षम नहीं रहेंगे, जिससे जनता में पार्टी की छवि पूर्ववत् प्रबल नहीं हो पाएगी। आगामी दो वर्ष इस पार्टी के लिए अग्निपरीक्षा के रहेंगे।

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब— पंजाब की प्रभावराशि मीन है। 6 दिसंबर, सन् 2006 ई. को शनि वक्री होकर 10 जनवरी, 2007 ई. से फिर कर्कराशि में पदार्पण करेगा। **17 फरवरी, 2007 ई. से 29 मार्च, 2007 ई. तक शनि, मंगल का समसप्तकयोग यहां की रूलिंग– 'कांग्रेस पार्टी' के लिए काफी परेशानियों वाला है।** कांग्रस–पार्टी की कुण्डली में कर्कराशि अष्टम भाव की है एवं मकरराशि द्वितीय भाव की है, ये दानों मारकभाव है।, अतः सत्तारुढ दल को पुनः सत्ता हथियाने के लिए भारी प्रयत्न करने पड़ेंगे, वरना भाजपा–अकाली गठबन्धन भारी पड़ जाने का योग है।

पंजाब की प्रभावराशि के अनुसार 16 जून से 28 जुलाई तक यहां राजनैतिक उलझनों, उग्रवादजन्य कुछ घटनाओं एवं राजनैतिक हत्याकाण्डों से परेशानी का वातावरण बन सकता है। लेकिन तात्कालीन सत्तारुढ़दल स्थिति पर नियन्त्रण पा लेंगे। प्रान्त में नई प्रगतिप्रद योजनाएं कार्यान्वित होंगी। कुछ राजनीतिज्ञों को राजनैतिक बदले की भावना एवं षडयन्त्रों का शिकार होना पड़ेगा।

हरियाणा—प्रभावराशि कर्क एवं नामराशि मिथुन है। कर्कराशि के शनि में (15 जुलाई तक) यहां की शासनसत्ता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पार्टी की साख में कमजोरी अनुभव होने लगेगी। औद्योगिक एवं पर्यटन की दृष्टि से प्रान्त सम्पन्न रहेगा। 15 जुलाई से संवत् के अन्त तक के समय में अन्य प्रमुख पार्टियों के नेता अपना प्रभाव– वर्चस्व बढाने में समर्थ होंगे। जून, 2007 ई. तक यहां प्राकृतिक प्रकोप एवं उग्रवादजन्य परेशानियों से हानि के योग हैं 15 जुलाई से शनि के सिंह में आने पर संवत् के अन्त तक का समय राजनीतिज्ञों के लिए भारी उलझनपूर्ण है।

हिमाचल प्रदेश—प्रभावराशि मीन एवं नामराशि कर्क है। 16 जून से 15 जुलाई तक एवं 31 जुलाई से सितंबर तक की ग्रहस्थिति यहां यान–दुर्घटना, प्रकृतिक प्रकोप, भूकम्प, भूस्खलन आदि से हानि का संकेत देती है। प्रधान नेता श्री वीरभद्र सिंह जी की नामराशि के आधार पर गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार वृश्चिक राशि का गुरु इनकें राजनैतिक भविष्य को और अग्रेसर रखेगा। प्रभावक्षेत्र बढेगा। यह प्रदेश निर्विवाद रूप से औद्योगिक एवं पर्यटन के क्षेत्र में भारी प्रगति करेगा। आगामी वर्ष राजनैतिक दृष्टि से यहां सत्तारुढ़दल के लिए प्रतिष्ठा एवं वर्चस्व को बढाने वाले हैं।

उत्तर प्रदेश—नामराशि वृष एवं प्रभावराशि धनु है। संवत् के प्रारम्भ से पूर्वकालिक ग्रहस्थिति के अनुसार कुम्भ राशि में से शुक्र 16 फरवरी, 2007 ई. को मीन (उच्च) राशि में आकर बृहस्पति की दृष्टि में आ जाएगा। क्योंकि, शुक्र उच्च अवश्य है, लेकिन शत्रु के क्षेत्र में शत्रु ग्रह से दृष्ट है। फरवरी, 2007 ई. में किसी साम्प्रदायिक एवं धार्मिकस्थल व उग्रवादजन्य हत्याकाण्डों से जनजीवन अस्त–व्यस्त होने के योग हैं। सरकार को बड़े विवेक से काम लेना होगा, वरना प्रधान नेता को इसके कुपरिणाम भोगने होंगे।

संवत् 2064 वि. से पहिले ही राजनैतिक शक्ति परीक्षण में वर्तमान सत्तारुढ़दल को विपक्षी पार्टियों से भारी टक्कर लेनी पड़ेगी। परिणामस्वरूप, यहां कांग्रेस अपना वर्चस्व बढाने में सफल तो होगी, लेकिन प्रमुख पार्टी का स्थान न पा सकेगी। समाजवादी पार्टी को भी झटका लगेगा। बसपा को अधिक लाभ मिलेगा। मिलीजुली सरकार ही यहां बन पाएगी। यदि यहां बसपा भाजपा के साथ गठबंधन कर ले तो सत्ता हथिया सकेगी, वरना समाजवादी पार्टी ही सत्ताभोगी होगी। यहां जुलाई से सितंबर तक प्राकृतिक–प्रकोप से भारी जनधनहानि के योग हैं।

जम्मू–काश्मीर—प्रभावराशि तुला है। नामराशि मकर है। मकर राशि पर कर्कराशिस्थ शनि की दृष्टि है। **15 जुलाई, 2007 ई. तक इस प्रान्त में भारी हत्याकाण्डों एवं उग्रवादियों द्वारा भारी उत्पात की संभावना है।** 6 अप्रैल को शुक्र वृष राशि में आकर गुरु के साथ समसप्तकयोग बनाएगा–" **क्रूराणां सह सौम्यैश्च यदि स्यात् समसप्तकम्। अनावृष्टिस्तदा ज्ञेया लोकपीड़ा–महत्यपि।।"** **भूस्खलन–भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनता परेशान रहे।** मई से सिमंबर तक की समयावधि सबसे अधिक संकटापन्न रहेगी। सरकार को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। 29 सितंबर से 3 नवम्बर तक काश्मीर में रक्तपात एवं राजनैतिक हत्याकाण्डों से सरकार सकते में आ जाएगी और यहां की प्रगति के कार्य अवरुद्ध होंगे। पाकप्रेरित आतंकवाद इस प्रान्त में भयंकर रूप धारण

कर लेगा। सीमाप्रान्तों पर सैन्यसंघर्ष के योग बनेंगे। भारत सरकार को इस दृष्टि से सतर्क रहना चाहिए।

भारतवर्ष की जलवायु एवं वर्षा

संवत् 2064 वि. में द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल सप्तमी (तात्कालिक अष्टमी) शुक्रवार, तदनुसार 22 जून, 2007 ई को 15 घं. 27 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर उ.फा. नक्षत्र, व्यतिपात योग एवं कन्याराशिस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे।

आर्द्राप्रवेश कुण्डली

8 गु.
5 चं.
9
7
5 के.
10
शु. 3 श.
बु.
11 रा.
1 मं.
सू. 3
12
2

शास्त्रानुसार अष्टमी में आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य का गमन शुभ नहीं। कहीं अतिवर्षण, कहीं वर्षा का अभाव रहेगा। आर्द्रा नक्षत्र का सम्बन्ध वर्षा–पानी से है। आर्द्राप्रवेश दिन में एवं व्यतिपात योग में होने से अनेक प्रान्तों में वर्षा की भारी कमी रहेगी, सूखाग्रस्त क्षेत्र परेशानी का कारण बनेंगे। आर्द्राप्रवेश कुण्डली में लग्नेश शुक्र जलराशि कर्क में शनि के साथ एवं सप्तमभावस्थ मंगल पर शनि की नीचदृष्टि होने से देश के महाराष्ट्र एवं गंजरात में कहीं भयंकर बाढ एवं कहीं अवर्षण से हानि के योग बनते हैं।

इस वर्ष वायु–वर्षा का स्वामी ग्रह शुक्र है, जोकि अधिक वर्षा से कई स्थानों पर बाढ़ की स्थिति बनाता है। **मेघचतुष्टय** के विचार से अनेकत्र बाढ से विनाशकारी दृश्य उपस्थित होंगे। **नवमेघों** के अनुसार वर्षा पर्याप्त होगी। **इस वर्ष जलस्तम्भ** 3 प्रतिशत होने से कुछ प्रान्तों में वर्षा की भारी कमी से किसान परेशान रहेंगे।

इस वर्ष **रोहिणी** का वास समुद्र में होने से वर्षा बहुत होगी, जलबहुल अन्न चावलादि की उपज अधिक होगी। न्यूनवर्षा वाले बागड आदि राजस्थानीय क्षेत्रों में भी वर्षा होने से कृषकवर्ग को सहारा मिलेगा। आवह आदि सप्तवायु विचार से आंधी–तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोप, समुद्र–तटवर्ती भूभाग किंवा दक्षिणी–पश्चिमी भूभाग पर भूकम्प ज्वालामुखी–विस्फोट, समुद्री–तूफान आदि प्राकृतिक आपदा से भारी जनधनहानि के योग बनते हैं। भूमध्यगत तरंगें कहीं विशेष हानि का कारण बनेंगी।

अब हम गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार वर्षाविचार लिख रहे हैं; जिन तारीखों में हमने वर्षा का निर्देश किया है, उन तारीखों मे वर्षा यत्र–तत्र होगी। स्थानविशेष के लिए वर्षा का विचार करने हेतु सूक्ष्म विचार की आवश्यकता होती है, जो कि– समयाभाव के कारण संभव नहीं है।

मार्च (2007 ई.)– 1, 2, 8, 12, 14, 17, 18, 20, 23 से 25 मार्च तक उ.भारत में तापमान बढेगा। 29, 30, 31 मार्च को भूटान, सिक्किम, बंगलादेश, पूर्वी आसाम एवं पूर्वी बिहार में वर्षा के योग हैं। लेकिन उत्तरी भारत का तापमान बढेगा।

अप्रैल– 6, 7, 8, 14, 17 से 21 अप्रैल तक एवं 24, 27 अप्रैल को राज उ.प्र. के किसी भाग में, हि. प्र., आसाम, महाराष्ट्र, विशेषतः मुम्बई में बादलचाल एवं वर्षा क योग बनते हैं।

मई–2, 7, 8, 9, 12, 13, 15, 17, 24, 25, 29, 30, 31 मई को मुंबई, आसाम, उडीसा, हि.प्र., बिहार में वर्षा के योग हैं।

जून– 3, 8, 13, 14, 15, 16, 17, 19, 20, 21, 23, 30 जून को हि.प्र., उ.प्र., म. प्र., आसाम, भूटान, शिलांग में जोरदार वर्षा के योग हैं। पंजाव एवं हरियाणा में लू और गर्मी का जोर रहे। 19 और 20 जून को कहीं आंधी–तूफान से हानि के योग हैं।

जुलाई– 2 से 6, 8, 10, 14, 15, 16, 20, 23, 24, 26, 28, 29 एवं 30 जुलाई को पंजाब, हरियाणा, हि. प्र., दिल्ली, चण्डीगढ एवं उत्तरी भारत में बादल–वर्षा के योग हैं। राजस्थान, उड़ीसा एवं आसाम में कहीं सूखा व बाढ से हानि के समाचार मिलेंगे। **नोट**– सिंह राशि का शुक्र 3 जुलाई से 19 अगस्त तक कुछ प्रान्तों में सूखे का वातावरण बना देगा।

अगस्त– 1 से 10 अगस्त तक, 12, 13, 14, 16, 17, 19, 20, 22, 23, 25, 30, 31 अगस्त को पंजाब, हि. प्र., जम्मू–काश्मीर, चण्डीगढ़, दिल्ली आदि के अधिकांश भागों में वर्षा के योग हैं। कहीं बाढ़ से हानि का योग भी है। 28 अगस्त को वायुवेग के साथ बुंदाबांदी, बादलचाल हो।

सितंबर– 1 से 4, 7, 8, 9, 16, 17, 22, 23 एवं 27 से 30 सितंबर को नेपाल, सूरत, दार्जीलिंग, उ.प्र. के कुछ भागों में कहीं बादलचाल व खण्डवृष्टि के योग हैं। उत्तरी भारत में मौसम साफ रहेगा।

अक्तूबर– 5, 6, 12, 16, 17, 18, 19, 23, 24, 30 और 31 अक्तूबर को उ. प्र., हि. प्र. एवं पंजाब के कुछ भागों में वायुवेग के साथ बादलचाल, खण्डवृष्टि पडे। हि. प्र., उत्तर–पूर्वी लंका एवं चिरापूंजी में भारी वर्षा संभव है।

नवम्बर–1 से 8 नवं. तक, 11, 12, 15, 16, 21, 22, 27, 28, 30 नवंबर को जम्मू–काश्मीर, हि. प्र. में जोरदार हिमपात के योग हैं। उत्तरी भारत में शीतप्रकोप बढ़ने लगेगा।

दिसम्बर– 3, 6, 7, 8, 10, 16, 17, 19, 20, 21, 22, 25, 26, 28, 29 एवं 30 दिसंबर को भयंकर शीत लहर चलेगी; उत्तरी भारत में धुन्ध का वातावरण रहेगा।

जनवरी (2008 ई.)–4, 5, 8, 10, 11, 12, 14, 15, 19, 20, 26, 27, 28, 29, 30, 31 जनवरी को उत्तरी भारत शीतलहर की चपेट में रहेगा। कुछ भागों में धुन्ध का वातावरण दुर्घटना का कारण बनेगा।

फरवरी–6, 12, 13, 18, 19, 20 को लंका के पूर्वी छोर, शिलांग व अन्य कुछ प्रान्तों में बादलचाल व बूंदाबांदी के योग हैं। उत्तरभारत में हवा का जोर रहेगा। ऋतु–परिवर्तन अनुभव होगा।

मार्च–2, 4, 6, 8, 10, 11, 14, 17, 20, 24 एवं 30 मार्च को हवा का जोर रहे। म. प्र., बंगाल, आसाम आदि में कहीं बादलचाल व बूंदाबांदी हो। उत्तर भारत में आसमान साफ रहे, गर्मी अनुभव होने लगेगी।

अप्रैल–1, 2, 3, 5 अप्रैल को पूर्वी आसाम, पू. बिहार, बंगाल और बर्मा के कुछ भागों में खण्डवृष्टि हो। उत्तर भारत में तापमान बढ़ेगा।

पाठको ! आतर्क्य भविष्य देखने की क्षमता तो इस कलियुग में कठिन ही है। पुनरपि, ज्योतिष–विज्ञानदृष्ट्या एवं श्रीप्रभुकृपावशात् राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय, जो शुभाशुभ घटनाएं मेरी अल्पविषया मति में प्रस्फुरित हुई हैं, आपके समक्ष उपस्थित कर दी हैं। आगे 'कर्तुमकर्तुमन्यथा कर्तुम् समर्थ' भविष्य के निर्धारक तो स्वयं प्रभु ही हैं। उनकी प्रबल मायाशक्ति के सम्मुख मुझ जैसे अल्पज्ञ की भविष्यलेखन में प्रवृत्ति बाल–चापल ही तो है–

"तत्त्वं चात्रेश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन।"

लेख पूर्ण होने की तिथि–
सितं. 6, सन् 2006 ई.
(अनन्त चतुर्दशी)

शुभचिन्तक–

पं. इन्दुशेखर शर्मा,
श्री मार्त्तण्ड भवन, मु.पो. कुराली,
अजीत नगर (मोहाली), (पंजाब)।
PIN - 140 103
PHONE – 0160-2641277
FAX-2641577

आभार प्रदर्शन

हमारे परम सहयोगी मित्रवर ज्ञानी श्री करतार सिंह जी 'गढ'
(मालिक, कंवल फोटोस्टेट, चौक माता रानी, कुराली PH. 0160-2641274)

श्री करतार सिंह जी ज्ञानी, सन् 1992 ई. से हमारी 'शिरोमणि तिथपत्रिका' (पंजाबी) और 'श्री मार्त्तण्ड आलम जन्त्री' (उर्दू) के अनुवाद, पाण्डुलिपि–लेखन, प्रूफरीडिंग आदि का श्रमसाध्य पूरा कार्य अत्यन्त आत्मीयभाव, तन्मयता, परिश्रम तथा निःस्वार्थभाव से करते चले आ रहे हैं; जिससे ये दोनों प्रकाशन प्रतिवर्ष उत्तरोत्तर समृद्ध कलेवर में हमारे पाठकों को उपलब्ध होने लगे हैं। अब तक श्रीमार्त्तण्डपंचांग (हिन्दी) की ही संस्कार–समृद्धि की ओर हमारा अधिक झुकाव रहा । अतः एव ज्योतिष से सम्बद्ध विशेष लेखमाला तथा अन्य ज्ञानवर्धक स्तम्भ हम इसी (हिन्दी) पंचांग में प्रकाशित करते रहे हैं। उर्दू एवम् पंजाबी की इन जन्त्रियों में ऐसे लेख एवम् स्तम्भों को समाविष्ट करने से, हम अनुवाद आदि के लिए समय की कमी के कारण, आज तक कतराते रहे हैं । लेकिन अब प्रियमित्र ज्ञानी करतार सिंह जी की हमसे निःस्वार्थ घनिष्ठता एवम् उर्दू–पंजाबी भाषाओं में इनकी प्रशस्य दक्षता के कारण इन दोनों प्रकाशनों को भी हम ऐसे लेख–स्तम्भों से श्री मार्त्तण्डपंचांग की ही भान्ति अलंकृत करने में अपने आप को समर्थ पा रहे हैं। विगत कुछ वर्षों से दिए जा रहे नए–नए आकर्षक, ज्ञानवर्धक विषयों से वर्धमान कलेवर वाली **'शिरोमणि तिथपत्रिका'** का श्रेय आपको ही है। इन उर्दू–पंजाबी जन्त्रियों के अनुवाद आदि के भारी उत्तरदायित्त्व को पूरी तरह निभाते हुए आप जेसै–तैसे समय निकालकर हिन्दी के श्रीमार्त्तण्डपंचांग की प्रूफ–रीडिंग आदि में भी हाथ बंटाने में हर्ष अनुभव करते हैं। अपने प्रति इस निःस्वार्थ सौहार्दातिशय के लिए हम सभी हृदय से ज्ञानी जी के ऋणी हैं। आप अपने व्यस्त जीवन के क्षणों में भी हमारे लिए प्रचुर पर्याप्त समय सहर्ष निकाल लेते हैं। आपके इस सौहार्दभरे स्पृहणीय सहयोग से हमारा प्रकाशन–कार्यभार काफी कुछ हल्का हुआ है। एतदर्थ हम आपके प्रति विनम्रतापूर्वक आभार प्रकट किए बिना सचमुच नहीं रह सकते।

आपका सहयोग भी हमारे लिए कम महत्त्वपूर्ण नहीं है

श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली के प्रबन्धक, हमारे पूज्य पिताजी के प्रियशिष्य, हमारे अनुजकल्प *चि. प्रेमचन्द्र शर्मा;* एवम् इनके पुत्र *चि. सचिन शर्मा,* चि. *श्रीकृष्णशर्मा,* **M.A.(संस्कृत), वेदाचार्य, साहित्याचार्य (निवासी– ग्राम सुन्हाड़, सौर–सोलन, हिमाचल प्रदेश),** *चि. दिलबाग शर्मा* सुपुत्र श्री रामचन्द शर्मा, ग्राम एवं डा. सिनन्द (कैथल– हरि.) तथा नालाबलोग (पंचकूला) के निवासी *चि. सुरेशानन्द शर्मा,* बी.ए., सुपुत्र श्री सुन्दरराम शर्मा एवम् *श्री रविसन्धु,* भी 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' (हिन्दी) की पाण्डुलिपि लेखन, प्रूफरीडिंग आदि का काम बड़ी तत्परता, सावधानी, अपनापन और आदरभाव से करते हैं। इस पंचांग के प्रकाशनकार्य का हमारा भार इन युवाओं के स्वत्व भरे उत्साहपूर्ण सहयोग से हल्का हुआ है। एतदर्थ इनके निरन्तर प्रगतिमय, परमोज्वल भविष्य के लिए हमारा इन्हें सस्नेह–आशीर्वाद है।

सम्पादक मण्डल

व्यापार–विमर्श

(संवत् 2064 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं में आने वाली तेजी एवम् मन्दी का मासिक विवरण)

लेखक :– इन्दुशेखर शर्मा-संयमी शर्मा,

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियंत्रण है, सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशिभोग करता है, तो उस राशि में समाहित सभी व्यापारिक वस्तुएं ग्रह की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होती रहती हैं। प्रभावित वस्तुओं में परिवर्तन आते हैं और इन्हीं परिवर्तनों से बाजारों में घटाबढ़ी होती है, जिसे हम ' तेजी–मंदी ' कहते हैं। व्यापारी 'तेजी–मन्दी'– इन दो शब्दों से अपने भाग्य को आजमाता है। परन्तु मनुष्य का भाग्य कर्मफल किंवा ग्रहचाल के मुताबिक आर्थिक स्थिति को कभी बिगाड़ता है तो कभी सुधारता है। रथ के पहिए में लगे आरों की भांति मनुष्य को समाज में कभी ऊपर उठाता है तो कभी नीचे गिराता है – "चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः"। कहने का तात्पर्य यह है कि, जो व्यक्ति आज व्यापार में घाटा खा चुका है, वह सदा के लिए डूबा ही रहेगा–यह धारणा भ्रामक है। व्यापार में बहुत ही आश्चर्यजनक उतार–चढ़ाव आते हैं, न जाने आपको कब शीघ्र उत्तम धनलाभ हो जाए। जो व्यक्ति धनाढ्य होकर सट्टे का काम विचारपूर्वक नहीं करते, वे शीघ्र ही डूब सकते हैं । व्यापार तो किस्मत के सिकन्दर का ही प्रत्यक्ष साथ देता है। अतः किसी भी तरह का व्यापार करने से पहिले आप पत्राचार द्वारा या प्रत्यक्ष मिलकर ग्रहस्थिति पर विचार करा लें। विश्वास रखें, ग्रहस्थिति के आधार पर किए गए व्यापार से आप हानि में न रहेंगे। आप भारी हानि से भी बच सकते हैं।

जीवन में ग्रहस्थिति के प्रभाव का अध्ययन करने से यह निःसन्देह सत्य सिद्ध हो चुका है, जितना लाभ आपको होना है, उतना ही होगा, अधिक नहीं– "यदस्मदीयं नहि तत्परेषाम्" अर्थात् जो मेरा है, वह मिलेगा ही, उसे और कोई नहीं ले सकता। अतः जीवन पर ग्रहों का संकेत समझकर ही व्यापार करना बुद्धिमत्ता है।

खुलकर व्यापार करने से पहिले अप्रत्याशित हानि से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत ग्रहचाल को ध्यान में रखना सतर्कता है । हानिप्रद ग्रह से संबंधित वस्तु का व्यापार न करें। वर्ष में जो ग्रह लाभप्रद हैं, उन ग्रहों के अधिकारक्षेत्र में आने वाली वस्तुओं का ही व्यापार करें, तभी आप लाभ ले सकेंगे। हाज़र एवं वायदा व्यापारी जो अपने व्यापारिक जीवन से निराश हो चुके हैं, उनके लिए हम यहां व्यापार–विमर्श में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेजी–मन्दी का मशवरा देते हैं। **व्यापारियो !** निराश न हों । हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे ।

संवत् 2064 में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नेप्च्यून और प्लूटो आदि के चार एवं युति–प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है कि, इस साल व्यापार जगत् में विशेष लम्बे तेजी एवं मन्दे के रिएक्शन्ज़ आएंगे। इस वर्ष गुड़, खाण्ड, घी, तेल, तिलहन एवं रुई में निशेष लाभ के चांस हैं, तुरन्त फीस भेजकर टेलीफोन से सम्पर्क स्थापित करें । विदेशी व्यापारी पत्र द्वारा या टेलीफोन द्वारा सम्पर्क स्थापित करें, उत्तर मिलेगा। कहने का तात्पर्य है, कि– इस वर्ष व्यापारिक क्षेत्र में रंक से राजा एवं राजा से रंक बना देने वाले विशेष योग हैं । अतः प्रत्यक्ष मिलकर या वर्षभर की फीस भेजकर टेलीफोन के जरिये समय–समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें। व्यापार–विमर्श लेख में जिस जगह हम ताजा मशवरा हासिल करने की बात लिखते हैं, वहां व्यापारी अगर प्रत्यक्ष मिलकर मशवरा लें, तो अच्छा रहे । 'व्यापार–विमर्श 'लेख में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को प्रतिवर्ष बाजारों के उतार–चढ़ाव से सावधान करते रहे हैं ।

सं. 2046 वि. में चना के व्यापारी हमारे परामर्श से भारी लाभ उठा चुके हैं । सरसों, तेल, तिलहन में तेजी से सं. 2048 वि. में तो जो व्यापारी हमारे संपर्क में रहे, लाखों का लाभ उठा गए। हमने तेल, सरसों, बिनौला, अलसी, सूरजमुखी, मूंगफली एवं रुई में अपने व्यापारियों को भयंकर तेजी बताई थी, उस साल व्यापारियों को हमारे परामर्श से छः गुणित लाभ प्राप्त हुआ। सं. 2049 वि. में तेल, घी एवं शेयरों के बाजार में जो उथल–पुथल हुई– उसका खुलासा हम निजी व्यापारियों को देते रहे हैं । सं. 2052–53 वि. में रुई एवं दालवाना के व्यापारी हमारे साथ मशवरा करके लाखों रुपये का लाभ प्राप्त कर चुके हैं ।

सं. 2054 वि. में सरसों के व्यापारी हमारे ताजा मशवरे से भारी हानि से बचे एवं गुड के व्यापारी लाखों कमा गए। सं. 2055 वि. में तेल के व्यापारी 24 अगस्त तक Rs. 5450/– तेल के भाव में सौदा सैटल करके पूरा लाभ ले गए। सं. 2056–57 वि. में तेल, गुड़, सरसों, सोना–चांदी एवं अनाजों के व्यापारी हमारे मशवरे से विशेष लाभ प्राप्त कर चुके हैं । संवत् 2060 में वायदा व्यापारी एवं हाजर का काम करने वाले व्यापारी दालवाना, सरसों एवं ग्वार में पहले भयंकर तेजी से और बाद में आश्चर्यजनक लगातार मन्दे से भरपूर लाभ हमारे ताजा मशवरे से उठा चुके हैं। आगे भी व्यापारियों से अनुरोध है, कि– व्यक्तिगतरूप से आकर व्यापारिक जानकारी लेने में भारी लाभ ले सकेंगे। दूर–दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आएं या एक मास की फीस एक जिन्स के लिए 2500 + 50 रु. डाकव्यय सहित भेजकर टेलीफोन से ही तेजी–मन्दी जान सकेंगे। प्रत्येक

मैटल [सोना, चांदी, कापर आदि की फीस Rs. 5000/– (पांच हज़ार रुपये) प्रतिधातु प्रतिमास के हिसाब से भेजें।]

ठस वर्ष हम अपने व्यापारियों (जिन्होंने 2500+ 50 रु. डाकव्यय सहित प्रति मास प्रति जिन्स के हिसाब से फीस जमा करवाई है) को टेलीफोन पर सं. 2064 वि. में ग्रहों के वक्रमार्ग, युति, गति के अनुसार तेजी–मन्दी की विशेष लाइनों का संकेत देंगे, साथ ही सामयिक तेजी–मंदी का विवेचन भी करेंगे ।

व्यापारियों से निवेदन है, कि वे अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि के लिए सम्पादक/लेखक जिम्मेदार न होंगे।

नोटः– वायदा व्यापार या हाजर सौदा के व्यापार की लाईन अगर लिखे या बताए गए विचार के विपरीत चले तो तुरन्त सौदा काटकर नुक्सान से बचें, तुरन्त प्रत्यक्ष मिलकर या टेलीफोन से ताजा मशवरा हासिल करें। किसी प्रकार के नुक्सान (हानि) की जिम्मेदारी हम नहीं लेते अर्थात्– व्यापार में हानि होने पर हम जिम्मेदार न होंगे ।

संवत् 2064 वि. में ग्रहस्थिति के अनुसार तेजी–मन्दी

संवत् 2064 वि. में तेजी–मन्दी का सुविस्तृत विवरण देने से पहिले हम इस संवत् के नाम, वर्ष के राजा, मन्त्री, धान्येश, सस्येश एवं रसेश का व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ता है– संक्षेपेण यहां दिग्दर्शन करा देना प्रासंगिक समझते हैं। संवत् 2064 वि. को **'शर्वरी'** नामक संवत्सर कहा गया है। इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार से लिखा गया हैः–

"शर्वरी–वत्सरे पूर्णा धरा सस्यार्घ–वृष्टिभिः।
जनाश्च सुखिनः सर्वे राजानः स्युर्विवैरिणः।।"

अर्थात् – पृथ्वी हर्ब एवम् खाद्यान्न से समृद्ध रहे; वर्षा पर्याप्त हो, जनता में सुख–समृद्धि रहे, शासकवर्ग परस्पर वैर रहित रहे।

संवत् 2064 का **'स्वामी ग्रह'** चन्द्र होने से वर्षा काफी हो, जनता एवम् देश में प्रगतिपद योजनाएं बनें तथा मांगलिक कार्य बहुत हों। देश की जनता में सौहार्द रहे, रोग–व्याधि एवम् मृत्युदर को कम करने के लिए शासन विशेष कार्यक्रम बनाए।

इस वर्ष का **मन्त्री शनि** होने से अनेकत्र वर्षा की कमी रहे, शासक निर्दयी हों एवम् जनता में आक्रोश रहे। धन–धान्य की कमी से निर्धन अधिक परेशान रहें, उपद्रव हों तथा व्यापार प्रभावित हो।

इस वर्ष का **सस्येश चन्द्र** होने से धन–धान्य अधिक हों। **धान्येश सूर्य** होने से मूंग, मोठ, बाजरा आदि की फसल बहुत कम होने से मंहगाई बढ़े। शासकों में तालमेल कम रहे, जिससे व्यापार प्रभावित होगा। धान्य मंहगे होंगे। जनता में नानाविध रोगों से एवम् फल–कपास आदि की फसलों में विशेष प्रकार के रोगों से मंहगाई विशेष होगी।

नोट–राजा, मन्त्री, सस्येश में से इस वर्ष मन्त्री शनि का प्रभाव अधिक होने से मन्त्री शनि के फल को प्राथमिकता दी जाएगी। सूर्य (धान्येश) एवम् शनि मन्त्री होने से भी मंहगाई के कारण व्यापार प्रभावित होता मालूम देता है।

इस वर्ष **मेघेश शुक्र** अधिक वर्षा का संकेत देता है। कुछ प्रान्तों में, विशेषतः महाराष्ट्र, उड़ीसा, बंगाल में वर्षा–पानी से हानि होगी, जिससे मंहगाई बढ़ेगी।

इस वर्ष **"द्रोण" नामक मेघ** पर्याप्त वर्षा का संकेत देता है। नवमेघों में **'नील'** नामक मेघ भी पर्याप्त वर्षा करेगा। रुई, कपास एवम् दालवाना से लाभ मिलेगा।

संवत् 2064 वि. की शरत्–सस्य–जातक कुण्डली में सूर्य से द्वितीय शुक्र एवम् सूर्य–बुध का एकत्र होना शरद् ऋतु की उपजों में काफी अच्छे आसार का सूचक है। मक्का, जीरी, गन्ना, गुड़, अरहर, कुल्थ, ग्वार, कपास की फसल अच्छी होगी।

ग्रीष्म–सस्यजातक कुण्डली में सूर्य–गुरु की सन्निधि एवम् लग्न पर लग्नेश एवम् गुरु–चन्द्र की दृष्टि है। जौ, चना, गेहूं आदि की फसल पर्याप्त होने पर भी प्राकृतिक प्रकोप से हानि के योग हैं। परिणामतः– मसरी, दालवाना, सरसों, चना आदि की खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। मंहगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी।

ग्रहों के वक्रमार्ग, युति–प्रतियुति के अनुसार इस वर्ष चावल, गेहूं, चना, गुड़, ग्वार, दालवाना, रुई, नरमा, मैथा एवं तेल, तिलहन में तेजी–मन्दी के भयंकर रिएक्शन्ज आएंगे। ***व्यापारियों से अनुरोध है, कि– टेलीफोन नं. 0160–2641277 पर समय निश्चित करके प्रत्यक्ष मिलें या दो हजार पांच सौ रु. (Rs. 2,500/-) प्रतिमास एक जिन्स के हिसाब से फीस जमा करवाकर टेलीफोन से तेजी–मन्दी के बारे में चांस प्राप्त करें। सोना–चांदी एवम् कॉपर (मैटल्स) के व्यापारी Rs. 5000/– (पांच हज़ार रुपये) प्रतिमैटल प्रतिमास के हिसाब से फीस भेजकर प्रतिमास की दैनिक तेजी–मन्दी Telephone द्वारा प्राप्त कर सकते हैं।***

अप्रैल (सन् 2007 ई.)

(मासारम्भ से पूर्वकालीन ग्रहस्थिति पर विहंगम दृष्टिपात कर लेना ठीक रहेगा। 29 मार्च को मंगल कुम्भ में आया है। इस से पूर्व शुक्र मेष में है, शनि कर्क का है। ग्रहस्थिति–अनुसार चना, जौ, दालवाना, गुड, घी, तेल, सोना–चान्दी, रुई एवं सूत में तेज़ी रहेगी।)

अप्रैल के प्रारम्भिक दिनों में चना, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, तूअर में घटा–बढ़ी के बाद तेज़ी आए। 2 अप्रैल सोमवार को, हस्त नक्षत्र, सायन संक्रान्ति वायदा बाज़ारों में तेजी से लाभ देंगे।

4 अप्रैल को **मेषराशिस्थ शुक्र कृत्तिका नक्षत्र** में प्रवेश करेगा। जौ, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, रुई, सूत, चान्दी में मन्दी बने। गुड़, सोना और लालमिर्च में कुछ तेजी रहे।

6 अप्रैल को शुक्र वृष राशि में एवम् गुरु वक्री पोजीशन में आता है। वृष राशि के शुक्र पर गुरु और मंगल की नज़र है। गेहूं, जौ, चना, चावल आदि अनाजों, अलसी और घी में मन्दे का वातावरण बने। रुई और कपास में अच्छी मंदी आकर तेजी का झटका आए। सोना, चान्दी आदि धातु व ऊनी कपड़े में अच्छी तेजी बने। रुई में पहले तेज़ी आकर बाद में अच्छी मन्दी बने।

7 अप्रैल को बुध मीन राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। बुध पर बृहस्पति की विशेष नजर है, अतः रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दा बने। सोना, चान्दी में घटाबढी के बाद पहले तेजी, बाद में उतनी ही मन्दी बने।

नोट– क्योंकि बुध जब सूर्य के साथ मेल करता है तो क्रूर होकर तेज़ीकारक हो जाता है। लेकिन 7 अप्रैल को बुध और सूर्य पर बृहस्पति की खास नजर होने से यहां तेजी न बनकर मन्दा ही रहेगा, ऐसा हमारा विचार है। 7 अप्रैल को ही मंगल शतभिषा में आ रहा है, अतः रुई, सोना, चांदी के भावों में अच्छी तेज़ी–मन्दी के रिएक्शन्ज़ बनेंगे– सावधानी से काम करें।

9 अप्रैल को बुध उ.भा. में आकर चांदी में घटाबढी और वायदा बाज़ार में 13 अप्रैल तक अनिश्चितता रख सकता है।

14 अप्रैल को सूर्य अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि में दाखिल होगा। इस समय मेष राशि के सूर्य पर शनि की खास नज़र है। सूर्य शनि दोनों शत्रु हैं। सूर्य का सम्बन्ध रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, कपास, अनाज, सोना, चांदी, हल्दी, कालीमिर्च आदि पर विशेष रूप से देखा गया है। मेष राशि सूर्य की उच्च राशि है। इसलिए अलसी, एरण्ड, तिल, तेल, सोना, चान्दी, लोहा, तांबा, लालचन्दन, सुपारी, हींग, सूत, मेथी, लौंग, इलायची, रुई, कपास, घी, तिलहन, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी रहेगी। लेकिन दालवाना, गेहूं, चावल आदि में कुछ मन्दा रहे।

15 अप्रैल को रोहिणी नक्षत्र का शुक्र एवम् 17 अप्रैल को रेवती नक्षत्र में बुध के आने से चान्दी, सोना आदि धातुओं, लालमिर्च, केसर, मजीठ, कुसुम्भ, लाल चन्दन, अलसी, एरण्ड, घी, तेल में तेजी–मन्दी के रिएक्शन्ज़ बनेंगे। 17 अप्रैल को मंगलवारी अमावस भी वायदा बाज़ारों में तेजी का संकेत देती है।

[वायदा व्यापारियों को 6, 7 और 14 तारीख को तेजी और मन्दी की प्रतिक्रियाओं से अच्छा लाभ मिलेगा।]

18 अप्रैल को राहु शतभिषा के चतुर्थ चरण में और पू. फा. के 2 चरण में केतु का प्रवेश होगा। राहु इस समय मंगल के साथ राशिसम्बन्ध बना रहा है, जो कि राजनैतिक दृष्टिकोण से वायदा और हाजर बाज़ारों में कुछ तेजी का कारण बनेगा।

19 अप्रैल को कर्कराशिस्थ शनि मार्गी हो रहा है। 6 दिन में रुई में मन्दा आकर फिर तेजी बने। तिल, तेल, सरसों, हीग और लालमिर्च में तेजी रहे।

20 अप्रैल को बुध पूर्व में अस्त हो रहा है। इस समय बुध अतिचारी और नीच राशि में है। जब बुध अतिचारी होता है उस समय इसमें तेजी और मन्दी लाने की ताकत बढ़ जाती है। तिलहन बाज़ारों में इसका तेज़ीकारक विशेष प्रभाव देखा गया है। हाजिर व्यापारियों को आने वाले 1½ महीने में बहुत बड़ा लाभ प्राप्त होगा।

24 अप्रैल को बुध अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा और इसी दिन मंगल पू. भा. में प्रवेश करेगा। तिल, तेल, मूंगफली, एरण्ड, अलसी, नारियल, सूत, रुई, कपास, सोना, चान्दी में भारी तेज़ी का योग है। क्योंकि मेष राशि के बुध और सूर्य पर इस समय शनि की खास नज़र भी है, इसलिए मेष राशि का बुध विशेष मन्दीकारक मालूम नहीं देता।

[नोट– अगर इस दिन बाज़ार मन्दे हों तो स्टॉक करें, आगे अच्छा लाभ मिलेगा।]

26 अप्रैल को मृग. नक्षत्र का शुक्र अनाजों में मन्दा और गुड़, खाण्ड, शक्कर में भी मन्दा करेगा। 27 से 29 अप्रैल तक की ग्रहचाल के अनुसार अलसी में मन्दा; सोना, चान्दी, तांबा, पीतल, गेहूं, जौ, चना, चावल, मूंग, मोठ आदि अनाजों और गुड़, खांड, घी में तेज़ी कर सकता है। 30 अप्रैल को अनाज तेज़ रहें।

मई

1 मई से 5 मई तक ग्रहचाल के मुताबिक हाज़िर और वायदा बाज़ार में उथल–पुथल रहेगी, लेकिन बाज़ारों में तेज़ी का प्रभाव प्रधान रहेगा। इसलिए तेज़ी में बेचकर और मन्दे में खरीदकर लाभ लेते रहें।

6 मई को कृत्तिका नक्षत्र का बुध चांदी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी; रुई में तेज़ी और अनाजों में कुछ तेज़ी करेगा।

7 मई को मंगल मीन राशि में आकर बृहस्पति की नजर में आ जाएगा। सोना, चांदी में घटाबढी के बाद तेज़ी बने। लेकिन इस समय बृहस्पति की मंगल पर नज़र होने से बाज़ारों में ज़ोरदार मन्दा भी आ सकता है– सावधानी से काम करें।

8 मई को बुध वृष राशि में आकर बृहस्पति के साथ समसप्तकयोग बनाएगा, जो कि बाज़ारों में मन्दी कर सकता है। रुई और अनाजों में मन्दे का वातावरण बन सकता है। रुई में विशेष मन्दा आकर तेज़ी बन सकती है। दालवाना, तिल, तेल आदि के भाव में तेज़ी बने। 10 मई तक बाज़ार कुछ तेजी की तरफ रहेंगे।

11 मई को कृत्तिका नक्षत्र का सूर्य घी, रुई, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, चावल में तेजी बनाए।

12 मई को मंगल उ. भा. में आकर एक महीने में चन्दन, कपूर आदि सुगन्धित चीजों में तेजी करेगा। सोना, चान्दी, रुई, गेहूं, जौ, चना के भाव में तेज़ी बने।

13 मई को बुध रोहिणी नक्षत्र में आकर रुई, सूत, कपास, तिल, तेल, सरसों, सोना, चान्दी, चावल, गुड, खाण्ड में तेज़ी लाएगा। राई, तूअर, सण, ऊनी व रेशमी वस्त्रों में मन्दा बने। रुई में पहले तेज़ी फिर मन्दा करे।

[नोट– 7, 8 मई एवम् 11 से 13 मई तक वायदा बाज़ारों में तेज़ी प्रधान रहने के योग हैं।]

14 मई को बुध पश्चिम में उदित होगा। बुध इस समय अतिचारी है। बुध, बृहस्पति से दृष्ट भी है। सूत, रुई में मन्दा बने और तेल व तिलहन में भी मन्दे का रुख रहे।

15 मई को सूर्य वृष में आकर बृहस्पति के साथ मेल करेगा। चान्दी, सोना, गुड, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों आदि में तेजी बनेगी। जौ, चना, गेहूं, मटर, अरहर, मूंग, चावल में कुछ मन्दे का रुख रहेगा।

17 मई को गुरु वक्री पोजीशन में ज्येष्ठा नक्षत्र के दूसरे चरण में दाखिल होगा। चान्दी में मन्दी एवम् अनाजों में घटाबढ़ी चलेगी। **18 मई को मिथुन राशि एवम् कृत्तिका नक्षत्र में चन्द्रदर्शन होगा।** तेल, तिलहन और अनाजों में मन्दे का रुख रहे। रुई और चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बने। गुड़, खाण्ड, चावल भी तेज रहें। 18–19 मई को बाज़ार सामान्य रहें।

20 मई को मृगशिर नक्षत्र में बुध के आने से रुई में तेज़ी, चान्दी में घटाबढ़ी बने। अनाजों और दालवाना में मन्दा बने। 21 मई को पुर्नवसु नक्षत्र का शुक्र अनाज, बिनौला में तेज़ी ला सकता है। 24 मई तक बाजार उत्तम–मध्यमरूप से तेज रहेंगे।

24 मई को बुध मिथुन राशि में आकर मंगल की नज़र में आ जाता है। मिथुन राशि बुध की अपनी राशि है। मिथुन राशि रुई, कपास और तेलवाना के बाज़ारों में तेज़ी का संकेत देती है। सोना, चान्दी में मन्दा आकर तेजी बने और रुई, कपास, तेल, तिलहन के बाज़ार तेज रहें।

25 मई को रोहिणी नक्षत्र का सूर्य तिल, तेल, सरसों एरण्ड, अलसी, गुड, खाण्ड, घी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, सण, सुपारी, लालमिर्च और राई में तेज़ी करे। चान्दी में कुछ मन्दा और रुई में कुछ तेजी रहे। 28 मई तक बाजार कुछ तेज रहेंगे।

29 मई को बुध आर्द्रा नक्षत्र में आकर बाज़ारों का रुख बदल सकता है– सावधानी से काम करें। गेहूं, तिल, उड़द, जौ, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा में मन्दा रहे। **चान्दी में विशेष तेज़ी आने का योग है।** रुई में घटाबड़ी के बाद तेज़ी बने। सोना कुछ मन्दा रहे।

30 मई को शुक्र कर्क में आकर शनि के साथ मेल करेगा। इन पर बृहस्पति की खास नज़र भी है। व्यापारियों को हिदायत है कि– अनाज, दालवाना का स्टॉक 20, 21 या 29 मई को करें। क्योंकि कर्क राशि का शुक्र अनाज, दालवाना, गुड़, खाण्ड, घी में अच्छी तेज़ी ला देगा। कर्क के शुक्र में आगे मासान्त तक ज़ोरदार तेज़ी आने का योग है।

जून

2 जून को शुक्र का पुष्य नक्षत्र में प्रवेश रुई, सूत, सण, रेशम व अनाजों में कुछ तेजी का रुख बनाएगा। लाख, चमड़ा, कपूर, पारा, शिंगरफ, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दे का वातावरण बनाएगा। यह तेजी–मन्दी 7 जून तक प्रभावी रहेगी।

8 जून को मृगशिर नक्षत्र का सूर्य रुई, सूत, रेशम, सण, कपूर, चन्दन, सोना, चान्दी, उड़द, मूंग, मोठ, चना, बाजरा, अलसी में तेज़ी करेगा। यह तेजी उत्तम–मध्यम रूप से 12 जून तक चलेगी।

13 जून को शनि आश्लेषा के चतुर्थ चरण में आकर रुई, तिल, तिलहन और अन्य व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का रुख रखेगा। 13 जून को ही बृहस्पति वक्री पोजीशन में ज्येष्ठा के पहले चरण में दाखिल होगा। अनाजों में घटाबढ़ी चलेगी; चान्दी में मन्दी बने।

15 जून को सूर्य मिथुन में दाखिल होकर बुध के साथ मेल करेगा। इसी दिन बुध वक्री हो रहा है और इन पर मंगल की विशेष नजर भी है। बुध सूर्य का एक राशि में होना तेजी कारक माना गया है। तेल, तिलहन, गुड़, घी, और दालवाना में अच्छी तेजी का योग है। पाट, बारदाना, रेशम, सूत, कपास, रुई, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, उड़द, मूंग, गेहूं, चना, चावल, सोना, चान्दी में अच्छी तेजी का योग है।

16 जून को मंगल मेष राशि में आकर शनि को देखेगा और शनि मंगल को देखेगा। इसप्रकार गेहूं आदि प्रत्येक प्रकार के अनाज; सोना, चांदी आदि धातु, मूंगा, मोती, रुई, कपास, बारदाना, गुड़, शक्कर, चीनी, ज्वार, बाजरा, चना में अच्छी तेजी का योग है। 18 तारीख से पहले ही लाभ प्राप्त करें।

19 जून को बुध पश्चिम में अस्त होकर रुई में ज़ोरदार मन्दे का झटका ला सकता है। चान्दी तेज़ रहेगी; पाट, हैसियन और शेयर मन्दे रहेंगे।

[नोट– क्योंकि यहां बुध वक्री होकर अस्त हुआ है, इसलिए अनाज तेज़ रहेंगे।]

20 जून को राहु शतभिषा के तृतीय चरण में और केतु पू. फा. के प्रथम चरण में दाखिल होगा। गुड़, खाण्ड, दालवाना, गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, सरसों और

तिलहन में तेज़ी, रुई में घटाबढी चले।

22 जून को सूर्य आर्द्रा में दाखिल होगा। इस समय बुध भी आर्द्रा नक्षत्र में ही चल रहा है। बुध अस्त भी है। शनि और मंगल का इन दिनों परस्पर दृष्टिसम्बन्ध होने के कारण कुछ प्रान्तों मे वर्षा की बहुत कमी अनुभव होगी। महाराष्ट्र आदि में वर्षा के प्रकोप से फसल को नुक्सान होने का योग है। रुई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूं, चावल, चना, जौ, चान्दी, तेज़ रहेंगे। सोने के भाव में घटाबढी चलेगी।

23 जून को यूरेनस वक्री होगा। जिससे जलवायु पर प्रभाव पड़ेगा और बाज़ार प्रभावित होंगे। 22 जून से लेकर 30 जून तक बाजार अनिश्चित रूप से चलेंगे, जिसमें वायदा व्यापारी घाटे में आ सकते है– समझ से काम लें।

जुलाई

2 जुलाई को प्लूटो वक्र पोजीशन में मूल नक्षत्र के पहले चरण में दाखिल होगा। वक्री बुध और सूर्य के साथ उसका समसप्तकयोग बनेगा कुछ प्रान्तों में भारी वर्षा के कारण खड़ी फसलों को नुक्सान पहुंचेगा एवम् कुछ प्रान्तों में वर्षा की भारी कमी के कारण बाजार तेज़ रहेंगे।

3 जुलाई को शुक्र मघा नक्षत्र और सिंह राशि में दाखिल होगा। सिंह राशि में शुक्र केतु के साथ मेल करेगा। शुक्र खासकर पाट, बारदाना, और तिलहन आदि में अच्छी घटाबढी करता है और जब यह राहु, केतु और मंगल के साथ मेल करता है तो रुई, चान्दी और सोने के बाजारों में विशेष तेज़ी का जोश बना देता है। गेहूं, जौ, चना, दालवाना आदि अनाजों में तेजी रहे। सोना, तांबा, गुड, लालमिर्च, मजीठ, रुई, कपास, पाट, बारदाना, घी और तिलहन में भी तेज़ी बने। चान्दी में पहले मन्दी आकर बाद में तेजी बने। रुई भी इसी प्रकार रहे।

5 जुलाई को भरणी नक्षत्र में मंगल का प्रवेश होगा। इस समय गेहूं आदिक अनाज, सोना, चान्दी आदि धातु और रुई तेज़ रहें। 6 जुलाई को सूर्य पुर्नवसु नक्षत्र में आकर रुई, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारु, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, हरड, सुपारी, नारियल, माजू, केसर, नील, मजीठ और गुग्गुल आदि सुगन्धित चीजों में 8 तारीख तक अच्छा लाभ दे सकता है।

8 जुलाई को बुध पूर्व में उदित होगा। रुई में तेजी शुरु होकर 25 दिन में 15 टका के करीब तेजी बनेगी। गेहूं, चना आदि में भी तेजी का ही वातावरण रहेगा। तेल, घी, तिल, पाट, हैसियन, लालमिर्च और दालवाना– सब तेज रहेंगे।

[नोट–क्योंकि आषाढ़ में बुध का उदय हो रहा है, इसलिए अनाज तेज रहेंगे। हाजर के व्यापारी अच्छा लाभ प्राप्त करेंगे।]

11 जुलाई को बाजार का रुख अचानक बदल सकता है– सावधानी से काम करें। 11 जुलाई को बुध मार्गी हो रहा है। रुई में पहले मन्दी, बाद में तेजी हो। चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बने। गेहूं, दालवाना में तेजी बने। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली एवम् कपूर, चन्दन आदि सुगन्धित चीजों में मन्दी रहे। गुड, खाण्ड, घी भी मन्दे रहें। सोना तेज रहेगा। 14 जुलाई तक मार्कीट इसी तरह चलेगी। 14 जुलाई को शनैश्चरी अमावस भी तेजी का ही संकेत देती है।

15 जुलाई को शनि मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में प्रवेश करेगा। यह योग बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस समय फोन द्वारा सम्पर्क करें– उत्तम लाभ मिलेगा। इस समय सिंह राशि का शनि शुक्र एवम् केतु के साथ राशि–सम्बन्ध बना रहा है। सिंहराशि सूर्य की राशि है, सूर्य–शनि परस्पर शत्रु हैं। शनि ग्रह मूंगफली, अलसी, एरण्ड, सरसों, कपास एवम् सभी प्रकार के खाद्य तेलों पर अपना विशेष प्रभाव रखता है। शेयर बाजार, लौहखण्ड, लौह–यन्त्रों पर भी इस ग्रह का वर्चस्व विशेष अनुभव किया गया है। शनि का असर कच्ची फसलों पर भी विशेषतः अनुभव होता है। तेल–तिलहन की फसलें खराब हो जाती हैं। जिससे पैदावार कम होने से बाजार तेजी की तरफ बढ़ने लगते हैं।

जब शनि क्रूर ग्रहों के सम्पर्क में आ जाता है तो महाक्रूर हो जाता है। राजनैतिक उलझनें एवम् राजनैतिक ऐलान भी इस समय व्यापार में तेजी का कारण बनेंगे। कहने का तात्पर्य यह है, कि– इस समय से पहले ही सावधानी से व्यापार शुरु करें–उत्तम लाभ प्राप्त होगा। इस राशि का शनि चावल, चना, गेहूं, उड़द, मूंग, मोठ, ग्वार, बाजरा एवम् अन्य सभी अनाजों में अच्छी तेजी करेगा। घी, गुड़, खाण्ड, सरसों, तोड़िया, एरण्ड, मूंगफली, सोयाबीन आदि तिलहनों में भयंकर तूफानी तेजी ला सकता है। अपने राशिभोग में शनि सरसों एवम् आगे तोड़िया में कभी दोगुणी तो कभी चौगुणी तेजी भी करता देखा गया है– इस समय ताजा मशवरा प्राप्त करें।

सरसों, तोड़िया आदि तिलहनों में तेजी शनि के सिंह राशि में आने से 2/4 मास पहले भी शुरु हो सकती है। स्टॉक पहले ही करें, उत्तम लाभ होगा। सिंह राशि का शनि 7–8 अंश पर आकर (अर्थात् लगभग अगस्त–सितंबर में) रुई में तूफानी तेजी करता है– लाभ लें।

नोट–क्योंकि शनि–शुक्र–केतु सिंह राशि में ही हैं, अतः 18 अगस्त तक

कहीं वर्षा की भारी कमी अनुभव होने एवम् कहीं बाढ़ से फसलों के तबाह होने की खबरों से बाजारों में उफान आएगा।

16 जुलाई चन्द्रवार को कर्कस्थ चन्द्र के समय सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करेगा। इस समय सूर्य पर गुरु की उच्च दृष्टि भी है। गेहूं, चना, जौ, मटर, अरहर, उड़द, मूंग, एवम् चावलों में कुछ मन्दा बने। रुई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों एवं चान्दी–सोना में तेजी बनेगी। यह प्रभाव 19 जुलाई तक रहेगा।

20 जुलाई को सूर्य पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करेगा। तिल, तेल, सरसों, मघ, गुड, खाण्ड, चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, गुग्गुल, सोना, चान्दी तेज रहें। रुई में पहले तेजी फिर मन्दी आए।

24 जुलाई को कृत्तिका नक्षत्र का मंगल अनाज, दालवाना, तेल, तिलहन, घी, चान्दी, सूत, वस्त्र, में तेजी बनाएगा। यह रुई में तेजी के बाद मन्दा करे। यह तेजी का खेल प्रायः 25 जुलाई तक चलेगा।

26 जुलाई को पुनर्वसु नक्षत्र का बुध चान्दी, सूत, कपास, सण में खासी मन्दी करेगा। सम्भलें–यदि इस समय 26–27 जुलाई को मन्दा बने तो खरीद करें, आगे जल्दी ही लाभ मिलेगा।

28 जुलाई को शुक्र वक्री हो जाता है। इस समय शुक्र का मेल क्रूरग्रह **शनि एवम् केतु के साथ है। स्पष्ट है कि– बाजार और तेज होंगे।** घी, तेल, तिलहन, गुड, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, जौ, चना, ग्वार आदि अनाज तेज रहेंगे। रुई में पहले तेजी आकर बाद में मन्दा आए।

29 जुलाई को मंगल वृष राशि में आ जाता है। इस समय मंगल की नज़र शनि पर है एवम् शनि की नज़र मंगल पर है। लेकिन गुरु ग्रह भी मंगल को पूरी नज़र से देख रहा है। एक मास में गुड, घी, शक्कर, लालचन्दन, लालमिर्च, दालवाना, मोटे अनाज, रुई, कपास, सूत, चन्दन, कुसुम्भ, कपूर, केसर, तेल, तिलहन, सोना–चान्दी, तांबा, जस्ता आदि धातु में तेजी रहे। शेयर बाजार भी तेज रहेंगे। **इस प्रकार मासान्त (31 जुलाई तक) बाजार प्रायः तेज ही रहेंगे।**

अगस्त

अगस्त के प्रारम्भ में बाजार कुछ अनिश्चित रहेंगे। अगस्त मास का प्रारम्भ त्रयोदश दिनपक्ष में हो रहा है। गुरु–शुक्र वक्री हैं। इस मास में विश्व की राजनीति में अघटित घटनाचक्र के कारण व्यापारक्षेत्र में भारी उठापटक हो सकती है, अतः सावधानी से काम करें।

1 अगस्त को बुध कर्क राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। बुध अतिचारी है। जब सूर्य के साथ बुध का मेल होता है तो बुध तेजीकारक क्रूर स्वभाव का हो जाता है। इस समय तिलहन, रुई एवम् दालवाना के व्यापारी धमाके की मन्दी या तेजी से लाभ ले सकेंगे। बाजार के रुख को देखकर काम करें। हमारे विचार से बुध कर्क राशि में मन्दे का सूचक है। रुई में करीब 20 पैसे की मन्दी आए। चान्दी में घटाबढ़ी से कुछ तेजी बनेगी। गुड, शक्कर, घी, तेल, मूंगफली, सरसों आदि तेलवाना एवम् सोने में पहले तेजी आकर पीछे मन्दी बने।

3 अगस्त को सूर्य आश्लेषा में एवम् बुध पुष्य में आएगा किंवा बुध पूर्व में अस्त होगा। साथ ही इसी दिन रात्रि में 4 अगस्त को प्रातः शनि भी अस्त हो रहा है। ध्यान दें– सूर्य इस समय आश्लेषा नक्षत्र में है। शुक्र, शनि भी दोनों मघा नक्षत्र में ही हैं। शुक्र, शनि केतु के साथ खलयुत है। परिणामस्वरूप सोना, चान्दी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, लालमिर्च, मजीठ, नील, ऊनीवस्त्र, मणि, मोती, जवाहरात में अच्छी तेजी और मन्दे के झटके आएंगे। सोना–चान्दी और रुई के व्यापारी समझ से काम करें। क्योंकि मन्दे के झटके के बाद तुरन्त तेजी बनेगी। घी में मन्दा रह सकता है। रुई में घटाबढ़ी इसप्रकार चलेगी,– पहले तेज, बीच में मन्दी, अन्त में फिर तेज। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी। **4 अगस्त को बाजार जोरदार मन्दे या जोरदार तेजी में खुलेंगे– सावधानी से काम करें। 6 अगस्त तक मन्दे में खरीदते रहें, तेजी में बेचते रहें।**

7 अगस्त को शुक्र पश्चिम में अस्त होगा। इसी दिन बृहस्पति अपनी टेढ़ी चाल को छोड़कर मार्गी हो जाता है। सोना, चान्दी, गुड, सूत, कपड़ा, घी, तेल, अलसी, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली, सोयाबीन में मन्दे का वातावरण रहे। रुई में मन्दी आकर तेजी रहे।

8 अगस्त तक तेजी–मन्दी के अच्छे झटके आएंगे, विचारपूर्वक काम करके लाभ लेते रहें।

9 अगस्त को बुध आश्लेषा में आएगा। सूर्य भी इस समय आश्लेषा नक्षत्र में ही चल रहा है। 15 दिन में तिल, तेल, सरसों, गुड, खाण्ड, उड़द, मूंग, मूंगफली में तेजी आती है। यह तेजी उत्तम–मध्यमरूप से 11 अगस्त तक चल सकती है।

12 अगस्त से शनि मघा के दूसरे चरण में आएगा। शनि का मित्र शुक्र भी इस समय मघा नक्षत्र में ही चल रहा है, दोनों एक राशि में केतु के साथ मेल कर रहे है। सण, दाख, हींग, घी, गुड, खाण्ड, नमक आदि रस प्रायः तेज रहेंगे।

13 अगस्त को मंगल रोहिणी नक्षत्र मे आएगा। कपास, सूत, वस्त्र, रेशम, सरसों तिल, तेल, लालमिर्च, हींग एवम् शेयर बाजार तेज रहेंगे। अनाज भी तेज रहें। रुई और चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी। 15 अगस्त तक वायदा व्यापारी तेजी से लाभ ले सकेंगे।

16 अगस्त को बुध सिंह राशि में प्रवेश करेगा। 17 अगस्त को सूर्य भी सिंह राशि में आ जाता है। इस प्रकार अब सिंह राशि में सूर्य–शनि–बुध– केतु–शुक्र– इन पांच ग्रहों की सन्निधि से व्यापार प्रभावित होगा। बुध अतिचारी है। रुई, सोना, चान्दी, मूंग, ज्वार, बाजरा, सरसों, तिल, एरण्ड, दाख, काली / लालमिर्च, गुड, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल, सरसों, तोड़िया, ग्वार, मूंगफली, बिनौला में तेजी से लाभ मिले।

19 अगस्त को वक्री शुक्र आश्लेषा 4 कर्क में प्रवेश करेगा। इस समय शुक्र अकेला एवम् गुरु से देखा गया है। रुई में पहले अच्छी मन्दी आएगी, फिर तेजी बनेगी। सरसों, अलसी, एरण्ड, तिल, तेल, घी, मूंगफली, गुड, खाण्ड, शक्कर तेज

रहेंगे। चान्दी, गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मटर, अरहर मन्दे रहेंगे। 22 अगस्त तक अलसी एवम् तेल, तिलहन में अच्छी तेजी के योग हैं।

23 अगस्त को बुध पू. फा. में आकर गुड़, खाण्ड, गेहूं आदि अनाजों में मन्दा बना सकता है। 25 अगस्त को वक्री यूरेनस पू. भा. 1 में प्रवेश करेगा एवम् 27 अगस्त को शुक्र का पूर्व में उदय होगा। रुई, सूत, चान्दी, चावल, घी, सोना, तेल, तिलहन में झटके की तेजी या मन्दा बन सकता है– बाजार के रुख को देखकर काम करें।

28 अगस्त को गुरु ज्येष्ठा 1 में आएगा। चान्दी में मन्दा बने, अनाजों में भी घटा–बढ़ी के साथ मन्दा रहे। 28 अगस्त मंगलवार, शतभिषा नक्षत्र, श्रावणी पूर्णिमा को चन्द्रग्रहण यद्यपि भारत के पूर्वोत्तरी छोर पर अत्यल्प समय के लिए ही घटित होगा; परन्तु इसका फल व्यापारिक दृष्टि से इसप्रकार लिखा है–

"श्रावणी पूर्णिमायां तु यदीन्दुग्रहणं भवेत्।
घृते तैले तथा धान्ये संग्रहे लाभमादिशेत्।।"

अर्थात्– इस समय घी, तेल, तिलहन, अनाज, दालवाना आदि के स्टॉक से लाभ की उम्मीद रखें।

30 अगस्त को बुध उ. फा. में प्रविष्ट होगा। इसी दिन (30 अगस्त को ही) बुध का उदय पश्चिम में होगा। शेयर, उड़द, मूंग, मोठ, मसूर, अरहर में तेजी; रुई में घटाबढ़ी होकर मन्दी, चान्दी में भी घटाबढ़ी के बाद मन्दी रहे।

31 अगस्त को सूर्य पू. फा. में आकर जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, तिल, तेल, गेहूं, घी, ज्वार, बाजरा, चावल, ऊनीवस्त्र, रुई, सूत में तेजी लाए। चान्दी में घटाबढ़ी चले।

सितम्बर

1 सितम्बर को बुध कन्या राशि में प्रवेश करेगा। जब बुध अकेला कन्या राशि में आता है तो मन्दी की अफवाहें फैलाकर बाजार के रुख को मन्दे की तरफ कर देता है। बुध अफवाहें फैलाने वाला ग्रह है। इसलिए बाजार के रुख को देखकर ही काम करें। कन्या राशि में बुध अपनी उच्च राशि में माना जाता है। हमारे विचार से रुई और चान्दी में अच्छे मन्दे के झटके आएंगे। गेहूं, जौ, चना, चावल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी में तेजी का रुख रहेगा। कुछ विद्वान् बुध को कन्या राशि में मन्दीकारक मानते हैं। इसलिए अगर बाजार मन्दे की तरफ जाने लगें तो मन्दा भी बन सकता है–सावधानी से काम करें। 3 सितम्बर तक एकतरफा तेजी या मन्दे का योग बनेगा।

4 सितम्बर को मंगल मृगशिर नक्षत्र में आकर तिल, चान्दी में तेजी; रुई में पहले मन्दी, बाद मे तेजी, अन्य व्यापारिक वस्तुओं में प्रायः मन्दे की ओर झुकाव बनाएगा। 6 सितंबर तक बाजार डावांडोल रहेंगे।

7 सितम्बर को शनि मघा नक्षत्र के तृतीय चरण में प्रवेश करेगा और उसी दिन प्लूटो (मेदनी ग्रह) मार्गी हो रहा है। शनि इस समय सूर्य के नक्षत्र में, सूर्य की राशि में एवम् सूर्य और केतु के साथ ही है। यह तेल, तिलहन, घी, लोहे की चीजों एवम् खाद्य तेलों में तेजी करेगा। रुई, कपास भी तेज रहेंगे।

8 सितम्बर को सिंह राशि में शनि उदित होगा, बुध हस्त में आएगा और शुक्र मार्गी होगा। गेहूं आदि अनाजों में मन्दे का रुख रहेगा। 9 सितम्बर को रुई, शेयर बाजार, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली में मन्दा रहेगा। सज्जी, लौह, जस्ता, रंग, सीसा आदि काले पदार्थ, लकड़ी, लहसुन, चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी बने।

11 सितम्बर को मंगलवारी अमावस भी गुड़, खाण्ड, तेल, तिलहन और दालवाना में तेजी का संकेत देती है। 13 सितम्बर को सूर्य उ.फा. नक्षत्र में दाखिल होगा। 14 दिन में रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चान्दी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, मूंज, बाण और नील में तेजी बने। कदाचित् अनाज यहां सस्ते हों तो संटॉक करें; तीन महीने में अच्छा लाभ मिलेगा। चान्दी, गुड़, खाण्ड में मन्दे के बाद तेजी बने। 15 सितम्बर तक बाज़ार अनिश्चित रूप में चलेंगे।

16 सितम्बर को मंगल मिथुन राशि में दाखिल होगा। इन दिनों रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, अफीम, तांबा, मजीठ एवम् लालमिर्च आदि लाल चीजों में अच्छी तेजी बनेगी। क्योंकि मंगल मौसम, हवा पर विशेष प्रभाव डालता है, कभी–कभी मंगल ग्रह के कारण वर्षा की कमी होने से बाजारों में तेजी आ जाती है। तेलवाना, रुई, कपास, जूट, सोना, चान्दी और शेयर बाज़ारों में यह ग्रह विशेष तेजी करता है।

17 सितम्बर को बुध चित्रा नक्षत्र में और सूर्य कन्या राशि में दाखिल होगा। इस समय इन पर मंगल की विशेष नज़र भी है। सूर्य कन्या राशि में आकर उच्च बुध के साथ मेल करेगा। रुई, नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ और लाल रंग की चीजों में तेज़ी बनेगी। रुई, चान्दी और शेयरों में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने। अनाज भी कुछ तेज़ रहेंगे।

[नोट–16 से 21 सितम्बर तक बाज़ार प्रायः तेज़ी की तरफ रहेंगे।]

22 सितम्बर को बुध तुला राशि में प्रवेश करेगा। इस समय इस पर शनि की विशेष नज़र होगी तुला राशि का मालिक शुक्र, बुध की भान्ति ही मन्दे की तरफ इशारा करता है। चान्दी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, सोयाबीन, मूंगफली में मन्दा बने। रुई, गुड़, खाण्ड, सोना और अफीम में तेज़ी बनेगी। 22 से 26 सितम्बर तक बाज़ारों में तेज़ी–मन्दी के अच्छे रिएक्शन्ज़ बनेंगे। मन्दे में खरीदें और तेज़ी में बेचकर लाभ लेते रहें।

27 सितम्बर को सूर्य हस्त नक्षत्र में दाखिल होगा। सूर्य पर मंगल की खास नज़र है। गेहूं, जौ, गुड, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, जूट, लकडी, नमक, हरड, हींग,

धनिया, हल्दी तेज होंगे। 28 सितम्बर को बुध स्वाती नक्षत्र में आकर रुई में अचानक मन्दा बना सकता है।

29 सितम्बर को बृहस्पति ज्येष्ठा नक्षत्र के द्वितीय चरण में आकर रुई और चान्दी में मन्दा और अनाजों के भावों मे घटाबढ़ी करे। 29 सितम्बर को शुक्र मघा नक्षत्र और सिंह राशि में पुनः आकर शनि के साथ एक राशिसम्बन्ध बनाएगा और राहु के साथ शनि, शुक्र दोनों समसप्तकयोग भी बनाएंगे। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज, लालचन्दन, मजीठ, लालमिर्च, तेल, तिलहन एवम् सोना–चान्दी में अचानक तेजी का योग बनता है।

30 सितम्बर को आर्द्रा नक्षत्र में मंगल के दाखिल होने पर रुई, सूत, कपास, अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल एवम् नमक मे तेजी बनेगी। चान्दी में कुछ मन्दे का झटका आ सकता है।

अक्तूबर

अक्तूबर 1 से 4 तक बाज़ारों में कुछ चीजों में तेजी, कुछ मे मन्दी रहेगी। बाज़ार अस्थिर रहेंगे। 5 अक्तूबर को शनि मघा के चतुर्थ चरण में आएगा। शनि का सीधा असर कच्ची चीज़ों की फसल पर और उनकी पैदावार पर अनुभव किया गया है। रुई, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, कपास व सरसों आदि की फसल व पैदावार शनि के प्रभाव से खराब हो जाती है, जिससे बाज़ारों में तेज़ी अनुभव की जाती है। शनि के मघा के चतुर्थ चरण में आने से अनाज व दालवाना में तेजी बनेगी। रुई, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, सरसों, कपास, घी, गुड़, खाण्ड, नमक में प्रायः तेज़ी रहेगी। यह तेजी लंबी जा सकती है। 9 अक्तूबर तक बाज़ार एकतरफा चल सकते है।

11 अक्तूबर को प्रातः सूर्य चित्रा नक्षत्र में आएगा। रुई, सूत, सोना, चान्दी, मोती आदि रत्न, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर आदि में तेजी बने। तेल, तिलहन में भी अच्छी तेज़ी आ सकती है।

12 अक्तूबर को बुध वक्री हो रहा है। बुध पर शनि की खास नज़र है। क्योंकि बुध तुला राशि में है, इसलिए तेज़ी और मन्दे की अफवाहों से बाजार में उथल–पुथल ला सकता है। हमारे विचार से रुई, कपास में झटके के साथ तेजी बनेगी; घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी और अनाज, दालवाना, तेल, तिलहन में भी तेजी का रुख रहेगा।

13 अक्तूबर को तुलारथ चन्द्र के समय शनिवार को चन्द्रदर्शन होगा। रुई, सूत, वस्त्र, चान्दी, सोना, सरसों, मूंगफली, तेल तेज होंगे। गेहूं, बाजरा, मूंग, ज्वार, उड़द, अलसी, गुड़, खाण्ड में भी तेजी बनेगी। 15 तारीख तक यह तेजी उत्तम–मध्यमरूप से चल सकती है।

16 अक्तूबर को पू. फा. नक्षत्र का शुक्र शनि के साथ होने के कारण गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, चना में कुछ मन्दा लाकर तेजी बनाएगा।

17 अक्तूबर को सूर्य अपनी नीच राशि तुला में प्रवेश करेगा। इस समय शनि की सूर्य पर विशेष नजर होगी। साथ ही वक्री बुध का मेल तुला राशि में सूर्य के साथ बन रहा है। रुई और चान्दी में जोरदार घटाबढ़ी चलेगी; गेहूं, जौ, चना, अलसी, सोना, तांबा में अच्छी तेजी बनेगी। लाल–चन्दन, मजीठ, श्रीफल, सुपारी, गुड, शक्कर, तोड़िया, सरसों, एरण्ड, मूंगफली में भी अच्छी तेजी का योग है। 18 अक्तूबर को बुध पश्चिम में अस्त होगा। इस समय बुध, नीच सूर्य के साथ शनि से दृष्ट है। वस्त्र, रुई, शेयर 15 दिन में मन्दे होकर अच्छे तेज हो जाएंगे।

19 अक्तूबर को गुरु ज्येष्ठा के तृतीय चरण में आकर चान्दी में मन्दी, अनाजों में घटाबढ़ी करे। 19 से 22 अक्तूबर तक बाजारों मे अच्छी घटाबढ़ी रहे।

23 अक्तूबर को वक्री बुध चित्रा नक्षत्र में आकर रुई और चान्दी में घटाबढ़ी करेगा। अनाजों में कुछ तेजी रहेगी।

24 अक्तूबर को सूर्य स्वाती नक्षत्र में आएगा। इसी दिन राहु शतभिषा के पहले चरण में और केतु मघा के तीसरे चरण में दाखिल होगा। राहु कुम्भ राशि का है। राहु और सूर्य पर शनि की नज़र है। खाद्य तेल, तिलहन, कपास, घी, गुड़, खाण्ड, सूत, ऊन एवम् नमक में तेजी बने। सण, रेशम, कपडा, सोना, चान्दी, बिनौला, सुपारी, मिर्च, राई, हींग, गुग्गुल भी तेज होंगे। 24 से 30 तारीख तक वायदा व्यापार और हाज़िर चीज़ों में बड़ी अच्छी तेजी के चांस हैं।

30 अक्तूबर को वक्री बुध कन्या में आकर मंगल की नजर में आ जाएगा। 30 तारीख को ही बुध पूर्व में उदित होगा और शुक्र उ.फा. में दाखिल होगा। रुई में पहले मन्दी होकर बाद में जोरदार तेजी बनेगी। सोना, चान्दी में घटाबढ़ी के अच्छे रिएक्शन्ज़ बनेंगे। गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड और हल्दी तेज होंगे। तिल, घी, पाट, हैसियन एवम् लालमिर्च मे भी तेजी का तूफान आ सकता है।

31 अक्तूबर को नेप्च्यून मार्गी होगा। इसका प्रभाव खासकर रुई, कपास, तेल, गुड़, खाण्ड के बाज़ारों पर पड़ता है। इसलिए मास के अन्तिम दिनों में बाजारों में मन्दे का रुख बनने की उम्मीद है।

नवम्बर

1 नवम्बर को बुध मार्गी हो जाता है। इस समय बुध कन्या राशि में अकेला है। बुध पर मंगल की खास नज़र है। बुध का सबसे ज्यादा असर तिलहन बाज़ारों पर अनुभव किया गया है। तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, सोयाबीन, सरसों, तोड़िया, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित चीज [illegible] जोरदार तेजी या मन्दे के रिएक्शन्ज आएंगे। हमारे विचार से पहले मन्दा आकर बाद में तेज़ी बनेगी। रुई और चान्दी में पहले मन्दी आकर बाद में तेजी के योग हैं। गेहूं, जौ, चना, अनाज तेज रहेंगे।

3 नवम्बर को शुक्र कन्या राशि में आकर एक दिन के लिए बुध के साथ

रहेंगे। चान्दी, गेहूं, जौ, चना, उडद, मूंग, मटर, अरहर मन्दे रहेंगे। 22 अगस्त तक अलसी एवम् तेल, तिलहन में अच्छी तेजी के योग हैं।

23 अगस्त को बुध पू. फा. में आकर गुड़, खाण्ड, गेहूं आदि अनाजों में मन्दा बना सकता है। 25 अगस्त को वक्री यूरेनस पू. भा. 1 में प्रवेश करेगा एवम् 27 अगस्त को शुक्र का पूर्व में उदय होगा। रुई, सूत, चान्दी, चावल, घी, सोना, तेल, तिलहन में झटके की तेजी या मन्दा बन सकता है– बाजार के रुख को देखकर काम करें।

28 अगस्त को गुरु ज्येष्ठा 1 में आएगा। चान्दी में मन्दा बने, अनाजों में भी घटा–बढ़ी के साथ मन्दा रहे। 28 अगस्त मंगलवार, शतभिषा नक्षत्र, श्रावणी पूर्णिमा को चन्द्रग्रहण यद्यपि भारत के पूर्वोत्तरी छोर पर अत्यल्प समय के लिए ही घटित होगा; परन्तु इसका फल व्यापारिक दृष्टि से इसप्रकार लिखा है–

"श्रावणी पूर्णिमायां तु यदीन्दुग्रहणं भवेत्।
घृते तैले तथा धान्ये संग्रहे लाभमादिशेत्।।"

अर्थात्– इस समय घी, तेल, तिलहन, अनाज, दालवाना आदि के स्टॉक से लाभ की उम्मीद रखें।

30 अगस्त को बुध उ. फा. में प्रविष्ट होगा। इसी दिन (30 अगस्त को ही) बुध का उदय पश्चिम में होगा। शेयर, उड़द, मूंग, मोठ, मसूर, अरहर में तेजी; रुई में घटाबढ़ी होकर मन्दी; चान्दी में भी घटाबढ़ी के बाद मन्दी रहे।

31 अगस्त को सूर्य पू. फा. में आकर जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, तिल, तेल, गेहूं, घी, ज्वार, बाजरा, चावल, ऊनीवस्त्र, रुई, सूत में तेजी लाए। चान्दी में घटाबढ़ी चले।

सितम्बर

1 सितम्बर को बुध कन्या राशि में प्रवेश करेगा। जब बुध अकेला कन्या राशि में आता है तो मन्दी की अफवाहें फैलाकर बाजार के रुख को मन्दे की तरफ कर देता है। बुध अफवाहें फैलाने वाला ग्रह है। इसलिए बाजार के रुख को देखकर ही काम करें। कन्या राशि में बुध अपनी उच्च राशि में माना जाता है। हमारे विचार से रुई और चान्दी में अच्छे मन्दे के झटके आएंगे। गेहूं, जौ, चना, चावल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी में तेजी का रुख रहेगा। कुछ विद्वान् बुध को कन्या राशि में मन्दीकारक मानते हैं। इसलिए अगर बाजार मन्दे की तरफ जाने लगें तो मन्दा भी बन सकता है–सावधानी से काम करें। 3 सितम्बर तक एकतरफा तेजी या मन्दे का योग बनेगा।

4 सितम्बर को मंगल मृगशिर नक्षत्र में आकर तिल, चान्दी में तेजी; रुई में पहले मन्दी, बाद में तेजी, अन्य व्यापारिक वस्तुओं में प्रायः मन्दे की ओर झुकाव बनाएगा। 6 सितंबर तक बाजार डावांडोल रहेंगे।

7 सितम्बर को शनि मघा नक्षत्र के तृतीय चरण में प्रवेश करेगा और उसी दिन प्लूटो (मेदनी ग्रह) मार्गी हो रहा है। शनि इस समय सूर्य के नक्षत्र में, सूर्य की राशि में एवम् सूर्य और केतु के साथ ही है। यह तेल, तिलहन, घी, लोहे की चीजों एवम् खाद्य तेलों में तेजी करेगा। रुई, कपास भी तेज रहेंगे।

8 सितम्बर को सिंह राशि में शनि उदित होगा, बुध हस्त में आएगा और शुक्र मार्गी होगा। गेहूं आदि अनाजों में मन्दे का रुख रहेगा। 9 सितम्बर को रुई, शेयर बाजार, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली में मन्दा रहेगा। सज्जी, लौह, जस्ता, रंग, सीसा आदि काले पदार्थ, लकड़ी, लहसुन, चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी बने।

11 सितम्बर को मंगलवारी अमावस भी गुड़, खाण्ड, तेल, तिलहन और दालवाना में तेजी का संकेत देती है। 13 सितम्बर को सूर्य उ.फा. नक्षत्र में दाखिल होगा। 14 दिन में रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चान्दी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, मूंज, बाण और नील में तेजी बने। कदाचित् अनाज यहां सस्ते हों तो संटॉक करें; तीन महीने में अच्छा लाभ मिलेगा। चान्दी, गुड़, खाण्ड में मन्दे के बाद तेजी बने। 15 सितम्बर तक बाज़ार अनिश्चित रूप में चलेंगे।

16 सितम्बर को मंगल मिथुन राशि में दाखिल होगा। इन दिनों रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, अफीम, तांबा, मजीठ एवम् लालमिर्च आदि लाल चीजों में अच्छी तेजी बनेगी। क्योंकि मंगल मौसम, हवा पर विशेष प्रभाव डालता है, कभी–कभी मंगल ग्रह के कारण वर्षा की कमी होने से बाजारों में तेजी आ जाती है। तेलवाना, रुई, कपास, जूट, सोना, चान्दी और शेयर बाज़ारों में यह ग्रह विशेष तेजी करता है।

17 सितम्बर को बुध चित्रा नक्षत्र में और सूर्य कन्या राशि में दाखिल होगा। इस समय इन पर मंगल की विशेष नज़र भी है। सूर्य कन्या राशि में आकर उच्च बुध के साथ मेल करेगा। रुई, नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ और लाल रंग की चीजों में तेज़ी बनेगी। रुई, चान्दी और शेयरों में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने। अनाज भी कुछ तेज़ रहेंगे।

[नोट–16 से 21 सितम्बर तक बाज़ार प्रायः तेज़ी की तरफ रहेंगे।]

22 सितम्बर को बुध तुला राशि में प्रवेश करेगा। इस समय इस पर शनि की विशेष नज़र होगी तुला राशि का मालिक शुक्र, बुध की भान्ति ही मन्दे की तरफ इशारा करता है। चान्दी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, सोयाबीन, मूंगफली में मन्दा बने। रुई, गुड़, खाण्ड, सोना और अफीम में तेज़ी बनेगी। 22 से 26 सितम्बर तक बाज़ारों में तेज़ी–मन्दी के अच्छे रिएक्शन्ज़ बनेंगे। मन्दे में खरीदें और तेज़ी में बेचकर लाभ लेते रहें।

27 सितम्बर को सूर्य हस्त नक्षत्र में दाखिल होगा। सूर्य पर मंगल की खास नज़र है। गेहूं, जौ, गुड़, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, जूट, लकड़ी, नमक, हरड़, हींग,

धनिया, हल्दी तेज़ होंगे। 28 सितम्बर को बुध स्वाती नक्षत्र में आकर रुई में अचानक मन्दा बना सकता है।

29 सितम्बर को बृहस्पति ज्येष्ठा नक्षत्र के द्वितीय चरण में आकर रुई और चान्दी में मन्दा और अनाजों के भावों मे घटाबढ़ी करे। 29 सितम्बर को शुक्र मघा नक्षत्र और सिंह राशि में पुनः आकर शनि के साथ एक राशिसम्बन्ध बनाएगा और राहु के साथ शनि, शुक्र दोनों समसप्तकयोग भी बनाएंगे। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज, लालचन्दन, मजीठ, लालमिर्च, तेल, तिलहन एवम् सोना-चान्दी में अचानक तेजी का योग बनता है।

30 सितम्बर को आर्द्रा नक्षत्र में मंगल के दाखिल होने पर रुई, सूत, कपास, अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल एवम् नमक मे तेज़ी बनेगी। चान्दी में कुछ मन्दे का झटका आ सकता है।

अक्तूबर

अक्तूबर 1 से 4 तक बाज़ारों में कुछ चीज़ों में तेजी, कुछ में मन्दी रहेगी। बाज़ार अस्थिर रहेंगे। 5 अक्तूबर को शनि मघा के चतुर्थ चरण में आएगा। शनि का सीधा असर कच्ची चीजों की फसल पर और उनकी पैदावार पर अनुभव किया गया है। रुई, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, कपास व सरसों आदि की फसल व पैदावार शनि के प्रभाव से खराब हो जाती है, जिससे बाज़ारों में तेजी अनुभव की जाती है। शनि के मघा के चतुर्थ चरण में आने से अनाज व दालवाना में तेज़ी बनेगी। रुई, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, सरसों, कपास, घी, गुड़, खाण्ड, नमक में प्रायः तेज़ी रहेगी। यह तेज़ी लंबी जा सकती है। 9 अक्तूबर तक बाज़ार एकतरफा चल सकते है।

11 अक्तूबर को प्रातः सूर्य चित्रा नक्षत्र में आएगा। रुई, सूत, सोना, चान्दी, मोती आदि रत्न, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर आदि में तेजी बने। तेल, तिलहन में भी अच्छी तेज़ी आ सकती है।

12 अक्तूबर को बुध वक्री हो रहा है। बुध पर शनि की खास नज़र है। क्योंकि बुध तुला राशि में है, इसलिए तेजी और मन्दे की अफवाहों से बाज़ार में उथल-पुथल ला सकता है। हमारे विचार से रुई, कपास में झटके के साथ तेजी बनेगी, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी और अनाज, दालवाना, तेल, तिलहन में भी तेजी का रुख रहेगा।

13 अक्तूबर को तुलारथ चन्द्र के समय शनिवार को चन्द्रदर्शन होगा। रुई, सूत, वस्त्र, चान्दी, सोना, सरसों, मूंगफली, तेल तेज़ होंगे। गेहूं, बाजरा, मूंग, ज्वार, उड़द, अलसी, गुड, खाण्ड में भी तेजी बनेगी। 15 तारीख तक यह तेजी उत्तम-मध्यमरूप से चल सकती है।

16 अक्तूबर को पू. फा. नक्षत्र का शुक्र शनि के साथ होने के कारण गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, चना में कुछ मन्दा लाकर तेजी बनाएगा।

17 अक्तूबर को सूर्य अपनी नीच राशि तुला में प्रवेश करेगा। इस समय शनि की सूर्य पर विशेष नज़र होगी। साथ ही वक्री बुध का मेल तुला राशि में सूर्य के साथ बन रहा है। रुई और चान्दी में जोरदार घटाबढ़ी चलेगी, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सोना, तांबा में अच्छी तेजी बनेगी। लाल-चन्दन, मजीठ, श्रीफल, सुपारी, गुड, शक्कर, तोड़िया, सरसों, एरण्ड, मूंगफली में भी अच्छी तेजी का योग है। 18 अक्तूबर को बुध पश्चिम में अस्त होगा। इस समय बुध, नीच सूर्य के साथ शनि से दृष्ट है। वस्त्र, रुई, शेयर 15 दिन में मन्दे होकर अच्छे तेज़ हो जाएंगे।

19 अक्तूबर को गुरु ज्येष्ठा के तृतीय चरण में आकर चान्दी में मन्दी, अनाजों मे घटाबढ़ी करे। 19 से 22 अक्तूबर तक बाजारों मे अच्छी घटाबढ़ी रहे।

23 अक्तूबर को वक्री बुध चित्रा नक्षत्र में आकर रुई और चान्दी में घटाबढ़ी करेगा। अनाजों में कुछ तेजी रहेगी।

24 अक्तूबर को सूर्य स्वाती नक्षत्र में आएगा। इसी दिन राहु शतभिषा के पहले चरण में और केतु मघा के तीसरे चरण में दाखिल होगा। राहु कुम्भ राशि का है। राहु और सूर्य पर शनि की नजर है। खाद्य तेल, तिलहन, कपास, घी, गुड़, खाण्ड, सूत, ऊन एवम् नमक मे तेजी बने। सण, रेशम, कपडा, सोना, चान्दी, बिनौला, सुपारी, मिर्च, राई, हींग, गुग्गुल भी तेज होंगे। 24 से 30 तारीख तक वायदा व्यापार और हाज़िर चीजों में बड़ी अच्छी तेजी के चांस हैं।

30 अक्तूबर को वक्री बुध कन्या मे आकर मंगल की नजर में आ जाएगा। 30 तारीख को ही बुध पूर्व में उदित होगा और शुक्र उ.फा. में दाखिल होगा। रुई में पहले मन्दी होकर बाद में जोरदार तेजी बनेगी। सोना, चान्दी में घटाबढ़ी के अच्छे रिएक्शन्ज़ बनेंगे। गेहूं, जौ, चना, गुड, शक्कर, खाण्ड और हल्दी तेज होंगे। तिल, घी, पाट, हैसियन एवम् लालमिर्च में भी तेजी का तूफान आ सकता है।

31 अक्तूबर को नेप्च्यून मार्गी होगा। इसका प्रभाव खासकर रुई, कपास, तेल, गुड़, खाण्ड के बाजारों पर पड़ता है। इसलिए मास के अन्तिम दिनों में बाजारों में मन्दे का रुख बनने की उम्मीद है।

नवम्बर

1 नवम्बर को बुध मार्गी हो जाता है। इस समय बुध कन्या राशि में अकेला है। बुध पर मंगल की खास नज़र है। बुध का सबसे ज्यादा असर तिलहन बाजारों पर अनुभव किया गया है। तेल, अलसी, एरण्ड, गुड, बिनौला, मूंगफली, सोयाबीन, सरसों, तोड़िया, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित चीज [illegible] जोरदार तेजी या मन्दे के रिएक्शन्ज आएंगे। हमारे विचार से पहले मन्दा आकर बाद में तेज़ी बनेगी। रुई और चान्दी में पहले मन्दी आकर बाद में तेजी के योग हैं। गेहूं, जौ, चना, अनाज तेज रहेंगे।

3 नवम्बर को शुक्र कन्या राशि में आकर एक दिन के लिए बुध के साथ

मेल करेगा। जब शुक्र बुध के साथ मेल करता है, तो बाज़ारों में तूफानी मन्दी या तेजी बनती है। कहने का मतलब यह है कि– अगर बाज़ार तेज़ी की तरफ बढ़ रहे हों तो तूफानी तेज़ी बनेगी और अगर बाज़ार मन्दे में हों तो ज़ोरदार मन्दा बनेगा। हमारे विचार से चान्दी में कुछ घटाबढ़ी होकर जोरदार तेज़ी बने और अनाज, गुड़, खाण्ड, ऊनी वस्त्र भी तेज़ हों। इस समय चावलों में विशेष तेज़ी का झटका आएगा।

4 नवम्बर को बुध तुला राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। इस समय सूर्य और बुध पर शनि की विशेष नजर है। चान्दी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली, तोड़िया, सोयाबीन, सूरजमुखी आदि में मन्दे की उम्मीद होने के बावजूद भी बाज़ार तेज़ी की तरफ रह सकते हैं। रुई, गुड़, खाण्ड, सोना और अफीम में भी अच्छी तेजी बने।

6 नवम्बर को गुरु ज्येष्ठा के चौथे चरण में और सूर्य विशाखा नक्षत्र में दाखिल होगा। चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी आए। जौ, चावल, गेहूं, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, एरंण्ड, अफीम तेज़ होंगे। अलसी, चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। 11 नवम्बर तक बाजारों में अच्छे उलट–फेर होंगे– सावधानी से काम करें।

9 नवम्बर को प्लूटो मूल नक्षत्र के दूसरे चरण में दाखिल होगा। इस समय प्लूटो और मंगल आमने–सामने हैं। यह योग गुड़, शक्कर, घी, तेल, तिलहन में अच्छी तेज़ी ला सकता है।

11 नवम्बर को बुध स्वाती नक्षत्र में दाखिल होगा और इसी दिन रविवार, अनुराधा नक्षत्र और वृश्चिक के चन्द्रमा के समय चन्द्रदर्शन भी होगा। गुड़, तेल, सोना, चान्दी आदि तेज होंगे। रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दा बनेगा। सभी प्रकार के अनाजों में मन्दे का रुख रहेगा।

12 नवम्बर को शनि पू. फा. के प्रथम चरण में और शुक्र हस्त में दाखिल होगा। गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, सरसों तिल, तेल में तेज़ी; रुई में घटाबढ़ी चले। इस समय अगर चावल आदि अनाज मन्दे हों तो स्टॉक करें, आगे जल्दी ही लाभ मिलेगा। सोना तेज़, चान्दी मन्दी; गुड़, खाण्ड और शक्कर में घटाबढ़ी चले।

[नोट– 11 से 15 नवं. को बाज़ारों में काफी उठा–पटक रहेगी– सावधानी से काम करें।]

16 नवं. को मंगल वक्री हो रहा है। मंगल मिथुन राशि में अकेला ही है। रुई, सोना, चान्दी, अलसी, लालमिर्च, लालचन्दन और अन्य लाल रंग की चीज़ों में तेज़ी बने। इस समय लालमिर्च में अच्छी तेजी आने का योग है।

[नोट–मंगल जिस राशि में वक्री होता है, उस राशि के अधिकार– क्षेत्र में आने वाली वस्तुओं में तेज़ी करता है। कहने का तात्पर्य यह है कि– तेल, तिलहन में भी इस समय अच्छी तेज़ी का योग बन सकता है।]

[यदि 15 से 20 नवंबर तक तेल, तिलहन, रुई, चान्दी, लालमिर्च में अच्छी तेजी बनती है तो तुरन्त सारा स्टॉक निकाल दें, क्योंकि आगे बहुत बड़ा मन्दा आने का योग है।]

21 नवम्बर को बुध विशाखा में और 21 नवम्बर की रात्रि के बाद 22 नवम्बर को प्रातः गुरु मूल नक्षत्र और धनु राशि में प्रवेश करेगा। यह विशेष योग है, इसको व्यापारी नोट करें। कुल्थ, मूंग, मोठ, ग्वार, ज्वार, बाजरा व अन्य अनाजों में मन्दा; चान्दी और रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दा बनेगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी अधिक मन्दे हो सकते हैं। पुराने रिकॉर्ड के मुताबिक कभी–कभी धनु राशि का बृहस्पति इतना मन्दा ला देता है कि– गुड़, खाण्ड के भाव में रुपये में से 30 पैसे रह जाते हैं। सफेद चीज़ों, रुई, चान्दी, नमक एवम् अनाज, पाट, सण, कुष्टा, तिल, तेल, घी, सोना, पीतल, लोहा, तांबा, कांसा, सिक्का में भी मन्दा आता है।

[नोट–धनु राशि पर बृहस्पति के रहते हुए अगर कार्तिक मास में घी मन्दा हो तो तुरन्त स्टॉक करें। चैत्र मास में अच्छी तेज़ी से लाभ मिलेगा।]

ध्यान दें–बृहस्पति और मंगल का समसप्तकयोग संवत् के आखिर तक चलेगा। इसलिए गुड़, शक्कर और घी में विशेष मन्दा न आए– यह सम्भव है।

24 नवम्बर को शुक्र चित्रा में आएगा एवम् बुध पूर्व में अस्त होगा। यूरेनस इसी दिन मार्गी हो रहा है। लगभग एक मास तक अनाज, घी, सोना, चान्दी में मन्दा बने। रुई में पहले तेज़ी, बीच में मन्दी, अन्त में फिर तेज़ी बने। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी रहेगी।

27 नवम्बर को बुध वृश्चिक राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। जब बुध का सूर्य के साथ मेल होता है तो यह तेज़ी कारक हो जाता है। घी, तेल, तिलहन, रुई और चान्दी में तेज़ी बने। गुड़, शक्कर, खाण्ड में भी कुछ तेज़ी बने। सोने का भाव समान रहे। अफीम और अनाज मन्दे रहें। 29 नवम्बर को बुध अनुराधा नक्षत्र में आकर सूत, सण, रुई, सोना, चान्दी में मन्दा करेगा। अनाज के भाव सम रहें।

30 नवम्बर को शुक्र अपनी राशि तुला में दाखिल होगा और इस समय शनि की इस पर उच्च दृष्टि होगी। एक मास में रुई, चान्दी और अफीम में पहले तेज़ी और पीछे मन्दी आए। सोने में तेज़ी; चान्दी में घटाबढ़ी चले। गुड, खण्ड में तेज़ी का वातावरण बने। अनाज भी तेज़ रहें।

दिसम्बर

दिसम्बर मास के प्रारम्भ में कुछ जिन्सों के बाज़ार विशेष मन्दे में रहेंगे। रुई, चान्दी, सोने में अच्छी घटाबढ़ी एवम् गुड़, खाण्ड में कुछ तेज़ी रहे।

3 दिसम्बर को सूर्य ज्येष्ठा नक्षत्र में आएगा। 15 दिन में रुई, सोना, चान्दी,

चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, पारा, गुड़ एवम् खाण्ड में तेज़ी बने। रुई में पहले मन्दी होकर बाद में तेजी बने। 5 दिसम्बर तक बाज़ार कुछ इसी प्रकार रहेगा।

6 दिसम्बर को गुरु मूल नक्षत्र के दूसरे चरण में एवम् शुक्र स्वाती नक्षत्र में प्रवेश करेगा। **शुक्र, गुरु-- दोनों परस्पर शत्रु हैं। शुक्र रुई, गुड़, खाण्ड, तिलहन तथा चान्दी के बाज़ारों पर वर्चस्व रखता है। शुक्र अकेला कभी-कभी ज़ोरदार मन्दा बनाता है, लेकिन तुला राशि का शुक्र यहां शनि से दृष्ट है, अतः कुल्थ, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा व सोना-चान्दी में मन्दे का झटका आएगा। लेकिन गुड़, खाण्ड तेज़ रहें।**

8 दिसम्बर को ज्येष्ठा नक्षत्र का बुध घी, गुड़, खाण्ड एवम् चावलों में तेजी बनाता है। क्योंकि बुध, सूर्य दोनों इस समय ज्येष्ठा नक्षत्र पर हैं और शनि की इन पर नज़र भी है इसलिए तेल, तिलहन में भी कुछ तेज़ी के आसार बन सकते हैं, बाज़ार का रुख देखकर काम करें।

10 दिसम्बर को धनुराशिस्थ गुरु अस्त होगा। रुई व शेयरों में तेज़ी, सोना, चान्दी और अनाज मन्दे हों।

11 दिसम्बर मंगलवार धनुस्थ चन्द्र के समय चन्द्रदर्शन अनाज एवम् सभी व्यापारिक वस्तुओं मे तेज़ी करेगा। रुई में मन्दे के बाद तेज़ी बनेगी। सोना, चान्दी, कपास, रुई, सूत एवम् अनाज मन्दे रहेंगे। बाज़ारों में तेज़ी-मन्दी का यह सिलसला 15 दिसम्बर तक चल सकता है।

16 दिस्म्बर को सूर्य एवम् बुध दोनों मूल नक्षत्र एवम् धनु राशि में प्रविष्ट होंगे। इन पर मंगल की पूर्ण दृष्टि है। रुई, कपास, सोना, चान्दी, सूत, अलसी, तिल, तेल एवम् अन्य तिलहनों में तेज़ी बने। यह तेज़ी टिकाऊ नहीं; जल्दी ही लाभ लें, आगे जल्दी मन्दा आ सकता है।

17 दिसम्बर को शुक्र विशाखा नक्षत्र में आकर रुई व अनाजों में मन्दा करेगा।

19 दिसम्बर को सिंह राशि का शनि वक्री हो रहा है। इस समय शनि पर बृहस्पति की नज़र भी है। शनि--राहु का समसप्तकयोग भी बन रहा है। सिक्का, कली, गेहूं, ज्वार, चावल, घी, तेल, सीमेन्ट एवम् अलसी, सरसों आदि तिलहनों में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। 20 दिसम्बर तक मन्दे में खरीदें एवम् तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें।

21 दिसम्बर को मूल नक्षत्र के तीसरे चरण में गुरु के आने पर कुल्थ, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा व सोना, चान्दी में मन्दा बने; रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दा आए।

24 दिसम्बर को पू. षा. में बुध के आने पर बिनौला तेज, अनाज मन्दे हों। इस समय सोना, चान्दी में विशेष मन्दा आने का योग है।

[21 से 24 दिसम्बर तक बाज़ार प्रायः मन्दे रहेंगे।]

25 दिसम्बर को शुक्र वृश्चिक में दाखिल होगा। रुई, शेयर, चान्दी, अफीम में पहले मन्दी होकर बाद में तेज़ी बने। गुड में घटाबढ़ी; गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा आदि अनाजों में तेज़ी बनेगी। अलसी भी तेज़ रहेगी।

26 दिसम्बर को राहु धनिष्ठा के चतुर्थ चरण में और केतु मघा के दूसरे चरण में दाखिल होगा। राई, जौ, गेहूं, मोठ, चना, चावल, मूंग, उड़द, बाजरा, ज्वार मे तेज़ी बने। शक्कर, गुड, खाण्ड में भी तेज़ी रहे। दाख, घी, एवम् अलसी आदि तिलहन में विशेष तेज़ी का योग बनता है। 28 दिसम्बर को शुक्र अनुराधा में दाखिल होगा। 22 दिन में गुड़, खाण्ड, चावल आदि में मन्दा आने पर स्टॉक करें।

29 दिसम्बर को सूर्य पू. षा. में और 29 दिसम्बर को ही वक्री मंगल मृगशिर में दाखिल होगा। 14 दिन में तिल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गुल, चमड़ा, ऊनी वस्त्र, कपूर, सोना, चान्दी में तेज़ी हो। 30 तारीख को तिल, चान्दी में तेज़ी; रुई में पहले मन्दी आकर बाद में तेजी बने। अन्य व्यापारिक वस्तुओं में प्रायः मन्दे की ओर झुकाव रहता है।

जनवरी (सन् 2008 ई.)

2 जनवरी को बुध उ.षा. में आता है। अनाजों में मन्दे का रुख रहे। 4 जनवरी को बुध मकर में आकर मंगल से दृष्ट है। रुई, सोना, चान्दी में तेज़ी रहे। दालवाना एवम् मोटे अनाजों का भाव मध्यम रहे। क्योंकि बुध जब मकर राशि में अकेला होता है तो मन्दी की अफवाहें बाजारों में फैलती हैं, इसलिए जो भी बाजारों का रुख बनता है, वह स्थाई नहीं होगा। **4 तारीख को ही बृहस्पति उदित होगा। इस समय बुध और बृहस्पति दोनों अस्त हैं।** वर्षा एवम् जलवायु के विचार से बाजार मे अचानक मन्दा भी बन सकता है। लेकिन चान्दी और अनाज तेज रहेंगे। सोना मे मन्दा रहे।

5 जनवरी को गुरु मूल नक्षत्र के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। कुल्थ, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा व सोना-चान्दी मन्दे होंगे। रुई मे घटाबढ़ी के बाद मन्दा आए। 8 जनवरी को शुक्र ज्येष्ठा में आएगा और बुध पश्चिम में उदित होगा। अनाज कुछ तेज रहेंगे। सोना, चान्दी, चावल, सरसों, तिल, तेल, हींग में मन्दा बने। 8 जनवरी को ही भौमवती अमावस होने से आगे बाज़ार तेज होते प्रतीत होते हैं।

[जनवरी के प्रथम सप्ताह में बाज़ार अनिश्चित रूप में चलेंगे। कोई विशेष तेज़ी का योग नहीं बनता। बाज़ारों में मन्दी प्रधान रहेगी।]

10 जनवरी को श्रवण नक्षत्र का बुध एवम् गुरुवारी चन्द्रदर्शन होने से गुड, खाण्ड, अलसी, चना, चावल, रुई, सूत, सरसों, घी में तेजी, सोना, चान्दी मन्दे एवम् अनाजों में तेज़ी रहे।

11 जनवरी को उ. षा. नक्षत्र में सूर्य आकर उड़द, मूंग, चावल, चना, गेहूं,

गुड़, खाण्ड, लाल शक्कर, कपास, पिप्पलामूल, चमड़ा, सरसों, मूंज, पाट, सूत, तेज होंगे।

14 जनवरी रविवार को सूर्य मकर राशि में दाखिल होकर बुध के साथ मेल करेगा। इस समय सूर्य, बुध पर मंगल की खास नजर है। सूर्य ग्रह का असर रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, कपास, अनाज, सोना, चान्दी, शेयर, हल्दी और कालीमिर्च पर विशेष अनुभव किया गया है। इस लिए घी, तेल, अलसी, गुड़, शक्कर, खाण्ड और रुई में तेजी बने एवम् गेहूं आदि अनाज व बारदाना में मन्दे की ओर रुख रहेगा।

19 जनवरी को बुध धनिष्ठा में तथा गुरु पू. षा. में आएगा और इसी दिन शुक्र मूल नक्षत्र और धनु राशि में आकर बृहस्पति के साथ मेल करेगा। बृहस्पति और शुक्र– दोनों जब एक राशि में आते हैं तो वर्षा–पानी से व्यापार को प्रभावित करते हैं। गुरु–शुक्र पर मंगल की विशेष नज़र भी है।

ध्यान दें– गुरु–शुक्र के साथ मेदिनी ग्रह प्लूटो भी मेल कर रहा है। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज एवम् दालवाना किंवा, सोना, चान्दी आदि धातु और शेयर बाज़ार तेज़ रहेंगे। रुई, कपास, सूत में पहले मन्दी आकर बाद में तेजी बने।

[14 से 23 जनवरी तक बाज़ारों में अच्छी तेज़ी के रिएक्शन्ज़ आएंगे। मन्दे में खरीदें और तेज़ी में बेचें।]

24 जनवरी को सूर्य श्रवण नक्षत्र में आता है। 14 दिन में गेहूं, जौ, चावल, रुई, सूत, सण, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सुपारी, लौंग में तेज़ी बने। 25 जनवरी को सूर्य अभिजित् से निवृत्त होकर सुखद जलवायु बनाएगा और फलों के भाव सस्ते होंगे। 26 और 27 जनवरी को प्रायः बाज़ार तेज रहेंगे।

28 जनवरी को मकर राशिस्थ बुध वक्री हो रहा है। इस समय मंगल एवम् शनि भी वक्री हैं। 28 जनवरी को ही वक्री शनि मघा के चौथे चरण में दाखिल होगा। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, नमक एवम् दालवाना, गेहूं, जौ, चना आदि अनाज तेज़ रहेंगे। रुई में भी झटके के साथ तेज़ी आने का योग है।

30 जनवरी को शुक्र पू. षा. नक्षत्र में दाखिल होगा। शुक्र बृहस्पति और प्लूटो के साथ चल रहा है। मंगल की इन पर पूरी नजर है। इसलिए 13 दिन में मूंग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों व नमक आदि खारे पदार्थों में मन्दा आकर कुछ तेज़ी बने।

30 जनवरी को मंगल मार्गी होकर रुई में ज़ोरदार मन्दा करेगा और गुड़, खाण्ड में भी मन्दे का रुख बन सकता है। तेल, तिलहन और चान्दी भी तेज़ रहें।

नोट– 28 जनवरी को वायदा बाज़ार का जो रुख होगा, 30 तारीख को मंगल के मार्गी होने पर वह रुख बदल जाएगा। जिसका प्रभाव 31 जनवरी को देखा जाएगा।

31 जनवरी को बुध पश्चिम में अस्त होकर रुई में अच्छी मन्दी का झटका देगा। चान्दी तेज़ रहेगी। पाट, हैसियन, और शेयर मन्दे होंगे। क्योंकि बुध वक्री होकर अस्त हुआ है। इसलिए इस समय दालवाना, चना, गेहूं, चावल और तेल, तिलहन में अच्छी तेजी या मन्दे के रिएक्शन्ज आएंगे--सावधानी से काम करें।

जनवरी में हाजिर एवम् वायदा व्यापारियों के लिए कुछ चांस

1) **जनवरी 4, 5, 8 को बाज़ार मन्दी प्रधान रहेंगे।**
2) **जनवरी 10, 11, 14, 19 को तेल, तिलहन, गुड़, शक्कर, खाण्ड, घी, सोना, चान्दी के व्यापारी तेज़ी से लाभ लें।**
3) **जनवरी 24 एवम् 28 को घी, गुड़, खाण्ड, रुई, गेहूं, जौ, चना, सोना, एवम् चान्दी में तेज़ी रहे।**
4) **31 जनवरी को रुई में झटके की मन्दी और चान्दी में तेज़ी बने।**

फरवरी

फरवरी के प्रारम्भिक दिनों में बाज़ार कुछ मन्दे रह सकते हैं। 4 तारीख को गुरु पू. षा. के दूसरे चरण में दाखिल होगा। **ध्यान दें–** इस समय शुक्र भी पू. षा. नक्षत्र में ही चल रहा है। रुई, सोना, चान्दी आदि धातु व अनाज मन्दे रह सकते हैं।

6 फरवरी को सूर्य धनिष्ठा में एवम् वक्री बुध श्रवण नक्षत्र में दाखिल होगा। बुध अस्त भी है। सोना, चान्दी, मणि, मोती आदि जवाहरात, मूंग, चना, चावल, मसूर, गेहूं आदि अनाज एवम् गुड़, खाण्ड, अलसी में तेज़ी बनेगी।

8 फरवरी शुक्रवार को कुम्भस्थ चन्द्र के समय चन्द्रदर्शन का होना सरसों, तिल, तेल, गेहूं, चावल, उड़द, चना, रुई, सोना, चान्दी, दालवाना, राजमाह, मूंग, मोठ, अरहर, मसूर तेज़ रहेंगे। कपास और गुड़ में भी तेज़ी रहे। 10 फरवरी को शुक्र उ. षा. में दाखिल होगा। गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी, अलसी, एरण्ड मन्दे होंगे। अनाज तेज़; रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। यह तेज़ी 12 तारीख तक उत्तम--मध्यमरूप से चल सकती है। 12 तारीख को शुक्र मकर राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। इस समय बुध और शुक्र पर मंगल की नज़र भी होगी। 12 फरवरी को ही बुध पूर्व में उदित होगा। शेयर, अफीम, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, चना आदि सब अनाज तेज़ रहेंगे। रुई में पहले मन्दी, बाद में झटके के साथ तेज़ी आए। चान्दी में झटके के साथ घटाबढ़ी बनेगी। तेल, तिलहन, घी, लालमिर्च, पाट, हैसियन में भी तेज़ी रहेगी।

13 फरवरी को बुध कुम्भ में आकर राहु के साथ मेल करेगा। इस समय शनि की कुम्भस्थ सूर्य और राहु पर शनि की पूरी नजर होगी। घी, तेल, नमक, सरसों, मूगफली, तोड़िया, सूरजमुखी, एरण्ड, अलसी और राई में अच्छी तेज़ी बने। रुई एवम् गेहूं आदि अनाज; गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दा आ सकता है।

17 फरवरी तक बाज़ारों में तेज़ी–मन्दी के अच्छे रिएक्शन्ज़ आएंगे– समझ से काम करें; अच्छा लाभ मिल सकता है। 18 फरवरी को राहु धनिष्ठा के तीसरे चरण में और केतु मघा के पहले चरण में दाखिल होगा। इस समय मेदिनीग्रह प्लूटो मूल नक्षत्र के तीसरे चरण में प्रवेश कर रहा है अतः गेहूं, जौ, मोठ, चना, चावल, मूंग, उड़द, मसूर, बाजरा, ज्वार में तेज़ी बनेगी। इस समय अलसी में भारी तेज़ी का योग है। गुड़, खाण्ड, शक्कर भी में मन्दा रहे।

19 फरवरी को सूर्य शतभिषा नक्षत्र में प्रवेश करेगा और इसी दिन मकर राशि का बुध मार्गी हो जाएगा। सूर्य और बुध– दोनों शनि के क्षेत्र में हैं। सूर्य पर शनि की नज़र है और बुध पर मंगल की नज़र। 14 दिन में सोना, चान्दी, सूत, सण, कपड़ा, तिलहन, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, दाख, हल्दी, गेहूं, गुड़ के भाव तेज़ रहें। रुई में पहले मन्दी, बाद में तेज़ी बने। चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बने। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज तेज़ हों। रेशम, गुड़, खाण्ड, बिनौला मूंगफली, कपूर, चन्दन आदि सुगन्धित चीज़ें मन्दी हों। सोना तेज़ रहे।

20 तारीख को शुक्र श्रवण में आकर चान्दी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मूंग, मोठ, उड़द तथा अनाजों में मन्दा करे। तिलहन में तेज़ी; रुई में मन्दी होकर तेज़ी हो।

21 फरवरी को गुरु पू. षा. के तीसरे चरण में दाखिल होगा। जो कि रुई, सोना, चान्दी, तांबा, दालवाना और सब तरह के अनाजों में मन्दा आने का संकेत देता है।

वायदा एवम् हाज़िर व्यापारियों के लिए तेज़ी–मन्दी के कुछ चांस–

1) फरवरी 6, 8, 10, 12 को सोना, चान्दी, रुई, गुड़, खाण्ड, अलसी, चावल, मूंग, मोठ, चना, कपास, तिल, तेल में तेज़ी से लाभ मिलेगा।

2) फरवरी 13 से 17 तक बाज़ार डावांडोल रहेंगे।

3) फरवरी 19 को बाज़ार अच्छे तेज़ रह सकते हैं। 20, 21 फरवरी को बाज़ारों में मन्दे का रुख रहे।

4) 21 फरवरी से 29 फरवरी तक ग्रहण के प्रभावस्वरूप बाज़ार पहले 23 तारीख तक तेज़ रहेंगे। 25 से 29 तारीख तक बाज़ारों में उठा–पटक चलती रहेगी।

मार्च

2 मार्च को शुक्र धनिष्ठा में आकर चावल, मूंग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चान्दी, सोना, रुई, कपास में तेजी करेगा।

4 मार्च को सूर्य पू. भा. एवम् बुध धनिष्ठा में आकर रेशम, सोना, चान्दी, गेहूं, चना, उड़द, स्वांक, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, गुग्गुल, पिप्पलामूल एवम् रुई में घटाबढ़ी के साथ तेजी का रुख करे। **क्योंकि इस समय सूर्य एवम् बुध– दोनों शनि की विभिन्न राशियों में हैं; सूर्य पर शनि एवम् बुध पर मंगल की दृष्टि भी है, अतः यह योग तेज़ीकारक ही रहेगा।** 5 मार्च तक तेज़ी चलेगी।

6 मार्च को मंगल आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इस समय मंगल पर बृहस्पति की दृष्टि है। रुई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूं, चावल, चना, जौ एवम् चान्दी में तेजी आकर मन्दा बने। सोने में घटाबढ़ी चलेगी। 7 मार्च को भी घटाबढ़ी के साथ बाज़ार मन्दे रहें।

8 मार्च को शुक्र कुम्भ में आकर राहु एवम् सूर्य के साथ मेल करेगा। इस समय इन पर शनि की नज़र है। यद्यपि कुम्भ राशि का शुक्र मन्दे के रिएक्शन्ज़ दे सकता है, परन्तु शनि की दृष्टि एवम् राहु के साथ शुक्र का राशि सम्बन्ध होने से यहां कुछ तेज़ी बन सकती है। बाज़ार का रुख देखकर काम करें। हमारे विचार से रुई, चान्दी, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा एवम् श्वेतवस्तु में अच्छी मन्दी एवम् तेजी का चांस है। मन्दी प्रधान रह सकती है।

9 मार्च को रविवार, रेवती नक्षत्र एवम् मीनस्थ चन्द्र के समय चन्द्रदर्शन होने से गुड़, खाण्ड, शक्कर मन्दे रहें। सोना, चान्दी तेज़ एवम् रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी रहे।

10 मार्च को वक्री शनि मघा 3 में आएगा एवम् 10 मार्च को ही बुध कुम्भ राशि में दाखिल होकर सूर्य, शुक्र एवम् राहु के साथ मेल करेगा। मघा नक्षत्र तिलहन बाज़ारों, कालीमिर्च, जीरा, सोना, चान्दी को प्रभावित करता है। रुई, चान्दी, गेहूं, चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा, चीनी, तिलहन, तेल, कालीमिर्च, जीरा, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड में तेज़ी से अच्छा लाभ मिले।

11 मार्च को पू. षा. के चतुर्थ चरण में गुरु रुई, धातुओं, दालवाना एवम् मोटे अनाजों में मन्दी करेगा। 13 मार्च को शतभिषक् नक्षत्र का शुक्र गेहूं, गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों, रुई, सोना, चान्दी में तेज़ी करे।

14 मार्च को शुक्र मीन राशि में आकर तिल, तेल, अलसी, सरसों, खाण्ड, गुड़, शक्कर, रुई, सोना तेज़ करे एवम् प्रत्येक जाति के अनाजों में पहले कुछ तेज़ी, बाद में मन्दे की ओर झुकाव रहे। इस समय चान्दी में कुछ मन्दे का रुख बने।

15 मार्च को शतभिषा नक्षत्र का बुध दालवाना एवम् अनाजों में कुछ तेज़ी, परन्तु सोना–चन्दी में मन्दे का रुख करे।

17 मार्च को सूर्य उ.भा. में आएगा। 15 दिन में चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, तेल को तेज़ करेगा।

[10 से 23 मार्च तक बाज़ारों में ज़ोरदार मन्दे–तेज़ी के रिएक्शन्ज़ आएंगे। मन्दे में खरीदें, तेज़ी में लाभ लेते रहें।]

24 मार्च को बुध एवम् शुक्र– दोनों पू. भा. में प्रवेश करेंगे। बुध अस्त है। सोना, चान्दी, ताम्बा, लोहा तथा अनाज मन्दे रहें। रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे।

[25 से 29 मार्च तक बाज़ार अस्थिर रहेंगे।]

30 मार्च को सूर्य रेवती में एवम् बुध मीन राशि में प्रविष्ट होगा। रुई, गुड, खाण्ड, शक्कर में मन्दी, सोना, चान्दी में घटाबढ़ी, पहले तेज, बाद में उतनी ही मन्दी बने। यद्यपि मीन राशि का बुध मन्दा करता है, परन्तु यहां 30 मार्च को बुध का सूर्य से मेल हो रहा है, इसलिए मीन का बुध यहां रुई, गुड, खाण्ड, अलसी, सरसों, तोड़िया, मूंगफली, एरण्ड, सोयाबीन, सूरजमुखी, लहसुन, मोती, लाख, सज्जी, गेहूं, जौ, चना, चावल में तेज़ी देगा– ऐसा हमारा विचार है, समझ से काम करें।

31 मार्च को भी 30 मार्च की ग्रहस्थिति बल करेगी।

सज्जनों ! हमने ग्रहचाल को पूरी तरह जांचकर तेजी–मन्दी के रुख का बेरवा इस पंचांग में दिया है, फिर भी ग्रहचालवश यदि किसी प्रकार से आपको व्यापार में हानि होती है तो हम उसके लिए उत्तरदायी न होंगे। वैसे, हमारी प्रभु से प्रार्थना है, कि– आपको व्यापार में हमेशा उत्तम लाभ प्राप्त होता रहे।

यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(1 जनवरी, सन् 2007 ई. से 6 अप्रैल, सन् 2008 ई. तक)

जप एवं यन्त्र–मन्त्र आदि की साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन सक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य–चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य–चन्द्रग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिष ग्रन्थों में इस विषय के अनेक वचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्ट रूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्तशिरोमणि' में कहा है, कि–क्रांतिसाम्य के काल में विवाहादि मंगलकृत्य करना तो निषिद्ध है, लेकिन यदि इस समय जप, अनुष्ठानादि किया जाए तो उसकी वृद्धि होती है– *"पातस्थितिकालान्तर्गतमंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान–जप–होमदानादिकमत्रोपैति खलु वृद्धिम्।।"* यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे 1 जनवरी, 2006 ई. से 19 मार्च, सन् 2007 ई. तक की सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारभ और समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) दे रहे हैं। इन कालों में यंत्र–तंत्रो के निर्माण से एवम् मंत्रजाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण के पर्वकाल को भी मन्त्रादि साधना के लिए साधकों को उपयोग में लाना चाहिए। सायन संक्रान्तिपुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य और सूर्य–चन्द्रग्रहण के अलावा मन्त्रादि साधना के लिए अर्धोदय, महोदय, महामहावारुणीपर्व, महावारुणीपर्व, वारुणीपर्व और षडशीतिमुख पुण्यकाल भी महत्त्वपूर्ण माने गए हैं। षडशीतिमुख पुण्यकाल प्रतिवर्ष चार बार घटित होता है, जबकि शेष अर्धोदय आदि योग कभी–कभी आते हैं।

सावधान–यंत्र–मंत्र–तंत्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्य फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल में साधना कीजिए, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायन संक्रान्ति पुण्यकाल (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं.	मि.	समाप्त तारीख	घं.	मि.
सन् 2007 ई.					
20 जन.	10	31	20 जन.	22	31
19 फर.	0	39	19 फर.	12	39
20 मार्च	23	39	21 मार्च	11	39
20 अप्रै.	10	37	20 अप्रै.	22	37
21 मई	9	41	21 मई	21	41
21 जून	17	37	22 जून	5	37
23 जुला.	4	29	23 जुला.	16	29
23 अग.	11	38	23 अग.	23	38
23 सितं.	9	20	23 सितं.	21	20
23 अक्तू.	18	46	24 अक्तू.	6	46
22 नवं.	16	19	23 नवं.	4	19
22 दिसं.	5	38	22 दिसं.	17	38
सन् 2008 ई.					
20 जन.	16	14	21 जन.	4	14
19 फर.	6	20	19 फर.	18	20
20 मार्च	5	19	20 मार्च	17	19

निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल की भान्ति निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल में भी यंत्र–मंत्रादि की साधना की जा सकती है, लेकिन सायन संक्रान्तियों का पुण्यकाल इसके लिए विशेष महत्त्व रखता है।

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं.	मि.	समाप्त तारीख	घं.	मि.
सन् 2007 ई.					
13 जन.	21	22	14 जन.	3	29
26 जन.	9	59	26 जन.	14	41
8 फर.	18	47	8 फर.	23	39
21 फर.	7	53	21 फर.	11	34
6 मार्च	8	30	6 मार्च	12	48
19 मार्च	8	06	19 मार्च	11	20
31 मार्च	20	28	1 अप्रै.	0	40
14 अप्रै.	8	26	14 अप्रै.	12	12
26 अप्रै.	9	36	26 अप्रै.	14	10
10 मई	5	48	10 मई	10	15
22 मई	5	30	22 मई	10	52
5 जून	7	12	5 जून	13	10
17 जून	19	15	18 जून	1	52
27 जून	1	32	27 जून	8	38
10 जुला.	5	27	10 जुला.	11	09
23 जुला.	12	29	23 जुला.	18	20
5 अग.	9	37	5 अग.	14	00
18 अग.	6	57	18 अग.	13	22
31 अग.	8	15	31 अग.	12	02
13 सितं.	0	02	13 सितं.	4	20
26 सितं.	8	05	26 सितं.	11	31
8 अक्तू.	13	17	8 अक्तू.	17	25
22 अक्तू.	7	00	22 अक्तू.	10	38
3 नवं.	2	28	3 नवं.	7	00
17 नवं.	1	39	17 नवं.	6	50
29 नवं.	0	15	29 नवं.	5	53
13 दिसं.	3	30	13 दिसं.	10	42
सन् 2008 ई.					
3 जन.	21	28	4 जन.	4	55
17 जन.	6	50	17 जन.	12	12
29 जन.	23	19	30 जन.	5	02
12 फर.	4	49	12 फर.	9	05
24 फर.	16	20	24 फर.	20	36
9 मार्च	0	56	9 मार्च	4	28
21 मार्च	7	35	21 मार्च	10	40
3 अप्रै.	22	00	4 अप्रै.	2	08

सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य

सूर्य–चन्द्र की राशियों के अनुसार निर्धारित किये जाने वाले क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ–समाप्तिकाल नितान्त स्थूल होता है। यहां दिया गया क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ–समाप्तिकाल महापात गणित द्वारा स्पष्ट किया गया है। यह सर्वथा सूक्ष्म है। विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को ही वर्जित किया गया है।

षडशीतिमुख संक्रान्ति पुण्यकाल (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं.	मि.	समाप्त तारीख	घं.	मि.
(सन् 2007ई.)					
10 जन.	13	54	11 जन.	1	54
6 अप्रै.	3	00	6 अप्रै.	15	00
4 जुला.	6	53	4 जुला.	18	53
1 अक्तू.	12	11	2 अक्तू.	0	11
(सन् 2008 ई.)					
10 जन.	20	03	11 जन.	8	03
महोदययोग (सन् 2008 ई.)					
6 फर.	9	26	7 फर.	7	48
महावारुणी पर्व (सन् 2007 ई.)					
17 मार्च	12	02	17 मार्च	14	56
वारुणी पर्व (सन् 2008 ई.)					
3 अप्रैल	16	38	4 अप्रैल	2	51
गजच्छाया पर्व (सन् 2007 ई.)					
10 अक्तू.	8	17	11 अक्तू.	5	34

सूर्य–चन्द्रग्रहण

जैसा कि ऊपर लिखा है– यन्त्र– मन्त्र–तन्त्र साधना के लिए सूर्य एवम् चन्द्र ग्रहणों का पर्वकाल विशेष महत्त्व रखता है। इसवर्ष केवल चन्द्रग्रहण ही घटित हो रहे हैं। पर्वकालों के लिए पृ. 9 देखिए।

यन्त्र-मन्त्र एवम् तन्त्रों का चमत्कार

इस स्तम्भ के अन्तर्गत अनुभूत यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र गतवर्षों से देते आ रहे हैं। इस स्तम्भ के अन्तर्गत दिए गए मन्त्रों को शुभमुहूर्त में गुरुमुख से प्राप्त करके ग्रहणवेला, क्रान्तिसाम्य या सायन–संक्रान्तियों के पुण्यकाल में दृढ़–निश्चयपूर्वक अनुष्ठान करके सिद्ध कर लेना चाहिए। **ध्यान रहे–** दीपमाला के समय एवं महाशिवरात्रि की महत्वपूर्ण रात्रियों में किंवा **'यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों के लिए साधनाकाल'** में उल्लिखित समयावधियों में इन मन्त्र–तन्त्रों को सिद्ध करके, इनका चमत्कार आप अविलम्ब देख सकेंगे। यन्त्र–मन्त्रों के बल पर ही दैवज्ञ अपने वैदुष्य से अक्षुण्ण यश प्राप्त कर सकता है,–**''सिद्धिर्भूषयते विद्याम्।''**

मन्त्र ऐसे दिव्यशब्दों का समूह है, जिसे दृढ़ इच्छाशक्तिपूर्वक उच्चारण एवं मनन से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं। चुने हुए गुप्त शब्द ही मन्त्र हैं। इनमें शब्दों को ऐसा क्रम दिया जाता है, कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारणमात्र से शून्य–महाकाश में एक विचित्र कम्पन उत्पन्न होता है, जिसमें अभीप्सित कार्यसिद्धि एवं रचनात्मक प्रबल–प्रछन्नशक्ति होती है।

" मननात् त्रायते यस्मात्तस्मात् मन्त्रः प्रकीर्तितः। जपात् सिद्धिर्जपात्. सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्न संशयः।।"

मन्त्रशास्त्र के अनुसार वेदमन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तान्त्रिकं प्रयोगों को भगवान् शिव ने शक्ति–सम्पन्न किया। इसी प्रकार कलियुग में शिवावतार श्री शाबरनाथ जी ने शाबरमन्त्रों को अद्भुत शक्ति प्रदान की। शाबरमन्त्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है, जो कि अर्थहीन मालूम देते हैं, परन्तु भगवान् शंकर जी के प्रताप से ये मन्त्र अवन्ध्य प्रभाव रखते हैं– **" अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेश प्रतापू।।"** अतः शाबरमन्त्रों को यथावत् उच्चारण करें, किसी प्रकार से इनमें न्यूनाधिकता न करें। **नोटः–** मन्त्र का पुरश्चरण गुरु की देखरेख में गुप्तरूप से करें। प्रकट होने पर पुरश्चरण अर्थहीन हो जाता है– **" गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नतः।"**

आश्चर्यजनक भविष्यकथन हेतु 'मुखवार्तालि नामक' कर्णपिशाचनी मन्त्रप्रयोग

यह प्रयोग एक महात्मा द्वारा अनुभूत है। इस प्रयोग से आश्चर्यजनक भूत–भविष्यत्–वर्तमान को प्रत्यक्षवत् बयान करते हुए देखा गया हैः–

मन्त्रः– **''ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नृं ठं ठं हुं नमो देवपुत्रि स्वर्गवासिनि सर्वनरनारिमुख–वार्तालि वार्ता कथय सप्तसमुद्रान् दर्शय दर्शय ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नृं ठं ठं हुं फट् स्वाहा।।''**

विधानः– जंगल में रहने वाली सेह के दो शूल (कांटे) एवम् जंगली सूअर का एक दांत लेकर सामने रखकर एक लाख 32 हजार उल्लिखित मन्त्र का जाप करे तो यह मन्त्र सिद्ध हो जाएगा। प्रतिदिन मन्त्रजाप नित्यकर्म के तौर पर करता रहे। ध्यान रहे– मन्त्र सिद्ध करते समय सेह के शूलों एवं सूअर के दांत पर सिन्दूर लगावें एवं अपने मस्तक पर भी मन्त्रजाप करते समय सिन्दूर अवश्य लगावें। ऐसा करने पर कर्णपिशाचिनी साधक के कानों में भूत–भविष्यत्–वर्तमान तीनों कालों की वार्ता स्पष्टरूप से कह देती है।

जलाशय एवं घर–जंगल में सर्वतोभावेन रक्षा हेतु एवं चोरों के भय से मुक्ति के लिए अनुभूत मन्त्र

मन्त्रः– ''जले रक्षतु वाराहः स्थले रक्षतु वामनः।
अटव्यां नारसिंहश्च सर्वतः पातु केशवः।।
जले रक्षतु नन्दीशः स्थले रक्षतु भैरवः।
अटव्यां वीरभद्रश्च सर्वतः पातु शंकरः।।
अर्जुनः फाल्गुनो जिष्णुः किरीटी श्वेतवाहनः।
बीभत्सुर्विजयः कृष्णः सव्यसाची धनंजयः।।
कफल्लकः कफल्लकः कफल्लकः नन्दीश्वराय।
नमः नन्दीश्वराय नमः नन्दीश्वराय नमः।।''

प्रतिदिन प्रातः, सायं एवं रात्रि में सोते समय इस मन्त्र का जाप करने से घर में चोर नहीं आ सकेगा। समुद्री यात्रा में रक्षा पूर्ण रहेगी। जंगल में शत्रु–चौर एवं हिंसक जन्तुओं का भय नहीं रहता;– यह अनुभूत है। इस मन्त्र का जाप करते समय गुग्गुल, लौंग–लोबान को कूटकर रखें। अभिमन्त्रित इस धूप को घर में करने से सर्वविध व्याधि भी शान्त हो जाती है एवम् सुख–समृद्धि बनी रहती है।

नज़र झाड़ने का मन्त्र

बाल्यावस्था में छोटे बच्चों को प्रायः नजर लग जाती है, बच्चा रोने से नहीं हटता, दूध नहीं पीता या बीमारी से ग्रस्त रहने लग जाता है,– इस स्थिति में मोरपंख लेकर नीचे लिखे साबर मन्त्र का उच्चारण करते हुए बच्चे को झाड़ दें– नजर दूर हो जाएगी एवम् बच्चा स्वस्थ, प्रसन्न अनुभव करेगा।

मन्त्रः–"ॐ सत्यनाम आदेश गुरु को, ॐ नमो नजर जहां पर पीर न जानी बोले छल सों अमृतवाणी, कहो नज़र कहां ते आई, यहां की ठौर तोहि कौन बताई, कौन जात तेरो कहां ठाम, किसकी बेटी कहा तेरो नाम, कहां से उड़ी कहां को जाय। अबही बस करले तेरी माया, मेरी बात सुनो चित्त लाय, जैसी होय सुनाऊं आय; तेलन–तमोलन–चूहड़ी–चमारी–कायथनी–खतरानी–कुम्हारी– महतरानी–राजा की रानी; जाको दोष, ताही के सिर पड़े, जाहरपीर नज़र से रक्षा करे, मेरी भक्ति गुरु की शक्ति, फुरा मन्त्र ईश्वरो वाचा।"

नेत्रपीड़ा निवारणार्थ मन्त्र

नीम की डाली से २१ बार दुःखती आंख को निम्नांकित मन्त्र पढ़ते हुए झाड़ दें, आंख की पीड़ा शान्त हो जाएगी,– इसमें सन्देह नहीं।

**मन्त्रः– "ॐ श्रीराम की धनुही लक्ष्मण का बाण।
आंख दर्द करे तो लक्ष्मण कुमार की आन।।"**

कन्या का वास पति के घर में ही रहे

आजकल नवोढा कुछ कन्याएं पति के घर से झगड़ा करके पिता के घर में आ बैठती हैं। जिससे पिता एवम् ससुरपक्ष में विरोध एवम् परेशानी बन जाती है। इस विरोधशान्ति हेतु एवम् कन्या पतिघर में ही मन लगाकर रहे, एतदर्थ यह निम्नांकित साबरमन्त्रप्रयोग रामबाण का काम करता है;– अनुभव करें।

मन्त्रः–"ॐ भोगराज भयंकर परिभूय उत उधरई जोई जोई देखे। मारकर तासो सो दीखै पांव परन्ता ॐ नमो ठः ठः स्वाहा।।"

विधान– सांभर नमक की १०८ कांकरी इस साबरमन्त्र से अभिमन्त्रित करके लड़की को किसी तरह खिला दें, तो लड़की ससुराल में ही रहे,– रूठकर पिता के घर कभी न जाएगी।

दुकान में बिक्री बढ़ाने के लिए अनुभूत प्रयोग

[इस मन्त्र का प्रयोग हम पहले भी पंचांगों में दे चुके हैं, लेकिन जनता के अनुरोध पर पुनः लिख रहे है।]

**मन्त्र–"भंवर वीर तू चेला मेरा, खोल दुकान कहाकर मेरा।
उठै जो डंडी बिकै जो माल, भंवरवीर सोखे नहीं जाए।।"**

विधि– इस मन्त्र को दीवाली की रात को पढ़कर सिद्ध कर लें। फिर आवश्यकता पड़ने पर रविवार के दिन काले उड़द लेकर 21 बार इन उड़दों पर इस मन्त्र को पढ़कर अभिमन्त्रित कर लें एवम् दुकान में इधर–उधर उक्त मन्त्र पढ़ते हुए डाल दें। तीन रविवारों को बिक्री चौगुणी हो जाएगी।

वशीकरणार्थ कुछ मन्त्र

[इन मन्त्रों का प्रयोग शत्रु को वश में करने के लिए एवम् रूठी हुई अपनी धर्मपत्नी किंवा रूठे हुए पति को वश में करने के लिए ही करें। अनुचित अर्थ में प्रयोग करने से आपको हानि पहुंचेगी।]

(i) घोररूपिणी मन्त्रप्रयोग

मन्त्रः– " ॐ नमः कट विकट घोररूपिणि स्वाहा।"

विधिः—इस मन्त्र को शुभ मुहूर्त्त में पहले सिद्ध कर लें। फिर इसी मन्त्र द्वारा सात बार अभिमन्त्रित करके भोज्य पदार्थ को जिसका नाम लेकर ७ दिन तक खाएंगे, वह निश्चय ही वश में हो जाता है।

(ii) वश्यमुखी मन्त्रप्रयोग

मन्त्र—"ॐ वश्यमुखि राजमुखि स्वाहा। "

विधिः—दाएं हाथ में तेल लेकर, अनामिका अंगुली से तीन बार मन्त्र से अभिमन्त्रित करके फिर तीन बार उल्लिखित मूलमन्त्र को पढ़कर, मुख पर एवम् सिर पर तेल मले। राजा, जज एवम् विरोधी भी वश में आ जाते हैं।

(iii) चामुण्डा मन्त्रप्रयोग

मन्त्र—"ॐ चामुण्डे जय जय, स्तम्भय स्तम्भय, भंजय भंजय, मोहय मोहय, सर्वसत्त्वे नमः स्वाहा।"

विधिः—शुभ मुहूर्त्त में इस मन्त्र को सिद्ध करें। तत्पश्चात् इस मन्त्र को लाल पुष्प पर तीन बार पढ़कर, फूंक मारकर जिसे देंगे, वशीभूत हो जाएगा।

राजदरबार में विजयार्थ कुछ तन्त्रप्रयोग

(i) तुलसी के बीज सहदेवी के रस के साथ पीसकर इतवार को तिलक करे, सारे व्यक्ति अनुकूल वातावरण वाले रहेंगे—

" तुलसी– बीज– चूर्णस्य सहदेवी– रसैः सह।
तिलकं यो रवौ कुर्यात् स जगन्मोहकृद् भवेत्।।"

(ii) हरिताल (हड़ताल), असगन्धा को केले के रस में पीसकर गोरोचन के साथ मिलाकर तिलक करके कोर्ट–कचहरी जाएं; सभी वशंवद हो जाएंगे—

"हरितालाश्वगन्धा तु कदली रसपेषिता।
गोरचन–युतास्तिलको राजमोहनः।।

विद्या में सर्वोत्तम सफलता एवम् प्रखर–वैदुष्य प्राप्ति के लिए सरस्वती मन्त्र एवम् स्तोत्र

आजकल डॉक्टरी–इंजीनियरिंग एवम् अन्य सभी क्षेत्रों में भारी प्रतियोगिता है। निराश छात्रों की ओर से आत्महत्या तक करने की खबरें पढ़ने/सुनने में आ रही हैं। अतः इस निराशा से मुक्ति पाने के लिए हम सरस्वती मन्त्र एवम् स्तोत्र यहां दे रहे हैं; इस मन्त्र का जाप करने से विद्या–विवेक जाग्रत होगा, एवम् सफलता का मार्ग प्रशस्त रहेगा।

मां सरस्वती का ध्यान—

ॐ शुक्लां ब्रह्मविचारसार–परमामाद्यां जगद्व्यापिनीम्,
वीणा–पुस्तक–धारणीमभयदां जाड्यान्धकारापहाम्।
हस्ते स्फटिक–मालिकां विदधतीं पद्मासने संस्थिताम्,
वन्दे तां परमेश्वरीं भगवतीं बुद्धिप्रदां शारदाम्।"

मन्त्रः– " ॐ ह्रीं ऐं ह्रीं ॐ वाग्देव्यै नमः।"

इस मन्त्र की एक माला प्रतिदिन करने से मन पढ़ाई में लगेगा, नशा आदि से मन दूर रहेगा, सफलता अवश्य मिलेगी। इस मन्त्र का जाप करके निम्नांकित सरस्वतीस्तोत्र का पाठ अवश्य करें—

स्तोत्रः—

"ॐ ह्रीं ह्रीं हृद्यैक–विद्ये शशिरुचि–कमला–कल्पविस्पष्ट शोभे,
भव्ये भव्यानुकूले कुमति–वनदहे विश्ववन्द्यांघ्रि–पद्मे!
पद्मे पद्मोपदिष्टे प्रणतजन–मनोमोद–सम्पादयित्रि,
प्रोत्प्लुष्टाज्ञानकूटे हरि–निजदयिते देवि संसारसारे।।१।।
ऐं ऐं ऐं इष्टमन्त्रे कवलभवमुखांभोजरूपे स्वरूपे,
रूपारूप–प्रकाशे सफलगुणमये निर्गुणे निर्विकारे।
न स्थूले नैव सूक्ष्मेऽप्यविदित–विषये नापि विज्ञानतत्त्वे,
विश्वे विश्वान्तराले सुरवर–नमिते निष्कले नित्त्य–शुद्धे।। २।।

ह्रीं ह्रीं ह्रीं जापतुष्टे हिमरुचि–मुकुटे वल्लकी–व्यग्रहस्ते,
मातर्मातर्नमस्ते दह दह जड़तां देहि बुद्धिं प्रशस्ताम्।
विद्ये वेदांग–गीते श्रुति–परिपठिते मोक्षदे मुक्तिमार्गे,
मार्गातीत प्रभावे भव भव वरदा शारदे शुभ्रहारे।।३।।

धीं धीं धीं धारणाख्ये धृति–मति–नुतिभिर्नामभिः कीर्तनीये,
नित्ये नित्ये निमित्ते मुनिगण–नमिते नूतने वै पुराणे।
पुण्ये पुण्यप्रभावे हरिहर–नमिते वर्णशुद्धे सुवर्णे,
मन्त्रे मन्त्रार्थसत्त्वे मतिमति–मतिदे माधव–प्रीतिनादे।।४।।

ह्रीं क्षीं धीं ह्रीं स्वरूपे दह दह दुरितं पुस्तकव्यग्रहस्ते,
सन्तुष्टाकार–चित्ते स्मितमुखि सुभगे भंजनि–स्तम्भविद्ये।
मोहे मुग्धप्रबोधे मम कुरु सुमतिं ध्वान्त–विध्वंस–नित्ये,
गीर्दाग् गौर्भारती त्वं कवि–वृषरसना सिद्धिदा सिद्धिसाध्या।।५।।

सौं सौं सौं शक्तिबीजे कमलभव–मुखांभोज–भूत–स्वरूपे,
रूपारूपप्रकाशे सकलगुणमये निर्गुणे निर्विकारे।।
न स्थूले नैव सूक्ष्मेऽप्यविदित विभवे जाप्यविज्ञान सत्वे,
विश्वे विश्वान्तराले सुरगण–नमिते निष्कले नित्यशुद्धे।। ६।।

स्तौमि त्वां त्वां च वन्द्ये भज मम रसनां मा कदाचित्त्येजेथा,
मा बुद्धिर्मे विरुद्धा भवतु न च मनो देवि मे जातु पापम्।
मा मे दुःखं कदाचिद् विपदि च समयेऽप्यस्तु मेऽनाकुलत्वम्,
शास्त्रे वादे कवित्वे प्रसरतु मम धीर्मास्तु कुण्ठा कदाचित्।।७।।

इत्येतैः श्लोकमुख्यैः प्रतिदिनमुषसि स्तौति यो भक्तिनम्रो,
देवीं वाचस्पतेरतिमतिविभवो वाक्पटुर्नष्टपंकः।
सः स्यादिष्टार्थलाभः सुतमिव सततं याति तं सा च देवी,
सौभाग्यं तस्य लोके प्रसरति कविता विघ्नमस्तं प्रयाति।।८।।

ब्रह्मचारी व्रती मौनी त्रयोदश्यां निरामिषः।
सारस्वतो नरः पाठात् स स्यादिष्टार्थ–लाभवान्।।६।।

पक्षद्वयेऽपि यो भक्त्या त्रयोदश्येकविशंतिम्।
अविच्छेदं पठेद्धीमान् ध्यात्वा देवीं सरस्वतीम्।।१०।।

शुक्लाम्बरधरां देवीं शुक्लाभरणभूषिताम्।
वांछितं फलमाप्नोति स लोके नात्र संशयः।।११।।

इति ब्रह्मा स्वयं प्राह सरस्वत्याः स्तवं शुभम्।
प्रयत्ने पठेन्नित्यं सोऽमृतत्त्वं प्रयच्छति।।१२।।

इस स्तोत्र के नित्यपाठ से साधक परम् वाचस्पति हो जाता है।

सर्वसिद्धिप्रद हनुमान् यन्त्र

इस यन्त्र को भोजपत्र पर अष्टगन्ध से सवा लाख बार लिखकर रखें।

"ॐ आंजनेयाय नमः"–इस मन्त्र से पूजन करता रहे। यह यन्त्र 'सर्वकार्य सिद्धिकारक' है। इस यन्त्र का धूप, दीप करके नैवेद्यसहित पूजन करें। चांदी या तांबे में मढ़ाकर लाल धागे से गले में डालें या दाईं भुजा में बांधें– सब काम जल्द ही सफल होंगे।

श्री हनुमान् यन्त्र			
नं.	छं.	जं.	चं.
दं.	दं.	चं.	चं.
जं.	छं.	जं.	वं.
छं.	नं.	जं.	हं.

बुरे स्वप्नों से मुक्ति मिले

इस यन्त्र को अष्टगन्ध से भोजपत्र पर लिखकर गुग्गुल की धूप दें और कण्ठ में धारण करें; बुरे स्वप्न न आवें।

दुःस्वप्न नाशक यन्त्र			
गं.	छं.	जं.	चं.
छं.	नं.	जं.	ठं.
ठं.	जं.	ठं.	चं.
नं.	छं.	जं.	टं.

वाक्सिद्धि यन्त्र

इस वाक्सिद्धि यन्त्र को कुलिंजन से भोजपत्र पर लिखकर चांदी में मढ़ाकर कण्ठ में धारण करें, तो जो भी उच्चारण करेंगे, सत्य सिद्ध होगा।

वाक्सिद्धि यन्त्र			
६६	९३	२	८
७	३	९०	८९
९१	८६	९	१
४	६	८७	९८

इच्छा प्राप्तिकर यन्त्र

इस यन्त्र को चन्दन से बिल्ववृक्ष के पत्र पर १०८ बार लिखकर श्रावण मास में ३० दिन शिवलिंग पर श्रद्धापूर्वक चढ़ाएं। भगवान् श्रीशंकर के प्रसाद से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

इच्छा प्राप्तिकर यन्त्र			
वं.	वं.	वं.	वं.
मं.	पं.	पं.	पं.
दं.	दं.	दं.	दं.
लं.	लं.	लं.	लं.

कुछ टोटके

(१) पिशाचग्रस्त व्यक्ति को राहत मिले

काले धतूरे को रविवार के दिन सफेद सूत से ३ गाठें लगाकर दाई बाजू पर बांधें। डाकिनी, पिशाचिनी आदि से ग्रस्त व्यक्ति को राहत मिलेगी।

(२) मिरगीरोग शान्त्यर्थ

ब्रह्मबूटी की जड़ को उखाड़कर काले सूत की गांठ लगाकर रोगी के गले में पहिना दें। असाध्य मिरगीरोग से मुक्ति मिलेगी।

(३) बवासीर से मुक्ति

काले धतूरे की जड को काले डोरे से कमर में बांध दें, पुरानी से पुरानी बवासीर ठीक हो जाएगी।

कलहनाशक तन्त्र

घर में झगड़े से मुक्ति पाने के लिए दत्तात्रेय तन्त्रोक्त इस तन्त्र का प्रयोग करें:-

"तालकं तक्रपिष्टेन मृत्तिका-युक्तपुत्तलीम्।
निखनेद् यद्गृहे भूमौ कलहो नाशमाप्नुयात्।।"

अर्थात्- ताड़वृक्ष के पत्तों को लस्सी डालकर पीसे एवं मिट्टी की एक पुत्तली बनावें। पिसे पत्तों एवम् मिट्टी की पुत्तली को घर की धरती में दबा देने से गृहकलह शान्त हो जाता है।

वर्षाकारक प्रयोग

'पर्जन्यादन्न संभवः।' बिना वर्षा अन्नोत्पत्ति नहीं होती, अतः यदि कहीं वर्षा का अभाव हो एवम् अकाल की स्थिति बनने लगे तो निम्नांकित मन्त्र का जाप करना तुरन्त भारी वर्षाकारक सिद्ध होगा।

मन्त्रः-"ॐ काली काली स्वाहा"

विधि- पीपल की समिध (लकड़ी) लेकर घी की एक हजार आहुति इस मन्त्रोच्चारणपूर्वक डालें, तत्पश्चात् शिवमन्दिर में शिवलिंग तक पानी भरें। तुरन्त महावर्षा से खेती हरीभरी रहे एवम् अकाल की स्थिति समाप्त हो जाएगी।

पत्नी की प्राप्ति के लिए

मन्त्रः-" ॐ पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम्।
तारिणीं दुर्गसंसारसागस्य कुलोद्भवाम्।। "

इस मन्त्र का सवा लाख जप करने से शीघ्र पत्नी की प्राप्ति (विवाह) हो जाती है और इसी मन्त्र के सम्पुट से दुर्गा सप्तशती के १०० पाठ अर्थात् शतचण्डी कराने से शीघ्र विवाह हो जाता है।

वरप्राप्ति के लिए

(i) मन्त्रः-"ॐ देवेन्द्राणि नमस्तुभ्यं देवेन्द्रप्रियभामिनि।
विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्रलाभं च देहि मे।।"

उपर्युक्त मन्त्र का १०८ बार कन्या को जाप करना चाहिए। जाप

करने की विधि यह है कि तुलसी के पौधे का पूजन करके उसके सामने तुलसी की माला पर १०८ बार जाप हररोज़ करें। जाप पूर्ण होने पर तुलसी के पौधे की १२ बार परिक्रमा करनी चाहिए। प्रत्येक परिक्रमा में दुग्ध और जल से भगवान् सूर्यनारायण को अर्घ्य देते हुए **"ॐ देवेन्द्राणि नमस्तुभ्यं.........."** मन्त्र को भी पढ़ना चाहिए। कन्या को चाहिए कि वह अपने दाहिने हाथ में दूध और बांए हाथ में जल से अर्घ्य दे। दूध और जल से एकसाथ अर्घ्य एक साथ ही १२ बार देना चाहिए। जो कन्या उपर्युक्त विधि से जप और सूर्य को अर्घ्य प्रदान करती है, उसको बहुत शीघ्र वर की प्राप्ति हो जाती है।

(ii) मन्त्रः—"ॐ शं शंकराय सकल—जन्मार्जितपापविध्वंसनाय।
पुरुषार्थचतुष्टयलाभाय च पतिं देहि कुरु कुरु स्वाहा।।"

इस मन्त्र का जाप तुलसी की माला पर तीन माला प्रतिदिन 41 दिन या तीन मास तक करने से कन्या का विवाह शीघ्र हो जाता है।

जाप की विधि— भगवान् शंकर और अन्नपूर्णा की फोटो सामने रखकर, उनका प्रतिदिन पूजन करके धूप—बत्ती जलाकर जाप करे। जाप जहां किया जाए, वहां मिट्टी के गमले में अथवा टीन में केले के स्तंभ को रखकर, उसको मौजी (खमणी) से ९ अथवा ११ बार लपेट कर उस केले के वृक्ष की पूजा प्रतिदिन करनी चाहिए और जाप के बाद केले के स्तंभ की ४ वार अथवा ६ बार परिक्रमा करनी चाहिए। जो कन्या उपर्युक्त अनुष्ठान नित्य करती है, उसका शीघ्र विवाह हो जाता है।

भूत—प्रेत बाधा की निवृत्ति के लिए

मन्त्रः—"ॐ स्थाने हृषिकेष तव प्रकीर्त्या जगत्प्रहृष्यत्यनु।
च रक्षांसि भूतानि दिशो द्रवन्ति सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघाः।।"

श्रीमद्भगवद् गीता के इस मन्त्र का सवा लाख जाप करके सर्वप्रथम सिद्ध करना आवश्यक है। पश्चात् उपर्युक्त मन्त्र काम करता है। भूत—प्रेत का आवेश होने पर मिट्टी के किसी शुद्ध पात्र में गंगाजल लेकर अथवा कूप का जल लेकर ७ बार उपर्युक्त मन्त्र को बोलकर उसमें दाहिने हाथ की तर्जनी को फिरा (घुमा) दें। फिर उस जल में से थोड़ा सा रोगी को पिला देना चाहिए। बचा हुआ जल रोगी के समस्त अंगों पर छिड़क देना चाहिए। जब तक रोगी की भूत—प्रेत बाधा शांत न हो, तब तक प्रतिदिन दो बार प्रातः और सायंकाल इस प्रयोग को करना चाहिए।

मित्रता के लिए

मन्त्रः—"ॐ दमयन्ती—नलाभ्यां च नमस्कारं करोम्यहम्।
अभिवादो भवेदत्र कलिदोष—प्रशान्तिदः।।
ऐकमत्यं भवेदेषां ब्राह्मणानां पृथग्धियाम्।
निर्वैरता च जायेत संवादाग्ने प्रसीद मे।।"

उपर्युक्त मंत्र द्वय से अलग—अलग पायस (खीर) में घृत डालकर हवन करने से शत्रुता हटकर मित्रता हो जाती है। यह अनुष्ठान कम से कम ६१ दिन का है।

सुख से प्रसव होने के लिए

मन्त्रः—"ॐ मुक्ताः पाशाविपाशांश्च मुक्ताःसूर्येण रश्मयः।
मुक्त—सर्वभयाद् गर्भ त्राहिहि मारीच स्वाहा।।"

इस मंत्र द्वारा पवित्र जल को आठ बार अभिमंत्रित करके गर्भिणी स्त्री को जल पिलाने से उसको सुख से प्रसव होगा।

पति को वश में करने के लिए

मन्त्रः—"ॐ नमो महायक्षिणि पतिं मे वश्यं कुरु कुरु स्वाहा।"

इस मंत्र को दीपावली अथवा ग्रहण के दिन १०८ बार जप करके सिद्ध कर लें। पश्चात् ३१ दिन १०८ बार जप करने से स्त्री का पति उसके वश में हो जाता है।

सर्प विषनाशक औषधि

गाय के ताजे दूध से निकाले गए मक्खन, गाय का दही, शहद, पीपल, अदरक, मिर्च को कूट, बराबर मात्रा में मिलाकर सांप से डसे हुए व्यक्ति को पिला देने से विष उतर जाता है– अनुभव करें।

धनधान्य पूर्णकर अन्नपूर्णा मंत्र

मन्त्रः– "ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा क्लीं श्रीं ह्रीं ॐ।"

इस मंत्र के प्रभाव से धन–धान्य पूर्ण रहता है। दो लक्ष जाप कर, तिल, लाल धान की लाई, खीर, दाख, गोघृत से हवन करना चाहिए। उससे धन–धान्य बढ़ता है।

सर्वसिद्धि हनुमान् जी का अष्टादशाक्षर मंत्र

मन्त्रः–"ॐ नमो भगवते आंजनेयाय महाबलाय स्वाहा"।

एक लक्ष जापोपरान्त खीर, दाख, पीपल, खैर की लकड़ी से हवन करें। विशेष कामना के लिए अनुकूल द्रव्य वस्तु होनी चाहिए।

पशुरोग दूर भगाने के लिए

गांव में पशुओं की बीमारी न आवे इसके लिए गुरुपुष्य, हस्तार्क अथवा उत्तम पर्व में मिट्टी के बड़े सकोरे के भीतर मंत्र लिखकर गोशाला में लटका दें तो बीमारी नहीं होगी।

मन्त्रः–"ॐ अर्जुनः फाल्गुनो जिष्णुः किरीटी श्वेतवाहनः।
बीभत्सुर्विजयी पार्थः सव्यसाची धनंजयः।।
कपिध्वजो गुड़ाकेशो गांडीवः कृष्णसारथिः।
एतान्यर्जुननामानि गवां गोष्ठे च यो लिखेत्।।
न तत्र पशुरोगादि शुभं शीघ्रं प्रजायते।।"

झाड़ फूंक शाबरमंत्र

सिरपीड़ा दूर करने के लिए

मन्त्रः– "लंका में बैठ के माथ हिलावै हनुमंत। सो देखिके राक्षसगण पराय दुरंत।। बैठी सीता देवी अशोकवन में। देखि हनुमान् को आनन्द भई मन में।। गई उर विषाद देवी स्थिर दरशाय। 'अमुक' के नहीं कछु पीर नहीं कछु भार। आदेश कामाख्या हरिदासी चण्डी की दोहाई।।"

सिर की पीड़ा से पीड़ित व्यक्ति को दक्षिण की ओर मुख करके बैठा दें। सिर को हाथ से पकड़कर उक्त मंत्रोच्चारण करते हुए झाड़ें। 'अमुक' के स्थानपर रोगी का नाम लें।

आधासीसी दूर करने के लिए

मन्त्रः– (१) बन में ब्याई कच्चे बनफल खाय। हाँक मारी हनुमंत ने इस पिंड से आधाशीसी उतर जाए।।

(२)"ॐ नमो वन में ब्याई बानरी, उछल वृक्ष पै जाय।
कूद–कूद शाखनरी, कच्चे बनफल खाय।।
आधा तोड़े आधा फोड़े, आधा देय गिराय।
हंकारत हनुमान् जी, आधासीसी जाय।।

किसी एक मंत्र का उच्चारण करते हुए भस्म से झाड़ें।

नए ग्रहों की खोज और प्लूटो की पदच्युति

लेखकः– प्रियव्रत शर्मा,

24 अगस्त सन् 2006 ई. को International Astronomical Union ने नवज्ञात ग्रह प्लूटो का 'ग्रहपद' वापिस ले लिया और उसे वामन ग्रह घोषित किया है। प्लूटो की इस पदावनति का कारण क्या है ?– यह लेख पूर्णतः स्पष्ट करता है।

प्राचीनकाल से मानव को केवल पांच ताराग्रहों (मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि) से ही परिचय था, क्योंकि ये नग्न दृष्टि से ही दिखलाई पड़ते हैं। खगोलशास्त्र द्वारा प्रतिपादित आधुनिक ग्रहपरिभाषा के अनुसार जो गोलपिण्ड सूर्य के चारों ओर निरन्तर भ्रमण कर रहे हैं, वे हमारे सौर परिवार के ग्रह हैं। इस परिभाषा के अनुसार हमारे सौर परिवार के प्राचीन विदित ग्रह केवल ये छः ही हैं– बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, गुरु और शनि[1]। विज्ञान की सभी शाखाओं की प्रगति के साथ खगोलशास्त्र ने भी इस युग में भारी प्रगति की है। परम शक्तिशाली दूरदर्शकों (Telescopes) के आविष्कार ने खगालशास्त्रियों (Astronomers) को खगोल के रहस्य उदघाटित करने की प्रेरणा तथा शक्ति दी। इसलिए विश्व के सभी देशों में आधुनिकतम परमोन्नत दूरदर्शकों से सुसज्जित वेधशालाएं (Observatories) अहर्निश क्रियाशील हैं।

क्या हमारे सौरपरिवार के इन छः सदस्यों के अतिरिक्त और भी कोई सदस्य इस खगोल में है ?– इस प्रबल जिज्ञासा से विश्व के खगोलविदों ने अन्तरिक्ष के प्रत्येक ज्यामितीय बिन्दु को परम शक्तिमान वेधयन्त्रों द्वारा गम्भीरता से खोजना शुरू किया हुआ है। परिणामस्वरूप, खगोल के अन्य असंख्य रहस्यों के साथ–साथ हमारे सौरपरिवार के भी रोचक रहस्य उदघाटित हो रहे हैं। सौरपरिवार के असंख्य छोटे–बड़े नए–पुराने सदस्यों के बारे में अब हमारा ज्ञान उत्तरोत्तर गम्भीर से गम्भीरतर होता जा रहा है।

सन् 1780 ई. में अंग्रेज खगोलशास्त्री William Hershel ने शनि की कक्षा से ऊपर सौरपरिवार के एक नए सदस्य यूरेनस का अविष्कार किया। तदनन्तर गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्तों के आधार पर भ्रमणवृत्त में निर्धारित यूरेनस की गति, स्थिति में कुछ विचलन होता देख 1845 ई. में अंग्रेज नक्षत्रविद् John Couch Adams और फ्रांस के नक्षत्रविद् Jean Joseph ने यूरेनस की कक्षा से ऊपर किसी अन्य ग्रह के अस्तित्व की घोषणा की, जिसे उन्होंने यूरेनस के विचलन का कारण बताया। 1846 ई. में ग्रहगणितानुसार उस ग्रह के स्थितिबिन्दु का निर्धारण कर जब वेध किया गया, तो उसी स्थान पर वस्तुतः एक ग्रह पाया गया, जिसे नेप्च्यून की संज्ञा दी गई। इस प्रकार सन् 1846 ई. तक हमारे सौरपरिवार के 8 सदस्य (ग्रह) हो गए। पुनश्च, सभी संभव अपेक्षित ग्रहगति, स्थिति–निर्धारक आकर्षणादि सिद्धान्तों द्वारा निर्धारित यूरेनस एवम् नेप्च्यून की गतिस्थिति में भी विक्षोभ–विचलन पाया गया, तब Dr. Lowell ने नेप्च्यून की कक्षा से ऊपर किसी अन्य ग्रह के अस्तित्व की भविष्यवाणी की, जिसे इन दोनों की स्थित्यादि में विक्षोभ का कारण माना गया। सन् 1930 ई. में गणनानुसार इस विक्षोभक ग्रह की खगोल में स्थिति निर्धारित की गई। खगोलशास्त्री Cyde Tombaugh ने इस विक्षोभक ग्रह को Lowell Observatory में वेधद्वारा उस निर्धारित बिन्दु के लगभग पास ही पाया। इस ग्रह को प्लूटो संज्ञा दी गई और इसे I.A.U. (International Astronomical Union) द्वारा ग्रह घोषित किया गया। इस प्रकार अब हमारे सौर परिवार के ग्रहों की संख्या 9 हो गई।

प्लूटो को ग्रह स्वीकार करने के कुछ वर्ष बाद शक्तिशाली दूरदर्शकों द्वारा पता चला कि– प्लूटो का पिण्ड, जिसे भ्रान्तिवश पृथ्वी के समान समझ लिया गया था, परिमाण में चन्द्रमा एवम् सौर परिवारीय ग्रहों के 7 उपग्रहों से भी छोटा है और इससे खगोलशास्त्री यह भी जान गए कि– इतने छोटे–से ग्रह के आकर्षण से यूरेनस और नेप्च्यून की गतिस्थिति में विचलन की बात भ्रामक थी– अतः यूरेनस और नेप्च्यून का विचालक कोई अन्य ही अज्ञात ग्रह होना चाहिए। इसलिए खगोलशास्त्रियों को तभी से प्लूटो को ग्रहपद देने की गलती का आभास होने लगा। किञ्च– प्लूटो के भ्रमणवृत्त की केन्द्रच्युति (Eccentricity of the orbit) असामान्य (सामान्य से कहीं अधिक) है। पता चला है कि– भ्रमणवृत्त में घूमते हुए कुछ वर्षों के लिए इसका सूर्य से अन्तर अपने अधोवर्ती ग्रह नेप्च्यून के सूर्य से अन्तर से भी कम हो जाता है। अन्य 8 ग्रहों में किसी के भी भ्रमणवृत्त में ऐसी अव्यवस्था, असामान्यता नहीं है। इसके भ्रमणमार्ग की इस असामान्य प्रकृति से भी खगोलशास्त्रियों को इसे ग्रहपद देने की अपनी गलती का आभास हुआ और खगोलशास्त्रियों में इस खगोलचारी पिण्ड को ग्रहपद से च्युत करने के बारे में यत्र–तत्र वाद–विवाद होने लगा। अपि च– इसके ग्रहपद पर बने रहने से एक भारी समस्या भी खगोलशास्त्रियों को धर्मसंकट में डालती रही है। यह समस्या ग्रह की परिभाषा से सम्बद्ध है। यदि प्लूटो को ग्रहपद से मुक्त न किया गया तो ग्रहपरिभाषा अनियन्त्रित हो जाएगी, जिससे ग्रहों की संख्या सैकड़ों, हजारों– कुछ भी हो सकती है। **इसके स्पष्टीकरण के लिए निम्नांकित विवरण पढ़िए–**

प्लूटो की पदावनति की अनिवार्यता को समझने के लिए सूर्य के चारों ओर घूमते हुए इन नौ ग्रहों के मध्य फैली इन दो पट्टियों (Belts) के बारे में पाठक को समझ लेना ज़रूरी है, जिनमें प्लूटो जैसे अनेकों गोलपिण्ड सूर्य की अनवरत परिक्रमा

---

[1] *ध्यान रहे– इस लेख में इस आधुनिक परिभाषानुसारी गोलपिण्डों को ही 'ग्रह' संज्ञा से पुकारा गया है। भारतीय ज्योतिषानुसार तो पृथ्वी ग्रह नहीं, पंचतारा, सूर्य, चन्द्र एवम् राहु–केतु ग्रह हैं।*

कर रहे हैं। वे पट्टियां हैं:-

(i) Asteroid Belt (क्षुद्रग्रह पट्टी)

(ii) Kuiper Belt (कुईपर पट्टी)

आगे पृष्ठ **55** पर "**हमारा सौर परिवार**" चित्र देखिए– सूर्य के चारों ओर पहिला (सूर्य के समीपतम) बुध, तदनन्तर क्रमशः शुक्र, पृथ्वी, मंगल, गुरु, शनि, यूरेनस, नेप्च्यून और प्लूटो के भ्रमणवृत्त हैं[2]।

इसी चित्र में देखिए– मंगल और गुरु के भ्रमणवृत्तों के मध्य Asteroid Belt (क्षुद्रग्रह पट्टी)है। इस पट्टी में लाखों की संख्या में छोटे–बड़े प्रस्तरखण्ड तथा उनके बीच कुछ ऐसे गोलपिण्ड भी सूर्य की परिक्रमा कर रहे हैं। जो आकृत्या छोटे--छोटे ग्रह लगते हैं, उन्हें क्षुद्रग्रह (Minor Planets) कहा जाता है। इस पट्टी में एक मील से 670 मील तक Diameter वाले असंख्य क्षुद्रग्रह हैं। अभी तक ज्ञात इन क्षुद्रग्रहों में Ceres, Vesta, Pallas, Juna आदि मुख्य हैं। Ceres इनमें सबसे बड़ा है, जो ग्रहों के लगभग सभी उपग्रहों से बड़े परिमाण वाला है। इसका व्यासार्ध 450 कि. मी. है। अतः इसे अनेक खगोलशास्त्री ग्रह का पद देने के पक्ष में भी थे।

दूसरी Kuiper Belt (कुईपर पट्टी) नेप्च्यून के भ्रमणवृत्त से काफी ऊपर स्थित है। यह पट्टी लगभग 70 Au[3] चौड़ी है। इसका भीतरी छोर सूर्य से 30 Au दूरी पर है। इस पट्टी में अभी तक हमें 800 के लगभग पदार्थ प्राप्त हुए हैं, जिन्हें संक्षेप मे KBOs (Kuiper Belt Objects) कहा जाता है। इनमें से अनेक ऐसे गोलपिण्ड हैं, जिनके व्यासार्ध (Radius) का मान 250 से 1250 कि. मी. तक है। (पृ. **56** पर दिए चित्र में कुईपर पट्टी के सात प्रमुख वामन ग्रहों के व्यासार्ध और उनके भगणकाल दिए गए हैं।) इन KBOs को Dwarf Planets (वामन ग्रह) कहा जाता है। **ध्यान रहे**– प्लूटो ग्रह भी कुईपर पट्टी का एक वामन ग्रह है, जो पहली बार खगोलविदों की दृष्टि में 1930 ई. में पड़ा। तभी इसे परिपूर्ण (Major) ग्रह का पद I.A.U. द्वारा दिया गया। अभी 21 अक्तूबर, 2003 ई. को कुईपर पट्टी में एक 2003 UB 313, वामन ग्रह (Dwarf Planet) Mike Browin, Chad Trujillo और David Rabinowitz खगोलविदों द्वारा खोजा गया, जिसे बाद में Xena नाम दिया गया। यह वामन ग्रह प्लूटो से कुछ बड़ा है। इसका व्यासार्ध 1250 कि. मी. है, जबकि प्लूटो का 1190 कि. मी.। इसके कक्षावृत्त की eccentricity तो प्लूटो से भी अधिक है।

अब प्लूटो से बड़े इस वामन ग्रह Xena की खोज के बाद I.A.U. के सदस्यों के सामने यह प्रश्न उपस्थित होने लगा कि–जब प्लूटो ग्रह बन सकता है, तब Xena को भी, जो परिमाण में उससे (प्लूटो से) बड़ा है, ग्रह के अन्य सभी लक्षणों (सूर्य के चारों ओर भ्रमण, गोलाकार पिण्ड आदि) से प्लूटो की भान्ति समन्वित है, ग्रह बनने का पूर्ण अधिकार है। Xena की कक्षा असामान्य रूप से eccentric है तो क्या, प्लूटो की भी तो है (पृ. **56** पर प्लूटो, Xena की असामान्य eccentric कक्षाएं देखें)। यह समस्या I.A.U. के सामने बुरी तरह उपस्थित हुई। इस समस्या को समाहित करने के उद्देश्य से I.A.U. यदि Xena को भी ग्रहत्व देती है, तो अन्य KBOs, जो ग्रहलक्षण–लक्षित हैं, वे भी ग्रह बनने का पूरा अधिकार रखते हैं। यही नहीं कुईपर पट्टी में अन्य सैकडों ऐसे ही वामनग्रह की भविष्य में उपलब्धि प्रत्याशित है। वे भी ग्रह बनेंगे और तो और Asteroid Belt के Ceres, Vesta, Juna, Pallas जैसे क्षुद्रग्रह भी ग्रहत्व पद मांगेगे। उन्हें भी उनके व्यासमान की अल्पता का बहाना लगाकर ग्रहपद से वञ्चित नहीं रखा जा सकेगा, क्योंकि 'केवल इतने कि. मी. तक के व्यास वाला खगोलीय पिण्ड ही ग्रह बनन का अधिकारी है ; इससे कम व्यास वाला नहीं'– ऐसा प्रतिबन्ध लगा सकना सम्भव नहीं है। परिणामस्वरूप, ग्रहों की संख्या सैकड़ों, हजारों तक कुछ भी हो सकती है, इस प्रकार के धर्म संकट में बुरी तरह फंसे I.A.U. के विचारशील सदस्यों नें इस उलझी समस्या के समाधानार्थ एक मध्यमार्ग सिद्धान्तरूप में स्वीकार किया। इसके अनुसार ग्रहत्व की परिभाषा को सन्तुष्ट करने वाला वह Individual (एकाकी, स्वतन्त्र) पिण्ड ही परिपूर्ण, वास्तव Major ग्रह होगा, किसी विशाल समूह, सम्प्रदाय (Large population) का सदस्य पिण्ड इस पद का अधिकारी नहीं होगा। उसे तो क्षुद्रग्रह (Minor Planet) या वामनग्रह (Dwarf Planet) का पद ही दिया जाएगा। इस सिद्धान्त के अनुसार पृथ्वी पंचताराग्रह एवं यूरेनस, नेप्च्यून जो स्वतन्त्र, एकाकी (Individual) किसी विशाल सम्प्रदाय से असम्बद्ध पिण्ड हैं, स्पष्टतः निर्विवादरूप से ग्रह (Major Planets) हैं। Ceres, Vesta, Pallas, Juna आदि पिण्ड Asteroid Belt और Xena, प्लूटो आदि पिण्ड Kuiper Belt जैसे विशाल कुल (Large population) के सदस्य होने के कारण ग्रहपद के अधिकारी नहीं हैं। ये क्षुद्रग्रह या वामनग्रह की कोटि में ही रहेंगे।

I.A.U. के सदस्यों का यह निर्णय सुदीर्घ, प्राचीन परम्परा से भी समर्थित है, इससे ग्रहपरिभाषा की उन्मुक्त प्रवृत्ति भी नियन्त्रित होगी। अतः इस निर्णय का प्रस्ताव 24 अग., सन् 2006 ई. को बहुमत से पारित हो गया। तदनुसार बेचारे प्लूटो को उस ग्रहपद के सिंहासन से I.A.U. को ही उतारने के लिए बाधित होना पड़ा, जिस पद पर I.A.U. ने ही आज से 76 वर्ष पूर्व अभिषिक्त कर उसे बैठाया था।

इस प्रकार प्लूटो अब ग्रहपरिषद् का सदस्य नहीं रहा। वह **'वामन ग्रह'** बनकर रह गया है।कुछ भावुक वैज्ञानिक एवं अन्य विद्वान् लोग I.A.U. के इस निर्णय को दौर्भाग्यपूर्ण कहते हैं। लेकिन किसी पूर्वानुसन्धान के परिणाम का परवर्त्ती अनुसंधान द्वारा प्राप्त परिणाम के सन्दर्भ में संशोधन, परिवर्धन एवम् परिवर्तन यथार्थ ज्ञान के लिए अनिवार्य है। उपरोक्त ठोस कारणों से अपने पूर्व निर्णय को संशोध्य मानकर, इसे पदच्युत करने के लिए I.A.U. बाधित थी। यह तो प्लूटो के साथ होना ही था– इसे कोई भी रोक नहीं सकता था।

Sorry Pluto, Sorry ! तुम्हारी इस अवनति पर मेरी हार्दिक समवेदना है।

---

[2] [इन बुध आदि ग्रहों का व्यासार्ध, सूर्य से मध्यम दूरी, भगणकाल (सूर्य के चारों ओर पूर्ण भ्रमणकाल) और इन ग्रहों के उपग्रहों की संख्या, इसी चित्र के नीचे " **ग्रहों की अपेक्षित तुलनात्मक जानकारी** " शीर्षक के अन्तर्गत दर्शाई गई है।]

[3] *AU= Astronomical Unit = सूर्य से पृथ्वी का मध्यमअन्तर = 15,00,00,000 कि. मी.।*

हमारा सौर परिवार

[सूर्य के चारों ओर नौ ग्रहों के भ्रमणवृत्तों, क्षुद्रग्रह पट्टी (Asteroid Belt) और कुईपर पट्टी (Kuiper Belt) का स्थितिक्रम]

ग्रहों की अपेक्षित तुलनात्मक जानकारी

(a) =व्यासार्ध (कि.मी.), (b) = सूर्य से मध्यम दूरी (Million K.M.), (c) = भगणकाल (वर्ष / दिन), (d) =उपग्रह संख्या।

	गुरु	शनि	यूरेनस	नेप्च्यून	पृथ्वी	शुक्र	मंगल	बुध	प्लूटो
(a)	69912	58233	25362	24625	6371	6051	3389	2440	1195
(b)	778	1427	2870	4497	150	108	228	58	5900
(c)	11. 86 वर्ष	29.46 वर्ष	84.01 वर्ष	164.79 वर्ष	365.26 दिन	224.70 दिन	1.88 वर्ष	87.97 दिन	247.68 वर्ष
(d)	61	33	26	13	1	0	2	0	3

देखिए– प्लूटो का भ्रमणवृत्त नेप्च्यून के और Xena का प्लूटो के भ्रमणवृत्तीय धरातल में कुछ प्रविष्ट है।

Hubble Space Telescope द्वारा फर. '06 ई. में लिया गया प्लूटो का चित्र, जिसमें इसका मुख्य उपग्रह **Charon** और इसके दो छोटे उपग्रह भी दिखाई पड़ रहे हैं।

कुईपर पट्टी के सात प्रमुख वामनग्रह

कुईपर पट्टी में घूम रहे वामन ग्रह आदि पदार्थों को संक्षेप में **KBOs (= Kuiper belt objects)** कहा जाता है।

	Xena	Pluto	2003 EL 61	2005 FY 9	Sedna	Orcus	Quaoar
व्यासार्ध (कि.मी.)	1250	1195	1000	1000	900	800	625
भगणकाल (वर्ष)	560	248	285	310	12000	247	286

श्लोकशतक

(लघुपाराशरी का सरलीकृत सुन्दर, श्लोकबद्ध–विवेचन)

अनुवादक– संयमी शर्मा, M.A., ज्योतिषाचार्य,

फलित ग्रन्थों में लघुपाराशरी गूढार्थक एवम् गम्भीर चिन्तनगम्य ग्रन्थ है, जिसके लेखक अज्ञात हैं। इसी ग्रन्थ को सुबोध बनाने का प्रयास अनेक विद्वानों ने किया है, जोकि विभिन्न भाष्य–टीकाओं के रूप में उपलब्ध है। लेकिन लघुपाराशरी के इन 42 श्लोकों को सुबोध श्लोकबद्ध शैली में प्रस्तुत करने का श्रेय **पं. श्री मिठ्ठनलाल जी शुक्ल** को जाता है। उन्होंने 109 वर्ष पूर्व 'श्लोकशतक' लिखकर लघुपाराशरी के गूढ़ रहस्यों का सरलीकरण करके दैवज्ञों पर भारी उपकार किया है। यह ग्रन्थ जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हमें प्राप्त हुआ है। इस महत्त्वपूर्ण फलित पुस्तिका को सुरक्षित रखते हुए बालबोध शैली में हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत करने का प्रयास क्रमशः किया जा रहा है। **प्रथमाध्याय के 20 श्लोकों का हिन्दी–अनुवाद गतवर्ष के पंचांग में दिया गया था। इस ग्रन्थ के अग्रिम–भाग का हिन्दी–अनुवाद आपके सामने इसवर्ष प्रस्तुत है। – सम्पादक**

अथ राजयोग–भंगाध्याय

(1) आयुस्त्रि–षष्ठ–लाभेशामसम्बंधी च यो ग्रहः।
पुनस्तादृश–केंद्रेश–सम्बंधी स तु राज्यदः।।

अर्थ– अष्टम, तृतीय, षष्ठ एवम् एकादश– इन चारों भावों के स्वामी का पूर्व चर्चित चार प्रकार के सम्बन्धों में से कोई सम्बन्ध न बनता हो, लेकिन केन्द्र के स्वामी से सम्बन्ध बनाता हो तो राजयोग कारक होता है।

चतुर्विध सम्बन्ध ये हैं–

"मुख्यश्चान्योन्यभे खेटौ चान्योन्यं यदि पश्यतः।
सम्बन्धो मध्यमश्चान्यो द्वयोरेकतरो यदा।।"
"भवेदेकतरस्थाने तं चापि यदि पश्यति।
एक राशौ यदा द्वौ चेत्तदा तेभ्योऽधमःस्मृतः।।"

(2) चंद्रज्ञ–गुरु–काव्यानां मध्ये यः केन्द्रनायकः।
स दुष्टोऽपि त्रिकोणेश–सम्बंधी राज्यदायकः।।

अर्थ– चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र– इन चारों ग्रहों में से जो ग्रह केन्द्र का स्वामी हो और दुष्ट भी हो ("पतयस्त्रिषडायानां यदि पापफलप्रदाः" अर्थात्– यदि कोई क्रूर ग्रह तीसरे, छठे या ग्यारहवें भाव का मालिक हो तो दुष्ट माने जाते हैं) तो त्रिकोणेश अर्थात्– (पंचम–नवम भावेश) से सम्बन्ध करने पर ग्रह राजयोगकारक हो जाता है।

(3) आयुस्त्रिषष्ठ लाभेशः स एव यदि केन्द्रपः।
दोषयुक्तोप्ययं राज्यं दत्ते सम्बन्धतस्ततः।।

अर्थ– अष्टम–तृतीय–छठे एवम् एकादश भावों के स्वामी ग्रह यदि केन्द्रेश (1, 4, 7, 10 भावों) के स्वामी भी हों तो ये दोषयुक्त होने पर भी स्वामित्व सम्बन्धमात्र से बलवान् होकर राजयोगकारक हो जाते हैं।

(4) एवं त्रिकोणनाथोऽपि दोषयुक्तोऽपि राज्यदः।
एवं त्रिकोण केन्द्रेशौ द्वावपीह तु राज्यदौ।।

अर्थ– त्रिकोण (नवम–पंचम भावों) के स्वामी दोषयुक्त (अर्थात् तृतीय–षष्ठ–अष्टम एवम् एकादश भावों के स्वामी) होने पर भी केन्द्रेश–त्रिकोणेश के स्वामित्व–सम्बन्ध से दोनों ही राजयोगकारक हो जाते हैं।

(5) भाग्य–राज्येश्वरौ भाग्ये राज्ये वान्योन्य–राशिगौ।
वा तौ स्व–स्व गृहे यातौ योगोऽयं प्रबलः स्मृतः।।

अर्थ –

(i) नवम एवं दशम भाव के स्वामी, दोनों नवमभाव में या दोनों दशम भाव में हों।

(ii) नवमेश दशम भाव में और दशमेश नवम भाव में हो।

(iii) नवमेश नवमभाव में एवं दशमेश दशमभाव में हो।

ये तीनों योग प्रबल राजयोगकारक हैं।

यही बात लघुपाराशरी में इस प्रकार लिखी है–

"निवसेतां व्यत्ययेन तावुभौ धर्मकर्मणोः।
राजयोगाविति प्रोक्तं विख्यातो विजयी भवेत्।।"

**(6) पितृपुत्रपती चेत्थं प्रबलौ राज्यकारकौ।
अथ क्वापि स्थितौ चापि चेत्सम्बन्ध–चतुष्टये।।**

अर्थ– दशमेश एवं पंचमेश भी यदि पूर्ववत् सम्बन्ध बनाए, अर्थात् दशमेश पंचम भाव में, पंचमेश दशमभावं में एवं पंचमेश–दशमेश दोनों दशमभाव में, एवं दशमेश एवं पंचमेश दोनों पंचम भाव में या दोनों अपने–अपने भाव में बैठे हों तो भी राजयोगकारक होते हैं। अर्थात्– पंचमेश–दशमेश कहीं भी बैठे हों (और चारों सम्बन्धों में से कोई भी सम्बन्ध बनाते हों) तो ये राजयोगकारक होते हैं।

**(7) कुरुतोऽन्यतमं योगं राज्यं तौ यच्छतः प्रभू।
दशा चेद्राज्य–नाथस्य भवेदन्तर्दशा यतः।।**

अर्थ–उल्लिखित राजयोगकारक स्थिति में दशमभावेश की महादशा एवम् पंचमेश की अन्तर्दशा में किंवा उल्लिखित स्थिति में राजयोगकारक–पंचमेश की महादशा एवं दशमेश की अन्तर्दशा में भी राजयोग फलप्रद ये ग्रह होते हैं।

**(8) प्रायशो लभते राज्यं ध्रुवं सम्बन्धिनोऽस्य तु।
राज्यदात्प्रबलो यस्तु खलो मलिनलक्षणः।।**

अर्थ–(उपरोक्त) राजयोगकारक ग्रह से पापलक्षण–लक्षित–खलग्रह बलवान् हो तो उससे सम्बन्ध करने वाले ग्रह की दशा और अन्तर्दशा में प्रायः राजयोग फल की प्राप्ति होती है।

**(9) सम्बन्धी योगनाथस्य चेत्तस्यैव दशा भवेत्।
अन्तर्दशा यदा योगनाथस्य तु तदा नृपः।।**

अर्थ– पूर्वोक्त चार प्रकार के राजयोगकारक ग्रह की महादशा एवम् राजयोगकारक ग्रह की अन्तर्दशा में राज्यलाभ प्राप्त होता है।

**(10) केन्द्रेशान्यतमः कश्चित्कोणेशान्यतरेण चेत्।
सम्बंधमाचन् खेटो राज्यं यच्छति निश्चितम्।।**

अर्थ– केन्द्रशों में से कोई एक ग्रह, नवमेश–पंचमेश में से किसी भी एक ग्रह के साथ सम्बन्ध करे तो अपनी दशा में निश्चय ही राजयोग कारक होता है।

**(11) कोणनाथस्य सम्बंधी पापः कश्चिदुपग्रहः।
अथवा केन्द्रनाथस्य सम्बंधी यदि कोणगः।।**

**(12) सोऽपि राज्यप्रदो ज्ञेयः पराशरमुनीरितः।
लाभेशस्य च सम्बंधी राज्यभंगाय कर्मपः।।**

अर्थ–राहु–केतु (उपग्रहों) में से कोई पापी ग्रह नवमेश किंवा पंचमेश से सम्बन्ध करे या नवम–पंचम भाव में बैठा हो तो राजयोगकारक होता है। अथवा राहु–केतु केन्द्रेश से सम्बन्ध बनाकर त्रिकोण (पंचम–नवम भाव) में हों तो राजयोगकारक होते हैं। लेकिन दशमेश यदि एकादशेश के साथ सम्बन्ध करे तो राजयोग को भंग करते हैं।

**(13) धर्मायुषोस्तु कर्माप्त्योरेको राज्यहरोधिपः।
युग्मलग्नेऽथवा मेषे राज्यभंगाय भानुजः।।**

अर्थ– अगर अष्टमेश एवम् नवमेश एक ही हो एवम् दशम–एकादश भाव का स्वामी भी एक ही हो तो राज्ययोग के फल का नाश करता है। जैसे मिथुन एवं मेष लग्न में शनि राजयोग का नाशक है।

**(14) जन्मलग्नेश्वरःखेटो दशमे दशमेश्वरः।
लग्ने विख्यात–कीर्तिः स्याद्विजयी च नराधिपः।।**

अर्थ–जन्मलग्न का स्वामी ग्रह दशमस्थान में हो किंवा दशम स्थान का स्वामी ग्रह लग्न में हो तो व्यक्ति महायशस्वी एवं सर्वत्र विजयी, राजा सदृश होता है।

समस्याएं और समाधान

लेखकः- प्रियव्रत शर्मा, 59/6 (अभिजित्), पंचकूला-134 109

फलित एवं गणित (सिद्धांत) ज्योतिष से सम्बद्ध अपनी समस्याएं मुझे भेजिए। आवश्यक समझने पर डाक से उत्तर देने का भी मेरा पूरा प्रयास रहता है। लेकिन इसके लिए कृपया जवाबी पत्र न डालिए। यदि मुझे आपकी समस्या का उत्तर पत्र द्वारा देना होगा, मैं अपने व्यय पर ही दे दूंगा। मुझे प्रतिदिन अनेक पाठकों की समस्याएं पत्रों द्वारा प्राप्त होती हैं। सीमित समय आदि के कारण मैं प्रत्येक पाठक को पत्र द्वारा समस्याओं का समाधान भेजने के लिए किसी भी तरह बाधित नहीं होना चाहता ।

ध्यान दें– मैं ज्योतिष का व्यवसाय नहीं करता हूँ। अतः अपनी ज्योतिषसम्बन्धी व्यक्तिगत समस्याओं के लिए मुझे कृपया पत्र न लिखें, और न ही इसके लिए मुझे कोई फीस वगैरह भेजिए। इस सम्बन्ध में मैं किसी से मिलता भी नहीं हूँ। कृपया कर्मकाण्डसम्बन्धी समस्याएं मुझे मत भेजिए। यह मेरा विषय नहीं है –

–प्रियव्रत शर्मा

यहां इन समस्याओं के समाधान पढ़िए

समस्या (i)– श्रीमार्त्तण्ड पंचांग के षड्बल विशेषांक में राहु का दीप्तिबल क्यों नहीं बतलाया गया ?

(ii) श्रीमार्त्तण्ड पंचांग में स्पष्ट ग्रहों के साथ मध्यम राहु देने का क्या कारण है ?

(iii) ग्रहों के षड्/सप्तबलयोग में 'युद्धबल संस्कार' का महत्त्व क्या है ?

(iv) ग्रहों के षड्/सप्तबल में 'गतिबल' की क्या कोई भूमिका है ?

(v) 'कालबल' के अन्तर्गत 'वर्षेशादि बल' साधन की विधि श्रीमार्त्तण्ड पंचांग (षड्बल विशेषांक) में निर्दिष्ट नहीं है। अतः जातक के जन्मसम्बन्धी विक्रमी संवत्विशेष के चान्द्रमास चैत्र की शुक्ल प्रतिपदा तथा उसके जन्मसम्बन्धी चान्द्रमास की शुक्ल प्रतिपदा का वारसाधन करने की विधि निर्दिष्ट करें, जिससे उस जातक के वर्षेश और मासेश का निर्णय किया जा सके। सृष्ट्यादि अहर्गण–पद्धति द्वारा वर्षेश एवं मासेश–निर्णय को तो आपने यहां अग्राह्य बतलाया है।

(vi) मंगलादि पांच ताराग्रहों के शीघ्रकेन्द्र (चेष्टाकेन्द्र) साधन के लिए इनके मध्यम भोगांश और शीघ्रोच्च–साधन की विधि निर्दिष्ट करें।

(vii) कालहोरा–साधन की प्रामाणिक विधि कौन–सी है ? अभीष्ट दिवसीय सूर्योदय से व्यतीत घण्टों के आधार पर जो होरेश का निर्णय किया जाता है, क्या वहां इष्ट–घट्यादि में चरसंस्कार और रेखांशसंस्कार देना चाहिए ?

इष्टकालिक स्पष्ट लग्न एवं स्पष्ट सूर्य के अंशात्मक अन्तर से साधित होरेश, उपरोक्त प्रक्रिया से साधित होरेश से अनेक बार मेल नहीं खाता; क्या कारण है ?

श्री......................,
C/O श्री सतीश जैन,
अर्हन् हॉज़री, गांधीनगर, दिल्ली–31

समाधान– (i) दीप्ति बिम्ब की होती है। राहु का कोई बिम्ब नहीं है, वह तो सूर्य–चन्द्र के भ्रमणवृत्तों का सम्पातमात्र है।

(ii) हमारे सभी प्राचीन सिद्धान्तग्रन्थों में राहु (सूर्य–चन्द्र के भ्रमणवृत्तों के सम्पातबिन्दु) को 3′–11′′ दैनिक वक्रगति से ही चलता माना गया है। यह सम्पातबिन्दु कुछ–कुछ समय के अन्तराल पर मार्गगति से भी चलता है– ऐसा आज–कल के नक्षत्रविदों ने वेध एव आकर्षणसिद्धान्तों द्वारा जाना है। इसलिए मार्गी एवं वक्र–दोनों गतियों से चल रहे, इस स्पष्ट राहु के भोगांश भी यहां हमने देने शुरु किए हैं। क्योंकि, हजारों वर्षों की हमारी सैद्धान्तिक परम्परा के अनुसार इसे (राहु को) मध्यमगति वाला वक्र ग्रह ही माना है; अतः इसके मध्यम भोगांश भी यहां परम्परया देना उचित समझा गया है। ध्यान रहे– फलादेश के हमारे प्राचीन संहिता– जातकादि ग्रन्थों में 3′–11′′ मध्यमगति वाले वक्र राहु के आधार पर ही फलादेश निर्दिष्ट है।

(iii) जब दो ग्रह क्रान्तिवृत्त में एक ही स्थान पर होते हैं, तब जातकपद्धतिकारों का मत है कि– उन दोनों के सप्तबलों के आधार पर उनका तुलनात्मक बल अन्तिम बल नहीं मान लेना चाहिए। इस स्थिति में युद्धबल–संस्कार से संस्कृत ग्रह के बल को वास्तविक बल समझा जाए–ऐसा उनका निर्णय है।

एक ही स्थान पर स्थित ग्रहों में युद्ध की कल्पना एक ही स्थान पर स्थित मानवों की प्रतिद्वन्द्विता के सादृश्य से उपजी मालूम पड़ती हैं।

(iv) जातकपद्धतिकारों ने ग्रह के गतिबल का विचार साक्षात् तो नहीं किया। हां, उनके चेष्टाबल–साधन (बिम्बवृद्धि–बलसाधन) में गतिबल का काफी कुछ संकेत अवश्य मिलता है। क्योंकि गतिवृद्धि और गतिह्रास का बिम्बवृद्धि और बिम्बह्रास से सम्बन्ध है।

(v) अभीष्ट वर्ष का स्वामी (वर्षेश) जानने के लिए दृक्पक्षीय किसी करणग्रन्थ ('केतकी ग्रहगणित' या 'सर्वानन्दकरण') के अनुसार उस वर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का अहर्गण–साधन कीजिए। इस अहर्गण से उसी करणग्रन्थ द्वारा सूर्य और चन्द्र स्पष्ट करके यह जाना जा सकता है कि– उस दिन क्या सूर्य, चन्द्रमा के अन्तर से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सिद्ध होती है ? यदि यहां सूर्य–चन्द्रान्तर से द्वितीया सिद्ध हो तो अहर्गण में से एक घटाकर, चैत्रकृष्ण अमावस्या सिद्ध हो तो अहर्गण में एक जोड़कर, उसे वास्तविक अहर्गण माना जाए। यदि प्रागहर्गण हो तो द्वितीया सिद्ध होने पर एक जोड़ें, अमा सिद्ध होने पर एक घटाएं। इस अहर्गण से करणग्रन्थ के अनुसार वार का निर्णय आसानी से हो सकता है और इस वार का स्वामी ही उस वर्ष का राजा (वर्षेश) होगा– यह स्पष्ट है। जन्ममासेश का निर्णय भी इसी प्रकार जन्म के चान्द्रमास की प्रतिपदा के अहर्गण द्वारा करना होगा।

(vi) इसके लिए **'केतकी ग्रहगणित', 'ज्योतिर्गणित'** अथवा **'सर्वानन्दकरण'** के ग्रहगणिताध्याय देखें।

(vii) कालहोरा–साधन की अधिकतर सम्मत विधि सूर्योदयात् व्यतीत इष्ट घण्टादि पर आधारित है। ध्यान रहे– यहां सूर्योदयात् व्यतीत इष्ट घण्टादि में चर और रेखांशसंस्कार नहीं देना चाहिए; क्योंकि यह इष्ट घण्टादि (घट्यादि) काल स्थानीय स्पष्ट सूर्योदय से ही बीता काल है। इस होरासाधनविधि में प्रत्येक होरा एक घण्टे (60 मिनट) की ही होती है।

कालहोरा–साधन का दूसरा प्रकार, जिसमें इष्टकालिक स्पष्टलग्न और स्पष्ट सूर्य के अंशादि–अन्तर को 15 से भाग देकर व्यतीत होराएं ज्ञात की जाती हैं– प्रामाणिक नहीं है। क्योंकि, इस प्रक्रिया में 30 अंश में दो होराएं मानी गई हैं। राशियों के स्वोदयकाल मध्यममान से दो–दो घण्टे के अवश्य हैं; लेकिन स्पष्टमान से कभी दो

घण्टे से ज्यादा और कभी कम भी होते हैं। अतः एकराशि (30 अंशों) के स्वोदय में कल्पित दो होराएं, कभी दो घण्टे से कम और कभी दो घण्टे से ज्यादा होती हैं। यही कारण है– प्रथम प्रकार की होरा साधनपद्धति से प्राप्त होरेश और इस पद्धति से प्राप्त होरेश में अनेकदा अन्तर रहता है।

समस्या– 'मुहूर्त चिन्तामणि' में लिखा है– " ज्ञ–राहुपूर्णेन्दु–सिताः स्वपृष्ठे भं सप्तगोजातिशरैर्मितं हि। संलत्तयन्तेऽर्क–शनीज्य–भौमाः सूर्याष्टतर्काग्निमितं पुरस्तात्।।"– **इसके अनुसार राहु पीछे की ओर 9वें नक्षत्र को लात मारता है। लेकिन 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' के 'मुहूर्त विशेषांक' में दिए गए 'लत्ता कोष्ठक' में शेष ग्रहों की लत्ता तो ठीक है, लेकिन राहु के लत्तादूषित नक्षत्र विपरीत दर्शाए गए हैं। जैसे– यदि रोहिणी नक्षत्र में विवाह हो तो उपरोक्त श्लोकानुसार राहु के उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र पर होने से लत्तादोष होगा। किन्तु आपके इस कोष्ठक में धनिष्ठा नक्षत्र (यानी रोहिणी से 20वें नक्षत्र) को दिखाया गया है– ऐसा क्यों ?**

श्री अवधेश तिवारी, हरिद्वार (उत्तरांचल)।

समाधान– राहु वक्रगति है। क्रान्तिवृत्त में नक्षत्रों की स्थिति पश्चिम से पूर्व की ओर है। क्रान्तिवृत्त में चलते हुए राहु का मुख पश्चिम में और पृष्ठ पूर्व की ओर रहती है। इस स्थिति में उसके पीछे 9वां नक्षत्र उसके द्वारा अधिष्ठित नक्षत्र से नक्षत्रगणना–क्रमानुसार वस्तुतः 9वां ही होगा। इस प्रकार स्पष्ट है, जब राहु धनिष्ठा में हो तो वह उस नक्षत्र से पृष्ठस्थ 9वें नक्षत्र रोहिणी को ही लात मारेगा। केशवार्क और दैवज्ञ नारायण ने अपने मुहूर्तग्रन्थों ('विवाहवृन्दावन' और 'मुहूर्त्तमार्त्तण्ड') में यह लिखा है कि– राहु अपने नक्षत्र (स्वाधिष्ठित नक्षत्र) से सम्मुखस्थ 20वें नक्षत्र को लात मारता है। यहां पाठक को भ्रान्त नहीं होना चाहिए, क्योंकि पृष्ठस्थ 9वां और अग्रस्थ 20वां नक्षत्र एक ही होता है। 'मुहूर्त्तचिन्तामणि' की "ज्ञराहु–पूर्णेन्दु सिताः..........." श्लोक की पीयूषधारा में यह स्पष्ट किया गया है।

मैं यहां यह विशेष बात स्पष्ट बतलाना चाहता हूँ– राहु की वक्रगति को दृष्टि में रखकर, उसके द्वारा लत्तित नक्षत्रों का जो निर्देश मैंने इस लत्ताकोष्ठक में किया है, वह यथार्थ है। अन्यत्र उपलब्ध लत्ताकोष्ठकों में भी ऐसा ही किया गया है। लेकिन इस कोष्ठक में पंचताराग्रहों (मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि) द्वारा जो लत्तित नक्षत्र दर्शाए गए हैं, वे इन पंचताराग्रहों को केवल मार्गी मानकर ही निर्धारित किए गए हैं। क्योंकि– ये ग्रह वक्र भी होते हैं। अतः वक्रता की स्थिति में इनके द्वारा लत्तित नक्षत्र इस कोष्ठक में निर्दिष्ट लत्तित नक्षत्रों से भिन्न होंगे। किञ्च– स्पष्ट राहु अक्सर थोड़े–थोड़े दिनों बाद मार्गी भी होता रहता है, इस (राहु) की मार्गस्थिति में भी इस द्वारा लत्तित नक्षत्र इस कोष्ठक में निर्दिष्ट नक्षत्रों से भिन्न होंगे। इस प्रकार स्पष्ट है– वक्री और मार्गी ग्रहों का लत्तादोष जानने के लिए दो भिन्न–भिन्न लत्ताकोष्ठक होने चाहिएं। सं. 2061 वि. के श्रीमार्त्तण्ड पंचांग के विशेषांक में दिया गया "लत्ताकोष्ठक" अधूरा है– यह मैं निःसंकोच स्वीकार करता हूँ। लेकिन यह जान लेना चाहिए– अन्य सभी मुहूर्तग्रन्थों में दिए गए 'लत्ताकोष्ठक'– परम्परया इसी रूप में मिलते हैं।

समस्या– व्रतपर्व–ग्रन्थों में गंगाजन्म की दो तिथियां भिन्न–भिन्न मिलती हैं– (i) वैशाख शुक्ल सप्तमी और (ii) ज्येष्ठ शुक्ल दशमी (जिसे गंगादशहरा भी कहा जाता है)। ऐसा क्यों ?

श्रीकृष्ण गोपाल गोस्वामी,
सैक्टर 27 A, चण्डीगढ़ (U.T.)।

समाधान– ब्रह्मपुराण में लिखा है कि– राजा भगीरथ की घोर तपस्या के परिणामस्वरूप गंगा स्वर्ग से ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन पृथ्वी पर उतर कर प्रवाहित होने लगी। यह गंगा का पृथ्वी पर प्रथम जन्म माना जाता है। गंगा के भारी प्रवाह ने जह्नु ऋषि के यज्ञ को अस्त–व्यस्त कर डाला, जिससे क्रुद्ध जह्नु ने गंगा के प्रवाह को पी लिया। भगीरथ के सानुनय प्रार्थना, अनुरोध के अनन्तर वर्षों बाद जह्नु ने इसे वैशाख शुक्ल सप्तमी के दिन अपने कर्णरन्ध्र से बाहर पृथ्वी पर उडेल दिया। यह गंगा का दूसरा जन्म माना जाता है।

समस्या– प्रतिपदा, पञ्चमी, षष्ठी, नवमी और दशमी तिथियों का क्रमशः मूल, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी और आश्लेषा नक्षत्रों से योग होने पर ज्वालामुखीयोग माना जाता है। यह योग शुभकृत्यों के लिए वर्जित लिखा गया है। लेकिन आपके सं. 2063 वि. के पंचांग में आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा को मूल नक्षत्र और भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को रोहिणी नक्षत्र में शुद्धविवाह लगा रखा है– क्या आप इसे उपयुक्त समझते हैं ?

पं. जयप्रकाश शर्मा,
गांव सारसा, (कुरुक्षेत्र)।

समाधान– ज्वालामुखी आदि कई कुयोगों के कुफल के बारे में प्रचलित अतिशयोक्तिपूर्ण प्रान्तीय उक्तियों का हमारे संहितादि मूलग्रन्थों में कोई निर्देश नहीं है।

किञ्च– तिथि–नक्षत्र, वार–नक्षत्र, वार–तिथि एवम् वार–तिथि–नक्षत्रों के योग से उत्पन्न ज्वालामुखी, क्रकच, यमघण्ट आदि कुयोगों में विवाहादि शुभकृत्य करने में गर्गादि ने कोई दोष नहीं माना–

" वारर्क्षतिथियोगेषु यात्रामेव विवर्जयेत्।
विवाहादीनि कुर्वीत गर्गादीनामिदं वचः।।"– (*लल्लः*)

अपि च– मुहूर्त्तकारों का यह भी मत है कि– इस प्रकार के दुष्टयोगों का कुफल तभी होता है, जबकि शुभकृत्य को शुद्ध लग्न में न किया जाए–

"यत्र लग्नं विना कर्म क्रियते शुभसंज्ञकम्।
तत्र तेषामयोगानां प्रभावाज्जायते फलम्।।"–(*दीपिका*)

समस्या–(i) 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' एवम् 'विश्वलग्न सारणी' में दिए निर्देशानुसार मैने प्रातः 6 और सायं 18 बजे की सूर्यक्रान्ति व वेलान्तर से 21 मार्च को सूर्योदयास्त साधित किया तो कुछ अक्षांशीय स्थलों पर यह बिल्कुल समान आया एवम् कुछ स्थलों पर एक मिनट का अन्तर पाया गया, जबकि इस तारीख को सूर्योदयास्त सर्वत्र समान होना चाहिए ?

(ii) अनेकत्र विवाह दिन में भी होने लगे हैं, जबकि पहले केवल रात्रि में ही होते थे। क्या ब्राह्मण– वर–वधू का विवाह रात्रि के समय ही श्रेष्ठ माना जाता है ?

(iii) मैंने ''मराठी ग्रहगणित'' के अनुसार सूर्यादि स्पष्ट करने का अभ्यास किया है। मुझे समझ में नहीं आता– इस ग्रहगणित के निर्देश व उदाहरणों में अयनांशसंस्कार का उल्लेख नहीं है।

प्रो. अशोक शर्मा,
मण्डी रोड, अशोकनगर (म. प्र.)।

समाधान–(i) 21 मार्च को सूर्योदय व सूर्यास्त के समय क्रान्ति हमेशा शून्य होती है, ऐसी बात नहीं है। बहुत कम वर्षों एवम् स्थलों पर यह इस दिन शून्य उपलब्ध होती है। शून्यक्रान्ति की स्थिति में ही चर शून्य होने पर स्थानभेद से सूर्योदयास्तकाल में अन्तर नहीं होता। स्पष्ट है, जिस दिन 21 मार्च को आपने सूर्योदयास्तसाधन किया है, उस दिन सूर्योदय–सूर्यास्त के समय सूर्यक्रान्ति कुछ न कुछ ज़रूर थी।

(ii) मुहूर्तशास्त्रानुसार भद्रादि दोषरहित विवाहनक्षत्र के समय शुद्ध लग्न में विवाह कभी भी (रात्रि या दिन में) किया जा सकता है। इस विषय में जाति का कोई बन्धन नहीं है। लेकिन मुहूर्तशास्त्रकारों ने परामर्श दिया है कि– विवाह रात्रि के समय किया जाए तो अपेक्षाकृत अधिक शुभ होता है, क्योंकि यमघण्ट, यमदंष्ट्रा, क्रकच आदि अनेक अशुभ योगों का प्रभाव दिन में ही होता है, रात्रि में नहीं– **''दिवा मृत्युप्रदाः पापाः दोषास्त्वेषु न रात्रिषु।''**– *(वशिष्ठः)*

(iii) क्योंकि, केतकर रचित **'केतकी ग्रहगणित', 'मराठी ग्रहगणित'** आदि ग्रहगणित–ग्रन्थों में ग्रहों के भोगांश, मन्दोच्च, शीघ्रोच्च, गति आदि निरयण ही दिए गए हैं, इसलिए वहां अयनांशसंस्कार की अपेक्षा ही नहीं है।

समस्या–(i) अष्टगन्ध के पदार्थों में कुंकुम शब्द का क्या अर्थ है ? कहीं इसका अर्थ केसर (जाफरान, Saffron) और कहीं रोली या गुलाल बतलाया गया है– कौन–सा अर्थ ठीक है ?

(ii) किसी सरकारी या गैर सरकारी विभाग में नौकरी पाने या अपने किसी अन्य कार्य की सिद्धि के लिए अधिकारी की अनुकूलता प्राप्त करने की कामना से उस अधिकारी को दिए जाने वाले प्रार्थनापत्र या सर्विस प्राप्त करने के लिए या विपक्षी को हराने के लिए वाद (मुकद्दमा) दायर करने के लिए या विपक्षी द्वारा दायर मुकद्दमा का उत्तर देने के लिए दिए जाने वाले प्रार्थनापत्र क्या उसी मुहूर्त्त में दिए जा सकते हैं, जो मुहूर्त्त आपने अपने पंचांग में ''प्रार्थनापत्र (अर्ज़ी) देने का मुहूर्त्त'' में लिखा है ? क्या उपर्युक्त इन्हीं कार्यों के लिए की जाने वाली यात्रा भी इन्हीं तिथि–वार–नक्षत्र और भद्रा में शुभ होगी ?

(iii) प्रश्नविचार में कभी–कभी पृच्छक के नाम के अक्षरों की संख्या जोड़ने की बात लिखी मिलती है। अक्षरों की संख्या कैसे गिनें ? (क) केवल व्यञ्जनमात्र गिनें, (ख) स्वर और व्यञ्जन दोनों गिनें ? स्वरगणना में क्या ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत का ध्यान रखा जाए ?

आचार्य श्री नरेन्द्रप्रताप सिंह गौर,
शारदानगर,, लखनऊ (उ.प्र.)।

समाधान– (i) संस्कृत में कुंकुम और केसर– दोनों शब्द भिन्न–भिन्न अर्थ रखते हैं। वहां कुङ्कुम शब्द काश्मीर में पैदा होने वाले एक विशेष प्रकार के सुगंधित फूल, जिसे उर्दू में जाफरान और English में Saffron कहा जाता है, के लिए [(''.....अथ **कुंकुमम्। काश्मीरजमग्निशिखम्।।**'')– (अमरकोषः)] तथा केसर शब्द किञ्जल्क (जिसे English में Filament कहा जाता है) के लिए प्रयोग में आता है। हिन्दी में कुंकुम का अर्थ लाल पाउडर, गुलाल, रोली के लिए और केसर शब्द जाफरान के लिए प्रयोग में आने लगा है। संस्कृत में कहीं भी केसर शब्द का जाफरान अर्थ नहीं है। इस शब्द का प्रयोग इस भाषा में फूलों के Filament, शेर और घोड़े के गले के बाल तथा बकुलफूल के लिए आता है। अष्टगन्ध (आठ सुगन्धित पदार्थों का संचय) शब्द भी यह बतलाता है कि– इसमें लिए जाने वाले पदार्थों में जो कुङ्कुम है, वह काश्मीरोत्पन्न सुगन्धित फूल ही हैं, रोली या गुलाल सुगन्धित पाउडर नहीं हैं, अतः उन्हें अष्टगन्ध पदार्थों में समाविष्ट करना उचित नहीं।

(ii) जी हां, सभी प्रकार के प्रार्थनापत्र Submit करने के लिए इस मुहूर्त्त का सामान्यतः प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन प्रार्थनापत्र अर्पित करने के उद्देश्य से की जाने वाली यात्रा और प्रार्थानापत्र अर्पित करने का मुहूर्त्त दोनों भिन्न–भिन्न होंगे। लखनऊ से प्रार्थनापत्र देने के लिए की जाने वाली दिल्ली की यात्रा एवम् दिल्ली में दिए जाने वाले प्रार्थनापत्र के काल में भारी भेद है। **स्पष्ट है**– यात्रामुहूर्त्त को प्रार्थनापत्र अर्पित किए जाने वाले काल के मुहूर्त्त से सम्बद्ध नहीं किया जा सकता।

(iii) केरलीय ज्योतिष में व्यञ्जनों एवम् स्वरों को भिन्न–भिन्न अंक दिए गए हैं। पृच्छक के नाम के वर्णों के अंकों का योग केरलीय ज्योतिष से सम्बन्ध रखता है; अतः नाम के प्रत्येक व्यञ्जन एवम् स्वर के अंक अलग–अलग लेकर जोड़ने चाहिएं। स्वर चाहे ह्रस्व हो, दीर्घ या प्लुत–वह एक ही माना जाता है। इसके उच्चारणकाल में केवल न्यूनाधिक्ता रहती है। उदाहरणार्थ– 'सुरेन्द्र' नामक पृच्छक के नाम के कुल वर्ण आठ (स्+उ+र्+ए+न्+द्+र्+अ) हैं।

समस्या–(i) सौरवर्ष का वास्तविक मान सूर्य का क्रान्तिवृत्त पर 360° का

भ्रमणकाल है अथवा वसन्तसम्पात से चलकर, पुनः वसन्त वसन्तसम्पात पर पहुंचने का समय है, जो प्रतिवर्ष अयनविचलन के कारण 360° से 50´´ कम होता है ?

(ii) पंचांग में सौरवर्ष का मान 365 दिन 6 घण्टे 9 मिनट लिखा है। जबकि, विद्यार्थियों की पाठ्यपुस्तक में यह मान 365 दिन 5 घण्टे 48 मिनट 52 सेकण्ड लिखा है। कौन–सा सही है ?

(iii) क्या अयन–विचलन का कालान्तर में ग्रेगोरियन कैलेण्डर पर कोई प्रभाव पड़ेगा, जिससे आजकल की तारीखों में दिखाई देने वाली दिन–रात की समानता एवं वसन्त आदि मौसम में आगे चलकर अन्तर आ जाए ?

(iv) वेलान्तर किसे कहते हैं ?

श्रीधनीराम शर्मा,
गणिताध्यापक, किरमच (कुरुक्षेत्र)(हरि.)।

समाधान–(i) सौरवर्ष दो प्रकार का है– (a) निरयण सौरवर्ष– सूर्य किसी एक नक्षत्र से चलकर क्रान्तिवृत्त का पूरा (360°) भ्रमण करते हुए, पुनः उसी नक्षत्र पर जितने समय में आता है, वह निरयण सौरवर्ष कहलाता है। भारतीय ज्योतिष में मुख्यतः इसी का प्रयोग होता है। (b) सायन सौर वर्ष–वसन्त सम्पात से चलकर सूर्य जितने समय में पुनः वहीं आ जाता है, उसे सायन सौर वर्ष कहा जाता है। निरयण सौर वर्ष का ऋतुओं से सम्बन्ध स्थायी नहीं है, जबकि सायन सौर वर्ष का सम्बन्ध स्थायी है। ऋतुओं के निर्धारण के लिए भारतीय ज्योतिष में भी सायन सौर वर्ष का ही प्रयोग होता है।

(ii) 365 दिन 6 घण्टे 9 मिनट वाला निरयण और 365 दिन 5 घं. 48 मि. 52 से. वाला सायन वर्ष है। अयनचलन के कारण वसन्तसम्पात–बिन्दु प्रतिवर्ष लगभग 50´´ वक्रगति से पश्चिम की ओर खिसक रहा है, अतः सायन सौरवर्ष निरयण सौरवर्ष से लगभग 20 मिनट छोटा है (अगले पृष्ठ पर दिया गया "श्रीजय गुप्ता, कोटा" की समस्या (ii) का समाधान भी देखिए)। 365 दिन 5 घण्टा 48 मिनट और 52 सेकण्ड वाला वर्ष सायन गणनानुसारी है।

(iii) ग्रेगोरियन कैलेण्डर में प्रयुक्त होने वाला सौर वर्ष अयनविचलन को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। अर्थात्– इस कैलेण्डर में सायन वर्ष का ही प्रयोग है। अतः इस कैलेण्डर के मासों, तारीखों में आजकल जो वसन्त आदि ऋतुएं तथा अहोरात्र के स्थानीय मान आदि उपलब्ध हैं, उनमें किसी प्रकार का कोई अन्तर भविष्य में संभव नहीं है।

(iv) वेलान्तर स्पष्ट सूर्य एवम् मध्यम सूर्योदयकाल का अन्तर है। क्योंकि– स्पष्ट स्थानीयकाल के अनुसार एकरूपता से चलने वाली घड़ियों का प्रयोग सम्भव नहीं, अतः उन्हें मध्यम कालानुसार चलाया जाता है। वेलान्तरसंस्कार स्पष्ट एवम् मध्यमकाल का ही अन्तर है। इसे English में Equation of time कहा जाता है।

समस्या–(i) जिस दिन पृथ्वी पर अग्निवास न हो उस दिन अत्यावश्यकता में हवन करना पड़ जाए, तो इसका कोई उपाय है ?

(ii) "न मंगली केन्द्रगते च राहौ"– यह वचन कहां तक प्रामाणिक है ?

पारस शास्त्री, अम्बाला कैंट, (हरि.)।

समाधान–(i) हवन के लिए अग्निवास का विचार केवल शान्तिक एवम् पौष्टिक कर्म नैमित्तक होम में ही किया जाता है। इन कर्मों के लिए किसी प्रकार की आपात्स्थिति नहीं होती। यदि ऐसी स्थिति कभी आ पड़े तब केवल ग्रहादि पूजन उस दिन किया जाए, एतन्निमित्त हवन अग्निवास की अनुकूलता देखकर किसी दूसरे दिन करें।

(ii) मंगलीक दोष के परिहार में उद्धृत किया जाने वाला यह वाक्य प्रामाणिक ज्योतिषग्रन्थों में उपलब्ध नहीं है। किञ्च– केन्द्र मे राहु की स्थिति होने से मंगलीकदोष के निवारण की बात में कोई तर्क या उपपत्ति भी नहीं है।

समस्या–(i) नाड़ीदोष–परिहार के बारे में एक यह श्लोक मैने कहीं पढ़ा है–

" नाड़ीविवेधे यदि स्याद्विवाहः करोति वैधव्ययुतां च कन्याम्।
स एव माहेन्द्र–दिनादियुक्तो राशीशमैत्री–सहितो न दोषः।।"

यहां माहेन्द्र– दिनादि कूटों की चर्चा है। क्या अष्टकूटों के अतिरिक्त और भी कोई कूट हैं ? – कृपया बतलाएं।

(ii) हम जन्मदिन सौरमान या प्रविष्टा के अनुसार मनाते हैं, कुछ लोग तिथि (चान्द्रमास) के अनुसार। मैंने गीताप्रैस गोरखपुर की एक पुस्तक में पढ़ा है–

"तच्च वर्षपर्यन्तं प्रतिमासं जन्मतिथौ कार्यम्।
वर्षोत्तरं प्रत्यब्दं जन्मतिथौ कार्यम्।।"

यहां पर मैं भ्रान्त हूँ कि– जन्मदिन सौरमान के अनुसार मनाया जाए या तिथि के अनुसार ?

पं. रमेश कुमार शर्मा,
ग्राम कईल, P.O. सतलाई (शिमला)।

समाधान– (i) वशिष्ठ ने अपनी संहिता (वशिष्ठ–संहिता) में माहेन्द्र, भूत, लिंग, दिन आदि 18 कूटों का निर्देश किया है। लेकिन परवर्ती मुहूर्त्तशास्त्रियों ने केवल वर्ण, वश्यादि आठ कूटों का ही विचार करने के लिए लिखा है। मिलान में अब सभी लोग इन आठ कूटों का ही विचार करते हैं। वशिष्ठ के 18 कूटों का विचार आजकल कहीं भी नहीं किया जाता। 8 कूटों को ही मान्यता देने वाले मुहूर्त्तग्रन्थों के अनुसार नाड़ीदोष का परिहार केवल इन चार स्थितियों में ही माना गया है–

(1) दोनों (वर–वधू) के नक्षत्र एक और राशियां भिन्न–भिन्न हों।

(2) दोनों की राशि एक और नक्षत्र भिन्न–भिन्न हों।

(3) दोनों का नक्षत्र एक होने पर नक्षत्रचरण भिन्न–भिन्न हों।

(4) दोनों के नक्षत्रचरणों में वेध न हो।

(ii) आयु के गताब्दों का निर्णय सौरमान से ही किया जाता है, चान्द्रमान से नहीं। आपका जन्मदिन उस दिन माना जाएगा, जिस दिन सूर्य के राश्यादि आपके जन्मकालिक सूर्य--राश्यादि के बिल्कुल समान हों। ध्यान रहे– मृत्युदिन चान्द्रमान से मनाया जाता है। जिस चान्द्रमास–पक्ष–तिथि में मृत्यु हुई हो, उसी मास–पक्ष और तिथि में आब्दिक श्राद्ध किया जाता है। [illegible] गीताप्रैस वालों की पुस्तक में उद्धृत संस्कृतवाक्य श्राद्ध से सम्बद्ध है, जन्मदिन से नहीं।

समस्या– सूर्य–चन्द्रग्रहण के समय कई जगह पुजारी लोग मन्दिरों को बन्द करने लगे हैं। उनका कहना है कि– ग्रहण–सूतक एवम् ग्रहणकाल में प्रतिष्ठित मूर्ति का स्पर्श नहीं करना चाहिए।

डॉ. पी. आर. शर्मा,
7, I/249, फरीदाबाद (हरि.)।

समाधान– यह ठीक है, ग्रहण के समय मूर्ति का स्पर्श नहीं करना चाहिए। लेकिन, स्नानानन्तर मूर्ति के सम्मुख बैठकर पूजा करने का तो बहुत बड़ा माहात्म्य शास्त्रों में लिखा है। उस समय मन्दिर का दरवाजा बन्द कर श्रद्धालु भक्तजनों को मूर्तिदर्शन से वंचित करना शास्त्रविरुद्ध है।

समस्या–(i) ग्रहों के भोगांश व स्थानीय अक्षांशों तथा रेखांश भूकेन्द्रीय लिए जाएं या भूपृष्ठीय ?

(ii) भारतीय ज्योतिष में जब निरयण ग्रह व लग्न का प्रयोग होता है तो क्या कारण है– पंचांगों में उतरायण–दक्षिणायन एवम् वसन्तादि ऋतुओं के निर्णय के लिए सायन सूर्य को प्रयोग में लाया जाता है ?

(iii) पलभाज्ञान के लिए 12 अंगुल के ही शंकु का प्रयोग क्यों लिखा है ?

(iv) चरखण्डज्ञान के लिए स्थानीय पलभा को 10, 8 व 10/3 से ही क्यों गुणा किया जाता है ?

(v) चरपल या चरमिनट जानने का ऐसा प्रकार बतलाइए, जिसमें केल्कुलेटर (Calculator) या सारणी का प्रयोग अपेक्षित नहीं ?

श्री जयराज गुप्ता,
आदर्श कॉलोनी, कोटा (राजस्थान)।

समाधान–(i) युति एवम् ग्रहण को छोड़कर सर्वत्र ग्रहों के भूकैन्द्रिक भोगांशों का ही प्रयोग होता है। सभी ग्रह भोगांश–साधक सूत्रों से ग्रहों के भूकैन्द्रिक भोगांश ही प्राप्त होते हैं। पंचांगों में दिए जाने वाले भोगांश भी भूकैन्द्रिक ही होते हैं। लग्नादि स्पष्ट करने के लिए भूकैन्द्रिक अक्षांश का प्रयोग किया जाता है। रेखांश हमेशा भूपृष्ठीय ही होते हैं।

(ii) निरयण ग्रह एवम् लग्नों का सम्बन्ध अश्विनी, मेषादि नक्षत्रपुञ्जों से ही है। निरयण ग्रह एवम् लग्न से हमें पता चलता है कि– ग्रह और लग्न कौन–से तारामण्डल में है। निरयणगणना का ऋतु से कोई सम्बन्ध नहीं है। ऋतु का निर्णय विषुवदवृत्त से उत्तर या दक्षिण में सूर्य के अन्तर पर निर्भर करता है। इस अन्तर का ज्ञान सूर्य के सायनभोगांशों से ही होता है। उत्तरायण एवम् दक्षिणायन–बिन्दुओं पर स्थित सायन सूर्य विषुवदवृत्त से क्रमशः उत्तर एवम् दक्षिण की ओर परम दूरी पर होता है। इस प्रकार ये बिन्दु ऋतु के निर्णायक पदार्थ हैं।

(iii) शंकु का मान यथेच्छ (कुछ भी) रखा जा सकता है, इसे अंगुल इकाई, के अलावा अन्य किसी भी मापक इकाई (इंच, सेंटीमीटर आदि) के अनुसार भी बनाया जा सकता है। प्राचीन ज्योतिषियों ने इसका 12 अंगुल का मान, एक प्रादेश (बालिश्त) को दृष्टि में रखकर किया है।

(iv) 10, 8 व 10/3–ये चरखण्ड मेष, वृष, मिथुन के एक अंगुल–पलभा में निश्चित किए गए हैं। इन्हें एक अंगुल से न्यूनाधिक अन्य स्थानीय पलभा के अनुसार त्रैराशिक द्वारा अभीष्ट स्थानीय बनाया जाता है। **जैसे–** एकांगुल–पलभा में 10, 8, व 10/3 चरखण्ड मिलते हैं, तो अभीष्ट अंगुलपलभा में कितने मिलेंगे ? इस प्रकार इन चरखण्डों को अभीष्ट अंगुल की पलभा से गुणा कर, एक से भाग दिया जाता है। इस प्रकार अभीष्ट देश की पलभा के अनुसार राशियों के चरखण्ड प्राप्त हो जाते हैं।

(v) इसके लिए ग्रहलाघव के रवि–चन्द्राधिकार में चर–साधन प्रकार देखें।

समस्या– श्रीध्यानपुर धाम के आद्याचार्य योगीश्वर श्री बाबा लालदयाल जी ने योगबल से अपनी आयु तीन शताब्दियों तक बढ़ा ली थी–ऐसा माना जाता है। इनकी जन्मतिथि माघशुक्ल द्वितीया, विक्रम संवत् 1412 एवम् निर्वाणतिथि कार्तिक शुक्ल दशमी, विक्रमी संवत् 1712 मानी जाती है। इनकी यह जन्मकुण्डली इनके एक पीठस्थान रामपुर–हलेहर, दातारपुर (होशियारपुर) पंजाब के महंत श्रीरामप्रकाश दास जी ने अपने यहां से प्रकाशित एक पुस्तक 'शिवसंकल्प' में दी है। कृपया इस कुण्डली की प्रामाणिकता की परीक्षा करें।

समाधान– इस कुण्डली में चन्द्रमा, सूर्य से पांचवीं राशि में स्थित बतलाया गया

है, जो कि शुक्लपक्ष की द्वितीया के समय सर्वथा सम्भव नहीं है। शुक्ल द्वितीया में चन्दमा सूर्य से अधिकाधिक एक राशि आगे हो सकता है।

किञ्च– इस कुण्डली में चार ग्रह उच्च में स्थित बतलाए गए हैं। हमारे अनेक अवतारों एवम् महापुरुषों की इस प्रकार की कृत्रिम जन्मकुण्डलियां प्रचलित हैं। इन सबकी गणितीय परीक्षा मैने अपनी अप्रकाशित पुस्तक **"हमारे अवतार एवम् महापुरुषों की कृत्रिम जन्मकुण्डलियां"** में की है। परीक्षण में लगभग ये सभी कुण्डलियां अप्रामाणिक सिद्ध हुई हैं। इस पुस्तक में बाबा लालदयाल जी की इस कुण्डली की भी मैने समीक्षा की है, जिससे ज्ञात होता है कि–इसमें प्रदर्शित चार ग्रहों की उच्च में स्थिति सर्वथा कृत्रिम है।

इस प्रकार की सुदीर्घ आयु हमारे फलितग्रन्थों में निर्दिष्ट किसी भी ग्रहस्थिति से सिद्ध नहीं होती है। **'बृहज्जातक'** के आयुर्दायाध्याय में अमितायु देने वाली, जिस ग्रहस्थिति (**"गुरु–शशिसहिते कुलीरलग्ने.........।"**) का निर्देश है, वैसी ग्रहस्थिति में सामान्य एवम् अल्पायु वाले जातक प्रचुरता से पाए जाते हैं। हां, वहां 'वराहमिहिर' ने अवश्य लिखा है कि– धर्मनिष्ठ जातक की आयु सुदीर्घ होती है।

समस्या–(i) वर–कन्या के जन्मलग्न एवम् जन्मराशि से आठवें लग्न में विवाह वर्जित है; किन्तु वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर और मीन अष्टम लग्न हो तो उसे वर्जित नहीं माना गया। जन्मलग्न एवम् चन्द्रराशि से आठवें लग्न का स्वामी यदि विवाहलग्न के केन्द्र में शुभदृष्ट हो तो, वहां भी आठवें लग्न का दोष नहीं माना जाता। यहां पर मेरा यह प्रश्न है कि– जन्मराशि एवम् चन्द्रराशि से आठवें लग्न के उक्त परिहारों में से यदि कोई भी परिहार न मिले तो क्या सप्तमरहित केन्द्र में बुध, गुरु, शुक्र के स्थित होने पर उस लग्न को स्वीकार किया जा सकता है ?

(ii) मिथुन, कन्या, तुला, धनु और मीन के नवांश ही विवाहलग्न में विहित हैं। क्या इन नवांशों के अतिरिक्त किसी वर्गोतमनवांश में विवाह मान्य होगा ?

(iii) विवाहलग्न का स्वामी छठे, आठवें वर्जित है। क्या छठे, आठवें स्थित लग्नेश पर गुरु की पूर्ण दृष्टि होने पर विवाह किया जा सकता है ? किञ्च– उस लग्न में सप्तमहीन केन्द्र या त्रिकोण में गुरु, शुक्र या बुध की स्थिति में भी विवाह करना शुभ रहेगा ?

(iv) क्या विवाहाङ्गकृत्यों (सर्वारम्भ, तैलादि लापन आदि) के लिए परिहार रहित आठवां (जन्मलग्न या चन्द्रराशि से आठवां) लग्न ले सकते हैं ?

(v) क्या जन्मलग्न व चंद्रराशि से आठवें लग्न में अभिजित् के समय विवाह हो सकता है।

पं. जगदीश चन्द्र शर्मा,
ग्रा. म्यावण, P.O. शालाघाट, सोलन।

समाधान–(i) जन्मलग्न एवम् जन्मराशि से अष्टम लग्न में विवाह के समय सप्तमहीन केन्द्र एवम् त्रिकोण में गुरु, शुक्र या बुध की स्थिति में विवाह हो सकता है। क्योंकि, गुरु आदि की यह स्थिति सभी प्रकार के दोषों को दूर करने वाली मानी गई है–

"काव्यो गुरुर्वा सौम्यो वा यदा केन्द्र–त्रिकोणगः।
नाशं यान्त्यखिला दोषाः पापानीव हरौ स्मृते।।"

किञ्च– जन्म एवं चन्द्रराशि से अष्टम लग्न का दोष उस स्थिति में भी समाप्त हो जाता है, जब अष्टमेश केन्द्रस्थ और शुभदृष्ट हो। **गुरु का वाक्य है–**

"लग्नादष्टमराशीशः केन्द्रगः शुभवीक्षितः।
यद्यष्टमगतस्योक्त–दोषमाशु व्यपोहति।।"

(ii) वर्गोत्तम नवांश को नवांशों में सर्वोत्तम माना गया है। अन्तिम नवांश को शास्त्रकार यद्यपि सर्वथा वर्जित बतलाते हैं, लेकिन उनका यह भी कहना है कि– यदि अन्तिम नवांश वर्गोत्तम हो तो वह भी श्रेष्ठ है– **"अन्त्यांशका अपि श्रेष्ठाः यदि वर्गोत्तमा ह्वयाः।"** **किञ्च**– 'मुहूर्तचिन्तामणि' का यह पद्य स्पष्ट करता है कि– केन्द्र (सप्तमहीन केन्द्र) या त्रिकोण में गुरु, एकादश में सूर्य, लग्न या चन्द्र वर्गोत्तमनवांश में हों तो विवाहलग्नकालीन सभी दोष नष्ट हो जाते हैं। लाभस्थ चन्द्र से तो दुर्मुहूर्त तथा अग्राह्य नवांश का भी दोष नहीं रहता–

"केंद्रे–कोणे जीव आये रवौ वा लग्ने चन्द्रे वाऽपि वर्गोत्तमे वा।
सर्वे दोषाः नाशमायान्ति चन्द्रे लाभे तद्वद्दुर्मुहूर्त्तांशदोषाः।।"

(iii) विवाहलग्न से छठे, आठवें स्थित लग्नेश सर्वथा वर्जित माना गया है और इस स्थिति में पंचांगकार विवाहलग्न को अग्राह्य मानकर उस लग्न में विवाहमुहूर्त्त नहीं लगाते। लेकिन छठे, आठवें स्थित लग्नेश पर गुरु की पूर्ण दृष्टि होने से दोष का कुप्रभाव तो अवश्य कम होगा– यह तर्कसंगत है। पुनरपि, दैवज्ञपरम्परा इसको स्वीकार नहीं करती है।

(iv) विवाहाङ्गकृत्यों में वर–वधु के मात्र चन्द्रबल का विचार ही पर्याप्त है। चन्द्रबलशुद्धि के काल में, जहां तक हो सके शुभ लग्न में इन कार्यों का प्रारम्भ करना उचित है।

(v) 'अभिजित् मुहूर्त' में विवाहादि शुभकृत्य अत्यन्त संकोच–स्थिति (अत्यावश्यकता) में ही करने चाहिएं। ऐसी संकोच–स्थिति में 'अभिजित् मुहूर्त' में शुभकृत्य करने के लिए लग्न आदि का विचार अर्थहीन है।

प्रसूति-लग्न विचार

मेष- जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर,उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन थे। ४।११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप कराना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष-माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४ जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया,गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व में सूतिका स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया। १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन-माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३या ५ ,माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव,मुख ऊपर को , जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था , घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया , दूध कम उतरे । ४।१०।१४।३८।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवायें । यदि इन वर्षों से बचे तो ८६ वर्ष जीवे ।

कर्क- माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४ , बालक जन्मते ही छींका , नाल छुटा, भूमि पर जन्म , घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान , माता के वस्त्र श्वेत व लाल , माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया , बालक के वामांग में लहसन आदि का चिह्न , देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे । इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे । कष्टकारक वर्षो के प्रवेश के समय तुलादान ,छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है ।

सिंह- माता का पश्चिम या पूर्व में सिर , मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया , घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान , ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे । इनसे बचे तो ६७वर्ष जीवे । कष्टकारक वर्षो के प्रवेश होते ही श्री सूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा ।

कन्या- माता का दक्षिण में सिर , रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी-चीज या बड़े आदि का भोजन,जन्म समय स्त्री ३या ५, दीपक हाथ में उठाया गया ,बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया,घर के नैर्ऋत्य कोण में सूतिका-स्थान , ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक है । यदि इन वर्षो से बचे तो १०० वर्ष जीवे ।

तुला -माता का सिर पश्चिम या पूर्व को , श्वेत जीर्ण वस्त्र , भुना हुआ अन्न , ठंडा जल , या कोइ मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी। जन्म समय स्त्री ३या ६, वहां १कन्या भी हो , दीपक उठाया गया,बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्धशब्द करके रोया , घर के पश्चिम भाग में सूतिका स्थान , ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान , हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है । यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे ।

वृश्चिक-माता का दक्षिण या उत्तर में सिर , रक्त या दग्ध वस्त्र , कष्ट अधिक,अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन , जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आई , दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है । यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे ।

धनु-माता का सिर पश्चिम या पूर्व को , पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १या ५,दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्य कोण में सूतिका स्थान २,१०,१८,३१,३८,४२,६७, इन वर्षो के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप , ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है , यदि इन वर्षो से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर-माता का सिर दक्षिण में ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्म समय स्त्रियाँ २, पीछे से एक आई । दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्ट कारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ-माता का सिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आई। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन-माता को सिर उत्तर में, पीत या मलीन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। स्मरण रहे, अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिले-वहीं बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

पितृपरोक्ष ज्ञान- (१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे,(२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो,(३)लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो,(४)भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो -इन चारों योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जन्म कुण्डली में दिशा ज्ञान- प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय,तृतीय ईशान। चतुर्थ-उत्तर। पञ्चम-षष्ठ-वायव्य। सप्तम-पश्चिम। अष्टम, नवम-नैर्ऋत्य। दशम-दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

प्रसूति स्थान से पाकशालादि विचार

जन्म कुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हो, वहाँ अग्नि स्थान(पाकगृह)जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ मैला स्थान जानना चाहिए। दोहा- जग्रनाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्न दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार॥ केन्द्र(१।४।७।१०)स्थान में एक से अधिक ग्रह हो तो उनमें जो बली(स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का)केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा-लग्न पति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है । **ग्रहों की दिशा-सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैर्ऋत्य।**

चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्-चन्द्रमा से दीप के तैल को ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तैल कहना। यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तैल कहना। सो० तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कही दीपक तैल नहीं। सित-शनि दशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्म में तव वाम, दीपक तैल सौं युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्-जन्म लग्न के कम अंश हो तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हो तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैः स्युरुपसूतिकाः:- यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्म काल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह हों उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हो तो उसकी गणना करे अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़े अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि, स्वनवमांश, स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीचे राशि के अस्त होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है, कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रह लग्न के भोगांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सूतिकागृह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुग्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभ ग्रह वहाँ, धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों से विधवा दुश्चरित्रा कहें।

शय्या-शिर व पाद विचार

"लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषट्क्रान्त्येषु पादाः।" लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिराहना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण,६में नैर्ऋत्य,७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण,१०।११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशान कोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां, स्थान पावे जानना। इन स्थानों में से जिन स्थानों में पाप ग्रह हों वहाँ सूतिका के पलंग का पावा फटा टूटा समझना।

दो०-मीन-मिथुन-सिंह-तुला,मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालक,शेषे भूमि विशाल।।

अथ चिह्नज्ञानम्-दोहा-षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण॥ भानू तथा सौरी तनधन कुंज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राह। वाम कर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाह॥ सुहृद भाव में कवि तव भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु वा चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।''

प्रसवकष्ट दूर--प्रसव काल से पहले शुक्लपक्ष के चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ें लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही ''ओंमुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर-माचिर-स्वाहा॥'' इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से ही शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यंत्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मंत्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर सिद्ध कर लेवें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०:- धूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशि जो खीन। कण्टक शुभ खगना बसै, वेगि ताहि यमलीन। बसै चन्द्रा द्वादसे अष्ट भवन दो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव॥''

अथ काणयोग--तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुक्त भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रियधर नाथ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान॥''

मूकयोग-''पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय॥ शुक्र त्रिके गुरु सिंह अज दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।''

दुःखदयोग -रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश । जन्म समय जाके परे ताको अंग कलेश ॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश । यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस॥ पापग्रहयुत लग्न पति परै लग्न में आय । वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय॥

बन्धनयोग- क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार॥

सर्पवेष्टितयोग- यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है ।

यमल जन्मयोग- चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह,मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध)का सूर्य होवे , शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो

बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे-शनि मंगल से ५।७।९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीघार्यु हो।

मृत्यु-समय-विचार-- जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब मृत्यु कहना। अथवा-जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है, तब मरण कहना। अथवा वर्ष के भीतर जब जिस योगयुक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इसलिए आयु का प्रथम विचार करे, फिर मृत्यु कहें।

सुखदयोगाः-अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह दो परे तो जानो सुख संग॥ जन्म लग्न में उच्च ग्रह जो काहु के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सवसुखी नर होय॥

क्लीब (नपुंसक) योगाः-- दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्र भवन से रिष्फ षट मन्द बसे किल भानु॥

कुष्ठयोगाः--लग्नप बुध कुज शशि युते राहुयुक्त या केतु। श्वेतकुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु॥ भौम भास्कर मन्दयुक्त रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट॥ जलजगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंड कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनु नाथ॥ आमरोग गुरुयक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून॥

केमद्रुमः-आगे पीछे चन्द्र के जो ना परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय॥

स्त्रीजातक

क्रूरलग्रयुक क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न व्याहेउ कोय॥ जाके कुज दशमें बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूर युक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहै पति को तजि तमारि। छटे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवे भवन में सो पति करै है भंग॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सो हीन। ताको पति जीवित रहे वर्ष दो या तीन॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम॥ पापग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नासे कुलो दुबो भाषत कविकुल वृन्द॥ सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृग बसै बुधजन कहत विचारि॥

वैधव्य-विषकन्यायोगाः-चौ.- रविवार द्वितीया जो होय श्लेषा ताहि दिन में जोय॥ १॥ कृत्तिका होय शनिश्चर वार साते तिथि को करो विचार॥२॥ होय शतभिष मंगलवार कही द्वादशी तिथि निर्धार॥ ३॥ इन योगन में कन्या होय निश्चय विधवा जाने सोय॥ ४॥ जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय एक पाप ग्रह नभ १० में जोय॥५॥ शत्रु क्षेत्र में द्वै गह मानो ता कन्या को विधवा जानो॥ ६॥ अश्लेषा द्वितीया को होय मंदवार युत लीजो जोय॥७॥ परे शतभिषा मंगलवार साते तिथि लीजो निर्धार॥ ८॥ रविवार द्वादशी जो होय नक्षत्र विसाखा जानो होय॥ ९॥ ऐसो योग लखो जो परै तो कन्या को विधवा करै॥ १०॥ दो० धर्म सदन में भूमिसुत जन्म सदन शनि जान। सूर्य होत सुत सदन में कन्या विधया मान॥ ११॥

वैधव्य- विषकन्याभंगयोगः-जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय॥

काकवन्ध्यादियोगः- ज्ञे अष्टमे काकबन्ध्या। मन्दार्कावष्टमे बन्ध्या अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या॥

स्त्रीणां राजयोगः--चौपाई- केन्द्रधाम नभगा शुभ होई नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके मन प्रसन्न होई है सुत वाके-चन्द्रज तुग बसे तनु जाई लाभ धन गुरु आवे भाई। सो तिय होय नृपति की नारी जन विख्यात होय सुकुमारी। जो षडवर्ग शुद्ध गुरु होई शशि दृग केन्द्र भवन में होई॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी रानी होय सदन धनभारी॥ दोहा....कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताको पति नृप शूर॥ लाभ भवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचारः--पञ्चमें शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत्''॥

अशुभ प्रसव मासः-कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथनी, श्रावण में गधी व घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, बैसाख में ऊँटनी, पौष में बकरी, चैत में कुतिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता व घरवाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहे कि यहां सर्वत्र सौरमास ग्रहण है, प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृतयुक्त श्वेत सरसों का हवन करें, बच्चा जन्में तो कार्तिक शान्ति करने से शुभ है।

त्रिखलजन्म फलः-यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्टप्रद होते हैं, कृपणता छोड़कर त्रिखल शांति करें तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (सोना, चांदी, तांबा) दान करें।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हों तो माता-पिता को अरिष्ट, ऊपर की पक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। पहले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चुतुर्थ में भाई नष्ट, पांचवे में ज्येष्ठबन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, सातवें में पितृ सुख, आठवें में पुष्टि, ९वें में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वे में धनी।

अथैकनक्षत्रजनन-फल:--वृद्ध गर्ग कहते हैं, कि- यदि भ्राताओं वा पिता - पुत्र, माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्म-कुण्डली से विशेष विचार

लघु-भ्राता का जन्म समय जानना- (१) जन्म लग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोड़ें, जो राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।

(२) तृतीयेश, तृतीयस्थग्रह की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है, यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना- (१) जन्म लग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावें, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(३) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावें, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल-स्पष्ट घटावें - शेष राशि में जब गोचर का शनि आता है तब भ्रातृकष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम, इन चारों स्पष्टों को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर का शनि होता है उस काल में भ्रातृ-कष्ट होता है।

(५) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश ओर भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृकष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना- (१) जन्म के सूर्य में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे शेष की राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि या गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्ते	गुह्ये	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०	घटी
पशुना.	धनना.	धनला.	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना	वैधव्य	फलम

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल (१।२।३ च.)	आश्लेषा (२।३।४ च.)	ज्येष्ठा	विशाखा (४च.)
फलम्	ससुरहानि	सास नाश	ज्येष्ठनाश	देवरनाश

सुतः सुता वा नियतं श्वशुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथाश्लेषाद्यपादजः।

तिथिगण्डान्त- पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो-दो घड़ी तिथि गण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म, यात्रा, विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूलनक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक, माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र का ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करना चाहिए, तत्पश्चात शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद	फल	आश्लेषा पाद	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से मुख	१	शान्ति से सुख

मूलजनने वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्प	फल	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल नाश	वंश नाश	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मन्त्री पद	मन्त्री पद	विपुल लाभ	अल्प जीवन	फल

अथ मूल पुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वोः	पाद	स्थान
५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.	फलम.

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूलनिवासस्थानं	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है, एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातः संहरते कुलम्॥ यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरंभवेत्॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शूले गंडातिगंडे च परिघे यमघण्टके॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्॥ यथा सर्पविषंचैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते॥ रत्नैः शतौषधीमूलैः ससमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसुतेन जलेन हि॥ बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृते स्यान्मंगलं ध्रुवम्॥ विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः॥

अथाभुक्तमूलविचार :- ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र की आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है। इस

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग कर दें या आठ वर्ष, असमर्थ हों तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगंडे दरिद्रोऽपि शांतिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः॥

गण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू. ज्ये. पिता को भय	मू. मू. माता को भय	रे. अश्वि. शरीर को भय	पशु- हानि	फल

अश्विनीजातस्य फलम्– अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखेश्वर्य, तृतीय में मंत्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्–मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होंगे।

ज्येष्ठापाद फलम्– प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठाद्यपादजी ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलर्क्षे मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्–रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान, दूसरे में मंत्री या मुख्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह फलानि

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	अंगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुखी	रोगी	सकाम
धन २	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी, गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज ३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृद् ४	दुखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुखी	मातृहा	दुःखी
सुत ५	सुतहानि	धनी, पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान्	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु ६	शत्रुनाश	अल्पआयु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री ७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु ८	अल्पायु	योगी	शरीरपी.	गुणी	नीचस्व.	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म ९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म १०	शूर	तेजयुक्त	तेजस्वी	कीर्तिमान्	सम्पत्तिमान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहीन
लाभ ११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान्	सुख्यात	धनी
व्यय १२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदार	दरिद्र	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्य	सती	ससुखा	बन्ध्या	पुत्रहीना	दुखिनी
धन २	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्य	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्ता
सहज ३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत् ४	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत ५	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकीर्तियुत्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु ६	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति ७	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखता	विधवा
मृत्यु ८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म ९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	शोकयुक्ता
कर्म १०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ ११	सधना	गुणज्ञा	सुलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय १२	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढा	दुष्टा	रोगिणी

अथ मातृसुखनाश योगा :-(१)पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे,(२) चन्द्रमा से सातवें पायुक्त शुक्र हों, (३)पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हो,(४)तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य और लग्न में, मंगल होवे,(५)चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो - इन पाचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए ।

पितृनाश योगा - (१) सूर्य मंगल दसवें वा नवम में गये हो(२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो,(३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४)पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो,इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो ।

भ्रातृनाश योगा:- भ्रातृ गृह को ईश जो भौम संगत्रिक होय। जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय॥

सन्तानसुख नाशयोगा:- गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव। ऐसा योग जो लखि परे ताकि पुत्र अभाव । पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे, त्रिक धाम। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोग- शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हो तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है ।

नीचयोगाः-सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राह सग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्यावाज।

जारज योगा : -भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशुहै पर पुरुष को भाषत ज्योतिषमग्न॥ रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार॥

गोचरग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

गृह	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य:	स्थानना:	भय	श्री:	मानभंग	दैन्य	विजय:	यात्रा	पीड़ा	सुकृ. ना.	सिद्धि:	धनलाभ	द्रव्यनाश
चन्द्र:	अन्नलाभ,	धननाश	सुख	रोग	कार्यनाश	धनलाभे	स्त्रीलाभ	रोग:	धर्मलाभ	सौख्यं	धनलाभ	धननाश
भौम:	शत्रुभीति,	धननाश	धनलाभ	शत्रुभय	धननाश	धनलाभ	द्रव्यनाश	शत्रुभीति	शत्रुभय	शोक.	धनलाभ	धननाश
बुध:	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभय	पशुलाभ	सुखं	स्थानलाभ	पीड़ा	धनला.	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धननाश
गुरु.	भयं	धनलाभ	क्लेश.	धननाश	सुखं	शोक	राजमान	पीड़ा	सौख्य	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र:	शत्रुनाश,	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभय	शोक:	धनलाभ	वस्त्रलाभ	दु:ख	धनलाभ	धनलाभ
शनि:	भय	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुभय	पुत्रनाश:	धनलाभ	दोष	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मनस्य	धनलाभ	धननाश
राहु:	हानि	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक :	श्री:	कलह:	मृत्यु	दु:ख	वैर	सुखं	शोक
केतु:	रोग	वैर	सुख	भय	सुखं	धनलाभ	कलह:	रोग	पाप	शोक:	कीर्ति:	शत्रुभीति

अथग्रहाणामेक भोगफल-समयादि ज्ञानम्

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा. के	ग्रहा:
मा.१	दि. २।	मा१ ॥	मा. १	मा.१२	मा.१	मा.३०	मा.१८	एकार्थभोग
आदौ	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते	फलसमय:
भय.५	घ.३	दि.८	दि.७	मा.२	दि.७	मा.६	मा.३	गतव्यराशे:
								प्राक्फलम

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थं धारणाय मणय:

सु.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवाल	पन्ना	पुष्पराग	हीरा	नीलम	गोमेदम्	वैदूर्यम्
विद्रुमम्	वैदूर्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	लोहम्	वैडूर्यम्	लाजवर्त:	लाजवर्त:

पूतना-ग्रसित लक्षण एवं शांति

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है । तब पूतना की बली निकालने से अच्छा होता है । जब कभी बच्चा बैठे बैठे गिर पड़े, या यों मालूम हो कि किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि उसे महापूतना ने ग्रसा है । यदि कोई लाभादि के वश में आकर वनदेवता या नाकृदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है । यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्र अवस्था में ही बालक के साथ सो जावे तो बालक्रांता नाम की राक्षसी का दोष होगा । बच्चे को इतर फुलेन और फूल माला पहिना कर बाहर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है । सिर खुले जूठे बाल को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है । संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्प रेवती का दोष होता है । कदाचित् बालक खेलता खेलता गिर जाये अथवा उसे उल्टी हो या हाथ पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मल मूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है । जो नित्य कर्म संध्या बंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है । फिर उसका पूजन और बलि धूपादि दान करने से शांति होती है ।

चेष्टा:- जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आवे, डर लगे, मन में उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जावे, उसे ग्रहाविष्ट जानना ।

उद्वर्तनम् - दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज, इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते मुलट्ठी, लसूडे के पत्ते इनका काढ़ा बनाकर स्नान करावे यह रोग दूर होगा ।

सर्वबालग्रहशान्त्यर्थं देवालये ज्योतिदर्शन निवासश्च तत्र रात्रौ- "ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो न: सुतानिव॥" इत्यस्य जप:, ततोऽनेनैव मन्त्रेण सदीप दधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्ति: ॥

अथ बाल रक्षा विधि (प्रयोगसारे)

यदि दुष्टदृष्टि (नजरादिदोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग कष्ट हो जाये तो- ॐवासुदेवो जगन्नाथ: पूतनातर्जनो हरि: । रक्षति त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥ १॥ कृष्ण, रक्ष शिशुं शंख-मधुकैटभ-मर्दन! प्रात:-सङ्गव मध्याह्न सायाह्नेषु च सन्ध्ययो: ॥ २ ॥ महानिशि सदा रक्ष कंसाराति निषूदन! यद्गोरज: पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि ॥ ३॥ बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि महाभयान् । त्राहि त्राहि हरे नित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम् ॥ ४॥

इन चारों मंत्रों से अभिमंत्रित हुई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

बाल कष्टावली चक्रम्

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है ?	मूर्ति निर्माणार्थ द्रव्य	पूजन द्रव्य	बलि विधान व समय	स्नान पूजा मार्जन मंत्र	धूप
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की भृतिका	श्वेत चन्दन, तिलक, श्वेतपुष्प ५ रंग की झंडी ५,५दीपक, ५आटे के सतिये,कपूर,लोहबान	श्वेत भात,५पूर्ण पोली(सुहाली) १प्रहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	ॐ ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो यै श्रवणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।	राई, खस, आक के फुल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्ब पत्र, गौघृत
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	१०दीपक,१०झण्डी,पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०	भात एक सेर, आटे के पूड़े , मत्स्य व बकरे का मांस, संध्या समय पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखना	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चे ह्रां ह्रां ह्रीं ह्रीं हुं हुं स्थानाद्राज्ञया स्वाहा	
तृतीय दिन मास वर्ष मे पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्त चन्दन,रक्त पुष्प,श्वेत ध्वजा, दीपक१०,गेहुं केआट केसतिए१०	एक सेर लाल भात,आधा सेर पूर्ण पौली, पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन,गाश्रृग,साप का काचली नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल गोघृत
चतुर्थदिन मास वर्ष में मुख मंडिका	तिल -चूर्ण एक सेर	श्वेत पुष्प, श्वेत ध्वजा ५,दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प	भात , सेर आटे के पूड़े आध सेर पूर्ण पौली , सांय ,पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे	सुनन्दना विधानोक्त	
पंचम दिन मास वर्ष में बिडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत चन्दन , श्वेत पुष्प , दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,गेंहु के आटे के सतिये	श्वेत भात, ७ पूड़ियाँ , सांयकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे !	ओंभगवती ह्रीं ह्रीं ह्रीं हुं हुं मुञ्च रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहाण अस्त्र ठ:ठ: चामुंडे सर्वारि चण्डिके ठ:ठ:स्वाहा।	
षष्ठ दिन मास वर्ष में, षट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेत चन्दन , श्वेत पुष्प , दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,	भात,५ मिठाई ,५सुहाली ,७पूड़ियां,१ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर	योगिनी विधानोक्त	कूठ , गुग्गल , राई , हाथीदांत ,घृत।
सप्तमदिन मास वर्ष में में कालिका	चावल का आटा एक सेर	श्वेत चन्दन , श्वेत पुष्प , दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,	भात, ७ पूड़ियाँ , सांयकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर	बिडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन मास वर्ष में में कामिनी	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्त चन्दन, ५रंग की झण्डी ५, दीपक ५,	गेहूँ की रोटी,मसूर की दाल,हरा साग, छाग मांस संध्या में चौरास्ते पर	बिडालिका विधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में, मदना	एक सेर गेहूं का आटा	चन्दन, पुष्प,५दीपक,५ रंग की झण्डी ५ ।	भात, मत्स्य मांस, पापडी, सुहाली उत्तर में प्रात: चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते वासुदेवा५ कृष्णाय मंडल बलिमादाय हन २हुं फट् स्वाहा	गोशृंग, लसुन, सांप की कांचली निम्बपत्र , मनुष्य और बिल्ली के बाल , राई , गोघृत ।
दशमदिन मास वर्ष में में रेवती	एक सेर गेहूं का आटा	रक्त पुष्प २५, झंडी,२५ दीपक,२५ सतिये।	गुड़ के घी भुने चावल,गौ घृत, सांय,दक्षिण में चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते वैश्वदेवाय हन हुं फट् स्वाहा	
एकादश दिन मास वर्ष में, सुर्दशना	काले ठड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प,२५ दीपक,२५ सफेद झण्डी,२५ आटे के सतिये।	श्वेत भात, ७ पूड़े, सूहाली ७,सांय व प्रात: दक्षिण में चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्रहास वज्रहस्ताय ज्वल २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा	
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	चावलों का आटा आटा एक सेर	१३ दीपक,१३झण्डी,१३ सतिये सतिये आटे के ।	सुहाली ,पूड़े ७,पूड़ियां ७ , मत्स्य मांस, पापड़ी , सांयकाल दक्षिण में चौरास्ते पर।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय२ मर्दय२ तापय२ हुं३ हन २ दुष्टानां ह्रां हुं स्वाहा	

अथ बाल पूतना विधान- यहां लिखे बाल कष्टावली चक्रोक्त हर एक बलिदान के पीछे मार्जन शिखास्थान-स्पर्श निम्नलिखित मंत्रों [illegible] ही प्रकार से होता है, बलिदान विधि तीन दिन निरंतर करें। चौथे दिन पलाश, अश्वत्थ, बिल्व, गूलर, मिल सके तो कपित्थ, इनके पत्रों को उबाल कर बालक को मंत्र पाठपूर्वक स्नान कराना । तदन्तर कल्याणार्थ यथा शक्ति भिक्षुकों को तथा कुत्ते आदि जीवों को मिष्ठान भोजन कराना तदनन्तर '' ओं द्यौ: शांतिरन्तरिक्षं'' इत्यादि शांतिमंत्रों व मार्जनमंत्रों से कुशा से छींटे देने के अनन्तर बालक की शिखा या शिखा-स्थान स्पर्श पूर्वक यह मंत्र पढ़ें- ''ओं रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर। ग्रहैस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥ ओं सर्वमातर इमं ग्रहं संहरंतु [illegible] रोदय, स्फोटय स्फोटय स्वाहा। गर्ज २ स: गृहाण गृहाण आमर्दय २ ह्रीम् ह्रीम्, हन हन एवं सिद्धि रुद्रो ज्ञापय स्वाहा॥ इति रक्षामंत्र: ॥

अथ नक्षत्र -कष्टावली

रोग नक्षत्र	रोगशान्त्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशाद् रोग दिन संख्या				रोगशांत्यर्थ जपनीयमन्त्र	रोगनिवृत्त्यर्थ बलि
अश्विनी	भोजनदान	९	११	१	२०	मृत्युञ्जयमंत्रः	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य देवे।
भरणी	गो-अन्नादिदान	०	८०	४०	११	यमायतवेति मंत्र	हाथी के मुख में तिल चावल
कृत्तिका	स्वर्णदान	९	११	१६	२८	अग्निर्मर्धेति	कछुए के मुख में घी दे
रोहिणी	घृतदान	३	९	१८	३०	ब्रह्मायर्येति	सर्प को दूध-दही खिलावे
मृगशिरा	तिलदान	९	५	७	१०	इमंदेवेति मन्त्रः	खरगोश को दूध पिलावे
आर्द्रा	गोदान	०	१८	०	०	नमस्ते रुद्र इति मन्त्र	बकरे के मुख में रक्त डालें
पुनर्वसु	पीतलदान	७	१४	२	२१	अदितिद्यौ रितिमन्त्रः	सूअर को धान्य खिलावे
पुष्य	तैलान्नदान	६	७	१०	२१	बृहस्पतेति मन्त्रः	बकरे के मुख में दही डाले
आश्लेषा	गो-अजादिदान	०	०	४१	०	नमोस्तुसर्पेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
मघा	वस्त्राच्यदान	१५	७	१७	२०	पितृभ्य इति मन्त्रः	बन्दर को तिल उड़द खिलावे
पू. फा.	भोजनदान	०	१५	०	३०	भगम्प्रणेति मन्त्रः	ऊंट के मुख में शहद दें
उ. फा.	अन्नदान	७	१४	७	६०	दध्यावद्धेति मन्त्रः	गाय को शाक खिलावे
हस्त	तैलदान	१५	१७	१५	०	उदत्यंजातवेदैति मन्त्रः	भैसे को कमल के फूल खिलायें
चित्रा	दुग्ध दान	११	९	९	१६	त्वष्टा तुरिगति मन्त्रः	बाघ के लिए तगर धतूरे के फूल वन में रखें
स्वाती	गौघृत दान	६०	१७	३०	०	वायोरग्रेति मन्त्रः	भैंसे को गुड़ चावल खिलावें
विशाखा	गौ-स्वर्णदान	१५	०	४	१३	इंद्राग्नी इति मन्त्रः	वाघ के मुख में गुड़ भात की बलि दें
अनुराधा	गौघृत दान	६०	१२	३६	३०	नमोमित्रेति मन्त्रः	बकरे को कुलथी सहित भात गुड़ दें
ज्येष्ठा	तिलदान	६९	९	६	४	त्रातारमिन्द्रमिति मन्त्रः	बंदरों को गुड़ तिल डालें
मूल	रौप्यपात्रदान	०	९	१५	६	माता पुत्रेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावें
पू. षा.	गोमुक्तादान	०	१५	२४	१०	आपो धर्मेति मन्त्रः	कछुए के मुख में नागर मोथे की बलि दें
उ.षा.	भोजनदान	३०	२४	२६	१६	विश्वेदेवेति मन्त्रः	गौ को धान्य डालें
श्रवण	श्रीफलदान	६०	२४	६	९	विष्णोररा. मन्त्र	भैंसे के मुख में रक्त, मीठा की बलि दें
धनिष्ठा	अश्वान्नादान	१५	४	२०	२१	वसोः पवित्रेति मन्त्र	मनुष्य के मुख में दही अन्न की बलि दें
शतभिषा	भोजनान्नदान	४	४५	३	२२	वरुणस्तम्भेति मन्त्र	गौ को चावल खिलावें
पू. भा.	भोजनदान	०	१२	२१	१९	अहिर्बुध्न्येति मन्त्र	कौए के मुख में फल की बलि दें
उ.भा.	अन्नदान	१०	३	९	१५	अहिर्बुध्न्येति मन्त्र	गाय को चावल खिलावें
रेवती	फल दा.कन्यापूजन	१८	१०	९	२०	पूषन्नयेति मन्त्र	हाथी के मुख में पूरी-पूओं की बलि दें

ज्वालामुखी योग

तिथि	१	५	६	९	१०
नक्षत्र	मूल	भर.	कृत्ति.	रोहि.	आश्लेषा

जन्मे सो जीवे नहीं बसै जो उजड़ जाय। चूड़ा पहिरे कामिनी चटपट विधवा होय। गये गए ना बहुरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय जानना - (१) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़े। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब संतान उत्पन्न होती हैं।

(२) चं. ल. गु. इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवमस्थानेश की दशान्तर्दशा में संतानोत्पत्ति होती है।

विवाह (स्त्रीसुख)होने का समय जानना-(१)जन्म लग्नेश सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो उस राशि में जब गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है॥

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े, उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर में गुरु चन्द्र होते हैं, तब विवाह होता है।

(४) शुक्र-चन्द्र व सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना-(१) गुलिक स्पष्ट से सूर्य-स्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो उस की दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

नोट -

इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मंत्र पृथक् पृथक् लिखा है वह न कर सके तो महामृत्युञ्जय ही करे। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है उस चरणानुसार कष्ट व दिन जाने, शून्य से विशेष भय जाने, दान, जप करे।

जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है उसे यहां कष्टावली में रोग नक्षत्र का नाम दिया गया है।

रोग नक्षत्र को जानकर इन कोष्ठों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा। 'रोग निवृत्यर्थ बलिदान'-वाले कालम में घोड़ी हाथी आदि के मुख में बलि देने के लिए लिखा है, वह गेहूं के आटे की वैसी ही आकृति बनाकर (मन में हाथी आदि की धारणा करके) उसके मुख में बलीद्रव्य देकर धूप-दीपादि करके आटे की आकृति को जल में प्रवाहित कर दें-ऐसा तीन दिन करें। साथ ही दान और जप भी करें।

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(१)रोग के शुरु दिन में जन्मराशि नक्षत्र लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र वा यमघंट कुयोग हो।

(२)सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो।

(३)सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो ।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११)हो ।

(५)बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा(२।७।१२) आश्लेषा हो।

(६)गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (३।८।१३)व मघा, हस्त हो ।

(७)शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा श्रवण या रिक्ता(४।९।१४) आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(८) शनिवार को नवमी व पू. षा. या हस्त व पू. भा. या पूर्णा(५।१०।१५)व भरणी हो।

(९)सूर्य मंगल शनिवारों को ४।६।९।१२।१४।३० तिथि, भरणी, कृत्ति, आर्द्रा, आश्लेषा, पूर्वा ३, विशा, ज्ये, धनि, शत, नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है ।

परन्तु जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना । क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं। हाँ, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है । उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुला दान, गोदान तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है ।

कालांग चक्र

भाव	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अंग	सिर	मुख	भुजाएं	हृदय	उदर	कटिभाग	बस्ति (मूत्राशय)	लिङ्ग गुदा	जांघाएं	घुटने	पिण्डलियां	पाद-युगल

अथ रोगत्रिनाड़ी चक्रम्

आर्द्रा	पू.फा	उ.फा.	उ.फा.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमा
पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल	श्रवण	पू. भा.	अश्वि	रो.	मध्या
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वा.	पू.षा.	उ.षा.	उ. भा.	रेव.	मृ.	अन्त्या

सूर्य नक्षत्र, दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र रोगत्रिनाडीचक्र में एक ही नाडी पर हों तो असाध्य रोगी का मरण होता है। मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निःसदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोगत्रिनाडीचक्र यात्रा तथा रण के समय वर्जित करना ।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०।१८ वां, नक्षत्र दंष्ट्रा (दाढ़ा) होती है। काल के मुख में दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरूष की मृत्युपर्यन्त हालत होती है । रोग पर सर्पादि दर्शन पर,विग्रह - युद्ध में जाने पर काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है

कालांग चक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अंङ्ग विशेष में पीड़ा, कष्ट, घाव, फोड़ा आदि चर्म विकार किंवा वायु-विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगा कर निम्नलिखित कालांग चक्र में दिए भावों के अनुसार उस पीड़ित भाव को देखें। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की संभावना है । शांति के लिए उस ग्रह की शांति करावें। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित-भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभ ग्रह दृष्ट हो तो रोग (कष्ट)शीघ्र निवृत्त हो जाएगा ।

तिथि कष्टावली यन्त्रम्

ति.	तिथीश	कष्टदिन	बलि	दान
१	अग्नि	१२	शर्कराज्यबलि	घृतदान
२	ब्रह्मा	५	पायसबलि	भोजनदान
३	काम	७	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्र द.न
४	गणेश	१६	मोदकान्नबलि	मूंगादान
५	सर्प	२१	पायसबलि	दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्र दान
७	सूर्य	८	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	मिष्टान्न बलि	रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलि	श्वेत वस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्कराबलि	सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्टान्नबलि	क्षौद्रशाक भो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि	रौप्यदान
३०	पितर	१८	अपूपकान्न बलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावली यंत्रम्

वा.	वारेश	क.दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायसबलि, सूर्यदान
चं.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि, चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि, भौमदान
बु.	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि, बुधदान
वृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्वबलि,गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधुबलि, शुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि, शनिदान

बाल-रक्षार्थ धूप

राई, लाख,नीम के पत्ते, बांस का छिलका, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल, अगर, गाय का घी, इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं । धूप देते समय ''खुं खुर्दनं हुं फट् स्वाहा-'' इस मंत्र का उच्चारण करें ।

ग्रहगोचराद्यैर्दशा क्रमाद्यैर्ग्रह कृतानिष्ट-फल-शमनार्थ प्रत्येक-ग्रहाणां-दान-पदार्थाः												जप संख्या	जपनीय-मंत्राः	दान समय	हवन-समिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंग, रक्तगाय	रक्तचन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कपूंर, श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केशर	कस्तूरी, रक्तबैल	रक्तचन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घ. २ शेष दिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कपूंर, शस्त्र	फल	१९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५ शेष दिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक, घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि, श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सूर्य उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उदड़	कुलथी	तेल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णांग, भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्ने	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल, घोड़ा	शूर्प	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्री	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कंबल, बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः	रात्री	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कपूर	मसरी, श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्थेशवत्	ॐ मुन्थेशमन्त्रः	मुन्थेशकाले	

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति का कोई ग्रह गोचर से या दशा-अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार के उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत-विधान ब्रह्मचर्य पूर्वक करने से अशुभ फल निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि-सूर्य का व्रत रविवार को करें। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठ)) रविवार से आरम्भ करके वर्ष पर्यन्त तीस या कम से कम १२ व्रत करे। उस रोज़ केवल गेहूं की रोटी घी लाल खण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डाल कर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिल्कुल न खायें। भोजन से पूर्व हो सके तो लाल वस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोकत बीज-मन्त्र की माला जप करें। तदनन्तर सूर्य को गन्धाक्षत रक्त पुष्पदूर्वायुक्त अर्घ्य प्रदान करे। अपने मस्तक में लाल चन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण को भोजन करावें। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परिणत हो जावेगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्र रोग, चर्म रोग एवं अन्य शारीरिक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्य शान्ति का सरल उपचार :- लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग जैसे चादर, परना तथा तांबे की अंगुठी का पहनना।

सोमवार के व्रत की विधि-चन्द्रमा का व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करके ५४ या १० व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके चक्रलिखित बीज-मन्त्र को ११ माला या ३ माला जप करें। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करें। मध्यान्ह के समय नमक के बिना दही - चावल, घी, खण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो उस दिन हवन पूर्णाहुति करके खीर-खण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन करावें। इस व्रत के करने में व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों की शान्ति होती है, विशेष कार्य सिद्धयर्थ भी पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्र शान्ति का सरल उपचार:-सफेद जुराब, रूमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दही का उपयोग, चांदी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि-यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ या ४५ व्रत करने चाहिएं। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लाल वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १, ५ या ७ माला जप करें। नमक सेवन न करे, यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करें। और स्वयं भी खावें। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलावें। मंगलवार का व्रत ऋण-हर्ता तथा सन्तति-सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो उस दिन हवन-पूर्णाहुति करके लाल वस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करें। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन करावें।

मंगल शान्ति का सरल उपचार:- लाल रंग की वस्तुओं का उपयोग रात को लाल वस्त्र पहनें, तांबे के बर्तन, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार (जेठे) से प्रारम्भ करें। २१ या ४५ व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १७ या तीन माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमक-रहित खण्ड, घी से बने पदार्थ जैसे मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डूओं का दान करे। फिर तीन तुलसीपत्र, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खावें। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन पूर्णाहुति करके अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या, धन-लाभ, व्यापार में तरक्की तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रह जन्य नेष्ट फल से मुक्ति मिलती है।

बुध शान्ति का सरल उपचार:- हरा रंग, हरे वस्त्र तथा श्रृंगार की अन्य वस्तुएं हरा रूमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरूवार से आरम्भ करें, तीन वर्ष पर्यन्त या १६ गुरूवार व्रत करें, उस दिन पीत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ११ या तीन माला जप करें। पीत पुष्पों से पूजन-अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की बनी घी-खण्ड से बनी मिठाई लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चावल आदि ही खावें और यही दान करें। जब व्रत का अन्तिम गुरूवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डू भोजन करावे। स्वर्ण, पीत-वस्त्र चने की दाल आदि का दान करें। यह व्रत-विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्या-प्रद है, धन की स्थिरता तथा यश-वृद्धि करता है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पति शान्ति का सरल उपचार- पीले वस्त्र, रूमाल आदि पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

शुक्र के व्रत की विधि- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ होता है। २१ या ३१ व्रत करे। श्वेत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ३ या २१ माला जपें। भोजन में चावल, खण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करें। यही पदार्थ यथा-शक्ति सम्भव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, हवन पूर्णाहूति के बाद खीर-खण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मण बटुकों को खिलावें। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करें। इस व्रत से स्त्री सुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्र शान्ति का सरल उपचार:- सफेद वस्त्र, सफेद रूमाल , सफेद फूल धारण करना आदि गाय को हरा घास या पेड़ा देना, शिव पूजन।

शनि के व्रत की विधि- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से आरम्भ करे, व्रत ५१ या ३१ करने चाहिएं। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १९ या तीन माला का जप करें। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या लवंग (लौंग), गङ्गाजल तथा शक्कर, थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुंह करके पीपल-वृक्ष की जड़ में डाल दें। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पंजीरी, कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दें तथा तेलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करें। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, कंबल उड़द तथा देसी जूता, तेल लगाकर दान करें। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक परेशानी दूर हो जाती है। झगड़े में विजय होती है। लोह-मशीनरी कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनि शान्ति का सरल उपचार:- घर के परदे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रूमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहू केतु के व्रत की विधि- शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से यह व्रत शुरू करना चाहिए। यह व्रत १८ करें। काला वस्त्र धारण करके १८ या ३ बीज-मन्त्र की माला जपें। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर पीपल की जड़ में डालें। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करें और यही दान में भी दें। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दें। इस व्रत से शत्रुभय दूर तथा राजपक्ष से विजय मिलती है।

राहु, केतु शान्ति का सरल उपचार:- नीला रूमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पैन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट-निवृत्त्यर्थ स्नान-विधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्॥
तथा स्नान-विधानेन ग्रह-दोषः प्रणश्यति॥

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी-कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारू, मुलेठी, लाल फूल, केसर, पानी में उबाल कर स्नान करे। सोमवार के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत, चन्दन, सिप्पी, पञ्चगव्य उबाल कर स्नान करें। ऐसे ही मंगल के दिन अनन्त मूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल ये सब उबाल कर, बुध के दिन गोबर, मधु, चावल, विधारा उबाल कर, गुरु के दिन भारंगी, मुलहठी, श्वेत सरसों, मालती पुष्प उबाल कर, शुक्र के दिन इलायची, मजीठ तथा शनि के दिन काले तिल, सौंफ, मुरमा, अमलबेत, सफेद बिनौला उबाल कर स्नान करें। ऐसे ही राहु केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारू, सरसों तथा लोहवान उबाल कर स्नान करें, तो ग्रह शान्ति होती है।

नोट- स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो तो जो वस्तु मिले उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रह किंवा सर्वविध शान्ति के लिए सामान्य औषध स्नान

लाजवन्ती (छुई-मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौं, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि लोध इन औषधियों के जल एवं से सतीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शान्ति होती है। गुरू, वचन, देवता ब्राह्मणों की वंदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः)॥

शनि विचार-अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्-कल्याणी प्रददाति वा रविसुते राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधिः बन्धु विरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्नेर्भयं लोह शस्त्रभयं सदैव-असुखं कुर्यादसौ सर्वदा॥ १॥ बृहत्कल्याणी फलम् . . . . राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये गात्रे द्वितीये (२) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत्॥ हानिः स्थानस्परणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम्, रामाऽऽक्द्विविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा॥ २॥

सप्तधान्य- उड़द १. मूंगी २. गेहूं ३. चने ४. जौ ५. धान्य (तंदुल) ६. कंगनी ७.
अष्टगंध-अगर, कस्तूरी, कुकुम कर्पूर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन देवदारु।

अष्टगंध धूप- अगर, छरीला, जटामासी, कर्पूर-कचरी, गुग्गुल, देवदारु गोघृत सफेद चन्दन।

नक्षत्र-राशि ज्ञान चक्र

राशिज्ञाने विशेष :-

नक्षत्र वा राशि में श और स में, व और ब में कोई भेद नहीं होता। जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोगमात्रं नाम्नि ग्राह्यं नवादिमाक्षरम्)

राशयः	मेष			वृष			मिथुन			कर्क		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा
प्रथमचरण	चू	ली	अ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हु	डी
द्वितीय च.	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	हे	डू
तृतीय च.	चो	ले	०	उ	वी	०	का	ङ	ह	०	हो	डे
चतुर्थ च.	ला	लो	०	ए	वू	०	की	छ	०	हि	डा	डो

राशयः	सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक		
नक्षत्राणि	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा
प्रथमचरण	मा	मो	टे	०	पू	पे	०	रू	ती	०	ना	नो
द्वितीय च.	मी	टा	०	टो	ष	पो	०	रे	तू	०	नी	या
तृतीय च.	मू	टी	०	पा	ण	०	रा	रो	ते	०	नू	यी
चतुर्थ च.	मे	टू	०	पी	ठ	०	री	ता	०	तो	ने	यू

राशयः	धनु			मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	मूल	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	अभिजित्	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दू	दे
द्वितीय च.	यो	धा	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय च.	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ च.	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	दी	ञ	चि

ध्यान दें— नामों का प्रारम्भ ङ, ञ, ण इन अक्षरों से नहीं होता। यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा हो तो ङ की जगह घ, ञ की जगह दु तथा ण की जगह पू से प्रारम्भ करें। ऐसा करने से भेद नहीं होता।

॥ १ ॥ बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युः कथञ्च। ततः पश्चादुभवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः ॥ २ ॥ प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शब्दितः। तस्य नामाद्यवर्णो या मात्रा स स्वर एव हि ॥ ३ ॥ अथ जन्मराशि नामराश्योः प्रधानता निर्णीयते - विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे ॥ जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत् ॥ ४ ॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत् ॥ ५ ॥ काकिण्यां वर्ग शुद्धौ च दाने द्यूते स्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे च नामराशेः प्रधानता ॥ ६ ॥ कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥ ७ ॥ विवाह घटनं चैवं लग्नजं ग्रहजं बलम्। नामभाकृचिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥ ८ ॥

अभिजित्-निर्णय-वैश्यप्रान्त्याघ्रिः श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात् ॥

उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करो। उसको अभिजित् का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढ़ा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक-एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण के १-१ चरण मानो। इस प्रकार को प्रायः सामान्य गणक नहीं जानते, एतदर्थ यहां लिखा गया है।

राशि ज्ञानम्- चू. ल. अ मेषः, इ वो वृषः, क घ ङ छ ह मिथुनम् ॥
हीडा कर्कः, माटे सिंहः, टो प ण ठ पो कन्या ॥
रातेे तुला तो ना यू वृश्चिक ये धफढभे धनुः ॥
भोजा खगी मकरः गुसाद: कुम्भः दीथझञदचा मीनः ॥

उपरोक्त राशि- ज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर है और जहां जो अक्षर बदलता है, वहां वह भी ले लिया गया है। जैसे-मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रहण होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचो का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा चरण) अश्विनी का और चतुर्थ चरण भरणी का ग्रहण हुआ और उससे कृत्तिका के प्रथम चरण इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई। इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें।

विशेष- जहां 'ज्ञ' का उच्चारण 'ग्य' होता है वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र उ. षा. और जहां इसका उच्चारण 'ग्य' होता है, वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र धनिष्ठा माना जाएगा क्योंकि 'ज' और 'ग' वर्ण क्रमशः उ. षा. और धनिष्ठा नक्षत्र में पड़ते हैं।

नोट- चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने से फलितज्ञ को काफी सुभीता रहता है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्म समय चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र जान लेता है तथा फलित-शास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भू-स्थित-वनपति एवं प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वारभाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार-भाटांक सूर्य के ज्वार-भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक-धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अचर-जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्म-पत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की परिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन- फलितवेत्ता जन्म-पत्र की अंग्रेज़ी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। इस पद्धति में सायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है। चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित-शास्त्रियों ने जन्म-कालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्म राशि के नाम से कहा है। हमारे ज्योतिष के अनुसार इसी का महत्त्व है।

नक्षत्रचरण एवं नवांशराशि–बोधक सारणी

प्रियव्रत शर्मा

ग्रह या लग्न किस राशि, नक्षत्र एवं नक्षत्रचरण (नवांश) में विद्यमान है– यह इस सारणी से ग्रह एवं लग्न–राश्यादि द्वारा जाना जा सकता है। ध्यान रहे–यहां दिए गए राश्यादि वे हैं, जहां राशि एवं नक्षत्रचरण (नवांश) प्रारम्भ होता है। जैसे– स्पष्ट सूर्य 5 रा. 27 अं. 20 क. हो तो सारणी से ज्ञात हो जाता है कि– सूर्य कन्या राशि, चित्रा नक्षत्र–द्वितीय चरण तथा कन्या के नवांश में है। क्योंकि यहां सूर्य कन्या राशि के ही नवांश में है, अतः यह वर्गोत्तम नवांश में है। कोष्ठक में वर्गोतम नवांश के साथ स्टार (★) लगाया गया है। कन्या के नवांश का स्वामी बुध है– यह भी सारणी में निर्दिष्ट है।

इस सारणी की मदद से नवांशकुण्डली लगाना बहुत आसान है।

ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश–राशि	नवांश–स्वामी	ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश–राशि	नवांश स्वामी	ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश–राशि	नवांश–स्वामी	ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश–राशि	नवांश–स्वामी
0 00 00	मेष अश्वि. 1	★मेष	मं.	3 00 00	कर्क पुन. 4	★कर्क	चं.	6 00 00	तुला चित्रा 3	★तुला	शु.	9 00 00	मकर उ. षा. 2	★मकर	श.
0 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	3 03 20	,, पुष्य 1	सिंह	सू.	6 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	9 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.
0 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	3 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	6 06 40	,, स्वाती 1	धनु	गु.	9 06 40	,, ,, 4	मीन.	गु.
0 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	3 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.	6 10 00	,, ,, 2	मकर	श.	9 10 00	,, श्रव. 1	मेष	मं.
0 13 20	,, भर. 1	सिंह	सू.	3 13 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	6 13 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	9 13 20	,, ,, 2	वृष	शु.
0 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	3 16 40	,, आश्ले. 1	धनु	गु.	6 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.	9 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.
0 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	3 20 00	,, ,, 2	मकर	श.	6 20 00	,, विशा. 1	मेष	मं.	9 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.
0 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	3 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	6 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.	9 23 20	,, धनि. 1	सिंह	सू.
0 26 40	,, कृत्ति. 1	धनु	गु.	3 26 40	,, ,, 4	मीन	गु.	6 26 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	9 26 40	,, ,, 2	कन्या	बु.
1 00 00	वृष ,, 2	मकर	श.	4 00 00	सिंह मघा 1	मेष	मं.	7 00 00	वृश्चि. ,, 4	कर्क	चं.	10 00 00	कुम्भ ,, 3	तुला	शु.
1 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	4 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	7 03 20	,, अनु. 1	सिंह	सू.	10 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.
1 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.	4 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	7 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	10 06 40	,, शत. 1	धनु	गु.
1 10 00	,, रोहि. 1	मेष	मं.	4 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	7 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.	10 10 00	,, ,, 2	मकर	श.
1 13 20	,, ,, 2	★वृष	शु.	4 13 20	,, पू.फा. 1	★सिंह	सू.	7 13 20	,, ,, 4	★वृश्चि	मं.	10 13 20	,, ,, 3	★कुम्भ	श.
1 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	4 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	7 16 40	,, ज्येष्ठा 1	धनु	गु.	10 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.
1 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	4 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	7 20 00	,, ,, 2	मकर	श.	10 20 00	,, पू.भा. 1	मेष	मं.
1 23 20	,, मृग. 1	सिंह	सू.	4 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	7 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	10 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.
1 26 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	4 26 40	,, उ.फा. 1	धनु	गु.	7 26 40	,, ,, 4	मीन	गु.	10 26 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.
2 00 00	मिथुन ,, 3	तुला	शु.	5 00 00	कन्या ,, 2	मकर	श.	8 00 00	धनु मूल 1	मेष	मं.	11 00 00	मीन ,, 4	कर्क	चं.
2 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	5 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	8 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	11 03 20	,, उ.भा. 1	सिंह	सू.
2 06 40	,, आर्द्रा 1	धनु	गु.	5 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.	8 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	11 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.
2 10 00	,, ,, 2	मकर	श.	5 10 00	,, हस्त 1	मेष	मं.	8 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	11 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.
2 13 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	5 13 20	,, ,, 2	वृष	शु.	8 13 20	,, पू.षा. 1	सिंह	सू.	11 13 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.
2 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.	5 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	8 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	11 16 40	,, रेव. 1	धनु	गु.
2 20 00	,, पुन. 1	मेष	मं.	5 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	8 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	11 20 00	,, ,, 2	मकर	श.
2 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.	5 23 20	,, चित्रा 1	सिंह	सू.	8 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	11 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.
2 26 40	,, ,, 3	★मिथुन	बु.	5 26 40	,, ,, 2	★कन्या	बु.	8 26 40	,, उ.षा. 1	★धनु	गु.	11 26 40	,, ,, 4	★मीन	गु.

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2064 वि.)

राशि	वैशाख (14 अप्रै. से 14 मई तक, सन् 2007 ई.)	राशि	ज्येष्ठ (15 मई से 14 जून तक सन्, '07 ई.)	राशि	आषाढ़ (15 जून से 15 जुला. तक, सन् '07 ई.)
मेष	स्थान परिवर्तन, धनलाभ, निजी लोगों से अनबन, भ्रातृ-सुख, नई योजना, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक, आय से व्यय अधिक। अप्रै. 15,16,17,24,25; मई 4,5,13,14 अशुभ।	मेष	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, भ्रातृकष्ट, दोस्तों से अनबन, सन्तानपक्ष से चिन्ता, सत्रीसुख, कारोबार ठीक। मई 21, 22, 31; जून 1, 9, 10 अशुभ।	मेष	बन्धनभय, स्थानान्तरण का विचार, अर्थहानि, अचानक कष्ट, सम्पत्तिविवाद, गुप्त चिन्ता, कार्यान्तर से लाभ। जून 17, 18, 19, 27, 28; जुला. 6, 7, 8 अशुभ।
वृष	सेहत ठीक, अर्थलाभ, भ्रातृकष्ट, मित्रों से अनबन, सन्तानसुख, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल। अप्रैल 17, 18, 26, 27, 28; मई 6, 7, 8 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, अर्थहानि, अपमानभय, नई योजना, शत्रु प्रबल, स्त्रीसुख, कार्यान्तर से लाभ। मई 15, 16, 23, 24, 25, जून 2, 3, 4, 11, 12 अशुभ।	वृष	वात-पित्त विकार, आर्थिक परेशानी, सन्ततिसुख, स्त्रीपक्ष से सुख, कारोबार ठीक, मासान्त में खर्च अधिक। जून 20, 21, 30; जुलाई 1, 8, 9, 10 अशुभ।
मिथुन	सेहत ठीक, अर्थहानि, भ्रातृकष्ट, सन्तान से परेशानी, स्त्रीपक्ष शुभ, मासान्त में बिगड़े काम बनें। अप्रैल 19, 20, 21, 29, 30; मई 8, 9, 10 अशुभ।	मिथुन	रक्त-पित्तविकार, कर्जा चढ़े, बन्धुसुख, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्री से सुख, कारोबार ठीक, नेत्रकष्ट-भय। मई 17, 18, 26, 27; जून 5, 6, 13, 14 अशुभ।	मिथुन	पेट में खराबी, अर्थलाभ, मन परेशान रहे, नई योजना, गुप्त चिन्ता, अपमान भय, कारोबार कमजोर। जून 22, 23, 24; जुलाई 2, 3, 11, 12 अशुभ।
कर्क	मानसिक परेशानी, राजपक्ष से भय, धनहानि, भ्रातृपक्ष से लाभ, नई योजनाएं, स्त्रीसुख, मासान्त में कष्ट। अप्रैल 14, 15, 21, 22, 23; मई 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।	कर्क	उदरविकार, धनहानि, अच्छे लोगों से मेल, सन्तानसुख, स्त्रीकष्ट, आय से व्यय अधिक। मई 19, 20, 28, 29, 30; जून 7, 8 अशुभ।	कर्क	सेहत ठीक, धनलाभ, स्त्रीकष्ट, शत्रु बढ़ें, कारोबार में परिवर्तन के योग, मासान्त शुभ। जून 15, 16, 17, 25, 26; जुलाई 4, 5, 13, 14, 15 अशुभ
सिंह	उदरविकार, धनलाभ, घरेलू झंझट, मित्रों से मदद, सन्तानपक्ष शुभ, शत्रु कमजोर, कारोबार ठीक। अप्रैल 15, 16, 17, 24, 25; मई 4, 5, 13, 14 अशुभ।	सिंह	वायुविकार, अर्थलाभ, भ्रातृसुख, सम्पत्तिविवाद, शत्रु कमजोर पड़ें, क्रोध बढ़े, कारोबार ठीक। मई 21, 22, 31; जून 1, 9, 10 अशुभ।	सिंह	धनलाभ, भ्रातृसुख, यात्रा में कष्ट, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीसुख, निजी लोगों से अनबन। जून 17, 18, 19, 27, 28; जुलाई 6, 7, 8 अशुभ।
कन्या	सेहत ठीक, अर्थहानि, भ्रातृसुख, मित्र से अनबन, शुभ समाचार, शत्रु हतप्रभ, स्त्रीलाभ, कारोबार कुछ ठीक। अप्रैल 17, 18, 26, 27, 28; मई 6, 7, 8 अशुभ।	कन्या	वायुविकार, अर्थलाभ होकर हानि, भाई से लाभ, सन्तति-चिन्ता, क्रोध बढ़े, स्त्रीपक्ष से लाभ। मई 15, 16, 23, 24, 25; जून 2, 3, 4, 11, 12 अशुभ।	कन्या	अरिष्टभय, अर्थलाभ होकर हानि, भाई से मदद, शोक समाचार, कार्यान्तर से लाभ। जून 20, 21, 30; जुलाई 1, 8, 9, 10 अशुभ।
तुला	वायुविकार, अर्थलाभ, घरेलू झंझट, मित्रों से मेल, असफल योजना, स्त्रीसुख, कारोबार गड़बड़। अप्रैल 19, 20, 21, 29, 30; मई 8, 9, 10 अशुभ।	तुला	सेहत ठीक, अर्थलाभ, भ्रातृसुख, शत्रु प्रबल, सम्पत्ति-विवाद, स्त्रीकष्ट, कारोबार गड़बड़। मई 17, 18, 26, 27; जून 5, 6, 13, 14 अशुभ।	तुला	यात्रा में कष्ट, धनहानि, वृथाविवाद, स्त्रीपक्ष शुभ, कारोबार कुछ कमजोर, मासान्त में विशेष वृथाव्यय। जून 22, 23, 24; जुलाई 2, 3, 11, 12 अशुभ।
वृश्चिक	सेहत ठीक, अर्थलाभ, बन्धुसुख, मित्रों से अनबन, सन्तति चिन्ता, स्त्रीपक्ष से लाभ, कार्यान्तर का विचार,। अप्रैल 14, 15, 21, 22, 23; मई 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।	वृश्चिक	कफविकार, अर्थलाभ, उत्साह बढ़े, बन्धुकष्ट, नई योजना से लाभ, स्त्रीसुख, मासमध्य में भारी कष्टभय। मई 19, 20, 28, 29, 30; जून 7, 8 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, अर्थहानि से परेशानी, उत्साह बना रहे, सन्तानपक्ष से सुख, स्त्रीकष्ट, कारोबार गड़बड़। जून 15, 16, 17, 25, 26; जुलाई 4, 5, 13, 14, 15 अशुभ
धनु	कफ-वायु विकार, अर्थलाभ होकर हानि हो, भाई से अनबन, अच्छे लोगों से मेल, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। अप्रैल 15,16,17,24,25; मई 4,5,13,14 अशुभ।	धनु	सेहत ठीक, नेत्रकष्टभय, वृथाव्यय, बन्धु से मदद, परीक्षा में सफलता, स्त्रीकष्ट, कारोबार कमजोर। मई 21, 22, 31; जून 1, 9, 10 अशुभ।	धनु	उदरविकार, अर्थलाभ, सम्पत्तिलाभ, नई योजना, कारोबार ठीक, अच्छे लोगों से मेल। जून 17, 18, 19, 27, 28; जुला. 6, 7, 8 अशुभ।
मकर	रक्त-पित्तविकार, कर्जा सिर चढ़े, बन्धु से मदद, सम्पत्तिविवाद, स्त्रीकष्ट, चोटभय, आय से व्यय अधिक। अप्रैल 17, 18, 26, 27, 28; मई 6, 7, 8 अशुभ।	मकर	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, उत्साह बढ़े, अच्छे लोगों से मेल, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। मई 15, 16, 23, 24, 25; जून 2, 3, 4, 11, 12 अशुभ।	मकर	सेहत ठीक, धनलाभ, मित्रों से मेल, सन्तानपक्ष से कष्ट, शत्रु प्रबल, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। जून 20, 21, 30; जुलाई 1, 8, 9, 10 अशुभ।
कुम्भ	उदरविकार, मन परेशान, क्रोध बढ़े, गृहक्लेश, स्त्रीकष्ट, मासान्त में कारोबार ठीक, उलझे काम बनें। अप्रैल 19, 20, 21, 29, 30; मई 8, 9, 10 अशुभ।	कुम्भ	सेहत ठीक, अर्थलाभ होकर हानि, यात्रा में कष्ट, असफल योजना, मन अशान्त, कारेबार कुछ ठीक। मई 17, 18, 26, 27; जून 5, 6, 13, 14 अशुभ।	कुम्भ	पित्तविकार, धनहानिभय, बन्धुकष्ट, गुप्त चिन्ता, कारोबार में रद्दोबदल, वृथाविवाद से बचें। जून 22, 23, 24; जुलाई 2, 3, 11, 12 अशुभ।
मीन	सेहत ठीक, अर्थ लाभ होकर हानि, बन्धुसुख, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार ठीक। अप्रैल 14, 15, 21, 22, 23; मई 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।	मीन	पित्तविकार, अर्थलाभ होकर हानि, भ्रातृसुख, सम्पत्तिविवाद, नई योजना असफल, मासान्त में लाभ। मई 19, 20, 28, 29, 30; जून 7, 8 अशुभ।	मीन	सेहत ठीक, अर्थलाभ होकर हानि, निजीजनों से अनबन, मित्रों से धोखा, स्त्रीसुख, आय से व्यय अधिक। जून 15, 16, 17, 25, 26; जुलाई 4, 5, 13, 14, 15 अशुभ

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2064 वि.)

राशि	श्रावण (16 जुला. से 16 अग. तक, सन् '07 ई.)	राशि	भाद्रपद (17 अग. से 16 सितं. तक, सन् '07 ई.)	राशि	आश्विन (17 सितं. से 16 अक्तू. तक, सन् '07 ई.)
मेष	सेहत ठीक, आय से व्यय अधिक, मित्र सुख, सन्तानपक्ष शुभ, शत्रु प्रबल, अचानक कष्ट, कारोबार ठीक। जुला. 16, 24, 25, 26; अग. 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।	मेष	वृथाविवाद से बचें, बन्धनभय, धनहानि का योग, अपने भी पराए बनें, कुछ अच्छे लोगों से मदद। अग. 21, 22, 30, 31; सितं. 7, 8, 9 अशुभ।	मेष	बन्धनभय, स्थानहानिभय, अर्थलाभ, रक्त–चाप बढ़े, स्त्रीपक्ष से मदद, कारोबार ठीक। सितं. 17, 18, 19, 26, 27; अक्तू. 4, 5, 6, 14, 15, 16 अशुभ।
वृष	शत्रुपक्ष से चिन्ता, रोगभय, भाई से मदद, शुभ यात्रा, अपमानभय, वृथाविवाद से बचें। जुला. 17, 18, 19, 27, 28; अग. 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।	वृष	नीच से अपमानभय, कारोबार कुछ ठीक रहे, भाई–बन्धु से मदद, रोगभय, शत्रु प्रबल, स्त्रीसुख। अग. 23, 24, 25; सितं. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	वृष	धनलाभ होकर हानि हो, सन्तानपक्ष से सुख, स्त्रीसुख, कार्यान्तर का विचार। सितं. 20, 21, 28, 29; अक्तू. 7, 8 अशुभ।
मिथुन	सेहत ठीक, अर्थहानि, बन्धुकष्ट, उत्साह बना रहे। कारोबार ठीक, आय से व्यय अधिक। जुला. 19, 20, 21, 29, 30, 31; अग. 7, 8, 16 अशुभ!	मिथुन	सेहत गड़गड़, अर्थलाभ होकर हानि हो, शत्रु प्रबल, यात्रा में कष्ट, आय से व्यय अधिक। अग. 17, 26, 27; सितं. 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।	मिथुन	कष्टमय, धनलाभ, सन्तानसुख, गुप्त चिन्ता, कारोबार में रुकावट, आय से व्यय अधिक। सितं. 22, 23, 30; अक्तू. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।
कर्क	कफ–वायुविकार, धनलाभ, असफल योजना, स्त्रीसुख, अचानक धनहानि का कारण बने। जुला. 22, 23, 24, 31; अग. 1, 2, 9, 10 अशुभ।	कर्क	सेहत ठीक, अर्थलाभ हो, भाई–बन्धु से अनबन, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल। अग. 18, 19, 20, 28, 29; सितं. 5, 6, 7, 15, 16 अशुभ।	कर्क	सेहत ठीक, कर्ज चढ़े, भाई व बन्धुकष्ट, स्त्री के लिए खर्च, कारोबार कुछ ठीक, वृथा विवाद से बचें। सितं. 24, 25; अक्तू. 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।
सिंह	सेहत ठीक, धनलाभ हो, निजी लोगों से अनबन, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल, मन चिन्तित। जुला. 16, 24, 25, 26; अग. 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।	सिंह	कफ–वायुविकार, कर्जा बढ़े, निजी लोगों से अनबन, मन अशान्त, गुप्त चिन्ता, गुप्त शत्रु से भय। अग. 21, 22, 30, 31; सितं. 7, 8, 9 अशुभ।	सिंह	सेहत गड़बड़, वृथाव्यय, सन्ततिसुख, स्त्रीसुख, कारोबार में हानि से चिन्ता। सितं. 17, 18, 19, 26, 27; अक्तू. 4, 5, 6, 14, 15, 16 अशुभ।
कन्या	सेहत ठीक, आमदन से खर्च अधिक, बन्धुसुख, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में रुकावट। जुला. 17, 18, 19, 27, 28; अग. 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।	कन्या	रक्त–पित्तविकार, अर्थहानि, बन्धुसुख, नई योजना से लाभ, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, विरोधी पक्ष प्रबल। अग. 23, 24, 25; सितं. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	कन्या	उदरविकार, वृथाधनहानि, सन्तान हेतु विशेष खर्च, स्त्रीकष्ट, कारोबार बेहतर। सितं. 20, 21, 28, 29; अक्तू. 7, 8 अशुभ।
तुला	रक्त–पित्तविकार, वृथाविवाद, धनहानि, सम्पत्तिलाभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार कमजोर। जुला. 19, 20, 21, 29, 30, 31; अग. 7, 8, 16 अशुभ।	तुला	उदरविकार, धनलाभ, बन्धुसुख, सम्पत्तिसुख, स्त्रीपक्ष से झंझट, कारोबार ठीक। अग. 17, 26, 27; सितं. 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।	तुला	सेहत ठीक, सम्पतिविवाद, सन्ततिसुख, अचानक लाभयोग, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार ठीक। सितं. 22, 23, 30; अक्तू. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।
वृश्चिक	उदरविकार, धनलाभ, भ्रातृपक्ष से शुभ, सफल योजना, नीच से अपमानभय, कारोबार ठीक। जुला. 22, 23, 24, 31; अग. 1, 2, 9, 10 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, धनलाभ, उत्साह बना रहे, गुप्त शत्रु प्रबल, स्त्रीपक्ष शुभ, कारोबार कुछ ठीक। अग. 18, 19, 20, 28, 29; सितं. 5, 6, 7, 15, 16 अशुभ।	वृश्चिक	क्रोध बढ़े, धनलाभ, सन्तान हेतु विशेष खर्च, आय से व्यय अधिक। सितं. 24, 25; अक्तू. 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।
धनु	सेहत ठीक, अर्थलाभ हो, अच्छे लोगों से मेल, वृथाविवाद से बचें, कारोबार ठीक। जुला. 16, 24, 25, 26; अग. 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।	धनु	अर्थहानिभय, असफल योजना, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कारोबार में परेशानी, घरेलू झंझट। अग. 21, 22, 30, 31; सितं. 7, 8, 9 अशुभ।	धनु	सेहत ठीक, नेत्रकष्ट, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीपक्ष से सुख, द्रव्यलाभ, गुप्त शत्रु से सावधान रहें। सितं. 17, 18, 19, 26, 27; अक्तू. 4, 5, 6, 14, 15, 16 अशुभ।
मकर	सेहत ठीक, धनलाभ, बन्धुसुख, सम्पत्तिविवाद, वृथाव्यय, स्थानान्तर व कार्यान्तर का योग। जुला. 17, 18, 19, 27, 28; अग. 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।	मकर	क्रोध बढ़े, वृथाविवाद से बचें, यात्रा में कष्ट, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार कुछ कमजोर। अग. 23, 24, 25; सितं. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	मकर	शरीरपीड़ा, धनलाभ, उत्साहवृद्धि, मासमध्य में कष्ट–भय, कारोबार में तरक्की। सितं. 20, 21, 28, 29; अक्तू. 7, 8 अशुभ।
कुम्भ	सेहत ठीक, धनलाभ, सम्पत्तिविवाद, निजी लोगों से अनबन, स्त्रीसुख, कार्यान्तर से लाभ। जुला. 19, 20, 21, 29, 30, 31; अग. 7, 8, 16 अशुभ।	कुम्भ	वायुविकार, आय से व्यय अधिक, शत्रु से भय, कारोबार ठीक, मासान्त में सुख व अर्थ लाभ। अग. 17, 26, 27; सितं. 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।	कुम्भ	शत्रु हतप्रभ, विशेष खर्च हो, घरेलू झंझट बढ़ें, बनते कार्य में रुकावट, अशुभ समाचार। सितं. 22, 23, 30; अक्तू. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।
मीन	कफ–वायुविकार, अर्थलाभ होकर हानि, निजीलोगों से मनमुटाव, शत्रु प्रबल, स्त्रीसुख, कारोबार गड़बड़। जुला. 22, 23, 24, 31; अग. 1, 2, 9, 10 अशुभ।	मीन	मन चिन्तित, अच्छा लाभ होकर हानि हो, सन्तानपक्ष से शुभ समाचार, कारोबार में मन लगे। अग. 18, 19, 20, 28, 29; सितं. 5, 6, 7, 15, 16 अशुभ।	मीन	रोगभय, वायुविकार, धनहानि, वृथाकलह व विवाद से बचें, मासान्त में धनलाभ होकर हानि हो। सितं. 24, 25; अक्तू. 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2064 वि.)

राशि	कार्तिक (17 अक्तू. से 15 नवं. तक, सन् '07 ई.)	राशि	मार्गशीर्ष (16 नवं. से 15 दिसं. तक, सन् '07 ई.)	राशि	पौष (16 दिसं., '07 से 13 जन. सन् 2008 ई. तक)
मेष	राजभय, धनलाभ, भ्रातृसुख, सन्तानपक्ष से हानि, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, मासान्त में धनलाभ। अक्तू. 24, 25; नवं. 1, 2, 11, 12 अशुभ।	मेष	राजभय, स्थानहानि, अचानक लाभ, निली लोगों से अनबन, स्त्रीपक्ष शुभ, सन्तानसुख। नवं. 20, 21, 28, 29, 30; दिसं. 8, 9, 10 अशुभ।	मेष	कष्टभय, स्थानान्तरण का योग, धनलाभ, उत्साह बढ़े, पापकर्म में मन लगे, स्त्रीकष्ट, किस्मत साथ न दे। दिसं. 17, 18, 19, 26, 27; जन. 4, 5, 6 अशुभ।
वृष	कष्टभय, धनलाभ होकर हाथ से निकले, अशुभ समाचार, शत्रु प्रबल, कारोबार में परेशानी व रुकावट। अक्तू. 17, 18, 26, 27; नवं. 3, 4, 5, 13, 14, 15 अशुभ।	वृष	आय से व्यय अधिक, धनहानियोग, उत्साह बना रहे, गुप्त चिन्ता, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। नवं. 22, 23, 30; दिसं. 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	वृष	आर्थिक तंगी, सेहत ठीक, शत्रु बढ़ें, वृथाविवाद से दूर रहें, आय से व्यय अधिक। दिसं. 20, 21, 28, 29; जन. 7, 8 अशुभ।
मिथुन	सेहत ठीक, मानसिक परेशानी बढ़े, अर्थहानिभय, स्त्रीकष्ट, आय से व्यय अधिक। अक्तू. 19, 20, 21, 28, 29; नवं. 6, 7 अशुभ।	मिथुन	लाभ होकर हाथ से निकले, सन्तानपक्ष शुभ, शत्रु हतप्रभ, रोगभय, आय–व्यय बराबर। नवं. 16, 17, 24, 25; दिसं. 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।	मिथुन	लाभ होकर हानि हो, गुप्त शत्रु से सावधान, नीच से अपमानभय, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीकष्ट। दिसं. 22, 23, 29, 30, 31; जन. 9, 10, 11 अशुभ।
कर्क	रक्त–पित्तविकार, हाथ तंग रहे, शत्रु प्रबल, गुप्त चिन्ता, वृथाविवाद से बचें। अक्तू. 22, 23, 30, 31 ; नवं. 8, 9, 10 अशुभ।	कर्क	रोगभय, धनलाभ, भ्रातृसुख, बन्धुओं से मेल, सन्ततिचिन्ता, स्त्री से अनबन, कारोबार ठीक। नवं. 18, 19, 26, 27; दिसं. 5, 6, 7, 15 अशुभ।	कर्क	सेहत ठीक, धनहानि, बन्धुकष्ट, मन परेशान, शत्रु बढ़ें, लड़ाई–झगड़े से बचें, कारोबार कुछ ठीक। दिसं. 16, 17, 24, 25; जन. 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।
सिंह	हानि–कष्टभय, धनलाभ, बन्धुकष्ट, शत्रु से भय, नीच से अपमानभय, कारोबार गड़बड़। अक्तू. 24, 25; नवं. 1, 2, 11, 12 अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, धनलाभ होकर हानि हो, निजीलोगों से मदद, सन्तानपक्ष शुभ, कारोबार ठीक। नवं. 20, 21, 28, 29, 30; दिसं. 8, 9, 10 अशुभ।	सिंह	सुख और वित्तलाभ, सन्तानपक्ष से हानियोग, स्त्रीसुख, कारोबार कुछ ठीक, मासान्त समस्यात्मक। दिसं. 17, 18, 19, 26, 27; जन. 4, 5, 6 अशुभ।
कन्या	सेहत ठीक, अर्थहानि, वृथाविवाद से बचें, शत्रु बढ़ें, कारोबार कुछ ठीक नजर आए। अक्तू. 17, 18, 26, 27; नवं. 3, 4, 5, 13, 14, 15 अशुभ।	कन्या	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ होकर हाथ से निकले, सम्पत्ति–लाभ का योग, विशेष कष्टभय। नवं. 22, 23, 30; दिसं. 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	कन्या	नेत्रकष्ट, खर्च विशेष हो, निजीजनों से मनमुटाव, लड़ाई–झगड़े से बचें, कार्यान्तर से लाभ। दिसं. 20, 21, 28, 29; जन. 7, 8 अशुभ।
तुला	यात्रा में कष्ट, लड़ाई–झगड़े से बचें, शरीर में पीड़ा, उत्साह बना रहे; स्त्रीपक्ष से कलह। अक्तू. 19, 20, 21, 28, 29; नवं. 6, 7 अशुभ।	तुला	कफ–वायुविकार, आर्थिक चिन्ता, शत्रु बढ़ें, सन्तान व स्त्रीपक्ष ठीक, मासान्त में राजभय। नवं. 16, 17, 24, 25; दिसं. 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।	तुला	राजभय, अर्थलाभ, वृथाव्यय, सन्तानसुख, यात्रा में कष्ट, राजपक्ष से कष्ट। दिसं. 22, 23, 29, 30, 31; जन. 9, 10, 11 अशुभ।
वृश्चिक	सेहत ठीक, नेत्रकष्ट, धननाश, शत्रु बढ़ें, स्त्रीसुख, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। अक्तू. 22, 23, 30, 31 ; नवं. 8, 9, 10 अशुभ।	वृश्चिक	भयपीड़ा, अर्थलाभ होकर हानि हो, अशुभ समाचार, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। नवं. 18, 19, 26, 27; दिसं. 5, 6, 7, 15 अशुभ।	वृश्चिक	कष्टभय, कलह–धनहानि, आकस्मिक धनप्राप्ति का योग भी है, शत्रु प्रबल, कारोबार कमजोर। दिसं. 16, 17, 24, 25; जन. 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।
धनु	शत्रुभय, राजपक्ष से चिन्ता, धनलाभ, सन्तान हेतु खर्च, स्त्रीपक्ष ठीक, आय से व्यय अधिक। अक्तू. 24, 25; नवं. 1, 2, 11, 12 अशुभ।	धनु	सेहत ठीक, धननाश, वृथाविवाद, सफल योजना, पुत्रसुख, स्त्रीसुख, मासान्त में विशेष खर्च। नवं. 20, 21, 28, 29, 30; दिसं. 8, 9, 10 अशुभ।	धनु	रोगभय, कफ–पित्तविकार, अर्थलाभ, शुभ समाचार, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार ठीक। दिसं. 17, 18, 19, 26, 27; जन. 4, 5, 6 अशुभ।
मकर	धनलाभ, नेत्रकष्ट योग, सम्पत्तिविवाद, घरेलू झंझट, कारोबार गड़बड़, क्रोध बढ़े। अक्तू. 17, 18, 26, 27; नवं. 3, 4, 5, 13, 14, 15 अशुभ।	मकर	रोगभय, धनलाभ, शत्रु से भय, वृथाविवाद से बचें, अपमानभय, गुप्त शत्रु से भय। नवं. 22, 23, 30; दिसं. 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	मकर	सुख, धनलाभ, बन्धुकष्ट, अचानक धनहानियोग, कारोबार ठीक। दिसं. 20, 21, 28, 29; जन. 7, 8 अशुभ।
कुम्भ	रोग से परेशानी, वृथाव्यय, निजीलोगों से अनबन, अच्छे लोगों से मेल, कारोबार कुछ ठीक। अक्तू. 19, 20, 21, 28, 29; नवं. 6, 7 अशुभ।	कुम्भ	कफ–वायुविकार, धनलाभ, बन्धुसुख, बनते कार्य में रुकावट, अशुभ समाचार। नवं. 16, 17, 24, 25; दिसं. 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।	कुम्भ	शत्रुहानि, धनलाभ, रोगभय, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। दिसं. 22, 23, 29, 30, 31; जन. 9, 10, 11 अशुभ।
मीन	अर्थलाभ होकर हानि हो, रोगभय, धर्म–कर्म में मन लगे, अचानक लाभ का योग। अक्तू. 22, 23, 30, 31 ; नवं. 8, 9, 10 अशुभ।	मीन	बन्धनभय, धनलाभ होकर हानि, अचानक कष्ट, मासान्त शुभ, कारोबार ठीक। । नवं. 18, 19, 26, 27; दिसं. 5, 6, 7, 15 अशुभ।	मीन	राजभय, धनलाभ होकर हानि, शत्रु बढ़ें, पापकर्म में मन लगे, निजीलोगों से अनबन। दिसं. 16, 17, 24, 25; जन. 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2064वि.)

राशि	माघ (14 जन. से 12 फर. तक, सन् 2008 ई.)	राशि	फाल्गुन (13 फर. से 13 मार्च तक, सन् 2008 ई.)	राशि	चैत्र (14 मार्च से 12 अप्रै. तक, सन् 2008 ई.)
मेष	कष्टभय, वृथाविवाद से बचें, निजीलोगों से मेल, मासमध्य में सुख–अर्थलाभ होकर हानि हो। जन. 14, 15, 22, 23; फर. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	मेष	वायुरोग, अकस्मात् हानिभय, स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर का विचार, मासान्त में लाभ। फर. 18, 19, 20, 28, 29; मार्च 8, 9 अशुभ।	मेष	स्थानहानि, वृथाव्यय, अचानक कष्ट, शत्रुभय, मासमध्य में लाभ, अपमानभय। मार्च 17, 18, 26, 27, 28; अप्रै. 3, 4, 5 अशुभ।
वृष	उदरविकार, अर्थहानि, कष्टभय, सन्तान हेतु विशेष खर्च, स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर से लाभ। जन. 16, 17, 24, 25, 26; फर. 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, अर्थलाभ, शत्रुभय, वृथाविवाद से दूर रहें, कारोबार ठीक, मासान्त उलझनपूर्ण। फर. 21, 22; मार्च 1, 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ।	वृष	मान–सम्मान बना रहे, अर्थलाभ, सुखप्राप्ति, नई योजना असफल, स्त्रीपक्ष से अनबन। मार्च 19, 20, 29, 30; अप्रै. 7, 8 अशुभ
मिथुन	सेहत ठीक, धनहानि, मित्रों से अनबन, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कारोबार ठीक, मासान्त में विशेष खर्च। जन. 18, 19, 27, 28; फर. 5, 6, 7 अशुभ।	मिथुन	लाभ हो, निजीजनसहयोग, नई योजना से हानि, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक, आय से व्यय अधिक। फर. 14, 15, 16, 23, 24, 25; मार्च 4, 5, 12, 13 अशुभ।	मिथुन	सेहत ठीक, धनलाभ होकर हानि हो, शत्रु बढ़ें, सम्पत्तिविवाद, कारोबार ठीक। मार्च 14, 21, 22, 23, 31; अप्रै. 1, 2 अशुभ।
कर्क	सुखलाभ, निजीजन–सहयोग, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कारोबार में रुकावट, शत्रु से हानि। जन. 20, 21, 29, 30, 31; फर. 8, 9, अशुभ।	कर्क	धननाश, नेत्रकष्ट, सम्पत्तिविवाद, घरेलू झंझट, अशुभ समाचार, कारोबार में परेशानी। फर. 16, 17,- 18, 25, 26, 27; मार्च 6, 7, अशुभ।	कर्क	गुप्तशत्रुभय, आय से व्यय अधिक, निजीजन–सहयोग, मित्र से अनबन, स्त्रीसुख। मार्च 14, 15, 16, 24, 25; अप्रै. 3, 4 अशुभ।
सिंह	धनहानि, रोगभय, सन्तान हेतु विशेष खर्च, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल का योग। जन. 14, 15, 22, 23; फर. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	सिंह	उलझनें कम हों लेकिन निजीजनों से परेशानी, नई योजना, स्त्रीसुख, सांझेदारी में नुक्सान। फर. 18, 19, 20, 28, 29; मार्च 8, 9 अशुभ।	सिंह	धनहानियोग, वृथाविवाद से दूर रहें, असफल योजना, स्त्रीकष्ट, मासान्त में विशेष खर्च। मार्च 17, 18, 26, 27, 28; अप्रै. 3, 4, 5 अशुभ।
कन्या	राजभय, शत्रुपक्ष कमजोर, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार कुछ ठीक, अर्थलाभ। जन. 16, 17, 24, 25, 26; फर. 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।	कन्या	कष्टभय, लड़ाई–झगड़े से दूर रहें, धनहानियोग, सन्तानपक्ष से कष्ट, मन परेशान, गुप्त चिन्ता। फर. 21, 22; मार्च 1, 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ।	कन्या	वायुविकार, शारीरक कष्टविशेष, गुप्त चिन्ता, सन्तानपक्ष ठीक, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार ठीक। मार्च 19, 20, 29, 30; अप्रै. 7, 8 अशुभ।
तुला	गुप्त चिन्ता, अर्थहानि से मन परेशान, नई योजना, स्त्रीकष्ट, कारोबार कुछ ठीक। जन. 18, 19, 27, 28; फर. 5, 6, 7 अशुभ।	तुला	रोगभय, शत्रु प्रबल, धनलाभ होकर हानि, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीपक्ष से अनबन। फर. 14, 15, 16, 23, 24, 25; मार्च 4, 5 12, 13 अशुभ।	तुला	वायुविकार, धनहानिभय, शत्रु बढ़ें, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार में परेशानी। मार्च 14, 21, 22, 23, 31; अप्रै. 1, 2 अशुभ।
वृश्चिक	शरीरपीड़ा, अर्थलाभ, बन्धुसुख, सम्पत्तिलाभ का योग, मासान्त में विशेष कष्ट, धनहानि। जन. 20, 21, 29, 30, 31; फर. 8, 9, अशुभ।	वृश्चिक	वृथा धनहानिभय, सन्तान से सुख, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक, मासान्त में अचानक कष्टयोग। फर. 16, 17, 18, 25, 26, 27; मार्च 6, 7, अशुभ।	वृश्चिक	शारीरक कष्ट, सन्तानपक्ष से सुख, स्त्री को कष्ट, आय से व्यय अधिक, मासान्त में अचानक खर्चयोग। मार्च 14, 15, 16, 24, 25; अप्रै. 3, 4 अशुभ।
धनु	सुख, अर्थलाभ, सम्पत्तिलाभ, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीसुख, कारोबार में रुकावट। जन. 14, 15, 22, 23; फर. 1, 2, 10, 11 अशुभ।	धनु	मन शान्त रहे, बन्धुकष्ट, सन्तान हेतु विशेष व्यय, मासमध्य में अच्छा लाभ, स्त्रीसुख। फर. 18, 19, 20, 28, 29; मार्च 8, 9 अशुभ।	धनु	मन परेशान, धनलाभ, कारोबार बढ़े, स्त्रीसुख, शत्रु बढ़ें, कार्यान्तर से लाभ। मार्च 17, 18, 26, 27, 28; अप्रै. 3, 4, 5 अशुभ।
मकर	सुख, धनलाभ, भ्रातृकष्ट, मित्रों से अनबन, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्री से अनबन, आय से व्यय अधिक। जन. 16, 17, 24, 25, 26; फर. 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।	मकर	परेशानी रहे, धनलाभ, भ्रातृसुख, किसी मित्र विशेष से परेशानी व धोखा, सम्पत्तिविवाद। फर. 21, 22; मार्च 1, 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ।	मकर	कष्टभय, अर्थलाभ होकर हानि हो, शत्रु से भय, सम्पत्तिविवाद, मासमध्य में वृथाव्यय। मार्च 19, 20, 29, 30; अप्रै. 7, 8 अशुभ।
कुम्भ	शत्रुपक्ष कमजोर, धनलाभ, गुप्त शत्रु से भय, निजीजनविरोध, सन्तानपक्ष से खुशी, स्त्रीसुख। जन. 18, 19, 27, 28; फर. 5, 6, 7 अशुभ।	कुम्भ	सेहत ठीक, राजभय, निजीलोगों से अनबन, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक, यश मिले। फर. 14, 15, 16, 23, 24, 25; मार्च 4, 5, 12, 13 अशुभ।	कुम्भ	सुख, धनलाभ, सन्तानपक्ष से खुशी, शत्रु कमजोर, कार्य व स्थानान्तर से लाभ। मार्च 14, 21, 22, 23, 31; अप्रै. 1, 2 अशुभ।
मीन	मन प्रसन्न रहे, आर्थिक संकट, निजीलोगों से मनमुटाव, नीच से हानिभय, कारोबार में रुकावट। जन. 20, 21, 29, 30, 31; फर. 8, 9, अशुभ।	मीन	शत्रु परास्त, राजभय, वृथाव्यय, बनते काम में रुकावट, आय से व्यय अधिक। फर. 16, 17, 18, 25, 26, 27; मार्च 6, 7, अशुभ।	मीन	बन्धनभय, वृथाविवाद से दूर रहें, अच्छी योजना से लाभ, मित्रों से मेल, स्त्रीपक्ष से चिन्ता। मार्च 14, 15, 16, 24, 25; अप्रै. 3, 4 अशुभ।

अथ वर्षराजादि फल विचार (संवत् २०६४ वि.)

(सन् २००७-०८ ई. की ग्रहपरिषद् का विवरण)

कल्पादि से गत वर्ष १९७२९४९१०८, सृष्टि संवत् १९५५८८५१०८, श्रीविक्रम संवत् २०६४, शक संवत् १९२९, श्रीकृष्ण जन्म संवत् ५२४३, कलि–संवत् ५१०८, सप्तर्षि–संवत् ५०८३, श्री जैन महावीर निर्वाण संवत् २५३२–३३, श्रीबुद्ध संवत् २६३०–३१, हिजरी सन् १४२८–२९, फसली सन् १४१४–१५, ईस्वी सन् २००७–०८।

वर्षारम्भ में गुरुमान से विष्णुविंशति का 'शर्वरी' नामक संवत्सर है। इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है;–

" शर्वरीवत्सरे पूर्णा धरा सस्यार्घवृष्टिभिः।
जनाश्च सुखिनः सर्वे राजानः स्युर्विवैरिणः।।"

अर्थात्– 'शर्वरी' संवत्सर में पृथ्वी धान्य (खाद्यान्न) से समृद्ध रहे एवं वर्षा पर्याप्त हो। सम्पूर्ण जनसमुदाय सुखी रहे, शासकों में परस्पर वैरभाव न रहे।

इस संवत् का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) **चन्द्र, मन्त्री शनि, सस्येश** (चौमासी फसलों के स्वामी) **चन्द्र, धान्येश** (शीतकालीन फसलों के स्वामी) **सूर्य, मेघेश** (मौसम, वर्षा–पानी के स्वामी) **शुक्र, रसेश** (गुड़–खाण्ड, रसकस आदि के स्वामी) **बुध, नीरसेश** (सर्वविध धातु आदि व्यापार के स्वामी) **चन्द्र, फलेश** (फल–फूल आदि के स्वामी) **शुक्र, धनेश** (धन–दौलत एवं खजाना के स्वामी) **चन्द्र** एवं **दुर्गेश** (सुरक्षा एवं प्रतिरक्षा के स्वामी) **शुक्र हैं।**

संवत् २०६४ वि. के उल्लिखित पदाधिकारियों का फल निम्नांकित है;–

(१) राजा चन्द्र का फल–

" चन्द्रे नृपे मंगल –शोभनानि प्रभूतवृष्टिः प्रचुरं च धान्यम्।
सौख्यं जनानामुदयो नृपाणां प्रशाम्यति व्याधिजरा नराणाम्।।"

अर्थात्– जनता में मांगलिक, शुभकार्य अधिक हों। वर्षा अधिक हो, धान्य (खाद्यान्न) प्रचुर मात्रा में हों। राजा लोगों किंवा शासकों का यश–प्रसार हो। जनता निरोग एवम् सुखी रहे।

(२) मन्त्री शनि का फल–

" रविसुते यदि मन्त्रिणि पार्थिवाः विनय–संरहिताः बहु–दुःखदाः।
न जलदा जलदा जनतापदा जनपदेषु सुखं न धनं क्वचित् ।।"

अर्थात्– शनि के मन्त्रिपद पर रहने से शासक निर्दयतापूर्ण (क्रूर) व्यवहार करें। वर्षा न हो; जनता धन–धान्यहीन एवम् दुःखी रहे।

(३) सस्येश चन्द्र का फल–

" सस्याधिपे शीतकरे प्रजासुखं मेघः पयो मुञ्चति गोप–गोधुक्।
देवद्विजाराधन–तत्परा नृपाः धराभवेद्धान्य–घनौघ– पूर्णा।।"

अर्थात्– यदि चन्द्रमा सस्येश हो तो प्रजा में आनन्द–मंगल रहे। वर्षा पर्याप्त हो; दूध सर्वसुलभ हो। देवता एवं द्विजवर्ग का मान–सम्मान शासकलोग करते रहें। पृथ्वी धन–धान्य से परिपूर्ण रहे।

(४) धान्येश सूर्य का फल–

" पश्चाद्धान्याधिपे सूर्ये पश्चाद्धान्यं तदा नहि।
विग्रहो भूभृतां धान्यं महर्घं ज्वरपीड़नम्।।"

अर्थात्– धान्य (अनाज) का स्वामी सूर्य हो तो पश्चाद्धान्य मूंग, मोठ, बाजरा आदि की फसल न हो, राजाओं (शासकों) में विग्रह किंवा विचारवैमत्य रहे, धान्य मंहगे हों। जनता में ज्वर आदि एवम् अन्य नानाविध रोगों से परेशानी रहे।

(५) मेघेश शुक्र का फल–

"भृगुसुतो जलदस्य पतिर्यदा, जलमुचो जलदादि–विशोभनाः।
धन–निधानयुता द्विजपालकाः नृपतयो जनता सुखदायकाः।।"

अर्थात्– शुक्र मेघेश हो तो वर्षा बहुत हो, राजा लोग द्विजवर्ग एवं जनता

का हित करें एवम् जनता की परेशानियों को दूर करें। शासकवर्ग धनाढ्य रहे एवम् जनता के सुख को ध्यान में रखे।

(६) रसेश बुध का फल–

" रसपतौ द्विजराजसुते मही सुलभ धान्य–घृतादि युता जनाः।
प्रमुदिताः वरनायक–पालिताः बहुजलाखिल–देश–सुरक्षिताः।।"

अर्थात्– बुध रसेश हो तो घी, धान्य आदि अनाज एवं रसपदार्थ सर्वसुलभ हों। शासकवर्ग प्रसन्नचित्त रहे, वर्षा बहुत हो एवं देश सुरक्षित रहे।

(७) नीरसेश चन्द्र का फल–

" शुक्लवर्णादि–वस्तूनां मुक्ता रजतवाससाम्।
अर्घवृद्धिः प्रजायेत शशांके नीरसाधिपे।।"

अर्थात्– चन्द्रमा के नीरसेश होने पर सफेद रंग की वस्तुएं, मोती, चांदी और वस्त्र आदि में अर्घवृद्धि (मंहगाई) होगी।

(८) फलेश शुक्र का फल–

" यदि फलस्य पतौ भृगुजे धरामृदु–कुमार–महीरुह–राशयः।
बहुफला नरनाथ–सुभोगदा द्विजवराः श्रुतिपाठ–परायणाः।।"

अर्थात्– शुक्र फलेश हो तो पृथ्वी पर कोमल घास, फल–फूल एवं छोटे वृक्षों के समूह अधिक पैदा हों। राजा किंवा शासक लोग नानाविध ऐश्वर्यो का उपभोग करें। द्विज वर्ग (ब्राह्मण–क्षत्रिय–वैश्य) वेदपाठ में संलग्न रहे।

(९) धनेश चन्द्र का फल–

" धनपतिर्मृगलांछनको यदा रसचय–क्रय–विक्रयतो धनम्।
वसन-शालि-सुगन्ध-रसं बहुद्रविण–तैलयुतं नृपसौख्यदम्।।"

अर्थात्– चन्द्र के धनाधिप होने पर रसादि (गुड़, रसकस आदि) के क्रय–विक्रय (खरीदो–फिरोखत) से अच्छा धनसंग्रह हो। वस्त्र–अनाज (धान), सुगन्धित पदार्थों, गुड़, दूध–घी एवं तेल के व्यापारी अधिक लाभान्वित होंगे। धनेश चन्द्र राजाओं (शासकवर्ग) के लिए सुखप्रद वातावरण प्रदान करता है।

(१०) दुर्गेश शुक्र का फल–

" नगर–देशविशेषपतिर्यदा भृगुसुतो बहुसौख्यकरो मतः।
विनय–वाणिज–गेहसमं सुखं नग–वने निकटेऽपि च दूरतः।।"

अर्थात्– शुक्र दुर्गेश हो तो जनता में नानाविध सुख–समृद्धि रहे। व्यापार में लाभ, घर में विनय–प्रेम, सत्कारपूर्ण व्यवहार से सुख मिले, पर्वत–वन आदि में भी सुखानुभूति रहे।

सूचना– यद्यपि वर्ष के इन दशाधिकारियों का फल सर्वत्र होता है। किन्तु विशेषतः **राजा** का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में; **मन्त्री** का फल आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवम् मालवा में; **सस्येश** का पौण्ड्र, विदर्भ में; **धान्येश** का गुजरात, नर्मदा के तटवर्ती प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में; **मेघेश** का मगध एवं बंगाल में; **रसेश** का कोंकण एवं गोवा में; **नीरसेश** का मालवा व बिहार में; **धनेश** का राजस्थान एवं बाड़मेर में; **फलेश–दुर्गेश** एवं **राजा** का फल सब जगह विशेष होता है।

वर्षादि के विश्वामान

वर्षाविश्वा १५, धान्य ५, तृण १५, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय २५, विग्रह ११, क्षुधा ७, तृषा १३, निद्रा ९, आलस्य ५, उद्यम ५, शांति १५, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ११,उग्रता १३, पाप ११, पुण्य १५, व्याधि १३, व्याधिनाश ९, आचार ७, अनाचार ११, मृत्यु ७, जन्म १५, देशोपद्रव ३, देशस्वास्थ्य ७, चौर १३, चौरनाश ५, अग्नि १, अग्निशांति ३, उद्भिज्ज ७, जरायुज ३, अण्डज ५, स्वेदज ७, टिड्डी ९, तोता १५, मूषक १९, सोना १५, तांबा १३, स्वचक्र ११, परचक्र १३, वृष्टि १५, वृष्टिनाश ५ एवं संवत् विश्वा २० हैं।

आवर्तकादि चतुर्मेघों में "द्रोण" नामक मेघ है।

फल– **"महीशा स्वसम्पत्तिवृद्ध्या समेताः समस्ता मही–भूरि–धान्येन युक्ता। यदा जायते द्रोणनामा पयोदः तदा देवराजो भवेत्सत्पयोदः।।"**

अर्थात्– राजाओं के खजाने भरे रहें। जनता धन–धान्य से संयुत रहे। इन्द्रदेव खूब वर्षा करें– **"द्रोणे वर्षति सर्वदा।"** अनेकत्र बाढ़ से विनाशकारी दृश्य भी उपस्थित होंगे।

नवमेघ विचार– इस वर्ष नवमेघों में 'नील' नामक मेघ है।

फल– गोरस (दूध–घी) पर्याप्त मात्रा में हों। रुई, कपास की फसल–उत्पत्ति अच्छी हो। वर्षा भी खूब हो, किसान एवम् सर्वसाधारण जनता सन्तुष्ट रहे– "नीलनाम्नि जलदे जलवृष्टिर्जायते सकल मानव–तुष्टिः।"

अनन्तादि अष्टनाग– इस वर्ष अनन्तादि अष्टनागों में 'सुतक्षक' नामक नाग है।

फल– वर्षा अधिक हो, 'जलबहुल अन्न' चावलादि पर्याप्त मात्रा में

होंगे। सर्पादि विषधर के दंश की घटनाएं अधिक होंगी। कुछ प्रान्तों में बाढ़ आदि से भारी हानि के समाचार भी मिलेंगे।

सुबुध्नादि द्वादश नागों का फल– इस वर्ष बारह नागों में 'वज्रदंष्ट्र' नामक नाग है।

फल– वज्रदंष्ट्र नाग होने से इस वर्ष वर्षा बहुत कम हो; खड़ी फसलें सूख जाएं– "यत्र संवत्सरे नागो वज्रदंष्ट्राभिधानकः। तदाम्बुवर्षणं नैव सर्वसस्य–विनाशनम्।।"

आवह आदि सप्तवायु विचार– इस वर्ष ' आवह आदि वायुसप्तक' में 'उद्वह' नामक वायु है।

फल– आंधी-तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोप से समुद्रतटवर्ती भूभाग किंवा दक्षिणी–पश्चिमी भूभाग पर भूकम्प, ज्वालामुखी विस्फोट एवम् समुद्री विनाशक लहरों से भारी जनधनहानि के योग बनेंगे। भूमध्यगत तरंगें भी कहीं उथल–पुथल करके जनहानि का कारण बनेंगी। सरकार को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

संवत्सर २०६४ वि. का वाहन– इस संवत् का राजा 'चन्द्र ' होने से वाहन 'मृग' है।

फल– वर्षा अधिक हो। बिहार, उड़ीसा, मध्यप्रदेश एवम् महाराष्ट्र के कुछ भागों में वर्षा अधिक किंवा बाढ़ की स्थिति बने। धान एवम् फल–फूल अधिक हों। जनता में खाद्य पदार्थों की कमी अनुभव न होगी।

इस वर्ष के चार स्तम्भ

(१) **जलस्तम्भ**–(चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र) ३ प्रतिशत है।
(२) **वायुस्तम्भ**–(ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र) ५४ प्रतिशत है।
(३) **तृणस्तम्भ**–(वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र) २०.५ प्रतिशत है।
(४) **अन्नस्तम्भ**–(आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र) ४२ प्रतिशत है।

ये उल्लिखित चार स्तम्भ देश के कुशल–क्षेम–ज्ञानार्थ विशेष महत्त्व रखते हैं। क्योंकि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सत्ता जल, वायु, अन्न एवं तृण (जड़ी–बूटियों) आदि पर ही निर्भर है। संवत् के शुभारम्भ पर देश की प्राकृतिक व्यवस्था के नियामक इन चार स्तम्भों का आकलन आवश्यक समझा गया है।

जनमानस एवं देश विशेष की खुशहाली के मूलभूत इन चार स्तम्भों की प्रतिशतता के आधार पर इनका सामूहिक फल इस वर्ष के लिए इस प्रकार है–

जलस्तम्भ–चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र ३ प्रतिशत है। स्पष्ट है, कि जलस्तम्भ बहुत कमजोर है। बहुजलसिञ्चित धान्य की फसल को हानि पहुंचेगी। लेकिन **रोहिणी वास** विचार से रोहिणी का वास समुद्र में होने से न्यूनवर्षा वाले क्षेत्रों में भी वर्षा संभावित है, अतः जलस्तम्भ क्षीण होने पर भी फसलों को विशेष हानि का संकेत नहीं मिलता।

इस वर्ष (सं. २०६४ वि. में) वायुस्तम्भ ५४ प्रतिशत होने से समुद्री भूभाग पर वायु का दवाव अनुकूल परिस्थितियों को जन्म देगा। लेकिन दक्षिणी भूभाग पर कहीं समुद्री तूफान की सम्भावना है। पृथ्वी के अन्तर्गत वायु का दबाव कहीं प्रलयंकर स्थिति को जन्म देगा। उत्तरी भूभाग पर मेघों का संचालन वायुस्तम्भ के नार्मल होने से सुव्यवस्थित (ठीक–ठाक) रहेगा।

इस वर्ष **तृणस्तम्भ** २०.५ प्रतिशत है। जलस्तम्भ क्षीण होने पर भी समुद्र में रोहिणी का वास इस स्तम्भ को सुदृढ़ करता है। पशुचारा, धान्यादि एवम् जड़ीबूटियों की फसल पर्याप्त होगी। पर्वतीय भूभाग एवम् उत्तरी भारत में फसलें अच्छी होंगी।

इस वर्ष **अन्नस्तम्भ** ४२ प्रतिशत होने से मूंग, मोठ, चना, ज्वार, बाजरा आदि की फसल ठीक न रहेगी। व्यापारी लोग अन्न की कमी के अनुमान से तेजी का व्यापार करें एवम् गरीब जनता परेशान रहे। सरकार को अन्नभण्डारण एवम् अन्नवितरण की समस्या का सामना करना पड़ेगा। अन्नस्तम्भ कुछ कमजोर होने से सरकार को कुछ विशेष पग भी उठाने होंगे।

आर्षमान विचार (वर्षरक्षा के लिए चार दुर्ग)

(१) **प्रथम आर्ष**– (अक्षय तृतीया को **रोहिणी** नक्षत्र) १३ प्रतिशत है।
(२) **द्वितीय आर्ष**–(सं. २०६३ वि. में पौष अमा को **मूल** नक्षत्र) ३५ प्रतिशत है।
(३) **तृतीय आर्ष**– (श्रावण पूर्णिमा को **श्रवण** नक्षत्र) का अभाव है।
(४) **चतुर्थ आर्ष** –(कार्तिक पूर्णिमा को **कृत्तिका** नक्षत्र) ८८ प्रतिशत है।

सं. २०६४ वि. में प्रथम–द्वितीय एवम् तृतीय स्तम्भों के परिशीलन से इस वर्ष काफी चिन्तनीय किंवा अघटित घटनाओं के आगमन का संकेत मिलता है। प्रथम आर्ष १३ प्रतिशत होने से प्रथम दुर्ग बहुत क्षीण है। द्वितीय आर्ष भी 35 प्रतिशत होने से वर्षरक्षाकारक यह दुर्ग भी काफी कमज़ोर है। देश किंवा विश्व की रक्षात्मक शक्ति का प्रतीक तीसरे दुर्ग का पूर्णतया अभाव होने से कहीं भयंकर प्राकृतिक प्रकोप किंवा देश में राजनैतिक अस्थिरता का संकेत प्राप्त होता है। चतुर्थ आर्ष ८८ प्रतिशत होने पर भी वर्षरक्षा कारक

सुरक्षा–कवच सुदृढ़ प्रतीत नहीं होता। वर्षरक्षाकारक चार दुर्गों के विचार से यह वर्ष निसन्देह चिन्तनीय परिस्थितियों को जन्म देगा।

दोहा : " अखैतीज रोहिणी न होई, पौष अमावस मूल न जोई।
राखी श्रवणो हीन विचारो, कार्तिक पुण्यो कृत्तिका टारो।
महीमाह खलबली प्रकाशै, कहै भड्डली साख विनाशै।।"

अधिक मास– संवत् २०६४ वि. में ज्येष्ठ अधिक मास है।

फल– "ज्येष्ठद्वये नृपध्वंसो। धान्यानि क्षितिसत्तमे।"– ज्येष्ठ अधिक मास होने से किसी विशिष्ट व्यक्ति किंवा राजनीतिज्ञ की मृत्यु किंवा अपदस्थ होने से अशान्तिमय वातावरण बने। धान्य (खाद्यान्नों) की उत्पत्ति अच्छी रहे।

रोहिणी का वास– इस वर्ष रोहिणी का वास 'समुद्र' में है।

फल– "यदा पयोनधिस्थलगतं विरञ्चिभं तदा।"
अतीव वर्षणं भवेत् समस्त धान्यवर्धनम्।।

अर्थात्– समुद्र में रोहिणी का वास होने से वर्षा अत्यधिक होती है; समस्त खाद्यान्न प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं। जलबहुल चावलादि अन्न की उपज अधिक होती है। न्यूनवर्षा वाले बागड़–राजस्थान आदि क्षेत्रों में भी आगे–पीछे वर्षा होने से कृषकवर्ग को सहारा मिलता है।

समय का वास– रोहिणी का वास समुद्र में होने से समय का वास "माली" के घर है।

फल– फल–फूल एवम् कन्दमूल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। वर्षा काफी हो, जनता में आनन्दमंगल रहे।

शनि की दृष्टि– विगत संवत् २०६३ वि. में १० जनवरी, सन् २००७ ई. को शनि वक्रगति से कर्कराशि में प्रविष्ट हुआ था, जो संवत् २०६३ वि. के अन्त तक एवम् संवत् २०६४ वि. में भी १६ जुलाई, सन् २००७ ई. तक कर्क राशि में ही रहेगा। तदनन्तर संवत् २०६४ वि. के अन्त तक शनिदेव सिंह राशि में ही विचरण करते रहेंगे।

स्पष्ट है– १० जनवरी, २००७ ई. से १६ जुलाई, सन् २००७ ई. तक शनि के कर्क राशि में रहने से इसकी दृष्टि दक्षिण दिशा की तरफ रहेगी। १६ जुलाई सन् २००७ ई. से संवत् के अन्त तक (सिंहराशिस्थ शनि के समय) भी इसकी दृष्टि दक्षिण दिशा की ओर ही रहेगी।

निष्कर्ष यह है, कि– शनि संवत् २०६४ में सारा साल दक्षिण दिशा की तरफ ही देखता रहेगा।

फल – "शनैश्चरः क्रमात्पश्यन् तत्तद्देशान् प्रपीड़येत्।
दुर्भिक्ष –देशभङ्गाद्यैर्विग्रहो राजविड्वरैः।।"

शनि सारा साल दक्षिणी प्रान्तों एवं दक्षिणी गोलार्ध के देशों पर क्रूरदृष्टि रखेगा। फलस्वरूप, उपरोक्त समयावधि में कहीं राजनैतिक अस्थिरता, समुद्री तूफान, सत्ता–परिवर्तन होगा। कहीं दो देशों में युद्धज्वाला से बड़े देश चिन्तित हों। आन्दोलन, हत्याकाण्ड, भंयकर रोग से मृत्युदर बढ़े। कहीं भूकम्प, समुद्रीतूफान किंवा ज्वालामुखी–विस्फोट आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी जन–धनहानि होगी। दक्षिण में शनिदृष्टि होने से मेष, मिथुन, वृष, मकर, कन्या, तुला नामराशि वाले देशों में, विशेषतः मुस्लिम देशों में अघटित घटनाचक्र चलेगा। दक्षिण में कहीं अवर्षण व कहीं अकाल से कृषकों के लिए चिन्ताजनक स्थिति बनेगी।

शरत्सस्य जातक

संवत् २०६४ वि. में प्रथम ज्येष्ठ कृष्ण त्रयोदशी मंगलवार, तदनुसार १५ मई सन् २००७ ई. को (भा.स्टैं.टा. अनुसार) दिन में ६ घंटा २० मिनट पर सूर्यदेव वृष राशि में प्रविष्ट होंगे।

फल– शरत् सस्यजातक कुण्डली में सूर्य से द्वितीय शुक्र एवम् सूर्य–बुध का एकत्र होना शारदीय धान्यों की अभिवृद्धि का सूचक है; वृषस्थ सूर्य से सप्तम गुरु मंगल के क्षेत्र में एवम् सूर्य से एकादशस्थ मंगल गुरु के क्षेत्र में भी होने से शारद धान्य भरपूर होने का संकेत मिलता है। मूंग, मोठ, बाजरा, मक्का, जीरी, गन्ना, अरहर, कपास एवम् कुलथ आदि की फसल अच्छी रहेगी। मंगल–शनि–सूर्य–बुध पर गुरु की विशेष दृष्टि होने से शारद धान्यों की फसल अच्छी होगी।

ग्रीष्मसस्य जातक

सं. २०६४ वि. में कार्तिक शुक्ल षष्ठी (तात्कालिक सप्तमी), शुक्रवार, तदनुसार १६ नवम्बर, सन् २००७ ई. को २२ घं. ५२ मि. (भा. स्टैं. टा.) पर सूर्यदेव वृश्चिक राशि में प्रविष्ट होंगे।

फल– ग्रीष्मसस्य जातक कुण्डली में वृश्चिक राशि में सूर्य–गुरु एकसाथ हैं। तात्कालीन कुण्डली के लग्न पर लग्नेश–चन्द्र एवम् गुरु की दृष्टि भी है। जौ, चना, गेहूं आदि

की फसल पर्याप्त होने पर भी प्राकृतिक किंवा पर्यावरण दोष से मंहगाई बढ़ेगी। क्योंकि सूर्य से चतुर्थ राहु एवम् सूर्य से दशम भाव में शनि–केतु ग्रीष्मधान्य के नाशक हैं।

" जामित्र–केन्द्रसंस्थौ क्रूरौ सूर्यस्य वृश्चिकस्थस्य।
सस्यविपत्तिं कुरुतः सौम्यैर्दृष्टौ न सर्वत्र।।"

अर्थात्– सूर्य के वृश्चिक में आने पर पापग्रह शनि–मंगल में से कोई एक सप्तम स्थान में या सूर्य से १, ४, १०वें स्थान में हो तो कहीं धान्यनाश होता है और कहीं धान्य ठीक रहते हैं। यहां तात्कालीन कुण्डली में कर्क लग्न मंगल, शनि से आक्रान्त होने से शारद धान्य मंहगे होंगे।

संवत् २०६४ वि. का शुभारम्भ

गतसंवत् २०६३ वि. में चैत्र कृष्ण अमावस चन्द्रवार, तदनुसार १६ मार्च सन् २००७ ई. को भा. स्टैं. टा. अनुसार ८ घं. १३ मि. पर उ. भा. नक्षत्र, शुक्ल योग एवं मीनस्थ चन्द्र के समय वि. सं. २०६४ का शुभारम्भ मेष लग्न के समय हुआ था।

नववर्ष प्रवेश कुण्डली

२ | सू. १२ चं. ११ | ३ | १ शु. | बु.रा. | श. ४ | मं. १० | ५ के. | ७ | ६ (९) | ६ | गु. ८

फल– संवत् २०६४ वि. का उदय मेष लग्न में हुआ है। शास्त्रों में इसका फल इसप्रकार है–

"मेषे लग्ने तु पूर्वस्यां दुर्भिक्षं राजविग्रहः।
दक्षिणस्यां सुभिक्षं स्यात् बहुधान्यरसा च भूः।।
धान्यानां विक्रये लाभः पूर्णमेघ–महोदयः।
घृत–तैलादि वस्तूनां पण्यानां च महर्घता।।
उत्तरस्यां सुभिक्षं स्यात् राज्ञामुद्वेगकारणम्।
मध्यदेशे महावृष्टिर्निष्पन्ति-र्धान्य-संततेः।।"

अर्थात्– मेष लग्न में संवत् का प्रारम्भ होने से पूर्व में दुर्भिक्ष एवम् शासकों में परस्पर राजनैतिक संघर्ष हो; दक्षिण में सुभिक्ष, पृथ्वी पर खाद्यान्न बहुत हों एवम् गोदुग्ध, घी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। पुनरपि– घी, तैल एवम् व्यापारिक चीजें तेज रहें। धान्यविक्रय से लाभ हो एवम् वर्षा अच्छी हो। उत्तर में सुभिक्ष, शासकों में उद्वेग, मध्यप्रदेश में भयंकर वर्षा से हानि हो। धान्य की उत्पत्ति अच्छी हो।

किञ्च–नववर्ष प्रवेशकालीन कुण्डली में लग्नेश मंगल दशम भाव में उच्च है, लेकिन शनि–मंगल का समसप्तक योग देश एवम् शासकवर्ग के लिए भयावह परिस्थितियों को जन्म देगा। लग्न पर लग्नेश मंगल की स्वभाव दृष्टि एवं शनि की नीच दृष्टि भी है, अतः यह संवत् विशेष राजनैतिक संकटों वाला एवम् प्रधान शासकों तथा राजनीतिज्ञों के लिए विशेष संकट वाला रहेगा। मेष, कर्क, सिंह, मकर, कन्या राशि वाले राजनीतिज्ञों के लिए यह वर्ष अधिक कठिन रहेगा। विशिष्ट राजनीतिज्ञों में से किसी राजनीतिज्ञ के निधन व अपदस्थ होने की घटना घटित हो सकती है।

वर्षेश (जगत्) लग्न

संवत् २०६४ वि. में वैशाख कृष्ण एकादशी (तात्कालिक द्वादशी) शनिवार, तदनुसार १४ अप्रैल, सन् २००७ ई. को १२ घं. २६ मि. (भा. स्टैं. टा.) पर शतभिषा नक्षत्र, शुक्ल योग एवं कुम्भस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव मेषराशि में प्रविष्ट होंगे।

फल– जगत् लग्न का उदय कर्क लग्न में हुआ है। लग्नेश चन्द्र राहु–मंगल के साथ शनि की राशि में स्थित है। अष्टमेश शनि लग्न में चन्द्र की राशि में है। लेकिन लग्नस्थ शनि पर बृहस्पति की दृष्टि भी है। अतः विश्व के प्रमुख देशों में प्रधान नेता शान्ति के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। द्वितीयेश सूर्य उच्च है, अतः विश्व के कुछ राष्ट्रों में आर्थिक उदारीकरण से नई योजनाएं बनेंगी। शनि की दशम भावस्थ सूर्य पर दृष्टि है, जोकि प्रमुख नेताओं के समक्ष भारी राजनैतिक संकट खड़ा करे। उग्रवादजन्य परेशानी से मुस्लिम राष्ट्रों में हत्याकाण्ड अधिक होंगे। मेष, वृष, कन्या, मकर एवम् कुम्भ राशि वाले राष्ट्रों एवम् राष्ट्रनायकों के लिए यह वर्ष विशेष भयावह घटनाओं को लेकर उपस्थित होगा। वैशाख, ज्येष्ठ, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष एवम् माघ मास विशेष घटनापूर्ण होंगे।

जगत्लग्न से व्यक्तिगत फल विचार

जन्मकुण्डली में लग्न बलवान् हो तो जन्मराशि से जगत्लग्न जिस राशि पर आए, वह भाव शुभग्रह या भावेश से दृष्ट या युक्त हो तो उस वर्ष में उस भाव की वृद्धि कहनी चाहिए। यदि पापग्रह की दृष्टि या योग हो तो उस भाव की हानि कहें। जन्मलग्न, जन्मराशि एवं अपने वर्षलग्न से वर्षेश (जगत्) लग्न आठवें या बारहवें हो तो वह वर्ष उस व्यक्ति के लिए शुभ नहीं होगा। इसी प्रकार देश एवं ग्राम के शुभाशुभ विचार के लिए भी समझना चाहिए ।

सूर्य आर्द्राप्रवेश लग्न

संवत् २०६४ वि. में द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल सप्तमी (तात्कालिक अष्टमी) शुक्रवार, तदनुसार २२ जून, सन् २००७ ई. को (भा. स्टैं. टा. अनुसार) १५ घं. २७ मि. पर उ. फा. नक्षत्र, व्यतीपात योग एवं कन्याराशिस्थ चन्द्र के समय **सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश** करेंगे।

फल– द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्लाष्टमी में शुक्रवार को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। शास्त्रानुसार अष्टमी तिथि को सूर्य का आर्द्रा में प्रवेश शुभ नहीं है–

"वह्निवेदाष्टमी नन्देंद्रा एतत् संख्यासु भास्करे।
तिथिष्वार्द्रा यदा याति कष्टदः शेषके शुभः।।"

आर्द्रा का विचार वर्षा वृष्टि से सम्बन्ध रखता है। वर्षा कहीं अधिक, कहीं वर्षा न होने से परेशानी रहेगी। व्यतीपात योग में आर्द्राप्रवेश भी वर्षा में अवरोधक माना है–

"शूले गण्डे व्यतीपाते व्याघाते परिघे शिवे।
वैधृतौ चातिगण्डे च आर्द्रा यात्यशुभो रविः।।"

आर्द्राप्रवेश दिन में होने से यह वर्ष अनेकत्र वर्षा की कमी वाला होगा। बादल आकर जाते रहेंगे–

"दिवार्द्रा याति चेद्भानुर्जलभक्षण–कारकः।"

आर्द्राप्रपवेश कुण्डली में लग्नेश शुक्र शनि के साथ एवम् सप्तम भावस्थ मंगल पर शनि की नीच दृष्टि होने से देश में कहीं भयंकर बाढ़ एवम् कहीं अवर्षण से हानि के संकेत मिल रहे हैं।

गुर्रा विचार (सन् २००७-०८ ई.)

इस्लामी मतानुसार एक (यकम) मुहर्रम से ही नया हिजरी सन् प्रारम्भ होता है। उस दिन जो वार होता है, वही इस्लामी मतानुसार साल का राजा किंवा **"गुर्रा"** होता है।

गतसंवत २०६३ वि. में माघ शुक्ल तृतीया, रविवार, तदनुसार २१ जनवरी, सन् २००७ ई. एक मुहर्रम (यकम मुहर्रम) को हिजरी सन् १४२८ प्रारम्भ हुआ था। अतः इस्लामी मतानुसार **हिजरी सन् १४२८ का बादशाह सूर्य (सूरज) है।**

फल– बादलवर्षा अच्छी हो, गेहूं आदि की फसल उत्तम हो। अनाज सस्ते हों। सूखे मेवे सस्ते रहें। शासकों एवं राजनीतिज्ञों का कार्य प्रशंसनीय रहे। जनता में सुख–समृद्धि रहे। दुधारु पशु निरोग रहें। वायु का जोर रहे। स्त्रियों में कुच (स्तन) से सम्बन्धित (कैंसर आदि) रोग अधिक होंगे। कुछ स्थानों पर अग्निकाण्ड से हानि के भी योग बनते हैं।

संवत् २०६४ वि. में पौष शु. तृतीया शुक्रवार, तदनुसार ११ जनवरी, सन् २००८ ई. १ मुहर्रम (यकम मुहर्रम) को हिजरी सन् १४२९ प्रारम्भ होगा। अतः इस्लामी मतानुसार **मुस्लिम नववर्षारम्भ का बादशाह शुक्र** ही होगा।

फल–मुस्लिम राष्ट्रों में जनता राजा के कोप का भाजन बने। कहीं मुस्लिम राष्ट्र में अराजकता, खूनखराबा से घोर–अशान्त वातावरण रहे। वर्षा आकालिक हो, सूखे मेवे अच्छे हों। अग्निकाण्ड एवम् तूफान से हानि हो। मंहगाई बढ़े, जनता रोगों से परेशान रहे। फसलों को हानि पहुंचे। सरकार को गेहूं आदि खाद्यान्न सस्ते करने पड़ें।

आय–व्यय चक्र (विंशोत्तरी मतानुसार)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	११	५	११	५	८	११	५	११	८	२	२	८
व्यय	१४	८	५	२	१४	५	८	१४	५	८	८	५

लाभ–व्यय देखने की रीति– अपनी राशि के लाभ-व्यय अंको को जोड़कर, उसमें से १ घटाकर, शेष को ८ से भाग देने पर यदि १, २, ६, ७ बचें तो वर्ष में उत्तम लाभ होगा। ३, ४, ५, ० बचें तो लाभ बहुत कम हो, चिन्ता भी रहे।

"इतीदं वत्सरफलं वत्सरादि-तिथौ शुभम्।
यः श्रृणोति नरो भक्त्या स सुखी वत्सरं भवेत्।।"

*****

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन नीम के कोमल पत्ते, कालीमिर्च, हींग, अजवायन, जीरा, तुलसीदल– ये सब कूटकर इच्छानुसार खाण्ड या शक्कर में मिलाकर शर्बत बनाकर प्रातः सेवन करने से रक्त विकार, वात–पित्त एवं कफजन्य कष्टों से शान्ति मिलती है।

सन्दिग्ध व्रत-पर्व-व्यवस्था (सं. 2064 वि.) (सन् 2007-08 ई.)

लेखक- प्रियव्रत शर्मा, 59/6 (अभिजित्), पंचकूला-134 109

(यदि इस स्तम्भ में चर्चित या अन्य किसी व्रत-पर्व की तिथि के बारे में किसी को सन्देह/शंका हो तो पत्र देकर मुझसे स्पष्टीकरण मांग लेना चाहिए, - प्रियव्रत शर्मा)

(1) वासन्त नवरात्रारम्भ/नवसंवत्सरारम्भ

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा में 'वासन्त नवरात्रारम्भ' एवम् 'कलशस्थापन' किया जाता है। यदि सूर्योदयानन्तर एक मुहूर्त्त के लिए भी प्रतिपदा प्राप्त हो तो नवरात्रारम्भ-कलशस्थापन उसी दिन प्रातः करने का निर्देश है। एक मुहूर्त्त से कम प्रतिपदा हो तो शास्त्रकारों ने नवरात्रारम्भ के लिए अमायुक्ता प्रतिपदा को ग्राह्य माना है, अन्यथा अमायुक्ता प्रतिपदा में चण्डिकार्चन किंवा नवरात्रारम्भ का निषेध है।

देवीपुराण का वाक्य है;- "अमायुक्ता न कर्तव्या प्रतिपच्चण्डिकार्चने। **मुहूर्त्तमात्रा कर्तव्या द्वितीयायां गुणान्विता।।"**- (*देवीपुराण*)

किञ्च- यदि प्रतिपदा का क्षय हो तो भी पहले ही दिन (अमायुक्ता प्रतिपदा में ही) नवरात्रारम्भ करना शास्त्रविहित है। 'निर्णयसिन्धु' में यह स्पष्ट निर्देश किया गया है:-

"परदिने प्रतिपदाऽत्यन्तासत्त्वे तु दर्शयुता पूर्वैव ग्राह्या।"

इस वर्ष (सं. 2064 वि. में) प्रतिपदा 19 मार्च, सन् 2007 ई. को 28 घं. 32 मि. पर अर्थात् 20 मार्च, सन् 2007 ई. के सूर्योदय से पहिले ही समाप्त हो जाती है। यहां प्रतिपदा का क्षय है, अतः उक्त नियमानुसार इस वर्ष नवरात्रारम्भ अमायुता प्रतिपदा के दिन (19 मार्च को) ही होगा।

ध्यान रहे-चान्द्र संवत्सर (2064 वि.) का प्रारम्भ भी इसी दिन माना जाएगा।

(2) स्कन्दषष्ठी

स्कन्दषष्ठीव्रत पूर्व (पंचमी) विद्धा चैत्र शुक्ल षष्ठी के दिन किया जाता है- **"षष्ठी स्कन्दव्रते पूर्वविद्धा ग्राह्या।"**-(धर्मसिन्धुः)।

विशेष नियमानुसार षष्ठी का वेध तीन मुहूर्त्तों से नहीं, अपितु छः मुहूर्त्तों से होता है- **नागो द्वादश-नाडीभिर्दूषयत्युत्तरां तिथिम्।"**- (स्कन्दपुराण)।

इस वर्ष 23 मार्च, सन् 2007 ई. को षष्ठी पंचमी-विद्धा है। अतः स्कन्दषष्ठी व्रत 23 मार्च, 2007 ई. को ही किया जाएगा।

(3) अनङ्ग त्रयोदशी

पूर्व(द्वादशी)विद्धा चैत्रशुक्ल त्रयोदशी के दिन अनंग-त्रयोदशी मनाई जाती है। इस वर्ष 30 मार्च, 2007 ई. को यह त्रयोदशी पूर्वविद्धा है, अतः इसी दिन अनङ्ग-त्रयोदशी व्रत होगा-

"चैत्रशुक्ल त्रयोदश्यामनङ्ग-व्रतम्। तत्र त्रयोदशी पूर्वा ग्राह्या।- (धर्मसिन्धुः)

"त्रयोदशी-तिथिः पूर्वासिता"- इति दीपिकोक्तेः।"- (भट्टोजी- तिथिनिर्णयः)

(4) अक्षयतृतीया

वैशाख शुक्ल तृतीया को 'अक्षयतृतीया' मनाई जाती है। वैशाख शुक्ल तृतीया युगादि तिथि है। शुक्लपक्ष की युगादि एवम् मन्वादि तिथियां पूर्वाह्णव्यापिनी ली जाती हैं-

" पूर्वाह्णे तु सदा कार्याः शुक्ला-मनुयुगादयः। दैवे कर्मणि पित्र्ये च कृष्णे चैवापराह्णिकाः।"- (पद्मपुराण)।

अतः वैशाख शुक्ल तृतीया जिस दिन पूर्वाह्णव्यापिनी होगी उसी दिन यह व्रत किया जाएगा। यदि तृतीया दोनों दिन आंशिकरूप से पूर्वाह्ण को व्यापत करे तो शास्त्रकारों का निर्णय है कि- दूसरे दिन त्रिमुहूर्त्ताधिक तृतीया होने पर इसे दूसरे दिन, अन्यथा पहिले दिन ही मनाया जाए-

"द्वेधाविभक्त-दिन-पूर्वार्धैकदेशव्यापिनी दिनद्वये चेत् त्रिमुहूर्त्ताधिक व्याप्तिसत्वे परा त्रिमुहूर्त्तन्यूनत्वे पूर्वा।"- (धर्मसिन्धुः)।

इस वर्ष यह तृतीया 19 एवम् 20 अप्रैल (2007 ई.) को दोनों दिन पूर्वाह्ण के एकदेश को व्याप्त कर रही है और यह 20 अप्रैल, 2007 ई. को तीन मुहूर्त्त से कम है। अतः उक्तानुसार इस वर्ष अक्षयतृतीया 19 अप्रैल को ही मनानी होगी।

(5) गुरुपूर्णिमा

गुरुपूजा (गुरुपूर्णिमा) और श्रीव्यास पूजा के लिए सूर्योदय के अनन्तर

त्रिमुहूर्त-व्यापिनी आषाढ़ पूर्णिमा का होना आवश्यक है--

"अस्यां पौर्णमास्यां संन्यासिनां चातुर्मास्यावास–संकल्पांगत्वेन क्षौर–व्यासपूजादिक विहितम्। अत्र कर्मणि औदयिकी–त्रिमुहूर्ता पौर्णमासी ग्राह्या।"

–(*धर्मसिन्धुः*)।

यहां 'निर्णयसिन्धु' कार भी यही लिखते हैं:– "अत्रैव (आषाढ़ शुक्लपौर्णमास्यां) व्यासपूजोक्ता। तत्र त्रिमुहूर्त्ता. चेत् परैवेति संन्यास–पद्धतौ।।" इस वर्ष आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा 30 जुलाई को त्रिमुहूर्त्त से कहीं कम (लगभग एक ही मुहूर्त्त) होने से गुरुपूर्णिमा एवम् व्यासपूजा 29 जुलाई, 2007 ई. को ही होगी।

(6) मधुश्रवा तृतीया

स्पष्ट प्रश्नलग्न की राशि को छोड़कर अंशादिक की कला करें, फिर उसमें १५० (डेढ़ सौ) का भाग दें। लब्ध, जो राश्यादि चार फल आवे उसकी राशि के अंक में प्रश्नलग्न की राशि के अंक मिलाएं। प्राप्तांक को मुन्था का स्पष्ट लग्न समझें और प्रश्नलग्न से चतुर्थराशि के स्वामी को जन्मलग्नेश जानें अर्थात् पंचाधिकारियों में जन्मलग्नपति के स्थान में प्रश्नलग्न से चतुर्थराशि का स्वामी जो हो उसे लग्नेश समझिए। प्रश्नपत्र पर वर्ष बनाने में इतना ही विशेष है। अन्य सर्व रीति में कुछ न्यूनाधिक नहीं है।

अरिष्ट योग

यदि जन्मलग्न ही वर्ष लग्न हो और जन्मनक्षत्र भी वर्ष में आ जाए तो यह द्विजन्मा वर्ष अशुभ है। वर्ष में गुरु, चन्द्र शुभ न हों तो अशुभ, कष्टभय होता है। वर्ष में गुरु, चन्द्र शुभ हों तो अशुभ फल नहीं होगा।

आवश्यक मुहूर्त्त

कोई भी कार्य यदि शास्त्र–सम्मत शुभ–मुहूर्त में किया जाए तो वह अवश्य सफल होकर सुखप्रद होता है। गया–गोदावरी–यात्रा में, नवरात्रकृत्य में एवम् चातुर्मास्य व्रत में गुरु–शुक्रास्त का दोष नहीं होता।

गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त्त

शुभ तिथियां– १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३। **शुभ नक्षत्र**–तीनों उत्तरा, मृ., ह., अनु., रो., स्वा., श्र., ध., श.। **शुभ लग्न–** जब लग्न और ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभग्रह हों;३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; सूर्य, मंगल या गुरु लग्न को देखते हों, विषम राशि के नवांश में चन्द्रमा हो, रजोदर्शनकाल से पहली चार रात्रि छोड कर १६ रात्रि तक समरात्रि में गर्भ हो तो पुत्र, विषम में हो तो कन्या होती है।

चित्रा, पुन. पुष्य, अश्विनी गर्भाधान के लि, मध्यम हैं।

गर्भाधान के लिए अशुभकाल

भद्रा; ४, ६, ८, ९, १४, १५, ३० तिथियां; संक्रान्ति का दिन, सन्ध्याकाल, मंगल, रवि, शनिवार, रजोदर्शनकाल की पहली चार रात्रियां; ज्येष्ठा, रेवती और आश्लेषा नक्षत्रों के अन्त की दो–दो घड़ी; मूल, अश्विनी और मघा के आदि की २–२ घड़ी; ४, ८, १२ लग्नों के अन्त की आधी–आधी घड़ी; ५, ९, १ लग्नों की आधी–आधी घड़ी; ५, ९, १५ तिथियों के अन्त की एक–एक घड़ी; ६, ११, १ तिथियों के आदि की एक–एक घड़ी; निर्बल तारा, जन्मनक्षत्र, मूल, भरणी, अश्विनी, रेवती, मघा नक्षत्र एवम् ग्रहण के दिन, व्यतिपात, वैधृति योग; माता–पिता के श्राद्ध का दिन; दिन का समय; परिघ योग का आधा भाग; उत्पात से हत नक्षत्र; जन्मराशि से अष्टमलग्न; पापयुक्त लग्न तथा पापाकान्त नक्षत्र गर्भाधान के लिए वर्जित है।

गर्भमासों के स्वामी

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चन्द्रमा	शनि	बुध	गर्भाधान समय का लग्नेश	चन्द्रमा	सूर्य

स्त्री–पुरुष के चन्द्रबल की विशेषता

गर्भाधान संस्कार में स्त्री का चन्द्रबल देखना चाहिए और अन्यकार्यों में पति का चन्द्रबल देखना चाहिए– यह सदा स्मरण रखें।

पुंसवन संस्कार का मुहूर्त्त

यह संस्कार गर्भधान के तीसरे मास में गुरु, रवि, मंगलवार को मृग., पुन., पु., ह., मू. और श्रवण नक्षत्रों में; १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ १५ तिथियों में जब लग्न से १, ४, ५, ७, ९ और १० स्थानों में शुभग्रह और ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों तो शुभ होता है। तीनों उत्तरा, रोहिणी, रेवती नक्षत्र तथा सोम, बुध और शुक्रवार भी शुभ हैं।

सीमान्त संस्कार का मुहूर्त्त

गर्भाधान के छठे या आठवें मास में जब मास का स्वामी बली हो तब पुंसवन के मुहूर्त में निर्दिष्ट तिथियों, वारों, नक्षत्रों और लग्नों में सीमान्त शुभ होता है। **"सीमान्त जातकादीनि प्राशनान्तानि यानि वै। न दोषो मलमासस्य मौढ्यस्य गुरुशुक्रयोः।।"**

गर्भ–रक्षा के लिए विष्णुपूजा

गर्भाधान के आठवें मास में श्रवण, रोहिणी और पुष्य नक्षत्र में; शुभ लग्न, वार और तिथियों में जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध हो तब गर्भ की रक्षा के लिए विष्णु की पूजा करनी चाहिए।

मेधाजनन संस्कार

बालक के उत्पन्न होने के अनन्तर नाल काटने से पहले दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली के अग्रभाग में सुवर्ण लगाकर सुवर्णसहित अंगुली से शहद और गौ के घी को मिलाकर **"ॐ भूस्त्वयि दधामि, ॐ भुवस्त्वयि दधामि, ॐ स्वस्त्वयि दधामि, ॐ भू र्भुवः स्वस्त्वयि दधामि, ॐ भूर्भुवः स्वः सर्व त्वयि दधामि"**– इन पांचों मन्त्रों से बालक को थोड़ा–थोड़ा चार बार मधु चटावें– ऐसा करने से बालक बुद्धिमान् और यशस्वी होता है।

स्तनपान कराने व सूतिकापथ्य का मुहूर्त

रिक्ता., अमा, भद्रा, व्यतिपात एवं वैधृति को छोड़कर शुभ तिथियां हों; वार चं. बु. गु. श. हों; नक्षत्र मृग., पुन., पु., श्र., रे., म. हों– तब स्तनपान कराना शुभ है। आगे अन्नप्राशन में कही गई तिथि, नक्षत्रों में सूतिकापथ्य शुभ है।

प्रसूता स्त्री के स्नान का मुहूर्त्त

रेवती, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृग., ह., स्वा., अश्वि. और अनु. नक्षत्रों में; रवि, गुरु और भोम वारों में; १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५ तिथियों में शुभ हैं। आर्द्रा, पुन., पु., श्र., म., भ., कृ., वि. मू. और चित्रा नक्षत्र तथा शनि और बुधवार त्याज्य हैं। अन्य नक्षत्र और वार मध्यम हैं।

प्रसूता स्त्री द्वारा जलपूजन का मुहूर्त्त

मास समाप्त होने पर बुध, गुरु या चन्द्रवार को ४, ९, १४, तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में श्र., पुन., पु., मृ., ह., मू., अनु., नक्षत्रों में जलपूजन उत्तम है। परन्तु गुरु और शुक्र के अस्त में; चैत्र, पौष या अधिक मास में (मास पूरा होने पर भी) जलपूजन नहीं करना चाहिए।

जातकर्म और नामकरण का मुहूर्त्त

संक्रान्तिदिन, भद्रा और व्यतिपात को छोड़कर १, २, ३, ५, ७, १०, ११ १२, १३ तिथियों में जन्मकाल से ११वें या १२वें दिन सोम, बुध और शुक्रवार को मृ., रे., चि., अनु., तीनों उत्तरा, रो., ह., अश्विनी, पुष्य, अभि., स्वा., पुन., श्र., ध., श., नक्षत्रों में, जब लग्न से १, ४, ५, ७, १० स्थानों में शुभग्रह तथा ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों तब शुभ होता है।

अथ दोला (झूला) आरोहणमुहूर्त्त

जन्म दिन से १०, १२, १६, १८, ३२वें दिन शुक्रवार में; मृ., रे., चि., अनु., ह., अश्वि., पुष्य, अभि., तीनों उत्तरा, रो. नक्षत्रों में ४, ९, १४, ३० तिथियों के अलावा अन्य तिथियों में; १, ४, ७, १० लग्नों में शुभग्रह से युक्त होने पर एवं १, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११ वें शुभग्रह हों तथा ३, ६, ११ वें पापग्रह हो तो उत्तम होता है।

निष्क्रमण का मुहूर्त्त

सूर्य नक्षत्र से चन्द्रनक्षत्र तक गिनें				
५ नैरोग्य	५ मरण	५ कृषता	५ व्याधि	७ सौख्य

स्वा., अश्वि., पुन., ह., मू., पु., अनु., श्र., रो., ध. नक्षत्रों में; भौम एवं शनि को छोड़कर अन्य वारों में, रिक्ता, अमा, भद्रादि से रहित शुभ दिन में; तीसरे, चौथे मास में शुभ है। शीघ्रता होने पर १२वें दिन बालक का निष्क्रमण करें। इसी दिन सूर्य और नक्षत्र पूजन पूर्वक सूर्य नक्षत्रों का दर्शन करा दें।

भूम्युपवेशन–मुहूर्त्त

पांचवें महीने में पृथ्वी, वाराह का पूजन करके भौम के पूर्ण बल में तीनों उत्तरा, रो., मृग., ज्ये., अनु., अश्वि., हस्त, पुष्य, अभि– इन नक्षत्रों में; ४, ९, १४, ३०– इन तिथियों को छोड़कर स्थिर लग्न एवं शुभ दिन में बालक के करधनी का त्रिसूत्र बांधकर पृथ्वी पर बैठाएं।

भूम्युपवेशन के लिए मंत्र– " रक्षैनं वसुधे देवि सदा सर्वगतं शुभे। आयुः प्रमाणं सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये।" इति।।

इसी समय बालक के सामने पुस्तक, कलम, वस्त्र, शस्त्र, स्वर्ण, चांदी, तुला आदि वस्तु रखें। जिसको बालक ग्रहण करे उससे उसकी आजीविका होती है।

अन्नप्राशन का मुहूर्त्त

जन्ममास से ६, ८, १० या १२वें मास में पुत्र का और ५, ७, ९ या ११ वें मास में कन्या का भद्रादि दोषरहित १, ३, ५, ७, १०, १३, १५ तिथियों में; सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार को म., रे., चि., अनु., ह., अश्वि., पु., अभि., स्वा., पुन., श्र., ध., श., तीनों उत्तरा, रोहिणी नक्षत्रों में; जन्मराशि या जन्मलग्न से आठवें लग्न या नवांशक तथा मेष, वृश्चिक और मीन लग्न को छोड़कर शेष लग्नों में; १, ३, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों या शुभ ग्रह की दृष्टि हो; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; दशम स्थान पापग्रहरहित हो; १, ६, ८ स्थान में चन्द्रमा न हो तो शुभ होता है। किसी–किसी के मत से जन्मनक्षत्र अनु., शततारिका (शतभिषा) और स्वाती अशुभ हैं।

कर्णवेध का मुहूर्त्त

चैत्र, पौष देवशयन (आषाढ़ शुक्ल ११ से कार्तिक शुक्ल ११ तक), जन्ममास, जन्मनक्षत्र, ४, ९, १४ तिथियां, जन्मतारा, क्षयतिथि और सम वर्षों को छोड़कर जन्म के १२वें या १६वें दिन; ६वें, ७वें, ८वें मास या विषम वर्षों में सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार को श्र., ध., पुन., मृ., रे., चि., अनु., ह., अश्वि., पुष्य, अभि. नक्षत्रों में जब लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध हो; १, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; तुला, वृष, धनु या मीन लग्न में बृहस्पतिवार हो तो कर्णच्छेदन श्रेष्ठ है। इस संस्कार के समय पर करने से मनुष्य के हर्निया (अंत्रवृद्धि) जैसे भयानक रोग की जड़ ही कट जाती है।

कन्या के नासिकाच्छेदन का मुहूर्त्त

कर्णवेधोक्त नक्षत्रों में तथा उत्तरा ३, शत., स्वा. में शुभ तिथ्यादिक, शुक्लपक्ष में दिन के प्रथम प्रहर के समय नासिका वेध शुभ है।

मुण्डनमुहूर्त्त

गर्भाधानकाल से या जन्मकाल से विषम अर्थात् ३रे, ५वें, ७वें वर्ष में (मनु जी के मत से प्रथम वर्ष में भी) चैत्र को छोड़कर उत्तरायण सूर्य में चन्द्र, बुध, गुरु और शुक्रवार, लग्न तथा नवांशक में, जन्मराशि या जन्मलग्न से अष्टम लग्न को छोड़कर; २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ तिथियों में संक्रान्तिदिन को छोड़कर जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध (ग्रहरहित) हो; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; ज्ये., मृ., रे., चि., स्वा., पुन., श्र., ध., श., ह., अश्वि., पुष्य और अभिजित् नक्षत्रों में मुण्डन शुभ है।

ध्यान रहे– लड़के की माता को पांच मास का गर्भ हो तो मुण्डन निषिद्ध है, परन्तु पांच वर्ष से अधिक अवस्था के बालक के लिए निषेध नहीं है। जेठे लड़के का मुण्डन ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिए।

मुण्डनकर्म में विशेष–स्वकुल–शिष्टाचारानुसार पूर्वोक्त नक्षत्र, तिथ्यादि; शुभ समय में अपने–अपने इष्टदेव के स्थानों में मुण्डन तथा कर्णवेध का होना देखा जाता है, जो "यथा कुलधर्म वः"– इस स्मृति के अनुसार से ठीक ही है।

क्षौर बनवाने का मुहूर्त्त

मुण्डन के लिए जो तिथियां और नक्षत्र शुभ बतलाये गए हैं वे ही हजामत बनवाने के लिए शुभ हैं– वर्जित काल–शनि, रवि, भौमवार; हजामत में नौवें दिन, संध्याकाल, ४, ८, ९, १४, १५, ३० तिथियां, संक्रान्तिदिन, रात्रि में, बिना आसन, संग्राम में, यात्रा करने के दिन, स्नान करके, शरीर में उबटन लगवाकर और भोजन के पीछे हजामत बनवाना अशुभ है।

विशेष फल– यज्ञ, विवाह, मृतककर्म में, कारागार से छूटने पर, ब्राह्मण और राजा की आज्ञा से किसी भी समय(बिना मुहूर्त के भी) हजामत बनवाई जा सकती है। किसी–किसी आचार्य का मत है कि जो लोग राजकार्य में नियुक्त हैं वे रूपजीवी (जैसे– नट–भांड आदि) किसी भी दिन हजामत बनवा सकते हैं।

कर्णवेध और क्षौर का वार– ब्राह्मण रविवार को, क्षत्रिय सोमवार को, वैश्य और शूद्र शनिवार को क्षौरोक्त तिथ्यादि में हजामत बनवा सकते हैं।

अक्षरारम्भ का मुहूर्त्त

जन्म से ५वें या ७वें वर्ष में उत्तरायण सूर्य में गणेश, विष्णु, सरस्वती और लक्ष्मी का पूजन करके सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार को हस्त, अश्वि., पुष्य, अभि., श्र., स्वा., रे., पुन., आर्द्रा, चित्रा, अनुराधा नक्षत्रों में बुरे योगों और भद्रा को छोड़कर २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में (शुक्लपक्ष उत्तम) अक्षरारम्भ शुभ होता है। लग्न में मेष, कर्क तुला और मकर राशियां नहीं होनी चाहिएं।

विद्यारम्भ का मुहूर्त्त

उत्तरायण में (कुम्भ के सूर्य को छोड़कर) रवि, बुध, गुरु और शुक्रवार को; २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में; भ., आर्द्रा, पुन., हस्त, चि., स्वा., श्र., ध., शत., अश्वि., म., तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रो., पुष्य, आश्ले., अनु., रेवती नक्षत्रों में; जब लग्न से १, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों तो विद्यारम्भ शुभ है।

फारसी, अंग्रेज़ी विद्यारम्भ का मुहूर्त्त

सूर्य, भौम, शनिवार हों; ४, ९, १४ तिथि हों; ज्ये., आश्ले., म., तीनों पूर्वा, भ., कृ., वि., आर्द्रा, उ. षा., शत. नक्षत्र शुभ हैं।

सीने–पिरोने (सूचिकर्म) का मुहूर्त्त

अश्वि., पु., चि., अनु., ध. नक्षत्र; सूर्य, बुध, चन्द्र, गुरु, शनि वार एवम् १; २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९ १०, ११, १३, १५ तिथियां शुभ हैं।

यज्ञोपवीत संस्कार का मुहूर्त्त

यज्ञ और उपवीत– इन दो शब्दों से यज्ञोपवीत बना है। देवताओं की पूजा, संगति (सम्मेलन या कान्फ्रेंस) और जिसमें दान हों, उसे यज्ञ कहते हैं। उपवीत का अर्थ है– पिरो देने वाला अर्थात् देवपूजा, सम्मेलन और दान के साथ पुरुष को मिला देने वाला संस्कृत (तन्तु–धागाविशेष)– यह यज्ञोपवीत का अर्थ हुआ। बालक को गुरु, चन्द्र शुद्धि देखकर जन्म से या गर्भ से **(गर्भाज्जनेर्वा इति पारस्करमन्वादीनां मते विकल्पः)** ब्राह्मण आठवें वर्ष, क्षत्रिय ११वें, वैश्य १२वें, वर्ष में करें। यदि इन वर्षों में न किया जा सके तो ब्राह्मण १६, क्षत्रिय २२ और वैश्य २५वें वर्ष तक संस्कार कर सकते हैं। उसके बाद सावित्रीपतित व्रात्य संज्ञा वाले होते हैं। माघादि पांच मासों में देवशयनी से पूर्व ह., अश्वि., पुष्य, अभि., ३ उत्तरा, रो., आश्ले., स्वा., श्र., ध., मू., मृग., रे., चि., अनु., तीनों पूर्वा, आर्द्रा वेधरहित, इन नक्षत्रों में (क्षत्रिय, वैश्यों के लिए पुनर्वसु भी ग्राह्य है) सू., चं., बु., (बुधास्त हो तो बुधवार त्याज्य) श., गुरुवार को शुक्ल २, ३, १०, ११, १२ तथा कृष्ण पक्ष की २, ३, ५ तिथियों में शुभ है। किन्तु सोपपदा तिथि (जैसे– आषाढ़ शुक्ल १०, ज्येष्ठ शुक्ल २, पौष शुक्ल ११, माघ शुक्ल १२), संक्रान्तिदिन तथा रोगबाण को छोड़कर मध्याह्न से पहले शुभ है। शु., गु., चं. और लग्नेश ६, ८ स्थानों में चं., शु. १२वें स्थान में और १, ५, ८वें भावों में पापग्रह अशुभ है। शुभ ग्रह ६, ८, १२ स्थानों के सिवाय अन्य स्थानों में; पाप ग्रह ३, ६, ११ स्थानों; वृष या कर्क का पूर्ण चन्द्रमा लग्न में हो तो शुभ होता है। गुरु, शुक्र के बाल्य–वृद्धत्त्व–अस्त के समय को छोड़कर उपनयन शुभ है। यदि गोचराष्टक वर्ग से बालक के उपनयन संस्कार के लिए समयशुद्धि न मिले अथवा सिंह, मकर किंवा अशुभ स्थान में गुरु हो तो सौर चैत्र में उपनयन संस्कार किया जा सकता है–ऐसी शास्त्र की आज्ञा है।

मेलापक सारणी देखने की रीति और अष्टकूट दोषों के परिहार

लेखकः- प्रियव्रत शर्मा

आगे चार पृष्ठों पर 'मेलापक सारणी' दी गई है । इसके बाईं ओर पहिले,दूसरे कालमों में लड़की की और सबसे ऊपर वाली पहिली,दूसरी पंक्तियों में लड़के की राशियां तथा चरण-नक्षत्र दिए गए हैं । लड़की के नक्षत्र चरण के आगे लड़के के नक्षत्र-चरण के नीचे वर्ण आदि अष्टकूटों के गुण और मिलान में होने वाले वर्ण आदि दोषों का निर्देश है । वर्ण आदि दोषों के लिए नीचे लिखे सांकेतिक अक्षरों का इस सारणी में प्रयोग किया गया है:-

वर्ण दोष के लिए	= ब	राशीश दोष के लिए	= र
वश्य दोष के लिए	= व	गण दोष के लिए	= ग
तारा दोष के लिए	= त	भकूट दोष के लिए	= भ
योनि दोष के लिए	= य	नाडी दोष के लिए	= न

उदाहरणार्थ - यदि लड़की का जन्म चित्रा के ४ थं चरण में और लड़के का पू. भा. के २ य चरण में हुआ हो तो इनके मिलान में इस मेलापक सारणीसे अष्टकूटों के गुण १८ ½ मिले, और ज्ञात हुआ कि इस मिलान में त (तारा), य (योनि), ग (गण), तथा भ (भकूट) दोष हैं ।

अष्टकूट दोषों के परिहार-

वर, कन्या के राशीशों अथवा नवमांशेशों की मैत्री तथा राशीशों , नवशांशेशों की एकता द्वारा नाड़ी दोष के अलावा शेष सभी दोषों का परिहार हो जाता है । राशीश-नवमांशेशों की मैत्री-एकता के अलावा अन्य और भी अनेक परिहार हैं, जिनसे वर्ण आदि दोष दूर हो जाते हैं। इनका विवरण नीचे दिया जा रहा है -

(१) वर्ण दोष का परिवार:- वर की राशि के वर्ण से कन्या की राशि का वर्ण उत्तम होने पर वर्ण दोष होता है । लेकिन यदि वर के राशीश का वर्ण कन्या के राशीश के वर्ण से उत्तम हो तो वर्ण दोष का परिहार हो जाता है । सभी ग्रहों के वर्ण इस प्रकार हैं:-

रवि का वर्ण क्षत्रिय,चन्द्र का वैश्य,मंगल का क्षत्रिय,बुध का शूद्र, गुरु का ब्राह्मण, शुक्र का ब्राह्मण और शनि का शूद्र है ।

(२) वश्य दोष का परिहार:- वर कन्या की राशियों की योनिमैत्री होने पर वश्य दोष दूर हो जाता है ।

(३) तारा दोष का परिहार:-वर कन्या के राशीशों, नवमांशेशों की मैत्री या एकता के अलावा तारा दोष का दूसरा कोई परिहार नहीं है ।

(४) योनि दोष का परिहार:- भकूट और वश्य कूटों में से कोई एक भी यदि शुभ(ठीक) हों तो योनिदोष का परिहार हो जाता है ।

(५) राशीश दोष का परिहार:- भकूट शुभ होने पर (यानि द्विर्द्वादश, नवपंचम और षडष्टक का अभाव होने पर) राशीश दोष दूर हो जाता है ।

(६) गण दोष का परिहार:- वर -कन्या की राशि एक और नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों [illegible] गण दोष दूर हो जाता है ।

(७) भकूट दोष का परिहार :- वर कन्या के राशीशों, नवांशेशों की मैत्री या एकता ही भकूट दोष का प्रमुख परिहार है। यदि इसके साथ ताराशुद्धि या वश्यशुद्धि भी हो तो भकूट दोष का उत्तम परिहार माना जाता है ।

(८) नाड़ी दोष का परिहार :- वर,कन्या की राशि एक और नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों, अथवा नक्षत्र एक और राशियां, भिन्न-भिन्न हों तो नाड़ी दोप दूर हो जाता है । दोनों के नक्षत्रों के चरणों का वेध न होने की स्थिति में भी नाड़ी दोष का परिहार माना जाता है ।

नाड़ी दोष के परिहार के प्रसंगमें वर-कन्या में से किसी एक का जन्म नक्षत्र के प्रथम चरण में और दूसरे का चतुर्थ चरण में अथवा एक का द्वितीय चरण में और दूसरे का तृतीय चरण में हुआ हो तो पादवेध मान लिया जाता है । लेकिन यह नियम सर्वत्र लागू नहीं होता । इसके स्पष्टीकरण के लिए सं. २०४७ के 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' में पृष्ठ ३४ पर दिया गया मेरा लेख **''पाद वेध द्वारा नाड़ी दोष के परिहार में परम्परागत एक भ्रांति''** पढ़ना चाहिए । यह लेख मेरी पुस्तक **'ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन'** में भी है ।

ध्यान दें:-जैसा कि ऊपर भी बता चुके हैं,वर,कन्या के राशीशों,नवमांशों की मैत्री और एकता तो वर्ण,वश्य,तारा,योनि,राशीश,गण और भकूट दोषों का परिहार कर देती है,लेकिन नाड़ी दोष का परिहार इनसे नहीं होता । नाड़ी दोष का परिहार तो केवल उपरोक्त स्थितियों में ही होता है ।

दैवज्ञ को यह विशेष रूप से ध्यान में रखना चाहिए,कि नाड़ीदोष का यदि परिहार नहीं मिले तो किसी भी स्थिति में (भले ही अन्य सातों कूट शुद्ध क्यों न हों, मिलान में गुण अठाईस भी क्यों न प्राप्त हों), सम्बन्ध करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए । इस बारे में मुहूर्तशास्त्रकारों का यही स्पष्ट निर्णय है ।

'नाड़ीदोषस्तु विप्राणाम्'-वाक्य को संहिताकारों ने मान्यता नहीं दी है । 'मुहूर्त चिन्तामणि' आदि अन्य प्रामाणिक मुहूर्तग्रन्थों ने भी इसकी उपेक्षा की है,अतः इसे मान्यता नहीं दी जा सकती।

'एकनक्षत्र जातानां नाड़ीदोषो न विद्यते'- वाक्य भी प्रामाणिक नहीं है । एक ही नक्षत्र में उत्पन्न वर,कन्या को नाड़ी दोष तब नहीं माना जाता, जबकि उनका जन्म भिन्न-भिन्न चरणों में हुआ हो । 'मुहूर्तचिन्तामणि' का वाक्य है -**'नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभं स्यात्'** (अर्थात् दोनों का नक्षत्र एक होने पर दोष (नाड़ीदोष) की निवृत्ति तभी होती है,जबकि दोनों के चरण भिन्न-भिन्न हों)। ध्यान रहे, दोनों का जन्म एक ही नक्षत्र के एक ही चरण में होने पर नाड़ी दोष परमाधिक माना जाता है। एक ही नक्षत्र में पादवेध भी नहीं माना जाता ।

दोषपूर्ण अष्टकूटों के ,परिहारों को प्रमाणित करने वाले शास्त्रवाक्य बहुत हैं,उनको विस्तारभय से यहां उद्धृत नहीं किया गया। उन्हें मेरी पुस्तक **''ग्रहयोग एवं दाम्पत्यजीवन''** में आप देख सकते हैं)

सरलता पूर्वक एक ही दृष्टि में सभी अष्टकूटों के परिहार आ जाएं- इसके लिए नीचे दिया गया यह कोष्ठक देखें :-

अष्टकूट परिहार कोष्ठक

कूट	परिहार
वर्ण	१ राशीशों या नवमांशेशों की मैत्री या एकता हो। २ वर के राशीश का वर्ण कन्या के राशीश के वर्ण से उत्तम हो।
वश्य	१ राशीशों या नवमांशेशों की मैत्री या एकता हो। २ योनिमैत्री हो ।
तारा	१ राशीशों या नवमांशेशों की मैत्री या एकता हो।
योनि	१ राशीशों या नवमांशेशों की मैत्री या एकता हो। २ वश्यशुद्धि हो। ३ सद्भकूट हो।
राशीश	१ दोनों के नवमांशेशों में मैत्री या एकता हो। २ भकूट दोष न हो।
गण	१ राशीशों या नवमांशेशों की मैत्री या एकता हो। २ भकूट दोष न हो। ३ दोनों की राशि एक और नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों ।
भकूट	१ राशीशों या नवमांशेशों की मैत्री या एकता हो।*
नाड़ी	१ दोनों की राशि एक और नक्षत्र भिन्न - भिन्न हों । २ दोनों का नक्षत्र एक और राशियां भिन्न-भिन्न हों । ३ दोनों का नक्षत्र एक और चरण भिन्न - भिन्न हों । ४ पाद वेध न हो।

* यदि इस परिहार के साथ ताराशुद्धि , वश्यशुद्धि में से कोई एक भी हो तो यह परिहार उत्तम माना जाता है।

परिहृत कूट के गुण

वर्ण आदि जो कूट दोषपूर्ण होता है, उसके लिए निर्धारित पूरे गुणों को छोड़ दिया जाता है। जब उस दोषपूर्ण कूट का कोई उपरोक्त परिहार मिल जाए तब उसके पूरे गुणों को पुनः स्वीकार कर उन्हें मेलापक सारणी से प्राप्त गुण संख्या में जोड़कर उस गुणसंख्या को वास्तविक गुणसंख्या माना जाए- ऐसा कुछ आचार्यों का मत है । कुछ आचार्यों का मत है कि परिहार द्वारा दोष का पूरा नहीं, अपितु आंशिक निवारण होता है,अतः परिहृत कूट के आधे गुणों को ही स्वीकार करना चाहिए । यह (दूसरा)मत तर्कसंगत है। इसके अनुसार परिहृत कूट के आधे गुण(उस कूट के लिए निर्धारित पूरे गुणों का आधा भाग)मेलापक सारणी से मिली गुणसंख्या में जोड़कर उसे ही यथार्थ गुणसंख्या मानना युक्तियुक्त है ।

कितने गुण मिलने पर सम्बन्ध कर देना चाहिए ?

परिहृत कूटों की आधी गुणसंख्या को मेलापक सारणी में उपलब्ध गुणसंख्या में जोड़ने. पर मिली गुणसंख्या यदि १६ $\frac{१}{२}$ से कम है तो सम्बन्ध नहीं करना चाहिए । यदि षडष्टक भकूट का परिहार न मिल रहा हो तब २० से कम गुण संख्या होने पर सम्बन्ध नहीं करना चाहिए । ध्यान रहे- यहां प्रत्येक स्थिति में नाड़ी दोष का परिहार मिलना नितान्त आवश्यक है। यदि नाड़ी दोष के उपरोक्त परिहारों में से कोई एक भी परिहार न मिल रहा हो तब तो २८ गुण मिलने पर भी सम्बन्ध करने की अनुमति शास्त्रकारों ने नहीं दी है ।

यदि किसी विशेष कारण (विवशता) वश सम्बन्ध करना आवश्यक (अपरिहार्य)हो जाए, तब १६ से कम गुणों और षडष्टक तथा नाड़ीदोष के अपरिहार की स्थिति में भी गाय,अन्न,वस्त्र,सुवर्ण का यथाशक्ति दान, तथा जप -शान्ति करके सम्बन्ध किया जा सकता है । इस स्थिति में कन्या का नाम बदलकर मिलान को अनुकूल बनाने की भी परम्परा है । लेकिन दान,जप,शान्ति करना भी इस स्थिति में अत्यन्त आवश्यक है । साधाराण स्थिति में (नितान्त विवशता की स्थिति के अभाव में) लड़की का नाम बदलकर मिलान को अनुकूल बनाना सर्वथा अशास्त्रीय है । नाम बदलकर मिलान को अनुकूल बनाने का 'सिद्धान्त' अपनाने पर तो किसी भी लड़की का किसी भी लड़के के साथ और किसी भी लड़के का किसी भी लड़की के साथ सम्बन्ध बेरोक टोक किया जा सकता है और वहां अष्टकूटों के गुण इच्छानुसार अधिकाधिक प्राप्त किए जा सकते हैं, जिससे दोषपूर्ण कूटों का परिहार बतलाने वाले सभी शास्त्रवाक्य अर्थहीन हो जायेंगे।

मिलान में कुछ और विचार्य विषय

यद्यपि संहिताओं में इन आठ कूटों के अतिरिक्त अनेक और भी विचार्य विषय मिलते हैं, लेकिन वर्गमैत्री और नृदूर का भी विचार करने की भी कुछ दैवज्ञों में परम्परा हैं,इन दोनों का विवेचन इस प्रकार है-

वर्गमैत्री-

वर्गमैत्री का विचार वर,कन्या के नाम के आदिम वर्णो से सम्बद्ध है। हिन्दी वर्णमाला के अकार आदि स्वर 'अवर्ग', 'क' आदि पांच वर्ण 'कवर्ग', 'च' आदि पांच वर्ण 'चवर्ग', 'ट' आदि पाँच वर्ण 'टवर्ग' त आदि पांच वर्ण 'तवर्ग','प'आदि पांच वर्ण 'पवर्ग', 'य' आदि पांच वर्ण 'यवर्ग' तथा 'श' आदि पांच वर्ण 'शवर्ग' कहलाते हैं। इन अवर्ग आदि आठ वर्गों को उपरोक्त क्रमानुसार क्रमशः प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग, आदि संज्ञाएं दी गई हैं। इन आठ वर्गों केस्वामी क्रमशः गरुड़, मार्जार,सिंह, श्वान

सर्प, मूषक, मृग और मेष माने गये हैं । प्रत्येक वर्गेश अपने से पंचम वर्ग के स्वामी का शत्रु माना गया है । जैसे :- गरुड़ और सर्प तथा मूषक और मार्जार परस्पर शत्रु हैं ।

नामाक्षरों से वर्ग ज्ञान कोष्ठक :

वर्ग	अवर्ग	कवर्ग	चवर्ग	टवर्ग	तवर्ग	पवर्ग	यवर्ग	शवर्ग
वर्ग के	अ, इ,	क, ख, ग,	च,छ,ज,	ट,ठ,ड,	त,थ,द,	प, फ,ब,	य,र,	श,ष,
वर्ण	उ,ए	घ,ङ	झ,ञ	ढ,ण	ध,न	भ,म	ल,व	स,ह
वर्गेश	गरुड	मार्जार	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	मृग	मेष

वर, कन्या के नामों के आदिम वर्णों के वर्गो के स्वामी परस्पर शत्रु हों तो अच्छा नहीं माना जाता, उनका जीवन दुःखमय रहता है ।

यदि वर्गेशों में शत्रुता है तो अष्टकूटों से प्राप्त गुण १७ से अधिक होने पर ही सम्बन्ध करना चाहिए। यदि मिलान में अष्टकूटों से प्राप्त गुण लगभग १४,१५ ही हों और नाडी दोष न हो तब वर्गेश की एकता (अभिन्नता) होने पर सम्बन्ध किया जा सकता है-ऐसा कुछ लोगों का मत है

नृदूर

वर का नक्षत्र या नक्षत्र चरण यदि कन्या के नक्षत्र या नक्षत्र चरण से तुरन्त परवर्ती हो तो 'नृदूर' दोष कहलाता है। जैसे - कन्या का जन्म नक्षत्र अश्विनी और वर का भरणी, अथवा कन्या का जन्म अश्विनी के प्रथम चरण में और वर का अश्विनी के द्वितीय चरण में हो तो भी नृदूर दोष होगा। 'नृदूर' दोष का फल मुहूर्त्त शास्त्रों में बहुत अशुभ लिखा है।

दोनों (वर ,कन्या) की राशि एक और नक्षत्र भिन्न-भिन्न या दोनो का नक्षत्र एक और राशियां भिन्न-भिन्न हों तों नृदूर का परिहार हो जाता है।

अष्टकूटों से प्राप्त गुण लगभग १६ $\frac{१}{२}$,१७,१८ हों और 'नृदूर' दोष का परिहार न मिले, तब नाड़ी दोष के अभाव में भी मिलान को कुछ मुहूर्त्तकार अच्छा नहीं मानते । १८ से अधिक गुण होने पर 'नृदूर' की उपेक्षा की जा सकती है।

नामराशि से अष्टकूटों का निर्णय

वर और कन्या-दोनों का यदि जन्मकाल ज्ञात न हो, तब दोनों की नामराशि, नामनक्षत्रों (नामों के आदिम अक्षरों से अबकहड़ा चक्र द्वारा निर्णीत राशि और नक्षत्रों) के आधार पर ही मेलापक सारणी से अष्ट कूटों के गुणों का निर्णय करना चाहिए। अपिच यदि वर, कन्या-दोनों में से किसी एक का जन्मकाल ज्ञात न हो तो भी दोनों की नामराशि, नामनक्षत्रों के आधार पर ही अष्टकूटों का निर्णय करना चाहिए। एक की जन्मराशि, जन्मनक्षत्र और दूसरे की नामराशि, नाम नक्षत्र के आधार पर अष्टकूटों का निर्णय करने की अनुमति शास्त्र नहीं देते।

कुज (मंगली) दोष-

निम्नलिखित स्थितियों में कुजदोष (मंगली दोष) माना गया है -

(१) जन्म कुण्डली में १,४,७,८,१२ वें भावमें मंगल या अन्य कोई क्रूर ग्रह हो।
(२) चन्द्र कुण्डली में १,४,७,८,१२ वें भाव में मंगल या कोई क्रूर ग्रह हो ।
(३) शुक्र से १,४,७,८,१२ वें भाव में मंगल या अन्य कोई क्रूर ग्रह हो ।

कुजदोष बनाने वाला ग्रह अस्त, नीचस्थ या शत्रुराशिस्थ हो तो कुजदोष का फल अधिक माना गया है । कुजदोष दाम्पत्य जीवन के लिए अच्छा नहीं माना जाता ।

कुजदोष के सामान्य कुछ परिहार -

इन स्थितियों में वर, कन्या का कुज दोष दूर हो जाता है -

(१) कुजदोष बनाने वाला ग्रह (क्रूरग्रह) उच्चस्थ स्वराशिस्थ, स्वनवांशस्थ, मित्रराशिस्थ, उच्चनवांश या मित्रनवांश में हो।
(२) कुजदोष बनाने वाले ग्रह पर वृहस्पति की पूर्णदृष्टि हो ।
(३) वर-कन्या दोनों की कुण्डलियों में कुजदोष विद्यमान हो तो दोनों के कुजदोष समाप्त हो जाते हैं।

ध्यान रहे, कुजदोष वाले वर और कन्या दोनों की कुण्डलियों में कुजदोषों का परिहार मिलने पर कुजदोष का कुफल समाप्त हो जाता है । दोनों की कुण्डलियों में से किसी एक की कुण्डली में ही कुजदोष परिहार हो तो कुजदोष का कुप्रभाव रहता है ।

कुण्डली मिलान की प्रामाणिकता

हमारे ज्योतिष के मानक ग्रन्थों (संहिता, जातक, मुहूर्त्त ग्रन्थों) में वर, कन्या का सम्बन्ध करने से पूर्व उनकी कुण्डलियों में ग्रहस्थितियों के मिलान द्वारा कुजदोष के परिहार की चर्चा कहीं भी नहीं की गई है। पुनरपि कुण्डली मिलान की परम्परा सभी भारतीय प्रदेशों में प्रचलित है । इसका शास्त्रीय मूल अभी तक अज्ञात है। आश्चर्य है- सभी वशिष्ठ, नारद, गर्ग आदि की संहिताओं, मुहूर्त्तमार्तण्ड, मुहूर्त्तचिन्तामणि आदि मुहूर्त्तग्रन्थों तथा वर-कन्या के सम्बन्ध की अनुकूलता के परीक्षण के लिए रचित 'विवाहवृन्दावन' आदि सभी ग्रन्थों में वर-कन्या के सम्बन्ध के लिए केवल अष्टकूटों के परीक्षण का ही निर्देश है, कुण्डली मिलान का कहीं भी नहीं ।

षट्कूट चक्र

वर्ण, वश्य, योनि, राशीश, गण और नाड़ी ज्ञापक चक्र।

राशि	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
नक्षत्र	अश्वि.	भर	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आर्द्रा	पुन.	पुन.	पुष्य	आश्ले.	मघा	पू.फा.	उ.फा.	उ.फा.	ह.	चि.
चरण	१, २ ३,४	१,२ ३,४	१	२,३ ४	१,२ ३,४	१,२	३,४	१,२ ३,४	१,२ ३	४	१,२ ३,४	१,२ ३,४	१,२ ३,४	१,२ ३,४	१	२,३ ४	१,२ ३,४	१,२
वर्ण	क्ष.	क्ष.	क्ष.	वै.	वै.	वै.	शू.	शू.	शू.	ब्रा.	ब्रा.	ब्रा.	क्ष.	क्ष.	क्ष.	वै.	वै.	वै.
वश्य	च.	च.	च.	च.	च.	च.	द्वि.	द्वि.	द्वि.	ज.	ज.	ज.	व.	व.	व.	द्वि.	द्वि.	द्वि.
योनि	अ.	ग.	मे.	मे.	स.	स.	स.	श्वा.	मा.	मा.	मे.	मा.	मू.	मू.	गौ.	गौ.	म	व्या.
राशीश	म.	म.	म.	शु.	शु.	शु.	बु.	बु.	बु.	चं.	च.	च.	सू.	सू.	सू.	बु.	बु.	बु.
गण	दे.	म.	रा.	रा.	म.	दे.	दे.	म.	द.	दे.	दे.	रा.	रा.	म.	म.	म.	दे.	रा.
नाड़ी	आ.	म.	अ.	अ.	अ.	म.	म	आ.	आ.	आ.	म.	अ.	अं.	म.	आ.	आ.	आ.	म.
राशि	तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
नक्षत्र	चि.	स्वा	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पू.षा.	उ.षा.	उ.षा.	श्रव.	ध.	ध.	श.	पू.भा.	पू.भा.	उ.भा	रेव.
चरण	३,४	१,२ ३,४	१,२ ३	४	१,२ ३,४	१,२ ३,४	१,२ ३,४	१,२ ३,४	१	२,३ ४	१,२ ३,४	१,२	३,४	१,२ ३,४	१,२ ३	४	१,२ ३,४	१,२ ३,४
वर्ण	शू.	शू.	शू.	ब्रा.	ब्रा.	ब्रा.	क्ष.	क्ष.	क्ष.	वै.	वै.	वै.	शू.	शू.	शू.	ब्रा.	ब्रा.	ब्रा.
वश्य	द्वि.	द्वि.	द्वि.	की.	की.	की.	द्वि.	द्वि.	द्वि.	ज.	ज.	ज.	द्वि.	द्वि.	द्वि.	ज.	ज.	ज.
योनि	व्या.	म.	व्या.	व्या.	मृ.	मृ.	श्वा.	वा.	न.	न.	वा.	सि.	सि.	अ.	सि.	सिं	गौ.	ग.
राशीश	शु.	शु.	शु.	म.	म.	म.	गु.	गु.	गु.	श.	श.	श.	श.	श.	श.	गु.	गु.	गु.
गण	रा.	दे.	रा.	रा.	दे.	रा.	रा.	म.	म.	म.	दे.	रा.	रा.	रा.	म.	म.	म.	दे.
नाड़ी	म.	अं.	अं.	अं.	म.	आ.	आ.	म.	अं.	अं.	अं.	म.	म.	आ.	आ.	आ.	म.	अं.

वर्ण- ब्रा.= ब्राह्मण, क्ष= क्षत्रिय, वै= वैश्य, शू.=शूद्र

योनि- अ.=अश्व, ग=गज, मे=मेष, स=सर्प, श्वा.=श्वान, मा.=मार्जार, मू = मूषक, म=महिष, व्या=व्याघ्र, मृ=मृग, वा=वानर, न=नकुल, सिं=सिंह

गण- दे=देव, म=मनुष्य, रा=राक्षस

वश्य- च=चतुष्पद, की=कीट, व= वनचर, द्वि=द्विपद, ज=जलचर

राशीश- सू=सूर्य, चं=चन्द्र, मं.=मंगल, बु=बुध, गु=गुरु, शु=शुक्र, श=शनि

नाड़ी- आ=आद्य, म=मध्य, अं=अन्त्य

मेलापक सारणी (भाग 1)

कन्या \ वर		मेष अश्वि. 1,2,3,4	मेष भर. 1,2,3,4	मेष कृत्ति. 1	वृष कृत्ति. 2,3,4	वृष रोहि. 1,2,3,4	वृष मृग. 1,2	मिथुन मृग. 3,4	मिथुन आर्द्रा 1,2,3,4	मिथुन पुन. 1,2,3	कर्क पुन. 4	कर्क पुष्य 1,2,3,4	कर्क आश्ले. 1,2,3,4	सिंह मघा 1,2,3,4	सिंह पू.फा. 1,2,3,4	सिंह उ.फा. 1	कन्या उ.फा. 2,3,4	कन्या हस्त 1,2,3,4	कन्या चित्रा 1,2
मेष	अश्वि. 1,2,3,4	28 न	33	28½ त	18½ ब भ त	21½ ब भ त	22½ ब भ त	26 ब त र	17 ब न त र	19 ब न त र	23½ न त	31½ त	28 ग	21 व भ ग	25 व भ	15½ व भ न त	11 ब भ नतर	9 तबभ यनर	13 [illegible]
	भर. 1,2,3,4	34	28 न	29 ग	19 ब ग भ	21½ ब भ त	14½ ब भ त न	18 न ब त र	26 ब त र	27 ब त र	31½ त	23½ न त	25½ ग त	20 ग व भ	18 व भ न	26 व भ	21½ ब भ र	20 ब भ र त	4 [illegible]
	कृत्ति. 1	27½ ग त	29 ग	28 न	18 ब भ न	10 ग ब न भ	16½ ग ब भ त	20 ग ब त	20 ग ब त	21 ग ब त र	25½ ग त	26½ ग त	23½ न त	16½ व भ न त	20 ग व भ	20 ग व भ	15½ ग व भ	15½ ग व भ र	18 [illegible]
वृष	कृत्ति. 2,3,4	18½ ग भ त	20 ग भ	19 भ न	28 न	20 ग न	26½ ग त	17½ ग ब भ त	17½ ब ग भ त	18½ ग ब भ त	22 ग त र	23 ग त र	20 न त र	18½ न व त र	22 र व ग	22 र व ग	21 ग भ	21 ग भ	23½ [illegible]
	रोहि. 1,2,3,4	23½ भ त	23½ भ त	11 ग भ न	20 ग न	28 न	36	27½ ब भ	23½ ब भ त	22½ भ ब त य	26 त र य	27 त र	12 ग न तरय	10½ रवग नतय	24½ र व त य	27 र व	26 भ	26 भ	[illegible]
	मृग. 1,2	23½ भ त	14½ भ न त	18½ भ त ग	27½ त ग	35	28 न	19 ब भ न	24 ब भ	22½ ब भ त य	26 त य र	19 त र न	21 त र य ग	19½ गरव त य	15½ र व नतय	24½ र व त	23½ भ त	26 भ	13 [illegible]
मिथुन	मृग. 3,4	27 तर	18 न त र	22 त र ग	19½ भ ग त	27 भ	20 भ न	28 न	33	31½ त य	19 भ व तयर	12 भ न वतर	14 भवत यगर	23½ व त य ग	19½ व न त य	28½ व त	31½ त	34	[illegible]
	आर्द्रा 1,2,3,4	19 त र न	27 त र	21 त र ग	18½ ग भ त	24½ भ त	26 भ	34	28 न	25 न य	12½ भ न तयर	20 भ व त र	13 गभर वतय	23½ ग त व	29½ व त	21½ न व त	24½ न त	24½ न त	27 [illegible]
	पुन. 1,2,3	20 न त र	27 त र	23 त र	20½ भ त ग	22½ भ त	23½ भ त य	31½ त य	24 न य	28 न	15½ न भ व र	22½ भ व र	17 भ व तरग	22½ य व त ग	26½ य व त	21½ न व त	24½ न त	25½ न त	27 [illegible]
कर्क	पुन. 4	22½ ब न त	29½ ब त	25½ ब त ग	22 ब ग त र	24 ब त य र	25 ब त य र	18 बभव रतय	10½ बभव नयर	14½ ब भ रनत	28 न	35	29½ त ग	16½ बभय ग त	20½ ब भ त य	15½ ब भ न त	18 न भ त र	19 न ब वतर	[illegible]
	पुष्य 1,2,3,4	30½ ब त	21½ ब न त	26½ ब त ग	23 ब त र ग	25 ब त र	18 ब न त र	11 बभन वतर	18 ब भ वतर	21½ ब भ व र	35	28 न	30 ग	19½ ब भ ग त	15½ ब भ न त	23½ ब भ त	26 ब व त र	27 ब व त र	[illegible]
	आश्ले. 1,2,3,4	26 ब ग	24½ ब ग त	22½ न ब त	19 न ब त र	11 गबत नयर	19 ग ब तयर	12 गबत भवयर	12 गबभ वतयर	15 गबत भवर	28½ ग त	29 ग	28 न	15 य ब भ न	15½ गबय भ त	18½ ग ब भ त	21 ग ब वतर	21 ग ब वतर	[illegible]
सिंह	मघा 1,2,3,4	20 ग व भ	20 ग व भ	16½ व भ न त	17½ वब रनत	9½ वबत गरनय	17½ वबत गरय	21½ व ब गतय	22½ व ब ग त	20½ व ब गयत	16½ ग भ य त	19½ ग भ त	16 न भ य	28 न	30 ग	27½ ग त	16½ व ब गभत	16½ व ब गभत	[illegible]
	पू.फा. 1,2,3,4	26 व भ	18 व भ न	20 ग व भ	21 ब व र ग	23½ व ब रतय	15½ वबन रतय	19½ व ब नतय	28½ व ब त	26½ व ब त य	22½ य भ त	17½ भ न त	16½ ग भ य त	30 ग	28 न	35	24 व ब भ	22½ व ब भ त	[illegible]
	उ.फा. 1	16½ व भ त न	26 व भ	20 व ग भ	21 व ब ग र	26 व ब र	24½ व ब र त	28½ व ब त	20½ व ब न त	21½ व ब न त	17½ भ न त	25½ भ त	19½ ग भ त	27½ ग त	35	28 न	17 व ब भ न	16 व ब भ न	[illegible]
कन्या	उ.फा. 2,3,4	13 भ न त र	22½ भ र	16½ ग भ र	21 ग भ	26 भ	24½ भ त	31½ ब त	23½ न ब त	24½ न ब त	20 न व त र	28 व त र	22 ग व त र	17½ ग व भ त	25 भ व	18 व भ न	28 न	27 न	[illegible]
	हस्त 1,2,3,4	10 य भ नतर	20 भ त र	17½ भ र ग	22 भ ग	25 भ	26 भ	33 ब	22½ न ब त	24½ न ब त	20 न व त र	28 व त र	23 व त र ग	18½ व भ त ग	22½ व भ त	16 व भ न	26 न	28 न	[illegible]
	चित्रा 1,2	13 गभत यर	5 गभन तयर	19 भ त य र	23½ भ त य	20 ग भ	12 ग भ न	19 ग ब न	26 ग ब य	25½ ग ब त	21 ग व त र	12 गनव तयर	27 व त र	22½ व भ त	8½ ग व भनत	14½ व य गभत	24½ ग य त	27 ग य	[illegible]

(ब =वर्णदोष। व =वश्यदोष। त =तारादोष। य =योनिदोष। र =राशीदोष। ग =गणदोष। भ =भकूट दोष। न =नाड़ी दोष।)

मेलापक सारणी (भाग 2)

कन्या \ वर		तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
		चित्रा 3,4	स्वाती 1,2,3,4	विशा. 1,2,3	विशा. 4	अनु. 1,2,3,4	ज्ये. 1,2,3,4	मूल 1,2,3,4	पू.षा. 1,2,3,4	उ.षा. 1,	उ.षा. 2,3,4	श्रव. 1,2,3,4	धनि. 1,2,	धनि. 3,4	शत. 1,2,3,4	पू.भा. 1,2,3	पू.भा. 4	उ.भा. 1,2,3,4	रेव. 1,2,3,4
मेष	अश्वि. 1,2,3,4	22½ ब य त ग	26½ ब य त	22½ त ब य ग	18½ ग भ त य	25½ भ त	14 भ न ग	13½ भ न ग	25 भ	23½ भ त	25 ब त र	26 ब त र	20 ब त यरग	20 ब त यरग	15 ब न तरग	16 ब न तयर	14½ न भ त य	24½ भं त	26 भ
	भर. 1,2,3,4	13½ बगन तय	29½ ब त	21½ ग ब त य	17½ ग भ त य	17½ न भ त	19½ ग भ त	20 ग भ	18 न भ	26 भ	27½ ब र	26 ब त र	10 ब य गनतर	10 ब य गनतर	20 ग ब त र	24 ब य त र	22½ त भ य	17½ न भ त	26½ भ त
	कृत्ति. 1	27½ ब त य	15½ ब ग न त	19½ ब न त य	15½ भ न त य	19½ ग भ त	25½ भ त	24½ भ त	18 ग भ य	12 ग भ न	13½ ब ग न र	11½ ब य रगन	25 ब त य र	25 ब त य र	27 ब त र	19 ब ग तयर	17½ ग भ त य	19½ ग भ त	11½ ग भ त न
वृष	कृत्ति. 2,3,4	22½ ब भ त य	10½ ग ब भनत	14½ ब भ तनय	20½ न त य	24½ ग त	30½ त	20 भ तर	13½ य ग भ र	7½ ग भ न र	12 ग भ न	10 य ग भ न	23½ भ त य	29½ ब त य	31½ ब त	23½ ग ब त य	20 ग त य र	22 ग त र	14 ग न त र
	रोहि. 1,2,3,4	19 ग ब भ	15½ ब भ न त	9½ तबग न भ	15½ ग न त	29½ त	23½ ग त	14 ग भ त र	19 र भ त य	11½ य भ न र	16 भ य न	17 न भ य	20 ग भ	26½ ग ब	24½ ग ब त	30½ ब त	27 त र	27 त र	19 र न त
	मृग. 1,2	12 ब भ न ग	25 ब भ	18½ ब भ त ग	24½ त ग	21½ न त	24½ त ग	15 भ त र ग	10 न भ तयर	17 य भ तर	21½ भ य त	25 भ य	13 न भ ग	19 ब ग न	27 ब ग	29½ ब त	26 त र	18 न त र	27 त र
मिथुन	मृग. 3,4	14 न भ ग	27 भ	20½ भ त ग	14 भ व तरग	11 भवन त र	14 भ व तरग	23 त र ग	18 न त य र	25 य त र	20 भ य व त	23½ भ व य	11½ न भ व ग	13 न भ ग	21 भ ग	23½ भ त	25½ त व र	17½ न व त र	26½ व त र
	आर्द्रा 1,2,3,4	20 ग भ य	27 भ	20 ग भ य	13½ रगव भ य	17 त भ वयर	3 यतगव भनर	16 ग न त र	28 त र	28 त र	23 भ व त	23 भ व त	17½ ग भ व य	19 ग भ य	12 ग भ न	17 न भ य	19 न र व य	26½ व त र	26½ व त र
	पुन. 1,2,3	20½ भ त ग	28 भ	22 भ ग	15½ व भ र ग	21½ व भ र	7 रगव भनत	14 यरत न ग	27 त र	27 त र	22 व त भ	23 व त भ	17 वतभ य ग	18½ भ ग त य	14 न भ ग	16 न भ य	18 र न य व	28 र व	27½ व त र
कर्क	पुन. 4	20½ ब त र ग	28 व र ब	22 व र ब ग	20 ग भ	26 भ	11½ त ग भ न	8 वतब भगनय	21 ब भ व त	21 ब भ व त	26 ब त र	27 ब त र	21 बगत य र	12½ बभव तयगर	8 बभव नगर	10 बभर नवय	16 न भ य	26 भ	25½ भ त
	पुष्य 1,2,3,4	11½ गनबव तयर	26½ ब व त र	21 रबग व य	19 भ य ग	18 भ न	21 भ ग	17 गबभ व त	11 यबभ तनव	21 ब भ व त	26 ब त र	25 ब य त र	13 गबन तयर	4½ भबगय वनतर	14½ बवत रगभ	18 बभव य र	24 भ य	18 न भ	27 भ
	आश्ले. 1,2,3,4	25½ ब व त र	12½ गबव तरन	17½ नबव त र	15½ न भ त	20 ग भ	26 भ	22½ ब भ व य	16 गबव भ त	8 गबव भनत	13 गबर न त	13 बगत न र	26 ब त य र	17½ बभव तरय	19½ बभव त र	11½ गबभ वतयर	17½ ग भ त य	21 ग भ	13 ग भ न
सिंह	मघा 1,2,3,4	24½ ब व त र	11½ बवत रगन	16½ बवत र न	22½ न व त	25½ ग व त	33 व	25 भ व	19 ग व भ	8½ वगभ नतय	3½ बरतय गभन	4½ बरत गभन	18½ ब र त भ	24½ ब व त र	25½ ब व त र	18½ बवर ग त	18½ ग भ त	19½ ग भ त	13 ग भ न
	पू.फा. 1,2,3,4	10½ बवत रगन	25½ ब व त र	18½ बवर ग त	24½ ग व त	23½ न व त	25½ ग व त	19 ग व भ	17 भ व न	24 भ व न	17 ब र भ य	18½ ब त भ त	4½ बरत गभन	10½ बवत रगन	19½ बवर ग त	24½ ब व र त	24½ भ त	17½ न भ त	25½ भ त
	उ.फा. 1	16½ बवत यगर	25½ ब व त र	16½ बवय गतर	22½ य व ग त	31½ व त	17½ ग व त न	9½ ग व नभत	25 भ व	25 भ व	20 ब र भ	20 ब र भ	11½ बरत गभय	17½ बवत गरय	11½ बवत गनर	15½ बवत नरय	15½ न भ त य	26½ भ त	25½ भ त
कन्या	उ.फा. 2,3,4	16½ गबय भ त	25½ ब भ त	16½ गबय भ त	18 यवत ग र	27 व त र	13 गवत न र	14 ग न त र	29½ र	29½ र	24½ भ व	24½ भ व	16 ग भ वतय	16½ गबभ त य	10½ गबन भ त	14½ बभन तय	17½ तनव य र	28½ व त र	27½ व त र
	हस्त 1,2,3,4	20 ब भ य ग	26½ ब भ त	18½ ब भ तयग	20 व ग तयर	26 व त र	13 न व तरग	15 न त र ग	27 त र	28½ र	23½ भ व	24½ भ व	18½ भ ग व र	19 ब भ य ग	8½ बयभ नतग	13½ ब भ नतय	16½ वनत य र	26½ व त र	27½ व त र
	चित्रा 1,2	20 ब भ न	19 ग ब भ य	26½ ब भ त	28 व त र	11 गवन तयर	25 व त य र	27 त य र	14 ग न त र	22 ग त र	17 ग भ त	18½ ग भ व	15½ भ व न य	16 ब य भ न	24 ब भ य	16½ गबत भ य	19½ गवत य र	10½ गयव नतर	19½ वगत य र

(ब =वर्णदोष। व =वश्यदोष। त =तारादोष। य =योनिदोष। र =राशीशदोष। ग =गणदोष। भ =भकूट दोष। न =नाड़ी दोष।)

मेलापक सारणी (भाग 3)

वर / कन्या		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
		अश्वि. 1,2,3,4	भर. 1,2,3,4	कृत्ति. 1	कृत्ति. 2,3,4	रोहि. 1,2,3,4	मृग. 1,2	मृग. 3,4	आर्द्रा 1,2,3,4	पुन. 1,2,3	पुन. 4	पुष्य 1,2,3,4	आश्ले. 1,2,3,4	मघा 1,2,3,4	पू.फा. 1,2,3,4	उ.फा. 1	उ.फा. 2,3,4	हस्त 1,2,3,4	चित्रा 1,2
तुला	चित्रा 3,4	22½ गतय	14½ गनतय	28½ तय	23½ भतय	20 गभ	12 गभन	13 गभन	21 गभ	19½ गभत	20½ गरवत	11½ गनयवरत	26½ वतर	25½ वरत	11½ वरगनत	17½ वयगरत	17½ यगभत	20 गभय	21 भन
	स्वाती 1,2,3,4	27½ यत	29½ त	17½ नत	12½ भनत	15½ भनत	26 भ	27 भ	26 भ	28 भ	29 वर	27½ वतर	14½ नवतर	13½ वनतग	25½ वरत	25½ वरत	25½ भत	27½ भत	21 भयग
	विशा. 1, 2,3	22½ तयग	22½ तयग	20½ तयन	15½ तभनय	10½ गभतन	18½ गभत	19½ गभत	20 गभय	21 गभ	22 गवर	21 गतर	18½ नवतर	17½ वरतन	19½ वरतग	17½ वयरगत	17½ यगभत	18½ गभतय	27½ भत
वृश्चिक	विशा. 4	16½ बगभयत	16½ दगभयत	14½ बभनयत	19½ बन५त	14½ बगनत	22½ बगत	12 बवरगभत	12½ वबयगभर	13½ बवगभर	19 गभ	18 गभय	15½ भनत	21½ बवनत	23½ बवगत	21½ बवगयत	17 तबवगयर	18 बवगतयर	27 बवतर
	अनु. 1,2,3,4	24½ बभत	15½ बभनत	19½ बभगत	24½ बतग	27½ बत	20½ बनत	10 बवतनभर	15½ तबवरभय	20½ बवभर	26 भ	18 भन	21 भग	24½ बवतग	20½ बवतन	29½ बवत	25 बवतर	26 बवत	11 बरवनतय
	ज्येष्ठा 1,2, 3,4	12 बगभन	18½ बगतभ	24½ बभत	29½ बत	22½ बगत	22½ बगत	12 तबवगभर	2 तवबयगभनर	5 तबवरगभन	10½ तगभन	20 गभ	26 भ	31 बव	23½ बवगत	16½ तबवगन	12 तबवगनर	12 तबवगनर	24 बवतयर
धनु	मूल 1,2,3,4	12 गभन	20 गभ	24½ भत	19 बभतर	13 बगतभर	13 रबगतभ	21 बगतर	15 बगनतर	12 रबगतनय	8 यगभवनत	17 गभवत	23½ भवय	25 वभ	19 वगभ	9½ तवगभन	13 तरबगन	13 तरबगन	26 रबतय
	पू.षा. 1,2,3,4	26 भ	18 भन	18 गभय	12½ बयगभर	18 बभतयर	10 रबभतनय	18 बनतयर	27 बतर	27 बतर	23 भवत	13 यभनवत	17 गभवत	19 वगभ	17 वभन	25 वभ	28½ बर	27 बतर	13 तबगनर
	उ.षा 1	24½ भत	26 भ	12 गभन	6½ रबयभन	10½ बयरभन	17 बयतभर	25 बयतर	27 बतर	27 बतर	23 भवत	23 भवत	9 गभवनत	8½ तगवयभन	24 वभय	25 वभ	28½ बर	28½ बर	21 गबतर
मकर	उ.षा. 2,3,4	27 तर	28½ र	14½ गनर	12 गभन	16 भनय	22½ यभत	20 बयतभ	22 बभत	22 बभवत	28 तर	28 तर	14 गनतर	4½ तयरगभन	20 रभय	21 रभ	24½ भत	24½ वभ	17 गभवत
	श्रव. 1,2,3,4	27 तर	26 तर	13½ यनर	11 यभगन	16 भनय	25 भय	22½ बभवय	21 बभवत	22 बभवत	28 त	26 यतर	15 नतर	6½ तगरभन	18½ रभत	20 भर	23½ भव	24½ भव	19½ भव
	धनि. 1,2,3,4	20 गतयर	11 यगनतर	26 तयर	23½ भतय	20 गभ	12 गभन	9½ वबगभन	16½ वयबगभ	16 बगवतभ	22 गतर	13 रगनतय	28 तर	19½ रभत	5½ तगरभन	12½ तयरगभ	16 गभवतय	17½ गभव	15½ भनवय
कुम्भ	धनि. 3,4	20 गतयर	11 यगतनर	26 तयर	30½ तय	27 ग	19 गन	12 गभन	19 गभय	18½ गभत	13½ गभवतर	4½ तयरगभनव	19½ भवतर	25½ वतर	11½ वतरगन	18½ वरगतय	17½ गभतय	19 गभय	17 यभन
	शत. 1,2,3,4	15 गनतर	21 गतर	28 तर	32½ त	25½ गत	27 ग	20 गभ	12 गभन	13 गभन	8 गभवनर	14½ गभवतर	20½ वभतर	26½ वरत	20½ दरगत	12½ वरतगन	11½ तगनभ	8½ तयगनभ	25 भय
	पू.भा. 1,2,3	18 नतयर	25 यतर	20 गरतय	24½ गतय	31½ त	31½ त	24½ भत	17 भनय	18 भन	13 भनव	20 भरवय	13½ गभवतर	19½ वरतग	25½ वरत	16½ वरयनत	15½ भनत	15½ भनतय	17½ गभतय
मीन	पू.भा. 4	14½ बभतनय	21½ बयतभ	16½ गबतभय	19 गबतयर	26 बतर	26 बतर	25½ बवतर	18 बनवयर	19 नबवर	18 नभ	25 भय	18½ गभत	17½ बगतभ	23½ बभत	14½ बभतनय	16½ रबनवतय	16½ रबनवतय	18½ रबगवतय
	उ.भा. 1,2,3,4	24½ बभत	16½ बभतन	18½ गबतभ	21 गबतर	26 बतर	18 नबतर	17½ नबवतर	25½ बरवत	28 बवर	27 भ	19 भन	21 गभ	18½ गबतभ	16½ बभन	25½ बभत	27½ बवतर	26½ बवतर	9½ बतरवयगन
	रेव. 1,2,3,4	25 बभ	24½ बभत	11½ तगवभन	14 गबनतर	17 वनतर	26 बतर	25½ बरवत	24½ रबवत	26½ रबवत	25½ भत	27 भ	14 भनग	13 बभगन	23½ बभत	23½ बभत	25½ बरवत	26½ बरवत	19½ बयरवतग

(ब =वर्णदोष। व =वश्यदोष। त =तारादोष। य =योनिदोष। र =राशीदोष। ग =गणदोष। भ =भकूट दोष। न =नाड़ी दोष।)

मेलापक सारणी (भाग 4)

वर → / कन्या ↓		तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
		चित्रा 3,4	स्वाती 1,2,3,4	विशा. 1,2,3	विशा. 4	अनु. 1,2,3,4	ज्ये. 1,2,3,4	मूल 1,2,3,4	पू.षा. 1,2,3,4	उ.षा. 1	उ.षा. 2,3,4	श्रव. 1,2,3,4	धनि. 1,2	धनि. 3,4	शत. 1,2,3,4	पू.भा. 1,2,3	पू.भा. 4	उ.भा. 1,2,3,4	रेव. 1,2,3,4
तुला	चित्रा 3,4	28 न	27 ग य	34½ त	23½ भ द त	6½ यगव तनभ	20½ भ व त य	27 त य र	14 ग भ त र	22 ग त र	25 ग त व	26½ ग व	23½ न व य	18 न भ य	26 भ य	18½ ग भ त य	12½ गभव तयर	3½ वतयग भनर	12½ यरग भवत
	स्वाती 1,2,3,4	28 य ग	28 न	20 न य ग	9 भवय नग	21½ भ व त	16½ भ व त ग	23 त र ग	27 त र ग	19 त न र	22 न व त	23 न व त	26½ ब य ग	21 य ग भ	20 ग य भ	25 य भ	19 व भ य र	19½ व त भ र	12½ वतभ नर
	विशा. 1,2,3	34½ त	19 ग न य	28 न	17 भ व न	16 ग व भ य	20½ भ व त य	27 त य र	22 ग त र	14 ग न त र	17 ग न व त	17 ग न व त	30 व त य	24½ भ त य	26 भ य	20 ग भ य	14 गभव यर	13 गयभ तर	4½ गभव नतयर
वृश्चिक	विशा. 4	22½ ब व भ त	7 बवग नभय	16 ब व न भ	28 न	27 ग य	31½ त य	21½ बवत यभ	16½ बवग भत	8½ दवग नभत	12 गबन तर	12 बनग तर	25 ब त य र	24 बवत यर	25½ ब व य र	19½ बवग यर	19 ग भ य	18 ग य भ	9½ गभन तय
	अनु. 1,2,3,4	6½ बवतभ यगन	21½ ब व भ त	16 बवभ यग	28 य ग	28 न	31 ग	15½ बवत गयभ	13½ तबव नभ	21½ ब व त भ	25 ब त र	26 ब त र	12 तयब नरग	11 तयबव नरग	21 बवत रग	24½ ब व य र	24 भ य	18 न भ	27 भ
	ज्येष्ठा 1,2,3,4	19½ बवत भय	15½ तबव गभ	19½ बवभ तय	31½ त य	30 ग	28 न	14 बवन भय	16½ बवत गभ	16½ बवत गभ	20 ग व त र	20 ग ब त र	25 ब त य र	24 बवत यर	18 बवन रत	10 तबवय गनर	9½ गभत नय	21 ग भ	21 ग भ
धनु	मूल 1,2,3,4	26 त ब य र	21 ग ब त र	26 त ब य र	22½ भ व त य	15½ गवभ यत	15 य व न भ	28 न	28 ग	26½ ग त	15 गबभ वत	15 गबभ वत	20 बभव तय	28½ ब व य	21½ ब न त	14½ गनब तय	16 गनव तय	25 ग व त	26 ग व
	पू.षा. 1,2,3,4	13 गबत नर	27 ब त र	21 ग ब त र	17½ ग व भ त	15½ भ व न त	17½ ग व भ त	28 ग	28 न	34	22½ ब भ व	23 ब भ व त	6 गबवभ नतय	14½ गबत नय	23½ ग ब त	28½ ब त य	30 व त य	23 न व त	31 व त
	उ.षा 1	21 ग ब त र	19 न ब त र	13 गबन तर	9½ गवभ नत	23½ भ व त	17½ ग व भ त	26½ ग त	34	28 न	16½ ब भ व न	14½ ब भ व न	15 गबव भत	23½ ग ब त	23½ ग ब त	29½ ब त	31 व त	31 व त	23 न व त
मकर	उ.षा. 2,3,4	24 ग ब त	22 न ब व त	16 ग ब न त	13 ग न त र	27 त र	21 ग त र	16 ग भ व त	23½ भ व	17½ न भ व	28 न	26 न	26½ ग त	17 गबभ वत	17 गबव भत	23 ब भ व त	30½ त	30½ त	22½ न त
	श्रव. 1,2,3,4	26½ ब व ग	22 न ब व त	17 नबग वत	14 न त र	27 त र	22 त र	17 भ व त ग	23 भ व त	14½ न भ व	25 न	28 न	28 य ग	18½ बभव यग	18 बभव तग	21 बभव तय	28½ त य	29½ त	22½ न त
	धनि. 1,2	22½ न ब व य	24½ ग ब व य	29 ब व त य	26 त य र	12 गनत यर	26 त य र	21 भ व त य	7 गभय वनत	16 ग भ व त	26½ ग त	27 ग य	28 न	18½ ब भ न व	23½ ब भ व य	19 गबव तभ	26½ ग त	15½ ग न त य	22½ ग य त
कुम्भ	धनि. 3,4	18 न भ य	20 ग भ य	24½ भ त य	25 त व य र	11 गवय तनर	25 त व य र	29½ त य	15½ ग त न य	24½ त ग	18 ग भ व त	18½ ग भ व य	19½ भ व न	28 न	33 य	28½ ग त	18 ग भ व त	7 तगभ वनय	14 गयव भत
	शत. 1,2,3,4	26 भ य	19 भ य ग	26 भ य	26½ य व र	21 ग व त र	19 न व त र	22½ न त	24½ ग त	24½ ग त	18 ग भ व त	18 ग भ व त	24½ भ व य	33 य	28 न	19 ग न य	8½ गभव नय	17 ग भ व त	16 ग भ व त
	पू.भा. 1,2,3	18½ ग भ त य	26 भ य	20 ग भ य	20½ ग व य र	26½ व य र	11 गवत यनर	15½ न ग त य	29½ त य	30½ त	24 भ व त	23 भ व त य	20 भ ग व त	28½ ग त	19 न ग य	28 न	17½ न भ व	22½ भ व य	20 भ य व त
मीन	पू.भा. 4	11½ गबवभ तयर	19 बभव यर	13 गबव भयर	19 ग भ य	25 भ य	9½ गभन तय	15 गबत नय	29 ब व त य	30 ब व त	29½ ब त	28½ ब त य	25½ ग ब त	17 ग ब भ त	7½ गबय भतन	16½ ब भ त न	28 न	33 य	30½ य त
	उ.भा. 1,2,3,4	2½ यवबर गभनत	19½ भवब तर	12 गवर भयब	18 ग य भ	19 न भ	21 ग भ	24 ग ब व त	22 न ब व त	30 ब व त	29½ ब त	29½ ब त	14½ गबत नय	6 गबवन भतय	16 गबव भत	21½ ब भ त य	33 य	28 न	35
	रेव. 1,2,3,4	12½ बभव तयर	11½ बभत दनर	4½ बभवन तगयर	10½ नभत यग	27 भ	22 भ ग	26½ ब ग व	29 ब व त	21 न ब व त	20½ न ब त	21½ न ब त	22½ ब य त ग	14 बवय भतग	16 बभव तग	18 बयभ वत	29½ य त	34	28 न

(ब =वर्णदोष। व =वश्यदोष। त =तारादोष। य =योनिदोष। र =राशीदोष। ग =गणदोष। भ =भकूट दोष। न =नाड़ी दोष।)

लग्न–गण्डान्त

कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन और मेष के अन्त एवम् आदि की आधी–आधी घड़ी लग्नगण्डान्त होता है। वह जन्म में ही भयप्रद होता है।

अथ विवाहमासाः—आचार्य चूड़ामणौ—"माङ्गल्येषु विवाहेषु कन्या–संवरणेषु च। दशमासाः प्रशस्यन्ते चैत्र–पौष–विवर्जिताः॥" वर्षासु पाणिग्रहणं न केचित् केचिद्वदन्तीत्यपरो विशेषः। तस्मात्सदाचार इह प्रमाणं देशे यथा यत्र तथैव तत्र॥ केशवेन यदि नोररीकृतं श्रावणादिषु च पाणिपीडनम्। तेन चोक्तमपरैरुदाहृतं तद्विकल्प इति मन्यते मया॥

अथ जन्म–मासादिषु निषेधः— सबसे बड़े (जेठे) लड़के अथवा सबसे बड़ी लड़की (जेठी) के जन्ममास (अर्थात् जन्मतिथि से ३० दिन) जन्मनक्षत्र अथवा जन्मतिथि में विवाह करना शुभ नहीं है। द्वितीयादि गर्भोत्पन्न को दोष नहीं है। **अत्यावश्यके परिहारः—** जातं दिनं दूषयते वशिष्ठः पञ्चैव गर्गस्त्रिदिनं तथात्रिः। तज्जन्मपक्षं किल भागुरिश्च व्रते विवाहे गमने क्षुरे च॥

यदि दो कार्यों की आवश्यकता हो तो— एक घर में दो शुभ काम करना मना है, परन्तु अति आवश्यकता में ९ दिन का अन्तर देकर दो घरों में अलग–अलग मण्डप गाड़कर और जो पुरोहित पहला कार्य करा चुका हो, उसी से दूसरा कार्य न करावें, दूसरे आचार्य से करावें। इसी प्रकार जिस गृह में पहला कार्य हुआ हो तो दूसरे कार्य में दूसरे घर में मण्डप गाड़कर कार्य को करें।

अथ ज्येष्ठ विचारः— ज्येष्ठ पुत्र व कन्या का ज्येष्ठ मास में विवाह करना अशुभ है। अत्यावश्यकता में कृत्तिका के सूर्य को छोड़कर दानादि पूर्वक करें।

षट्मास के भीतर दो विवाह आदि का निर्णय— दो सगी बहनों का विवाह एक साथ या छः मास के अन्दर करें तो निस्संदेह ३ वर्ष के अन्दर अशुभ फल हो। पुत्र के विवाह के पीछे षट्मास तक कन्या का विवाह न करें और कन्या व पुत्र के पीछे छः मास तक यज्ञोपवीत न करें, अर्थात् पहले कर लें और मंगलकार्य के पीछे अमंगल अर्थात् श्राद्ध, तिलतर्पण भी न करें। मुण्डन भी विवाह, जनेऊ के पीछे न करें। वर्ष पलटने पर फिर भले ही शुभकार्य कर लें। वहां छः मास का विचार नहीं है। यह ६ महीने का निषेध तीन पीढ़ी तक ही है।

विवाहादि शुभ कार्यों में मरणाशौच— साहे चिट्ठी (कुंकम पत्रिका) आने पर विवाह दिन निश्चित हो जाने पर किसी की मृत्यु हो जावे तो माता के मरण से ६ मास, पिता के मरण से एक साल, स्त्री के मरण से तीन मास, भाई व पुत्र के मरण से १½ मास, कुल वालों के मरण से २२½ दिन तक कोई शुभ कार्य न करें। अति संकट में ३० दिन बाद शान्ति करके अथवा विशेष शान्ति और गोदान करके अशौच के बाद करें।

त्रिबल शुद्धि विचार

विवाह के शुद्ध मुहूर्त्त पंचांग के अन्त में दिए गए हैं। उनमें से उत्तम मुहूर्त्त देखकर और उसी दिन वर की राशि से सूर्य, चन्द्र देखिए तथा कन्या राशि से चन्द्र, गुरु देखिए। बस, इसी को त्रिबलशुद्धि कहते है। यह त्रिबलशुद्धि जिस उत्तम विवाहलग्न के दिन मिले वही विवाह–दिन उत्तम है। यदि रवि, गुरु पूज्य हों तो मध्यम है, यदि सूर्य नेष्ट हो तो विवाह नहीं बनेगा–ऐसा समझें। इसी प्रकार कुमार के उपनयन में भी त्रिबल (गु.सू.चं.) शुद्धि प्रथम देखें— **"झष–चाप–कुलीरस्थो जीवोप्यशुभगोचरः अतिशोभनतां दद्याद्विवाहोपनयनादिषु॥ (बृहस्पतिः)॥ अत्यावश्यकता में "द्विरर्च्यो द्वादशस्तुर्योऽथाष्टमस्त्रिगुणार्चनात्। उच्च उच्चांशके ग्राह्यः चन्द्रादष्टमगो रविः। नीचे नीचांशके त्याज्यः अरिलाभादिगोऽपि चेत्॥"**

तुलाराशौ अपूज्यःरविः—धर्म–धी–धनगतो दिवाकरस्तौलिराशि–जनितस्य शोभनः।।

आवश्यके पूज्यरवि–परिहारः— गार्ग्याङ्गिरोवत्स वशिष्ठ गौतम **पराशराद्याः मुनयो वदन्ति। द्वितीयपञ्चांकगतो दिवाकरस्त्रयोदशाहात्परतः शुभावहः॥ (मु.प्र.सा.)।**

विवाहादौ त्रिबल–शोधनम्

पूज्यगुरुः– १०/६/३/१
श्रेष्ठगुरुः–९/५/११/२/७
नेष्टगुरुः– ४/८/१२
श्रेष्ठरविः– ३/६/१०/११
पूज्यरविः– २/५/९
विशेष पूज्य रविः– १/७
नेष्टरविः– ४/८/१२
नेष्टचन्द्रः– ४/८
श्रेष्ठचन्द्रः–१/२/३/५/६/७/९/१०/११/१२

कन्या–वरयोःतैलादि–लापन (बन्न)–दिन–संख्या

राशि →	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
तैल सं.	७	१०	५	१०	५	७	७	५	५	५	५	७

अथ विवाहे तिथि–वार–नक्षत्राणि–रो., मृ., उत्तरा. ३, म., ह., स्वा., अनु., मू., रे. एतद्वेध–रहितेषु शुभेऽह्नि। अमाक्षय–रहित–तिथिषु कात्यायनमते अश्वि., चि., श्र., धनिष्ठास्वपि शुभम्॥

अथ विवाहांगकृत्यारम्भ मुहूर्त्तः

वर, कन्या की चन्द्रशुद्धि विचार कर विवाहदिन से पहिले ३/६/९– इन दिनों को छोडकर विवाह के नक्षत्रों में चन्द्रशुद्धि वाली सौभाग्यवती स्त्री के प्रथमोद्योग से हल्दी हाथ, दलना, पीसना, कूटना, मंगलकशादि स्थापन करना, घर लीपना, आंगनसफाई, भूषण घढ़ाना, वस्त्र सिलाना, वेदी रचना, चन्दोया बांधना, गणेशादि पूजन और नान्दीश्राद्ध, मंगलस्नानादि सर्वकार्य का आरम्भ करना शुभ होता है।

विवाह–मुहूर्त्त में दस दोषों का विचार

विवाह के मुहूर्त्त में लत्ता, पात, युति, वेध, जामित्र, पञ्चवाण, एकार्गल, उपग्रह, क्रान्तिसाम्य और दग्धातिथि– इन दस दोषों का विचार करना आवश्यक है। इन सबका विचार करके इस वर्ष के विवाहमुहूर्त्त लग्न दिए हुए हैं। इन दसों दोषों में जो दोष जिस मुहूर्त्त में हैं, वे क्रमानुसार टेढ़ी रेखा से सूचित किए गए हैं। उक्त दसों दोषों का विचार इस प्रकार किया जाता है।

(१) लत्तादोष–ज्ञान चक्र

सूर्य	पूर्णचन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	ग्रहाः
१२	२२	३	७	६	५	८	९	← लग्न नक्षत्र
दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	← दिशा
धननाशः	भयम्	मृत्युः	भयम्	बन्धुनाशः	कार्यहानिः	कुलक्षय	मरणम्	← फलम्

यथा–सूर्य अश्विनी नक्षत्र पर हो और विवाह उ.फा. का हो। सूर्यस्थित अश्विनी नक्षत्र से गिना तो, उ.फा. १२वां हुआ, यह सूर्य की लत्तादोषयुक्त साहा हुआ। इसी प्रकार अन्य ग्रहों की लत्ता भी जानें।

(२) पातदोष ज्ञानचक्र

रो.	मृ.	मघा	उ.फा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे.	विवाह नक्षत्र
आर्द्रा पुन. श. पू.फा. चि. मू.	मृ. आ. ज्ये. ध. म. ह.	अ. मृ. ज्ये. पुष्य ह. रे.	कृ. आ. वि. पू.फा. उ.भा. पू.भा.	भ. मृ. श. पू.भा. स्वा. म.	कृ. श्र. ध. पुष्य ह. रे.	अ. आ. उ.षा. पू.भा. पू.षा. पू.फा.	रो. ज्ये. ध. आश्ले. मू. उ.भा.	भ. पुन. श. वि. अनु. उ.षा.	भ. श. वि. उ.फा. पू.फा. मू.	अ. ज्ये. ध. म. पू.फा. स्वा.	सूर्याधिष्ठित नक्षत्र

हर्षण, वैधृति, साध्य, व्यतिपात, गंड और शूल योगों का अन्त जिस नक्षत्र में हो वह पात से दूषित होता है। इन नक्षत्रों में विवाह करने से पात दोष होता है।

(३) युतिदोष

जिस नक्षत्र का विवाह हो उसी नक्षत्र में यदि कोई ग्रह हो तो वहां उस ग्रह की युति का दोष समझा जाता है। चन्द्र उच्च, मित्र वा स्वक्षेत्री हो तो युति दोष नहीं होता, किन्तु श्रेष्ठ है। सू., मं., शु., श., रा., के. की युति दारिद्र्य, मृत्यु आदि भयप्रद मानी गई है। शुक्र की युति विशेष करके वर्जित है।

(४) वेध दोषचक्र

अश्वि.	रोहि.	मृग.	मघा	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वा.	अनु.	मूल	उ.षा.	श्रव.	धनि.	उ.भा.	रेव.
पू.फा.	अभि.	उ.षा.	श्रव.	रेव.	उ.भा.	पू.भा.	शत.	भर.	पुन.	मृग.	मघा	आश्ले.	हस्त	उ.फा.

ऊपर के नक्षत्र का विवाह हो और नीचे के नक्षत्र पर ग्रह हो तो वेधदोष होता है। यह सर्वत्र अवश्य ही त्याग देना चाहिए।

(५) जामित्र दोषचक्र

विवाह नक्षत्र→	रो.	मृग.	म.	उ.फा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे.
ग्रह नक्षत्र→	अनु.	ज्ये.	ध.	पू.भा.	उ.भा.	अ.	कृ.	मृग.	पुन.	उ.फा.	ह.

विवाहलग्न से सातवें ग्रह होने से जामित्रदोष होता है। ऊपर वैवाहिक नक्षत्र और नीचे ग्रह नक्षत्र हैं। यानी 14वें नक्षत्र में पापी ग्रह का जामित्रदोष वर्जनीय है।

(६) बाणज्ञान–चक्र

बाण नाम	गतांशाः प्रति राशौ अर्कस्य	कर्मसु वर्ज्याः	वारे वर्ज्याः	समयपरत्वेन वर्ज्याः
रोगः	८/१७/२६	व्रतबंध	रवौ	रात्रौ त्याज्यम्
अग्निः	२/११/२०/२९	गेहगोपे	भौमे	सदैव वर्ज्यम्
नृपः	४/१३/२२	नृपसेवायम्	मन्दे	दिवा त्याज्यम्
चौरः	६/१५/२४	यात्रायाम्	भौमे	रात्रौ वर्ज्यम्
मृत्युः	१/१०/१९/२८	विवाहे	बुधे	संध्ययोः वर्ज्यम्

(७) एकार्गल दोष

व्याघात, गण्ड, व्यतिपात, विष्कम्भ, शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगण्ड–ये योग हों और सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित् सहित गिनने से विषम हो तो एकार्गल दोष होता है।

(८) उपग्रहदोष

सूर्य के नक्षत्र से ५, ७, ८, १०, १४, १५, १८, १९, २१, २२, २३, २४ और २५वें नक्षत्र पर चन्द्रमा हो तो उपग्रह दोष होता है।

(९) स्थूल–क्रान्तिसाम्य–दोषचक्र

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	कन्या	तुला
सिंह	मकर	धनु	वृश्चि	मीन	कुम्भ

नीचे और ऊपर की राशि पर कहीं भी सूर्य एव चन्द्रमा हो तो स्थूल रूप से क्रान्तिसाम्य दोष होता है। यह सर्वत्र वर्जित है। जैसे–मेष के सूर्य और सिंह के चन्द्रमा में या सिंह के सूर्य और मेष के चन्द्रमा में। सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य ही सर्वत्र वर्जित है। जिसका निर्णय महापातगणित से करना चाहिए।

(१०) दग्धातिथि–दोषचक्र

९	२	४	६	५	१०	← सूर्य
१२	११	१	३	८	७	राशयः
२	४	६	८	१०	१२	← तिथयः

इन संक्रान्तियों में ये तिथियां दग्धा होती हैं। विशेषतः ये मध्यप्रदेश में ही वर्ज्य हैं।

"भुजंगं क्रान्तिसाम्यञ्च बाणवेधं तथैव च। लग्नहीन–विवाहन्तु कलौ पञ्च विवर्जयेत्।। *–कश्यपः*

लत्तादि–दोषाणां परिहारवाक्यानि

